धर्मस्थलसे वापिस होते समय हम वेणूरकी बाहुबलि स्वामीकी विशाल तथा उच्च कलापूर्ण मूर्तिके दर्शनार्थ ठहरे, तो वहां सौभाग्यसे सर सेठ हुकमचन्द जीसे भेंट हो गई। हमने उन्हें सिद्धान्तशास्त्र सम्बन्धी चर्चा सुना संध्याके समय मूडबिद्री पहुंचनेका अनुरोध किया और अपने स्थानपर वापिस आए। पश्चात् हम बल्लाल महाशयसे मिलने मैंगलोर पहुंचे। उनने पूछ कैसे आए? तब हमने विनोद पूर्वक कहा–'उस दिन आपने कहा था कि मूडबिद्रीमें हम आपका व्याख्यान कराना चाहते हैं। आप अब तक नहीं आए। हमें अपने देश वापिस जल्दी जाना है, इससे आपको लेने आए हैं, कि आज संध्याको हमारा व्याख्यान सुन लें।' वे मुस्किरा पड़े। अनंतर हमने सब कथा उनको सुनाकर शीघ्र चलनेकी प्रेरणा की। वे सहर्ष तैयार हो गए। उनकी मोटरमें हम मूडबिद्रीके लिए रवाना हुए। मार्गमें हमने सब विषय उनके समक्ष स्पष्ट किया, तो उन्हें अपनी स्वीकृति प्रदान करनेमें विलम्ब न लगा।

मूडबिद्री वापिस आनेपर हमें श्री हेगड़ेजी और सर सेठ हुकमचंदजी मिल गए। रात्रिको पूर्वोक्त त्रिलोकचूड़ामणि चैत्यालय–चंद्रनाथवसदिके प्रांगणमें सर सेठ हुकमचंदजीकी अध्यक्षतामें एक सभा बुलाई गई। अनेक प्रतिष्ठित महानुभाव पधारे थे। मूडबिद्री मठके अधिपति भट्टारकजी चारुकीर्ति-पण्डिताचार्य स्वामी भी उस सभामें आए थे। हमने महाबंध-संबंधी चर्चा प्रारम्भ की, उस समय ज्ञात हुआ कि मूडबिद्री सिद्धांत शास्त्रमंदिरके ट्रस्टी तथा पंच महानुभावोंके चित्तमें इस बातकी गहरी ठेस लगी, कि एक जैनपत्रमें यह वृत्तांत प्रकाशित किया गया था, कि महाबंध शास्त्र न देनेमें मूडबिद्रीवालोंका व्यक्तिगत स्वार्थ कारण है। वे शास्त्र विक्रय करके (traffic in literature) लाभ उठाना चाहते हैं। इस संबंधमें भ्रमनिवारण किया गया कि जिन लोगोंके पूर्वजोंने त्रिलोकचूड़ामणि चैत्यालय जैसा विशाल जिनमंदिर बनवाया, धर्मसेवाके उज्ज्वल कार्य निस्वार्थ भावसे संपन्न किए, उनके विषयमें मिथ्या प्रचार करना ठीक नहीं है।

इसके पश्चात् हमने अपने भाषणमें मूडबिद्रीके प्राचीन पुरुषों एवं वर्तमान धर्मपरायण समाजके प्रति आंतरिक अनुराग तथा आदरका भाव व्यक्त करते हुए कहा–'जब लोग धार्मिक

अत्याचार करते थे, उस संकटके युगमें जिनने शास्त्रोंको छुपाकर श्रुतकी रक्षा की, उनके प्रति हम हार्दिक श्रद्धांजलि समर्पित करते हैं। किन्तु जगत्‌में बड़ा परिवर्तन हो गया है। लोग ज्ञानामृतके पिपासु हैं। भूतबलि स्वामीने जगत्‌के कल्याण निमित्त महान् कष्ट उठाकर इतना बड़ा और अत्यंत गंभीर शास्त्र बनाया। उसके प्रकाशमें आनेपर जगत्‌में ग्रंथकर्ताकी कीर्ति व्याप्त होगी, मुमुक्षुगण अपना हित संपन्न करेंगे। पूज्य पुरुषोंकी निर्मल कीर्तिका संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। सोमदेवसूरिने बताया है—'यशोवधः प्राणिवधात् गरीयान्'—प्राणिघातकी अपेक्षा यशका घात करना गुरुतर दोष है, कारण यशोवध द्वारा कल्पान्तस्थायी यशःशरीरका नाश होता है। भूतबलि स्वामीके साहित्यको छुपानेसे उनके प्राणघातसे भी बढ़कर दोष प्राप्त होता है। भूतबलि स्वामीने विश्वकल्याणके लिए यह रचना की थी। इस अमूल्य कृतिका क्या उनने कुछ मूल्य रखा था? हमारी भक्तिका अर्थ है श्रुतका संरक्षण तथा सुप्रचार। उसे बंधनमें रख दीमकादि द्वारा नष्ट होते देखना कभी भी श्रुतभक्ति नहीं कही जा सकती।' इतनेमें किसीने कहा हमारे यहाँ लोग गरीब हैं, उनकी सहायतार्थ द्रव्य आवश्यक है। इसे सुनते ही हमने कहा—"इन वाक्योंको सुनकर मुझे बहुत दुःख हुआ कि हमारे दक्षिणके कोई कोई बन्धु अपनेको गरीब समझ रहे हैं। जिनके पास भगवान् गोम्मटेश्वर जैसी अनुपम प्रभावशाली मूर्ति है वे क्या गरीब हैं? जिनके पास बहुमूल्य तथा अपूर्व जिनबिम्ब विद्यमान हैं वे क्या गरीब हैं? जिनके पास धवल महाधवल सदृश श्रेष्ठ ग्रन्थराज हैं, वे भी क्या गरीब हैं? यदि इसे ही गरीबी कहा जाता है, तो हम ऐसी गरीबीका अभिनंदन करते हैं, अभिवंदन करते हैं। लीजिए भौतिक संसारकी समृद्धिको, और हमें यह गरीबी दे दीजिए।" हमने यह भी कहा, "बताइये, इन ग्रन्थोंका आपने क्या मूल्य रखा है? रुपयोंका मूल्य तो जाने दीजिए, हम तो जीवन-निधि तक अर्पणकर इस आगम-निधिको लेने आए हैं। बताइये, इससे अधिक और क्या मूल्य आपको चाहिए? हम जानते हैं, महाबन्ध सदृश श्रुतकी रक्षा निमित्त हमारे सदृश सैकड़ों व्यक्तियोंका जीवन नगण्य है। लोग राष्ट्रप्रेमके कारण जीवन-उत्सर्ग करते हैं, तो सकल संतापहारी श्रुत रक्षार्थ जीवन अर्पण करनेमें क्या भीति है? कहिए, ग्रंथके लिए आप और क्या मूल्य चाहते हैं?" इस पर श्री मंजैय्या हेगड़ेने द्रवित होकर कहा' You have given us more than we wanted'—जो कुछ हम चाहते थे, उससे अधिक मूल्य आपने दे दिया। श्री हेगड़ेजीकी अनुकूलता होने पर भट्टारक महाराज, श्री वल्लाल आदि सबने स्वीकृति प्रदान कर दी। हमने सोचा, यह महान् कार्य है। जो स्थिर नहीं रहता। परिणामोंमें परिवर्तनका पदार्पण होते विलम्ब नहीं लगता, अतः लिखित स्वीकृति सर्व आशंकाओंको दूर कर देगी। हमने सब समाजसे विनय की—"आज आप लोगोंने महाधवलजीकी बिना मूल्य प्रतिलिपि प्रदान करनेकी पवित्र स्वीकृति दी है। समाचार पत्रोंमें प्रामाणिकता पूर्वक समाचार प्रकाशित करनेके लिए आप लोगोंकी लिखित स्वीकृति महत्त्वपूर्ण होगी, और लोगोंको तनिक भी संदेह नहीं रहेगा।" सबका हृदय पवित्र था। स्वीकृति अंतःकरणसे दी गई थी, अतः सहर्ष प्रमुख पुरुषोंने शीघ्र हस्ताक्षर करके स्वीकृतिपत्रक हमें दिया, उसे पा हमने अपनेको कृतार्थ समझा।

मूडबिद्रीके पंचोंकी महान् उदारताको घोषित करनेवाला समाचार जब जैन समाजने सुना, तब चारों ओर सबने हर्ष मनाया और मूडबिद्रीकी समाजके कार्यकी प्रशंसा की। किन्तु

एक समाचार पत्रमें कुछ ऐसे समाचार निकल गए, जिससे पुरातन विरोधाग्नि पुनः प्रदीप्त हो उठी। इससे दक्षिणके एक प्रमुख पुरुषने हमें लिखा—"अब आप प्रतिलिपि ले लेना, देखें, कौन देता है?" इससे हमारी आत्मा काँप उठी। यह ज्ञातकर बड़ा दुःख हुआ, कि व्यक्तिगत विशेष मानकी रक्षार्थ हमारे विज्ञबंधु ऐसे महत्त्वपूर्ण विषयको पुनः विरोध और विवादकी भँवरमें फँसा रहे हैं। इसके अनन्तर ज्ञात हुआ कि न्यायदेवताको आह्वान निमित्त कानूनी कार्यवाही भी प्रारम्भ होने लगी। उस समय श्रुतभक्त ब्र० श्री जीवराज गौतमचंदजी दोशी और क्षुल्लक श्री समंतभद्रजीके प्रभाव तथा सत्प्रयत्नसे विरोध शांत किया गया। यह चर्चा हमने इससे की, कि लोग यह देख लें, कि बना बनाया धर्मका कार्य किस प्रकार अकारण अवांछनीय संकटोंसे घिर जाता है। सोमदेव सूरिकी उक्ति बड़ी अनुभवपूर्ण है। वे अपने नीतिवाक्यामृत में लिखते हैं —

'धर्मानुष्ठाने भवति, अप्रार्थितमपि प्रातिलोम्यं लोकस्य'। १–३५।

'धर्मकार्यमें लोग बिना प्रार्थना किए गए स्वयमेव प्रतिकूलता धारण करते हैं। ऐसी प्रवृत्ति पापानुष्ठानके विषयमें नहीं होती।'

और भी विपत्तियोंका वर्णन करके हम लेखको बढ़ाना उचित नहीं समझते, संक्षेपमें इतना ही कहना है, कि बड़े बड़े विघ्न आए, किन्तु श्रुतदेवताके प्रसादसे वे शरदऋतुके मेघोंके सदृश अल्पस्थायी रहे।

वर्ष बीत गया, फिर भी प्रतिलिपिका कार्य प्रारम्भ नहीं हो रहा था। एक बार श्री मंजैय्या हेगड़ेने अपने धर्मस्थलके सर्व धर्म-सम्मेलनमें बुलाया। वहाँ पहुंचनेसे प्रतिलिपिका कार्य शीघ्र प्रारम्भ करनेमें विघ्न नहीं आता, किन्तु कारण विशेषसे पहुंचना न हो सका। कुछ समयके अनंतर दिसम्बर सन् ४१ में गोम्मटेश्वर महामस्तकाभिषेक फण्ड सम्बन्धी कमेटीकी बैठकमें सम्मिलित होनेको हमें बैंगलोर जाना पड़ा। उत्तर भारतसे केवल सर सेठ हुकमचंदजी, सर सेठ भागचंदजी पहुंचे थे। मीटिंगके पश्चात् हम ग्रंथप्राप्तिकी आशासे श्री मंजैय्या हेगड़े, श्रीरघुचंद वल्लाल, श्री जिनराज हेगड़े, शास्त्री श्री शांतिराज जी आस्थान महाविद्वान् मैसूरके साथ मूडबिद्रीके लिए रवाना हुए। सब लोग आवश्यक कार्यवश अपने अपने घर चले गए। अतः हम अकेले मूडबिद्री पहुंचे। दो तीन दिन प्रयत्न करने पर भी प्रतिलिपिका कार्य प्रारम्भ न हो सका। आगे कबतक प्रतीक्षा करनी पड़ेगी, यह भी पता नहीं चलता था। इससे चित्तमें विविध संकल्प-विकल्प उत्पन्न होते थे।

दो तीन दिनकी प्रबल प्रतीक्षाके पश्चात् व्यवस्थापक बंधु श्री धर्मपालजी श्रेष्ठिकी विशेष कृपा हुई। उनने भण्डार खोलकर महाबंध शास्त्रकी प्रति हमारे समक्ष विराजमान कर दी। जिनेन्द्रदेव तथा जिनवाणीकी पूजाके अनन्तर हमने स्वयं प्रतिलिपि करनेका परम सौभाग्य प्राप्त किया। वह **३० दिसम्बर १९४१ का दिन** जैन साहित्यके इतिहासमें चिरस्मरणीय रहेगा।

अनंतर प्रतिलिपिका कार्य पं० लोकनाथ जी शास्त्रीके तत्त्वावधानमें संपन्न होता रहा। ३० दिसम्बर सन् १९४२ तक कार्य पूर्ण हो गया। पहले मूडबिद्रीके भण्डारके लिये यही कापी ४ वर्षमें तैयार की गई थी। यह कार्य-शीघ्र संपन्न करनेका श्रेय उक्त शास्त्रीजीके सहयोगी विद्वान्

पं० नागराज जी तथा देवकुमारजीको भी है। भट्टारक महाराज तथा व्यवस्थापकोंकी भी विशेष कृपा रही, जो उन लोगोंने इस कार्यमें कोई भी बाधा नहीं उत्पन्न होने दी। इस सम्बन्ध में श्री मंजैय्या हेगड़ेके हम अत्यन्त कृतज्ञ हैं, कि उनने सर्वदा इस कार्यमें सर्व प्रकारका सहयोग प्रदान किया है। कुछ विद्वानोंने उत्तर भारतसे श्री हेगड़ेजीको प्रतिलिपि न देनेका अप्रार्थित बहुमूल्य परामर्श दिया, किन्तु विद्वान हेगड़े महाशयके उत्तरसे उन लोगोंको चुप होना पड़ा। जब हम आपत्तियोंसे आकुलित होकर हेगड़े जी को लिखते थे, तो उनके उत्तरसे निराशा दूर हो जाती थी। उनने हमें लिखा था, "आप भय न करें, ग्रंथ-प्रकाशनके विषयमें कोई भी बाधा न आयगी। प्रतिलिपिका कार्य आपकी इच्छानुसार होता रहे, इसपर मैं विशेष ध्यान रखूंगा।" उनने अपने वचनका पूर्णतया रक्षण किया। कुछ भी भेट लिये बिना प्रतिलिपिकी अनुज्ञा प्रदान करनेकी उदारता तथा कृपाके उपलक्षमें हम सिद्धान्त मंदिरके ट्रस्टियों तथा मूडबिद्रीके पंचोंको हार्दिक धन्यवाद देते हैं। भट्टारक महाराजके भी हम अत्यधिक कृतज्ञ हैं। मूडबिद्रीके महानुभावोंके हार्दिक प्रेम, कृपा तथा उदार भावकी स्मृति चिरकाल पर्यन्त अंतःकरणमें अंकित रहेगी।

मूडबिद्रीमें प्रतिलिपि कराने में जो द्रव्य-व्यय हुआ, वह सेठ गुलाबचंद जी हीराचन्द जी सोलापुरके पाससे प्राप्त हुआ था। इसके लिए उन्हें धन्यवाद है। ब्र० श्री जीवराज जीने इस श्रुत-रक्षा या सेवाके कार्यमें जो सत्परामर्श तथा सर्व प्रकारका सहयोग दिया, उसके लिए हम अत्यन्त अनुगृहीत हैं।

दानवीर साहू श्रीशान्तिप्रसादजी जैनकी वदान्यतासे स्थापित भारतीयज्ञानपीठ काशीने इस टीकाके प्रकाशनकी उदारता की, इसके लिए हम साहू शान्तिप्रसादजीके अत्यन्त अनुगृहीत हैं। पं० महेन्द्रकुमारजी न्यायाचार्यने प्रकाशन निमित्त जो श्रम किया, उसके लिए उन्हें विशेष धन्यवाद है।

इस शास्त्रका शब्दानुवाद प्रथम बार पं० कुन्दनलाल जी परिवार न्यायतीर्थ तथा पं० परमानन्दजी साहित्याचार्य सौंरई निवासीके सहयोगसे लगभग सवामाहमें पूर्ण हुआ था। इसके पश्चात् पं० कुन्दनलाल जीके अस्वस्थ हो जानेके कारण उनका बहुमूल्य सहयोग न मिल सका। पं० परमानन्दजीका लगभग दो एक सप्ताह और सहयोग बड़ी कठिनतासे मिला, और आगे वे सहयोग न दे पाए, कारण ग्रीष्मावकाशके अनन्तर सिवनीका महिलाश्रम खुल गया, पाठशाला और आश्रमकी पढ़ाईके पश्चात् कार्य करनेयोग्य न समय मिलता था और न शक्ति ही बचती थी, कि ऐसा गुरुतर कार्य किया जावे। दोनों विद्वानोंके सहयोग न मिलनेसे कार्यमें सहसा बड़ी अड़चन आ गई। उन विद्वानोंके कृपापूर्ण अमूल्य सहयोगके लिए हम अत्यन्त आभारी हैं।

आद्य अनुवादकी प्रति देखकर अनेक अनुभवी विद्वानोंने सलाह दी, कि पुनः टीका लिखी जानी चाहिए। हमने भी जब विशेष शास्त्रोंका अभ्यास किया और रचनाका सूक्ष्मतया निरीक्षण किया, तब नवीन रूपसे टीका निर्माण करना ही उचित जंचा। महाबन्धकी टीकाको मुख्य कार्य समझ हम उसमें संलग्न हो गए। लगभग तीन वर्षमें यह कार्य बन पाया। बना या नहीं यह हम नहीं कह सकते। हमारा भाव यह है कि इसमें पूर्वोक्त समय लगा। इस अनुवादमें विशेषार्थ, टिप्पणी, शुद्ध पाठ योजना आदि भी कार्य हुए। इस अपेक्षासे यह टीका पूर्णतया नवीन समझना चाहिए।

सन् १९४५ के ग्रीष्मावकाशमें न्यायालंकार सिद्धान्त महोदधि गुरुवर पं० वंशीधर जी शास्त्री महरौनी वालोंने सिवनी पधारकर अनुवादको ध्यान पूर्वक देखा। उनके संशोधन के उपलक्ष्यमें हम हृदय से कृतज्ञ हैं। यह उनकी ही कृपा है, जो यह महान् कार्य हम जैसे व्यक्ति-से संपन्न हो गया।

पं० हीरालाल जी शास्त्री साढूमलने अनेक बहुमूल्य परामर्श तथा सुझाव प्रदान किए थे। पं० फूलचंद जी शास्त्रीने सिवनी पधार कर अनेक महत्त्वास्पद बातें सुझाई थी। इसके लिए हम दोनों विद्वानोंके अनुगृहीत हैं। अन्य सहायकोंके भी हम आभारी हैं।

हमें स्वप्नमें इस बातका भान न था, कि महाबंध की प्रति मूडबिद्रीसे प्राप्त करनेका परम सौभाग्य हमें मिलेगा, और उसकी टीका करनेका भी अमूल्य अवसर आयगा। जैन धर्मके प्रसादसे और चारित्र चक्रवर्ती प्रातःस्मरणीय पूज्य आचार्य १०८ श्री शान्तिसागर महराजके पवित्र आशीर्वादसे यह मंगलमय कार्य संपन्न हुआ। प्रमाद अथवा अज्ञानवश टीकामें जो भूल हुई हों, उन्हें विशेषज्ञ विद्वान् क्षमा करेंगे और संशोधनार्थ हमें सूचित करनेकी कृपा करेंगे, ऐसी आशा है। ऐसे महान कार्यमें भूलें होना असंभव नहीं है। 'को न विमुह्यति शास्त्र समुद्रे।'

पौष कृ० ११, वीरसंवत् २४७३
१८ दिसम्बर, १९४६ सिवनी
(सी० पी०)

—सुमेरचन्द्र दिवाकर

प्रस्तावना

१—महाबन्धपर प्रकाश

जिनेन्द्र देवकी निर्दोष वाणीरूप होनेके कारण संपूर्ण आगम ग्रन्थ समान आदर तथा श्रद्धाके पात्र हैं, फिर भी जैन संसारमें धवल, जयधवल, महाधवल नामक शास्त्रोंके प्रति उत्कट अनुराग एवं तीव्र भक्तिका भाव विद्यमान है। इस विशेष आदरका कारण यह है, कि तीर्थंकर भगवान् महावीर प्रभुकी दिव्य ध्वनिको ग्रहण कर गणधरदेवने ग्रन्थ-रचना की। वह मौखिक परंपराके रूपमें, विशेष ज्ञानी मुनीन्द्रोंकी चमत्कारिणी स्मृतिके रूपमें, हीयमान होती हुई भी, विद्यमान थी। महावीर निर्वाणके ६८३ वर्ष व्यतीत होने पर अङ्गों और पूर्वोंके एक देशका भी ज्ञान लुप्त होनेकी विकट स्थिति आ गई। उस समय अग्रायणीयपूर्वके चयनलब्धि अधिकारके चतुर्थ प्राभृत 'कम्मपयडि'के चौबीस अनुयोग द्वारोंसे षट्खण्डागमके चार खण्ड बनाए गए, जिन्हें वेदना, वर्गणा, खुद्दाबंध तथा महाबंध कहते हैं। बंधक अनुयोग द्वारके अन्यतम भेद बंधविधानसे जीवट्ठाणका बहुभाग और तीसरा बंधसामित्तविचय निकले। इस प्रकार षट्खण्डागमका द्वादशांगसे सम्बन्ध है। इसी प्रकार ज्ञानप्रवाद नामक पंचम पूर्वके दशम वस्तु अधिकारके अन्तर्गत तीसरे पेज्जदोसपाहुडसे कषाय प्राभृतकी रचना की गई। इन ग्रन्थोंका द्वादशांगवाणीसे अविच्छिन्न सम्बन्ध होनेके कारण द्वादशांगवाणीके समान श्रद्धा तथा भक्तिपूर्वक आदर किया जाता है। षट्खण्डागमके महाबन्धको छोड़कर पांच खण्डोंपर जो वीरसेनाचार्य रचित टीका है उसे धवला टीका कहते हैं। महाबन्धपर कोई टीका उपलब्ध नहीं है।[1] कषाय प्राभृतमें गुणधर आचार्य रचित १८० गाथाएं हैं।[2] इसकी ७२ हजार श्लोकके प्रमाण टीका वीरसेनाचार्य तथा उनके शिष्य भगवज्जिनसेन स्वामीने बनाई, उसका नाम जयधवला टीका है।

षट्खण्डागममें जीवट्ठाणके प्रारम्भिक सत्प्ररूपणा अधिकारके केवल १७७ सूत्रोंकी रचना पुष्पदन्त आचार्यने की है, शेष समस्त रचना भूतबलि स्वामीकृत है। जीवट्ठाण, खुद्दाबंध, बंधसामित्त, वेदना और वर्गणा इन ५ खण्डोंकी श्लोक संख्या छह हजार प्रमाण है। छठवें खण्ड महाबन्धमें चालीस हजार श्लोक हैं। साधारणतया संपूर्ण धवला, जयधवला टीकाको द्वादशांगसे साक्षात् सम्बन्धित समझा जाता है, किन्तु यथार्थमें धवला और जयधवला टीकाओंका निर्माण जब नवमी शताब्दीके लगभग हुआ है, तब ईसवी सदीके प्रारंभमें की गई रचनाओंके समान इनका स्थान नहीं रहता।

---

(१) वप्पदेवने आठ हजार पांच श्लोक प्रमाण महाबन्धकी टीका रची थी।
"व्यलिखत् प्राकृतभाषारूपां सम्यक्पुरातनव्याख्याम्।
अष्टसहस्रग्रन्थां व्याख्यां पञ्चाधिकां महाबन्धे॥ १७६॥" –इन्द्र० श्रुता०।

(२) "गाहासदे असीदे अत्थे पण्णरसधा विहत्तम्मि।
वोच्छामि सुत्तगाहा जयि गाहा जम्मि अत्थम्मि॥" –जयध० १।१५१।

द्वादशांग वाणीसे सम्बन्ध रखनेवाले प्राचीन साहित्यकी दृष्टिसे गुणधर आचार्य रचित १८० गाथाओंको जो विशेषता प्राप्त होगी, वह उन पर रची गई ७२ हजार श्लोक प्रमाण टीकाको नहीं होगी। इसी दृष्टि से यदि धवला टीका पर भी प्रकाश डाला जाय, तो कहना होगा, कि ६० हजार श्लोक प्रमाण टीका भी नवमी सदी की है, प्राचीन अंश पांच खण्डोंके रूपमें केवल ६ हजार श्लोक प्रमाण है। महाबंध ग्रन्थकी संपूर्ण ४० हजार प्रमाण रचना भूतबलि स्वामीकृत होनेके कारण अत्यन्त प्राचीन तथा महत्त्वपूर्ण है। इस प्रकार सबसे प्राचीन जैनवाङ्मयकी दृष्टिसे महाबन्ध सूत्रकी रचना धवला जयधवला टीकाओंके मूलकी अपेक्षा लगभग सातगुनी है। ब्रह्म हेमचन्द्र रचित श्रुतस्कन्धमें लिखा है—

"सत्तरिसहस्सधवलो जयधवलो सट्ठिसहस्स बोधव्वो।
महबंधं चालीसं सिद्धंततयं अहं वंदे॥"

'धवलशास्त्र सत्तर सहस्र प्रमाण है, जयधवल साठ हजार प्रमाण है तथा महाबन्ध चालीस हजार प्रमाण है। इन सिद्धान्तशास्त्रत्रयकी मैं वंदना करता हूँ।'

इन्द्रनन्दिने महाबन्धको तीस हजार[1] कहा और ब्रह्म हेमचन्द्र चालीस हजार श्लोक[2] प्रमाण बताते हैं। इस मतभेदका कारण यह विदित होता है, कि संभवतः इन्द्रनन्दिने महाबन्धमें उपलब्ध अक्षरोंकी गणनानुसार अपनी संख्या निर्धारित की, ब्रह्म हेमचन्द्रने महाबन्धके संक्षिप्त किए सांकेतिक अक्षरोंको, संभवतः पूर्ण मानकर गणना की। 'ओरालियसरीर'को महाबन्ध में 'ओरा०' लिखा है। इसे इन्द्रनन्दिने दो अक्षर माने और ब्रह्म हेमचन्द्रने सात अक्षर रूप गिना। समस्त ग्रंथमें पुनः पुनः प्रकृति आदिके नामोंकी गणना हुई है, इस कारण भूतबलि स्वामीने सांकेतिक संक्षिप्त शैलीका आश्रय लिया। अतः इन्द्रनन्दि और हेमचन्द्रकी गणनामें भिन्नता तात्त्विक भिन्नता नहीं है।

जैन समाजमें महाबन्ध शास्त्र महाधवल जीके नामसे विख्यात है। महाबन्ध नामको पढ़कर कुछ लोग तो भ्रममें पड़ेंगे। यथार्थमें ग्रन्थका नाम महाबंधके अनुभागबन्ध खण्डके अन्तकी प्रशस्तिसे प्रमाणित होता है। वहां लिखा है—

"सकलधरित्री-विनुत-प्रकटितमधीशे मल्लिकव्वे वेरिसि सत्पुण्याकर महाबंधद पुस्तकं श्रीमाघनंदिमुनिपतिगित्तरु।"

यह महाबन्ध भूतबलि स्वामी द्वारा रचित है, इस बातका निश्चय धवला टीका (सिवनी प्रति पृ० १४३७) के इस अवतरणसे होता है—

"जं तं बंधविहाणं तं चउव्विहं। पयडिबंधो, ट्ठिदिबंधो, अणुभागबंधो,

(१) "प्रविरच्य महाबन्धाह्वयं ततः षष्ठकं खण्डम्। त्रिशत्सहस्रसूत्रं व्यरचयदसौ महात्मा॥"
—इन्द्र० श्रुता० १३९।

(२) समस्त महाबंध गद्यमय रचना है। अनुष्टुप् छन्दके ३२ अक्षरोंको एक श्लोकका माप मान कर समस्त ग्रंथकी गणना की गई। इसे ही श्लोकोंके नामसे कहा जाता है। महाबंध सूत्र छन्दोबद्ध रचना नहीं है।

पदेसबंधो चेदि। एदेसिं चदुण्हं बंधाणं विहाणं भूदबलिभडारएण महाबंधे सप्पवंचेण लिहिदं ति अम्हेहि एत्थ ण लिहिदं।"

धवला टीका महाबन्धशास्त्रके रचयिताके रूपमें भूतबलिका नाम बताती है, महाबन्ध नामका परिज्ञान पूर्वोक्त अनुभागबन्धकी प्रशस्तिसे होता है, अतः यह स्पष्ट हो जाता है, कि इस महाबन्धके निर्माता भूतबलि स्वामी हैं। इसी महाबन्धकी महाधवलके नामसे ख्याति है। संवत् १६१७ तक महाधवलकी प्रसिद्धि विदित होनेका प्रमाण उपलब्ध है। कारंजाके प्राचीन शास्त्र भण्डारमें प्रतिक्रमण नामकी एक पोथी है। उसमें यह उल्लेख पाया जाता है—

"धवलो हि महाधवलो जयधवलो विजयधवलश्च।
ग्रन्थाः श्रीमद्भिरमी प्रोक्ताः कविधातरस्तस्मात् (?)॥ १३॥

धवल, जयधवल तथा महाधवलके साथ 'विजयधवल' का नवीन उल्लेख है, जो अनुसंधानका विषय है। आगे लिखा है—

"तत्पट्टे धरसेनकस्समभव सिद्धान्तगः संशुभः (?)
तत्पट्टे खलु वीरसेनमुनिपो यैश्चित्रकूटे परे।
येलाचार्यसमीपगं कृततरं सिद्धान्तमल्पस्य ये
वाटे चैत्यवरे द्विसप्ततिमति सिद्धाचलं चक्रिरे॥ १४॥"

संवत् १६३७ आश्विनमासे कृष्णपक्षे अमावस्यातिथौ शनिवासरे शिवदासेन लिखितम्।

कवि वृन्दावनजीने महाधवल नाम प्रयुक्त किया है।[1]

पंडितप्रवर टोडरमलजीकी गोम्मटसार कर्मकाण्डकी टीकामें भी महाधवल नाम आया है। "तहां गुणस्थान विषै पक्षान्तर जो महाधवलका दूसरा नाम कषायप्राभृत (?) ताका कर्ता यतिवृषभाचार्य ताके अनुसार ताकरि अनुक्रम तें कहिए हैं।" कषाय प्राभृतपर वीरसेनाचार्यने जो जयधवला टीका लिखी है, उससे विदित होता है कि कषायपाहुडके गाथा सूत्रोंपर यतिवृषभ आचार्यने चूर्णिसूत्र बनाए थे। इसे पण्डित टोडरमलजीने 'महाधवल' ग्रन्थ रूपमें कह दिया। प्रतीत होता है, सिद्धान्तग्रन्थोंका साक्षात्कार न होनेके कारण कषायप्राभृतका नामान्तर महाधवल लिखा गया।

---

(१) "अग्रणीपूर्वके, पांचवें वस्तुका, महाकरमप्रकृति नाम चौथा।
इस पराभृत्तका, ज्ञान तिनको रहा, यहां लग अंगका, अंश तौ था॥
सो पराभृत्तको भूतबलि पुष्परद, दोय मुनिको सुगुरुने पढ़ाया।
तास अनुसार, षट्खण्डके सूत्रको, बांधिके पुस्तकोंमें मढ़ाया॥ ४६॥
फिर तिसी सूत्रको, और मुनिवृन्द पढ़ि, रची विस्तारसों तासु टीका।
धवल महाधवल जयधवल आदिक सु, सिद्धान्तवृत्तान्त परमान टीका॥
तिरुन हि सिद्धान्तको, नेमिचन्द्रादि आचार्य, अभ्यास करिके पुनीता।
रचे गोमट्टसारादि बहुशास्त्र यह, प्रथम सिद्धान्त-उतपत्ति-गीता॥ ४७॥"

—श्रीप्रवचनसार-परमागम, कवि वृन्दावन, पृ० ६, ७।

२—महाधवल नाम प्रचारका कारण

यहां यह विचार उत्पन्न होता है कि महाबन्ध शास्त्रका नाम महाधवल प्रचलित होनेका क्या कारण है ? इस सम्बन्धमें यह विचार उचित जँचता है, कि महाबन्ध में भूतबलि स्वामीने अपने प्रतिपाद्य विषयका स्वयं अत्यन्त विशद तथा स्पष्टता पूर्वक प्रतिपादन किया है। इसी कारण वीरसेन आचार्य अपनी धवला टीकामें लिखते हैं—"[1]इन चार बन्धोंका विस्तृत विवेचन भूतबलि भट्टारकने महाबंधमें किया है, अतएव हम यहां इस सम्बन्धमें कुछ नहीं लिखते।" महाबन्धके विशेषण रूपमें महाधवल शब्दका प्रयोग अनुचित नहीं दिखता। यह भी संभव दिखता है कि विशेष्यके स्थानमें विशेषणने ही लोकदृष्टिमें प्राधान्य प्राप्त कर लिया हो। यह भी प्रतीत होता है, कि परंपरा शिष्य सदृश वीरसेन, जिनसेन स्वामीने अपनी सिद्धान्तशास्त्रकी टीकाओंके नाम धवला, जयधवला रखे तब स्वयं स्पष्ट प्रतिपादन करने वाले गुरुदेव भूतबलिकी महिमापूर्ण कृतिको भक्ति तथा विशिष्ट अनुरागवश महाधवल कहना प्रारंभ कर दिया गया होगा।

महाबन्धके महाधवल नामके बारेमें इस वर्ष चारित्रचक्रवर्ती आचार्य श्री १०८ शान्तिसागर महाराजके समक्ष चर्चा करनेका अवसर आया। इस ग्रन्थकी प्रस्तुत हिन्दी टीकाका आचार्य महाराज ध्यानपूर्वक स्वाध्याय कर चुके थे, अतः ग्रंथराजसे प्राप्त परिचयके आधार पर आचार्य महाराजने कहा—"सचमुचमें यह ग्रन्थ महाधवल है। बन्धपर स्पष्टतापूर्वक प्रतिपादन करने वाला शास्त्र यथार्थमें महान् है। बन्धका ज्ञान होने पर ही मोक्षका बराबर ज्ञान होता है। समयसार पहले नहीं चाहिए। पहले महाबन्ध चाहिए। पहले सोचो हम क्यों दुःखमें पड़े हैं, क्यों नीचे हैं ? तीन सौ त्रेसठ पाखण्ड मतवाले भी पूर्ण सुख चाहते हैं, किन्तु मिलता नहीं। हमें कर्मक्षयका मार्ग ढूंढ़ना है। भगवानने मोक्ष जानेकी सड़क बताई है। चलोगे तो मोक्ष मिलेगा, इसमें शंका क्या ?" यह महाबन्ध शास्त्र वस्तुतः महाधवल है। इस विषयको स्पष्ट करनेके लिए आचार्य महाराजने एक विद्वान् ब्राह्मणपुत्रकी कथा सुनाई, जिसको उसे पिताने, जो राजपण्डित था, अपने जीवन कालमें अर्थकरी विद्या नहीं सिखाई थी; केवल इतनी बात सिखाई थी, कि अमुक कार्य करनेसे अमुक प्रकारका बन्ध होता है। बन्धशास्त्रमें पुत्रको पारङ्गत करनेके अनन्तर पिताकी मृत्यु हो गई।

अब पितृविहीन विप्रपुत्रको अपनी आजीविकाका कोई मार्ग नहीं सूझा। अतः वह धनप्राप्ति-निमित्त राजाके यहां चोरी करने पहुंचा। उसने रत्न, सुवर्णादि बहुमूल्य सामग्री हाथमें ली तो पिताके द्वारा सिखाया गया पाठ उसे स्मरण आ गया, कि इस कार्यके द्वारा अमुक प्रकारका दुःखदायी बन्ध होता है। अतः बन्धके भयसे उसने राजकोषका कोई भी पदार्थ नहीं चुराया। उसे वापिस निराश लौटते समय मार्गमें भुसा मिला। भुसाके लेनेमें क्या दोष है, यह पिताने नहीं सिखाया था, इस लिए वह भुसाका ही गट्ठा बांधकर साथ ले चला। पहरेदारोंने उसे पकड़कर

(१) "एदेसिं चदुण्हं बंधाणं विहाणं भूदबलिभडारएण महाबंधे सप्पवंचेण लिहिदंति, अम्हेहि एत्थ ण लिहिदं" –ध० टी० सि० १४३७।

राजाके समक्ष उपस्थित किया। जब राजाने पूछा—तुमने भुसाकी चोरी क्यों पसन्द की? तब ब्राह्मणपुत्रने बताया कि मेरे पिताजीने अपने जीवनमें मुझे केवल बन्धका शास्त्र पढ़ाया था। उसमें भुसाको लेनेमें दोषका कोई उल्लेख न पा मैंने उसे ही चुराना निर्दोष समझा। अपने राजपुरोहित-के पुत्रको इतना अधिक पापभीरु देख राजा प्रभावित हुआ और उसने उसको अत्यन्त विश्वास-पूर्ण उच्च पद देकर निराकुल कर दिया।' इस कथाको सुनाते हुए आचार्यश्रीने कहा—बन्धका ज्ञान होनेसे जीव पापसे बचता है, इससे कर्मोंकी निर्जरा भी होती है। बन्धका वर्णन पढ़नेसे मोक्षका ज्ञान होता है। बन्धका वर्णन करने वाला यह शास्त्र वास्तवमें महाधवल है। इससे बहुत विशुद्धता होती है।"

महाबन्धका अध्ययन बुद्धिका विलास या बौद्धिक व्यायामकी सामग्री मात्र उपस्थित करता है, यह धारणा अयथार्थ है। इस शास्त्रमें आत्माका वास्तविक कल्याणप्रद अमृतका निर्मल निर्झर प्रवाहित होता है। उसमें निमग्न होनेवाला मुमुक्षु महान् शान्ति तथा आह्लादको प्राप्त करता है। इस दृष्टिसे कहा जा सकता है, कि महाबन्धका परिशीलन विचारोंको, बुद्धिको एवं आत्माको धवल ही नहीं महाधवल बनाता है। इस दृष्टिने महाधवल संज्ञा-प्रचारमें भी सहायता या प्रेरणा प्रदान की होगी।

महाबन्धका परिशीलन तथा मनन करते समय यह बात समझमें आई, कि जब तक मनोवृत्ति पवित्र तथा निराकुल न हो, तब तक ग्रंथका पूर्वापर गंभीर विचार नहीं हो पाता। महाधवल मनोवृत्ति पूर्वक महाबन्धका रसास्वादन किया जा सकता है, इस मनोवृत्तिको लक्ष्यमें रखकर यह नाम प्रचलित हो गया प्रतीत होता है।

३—महाबन्धके अवतरणका इतिहास

कविकी कल्पना या विचारोंके द्वारा जैसे काव्यकी रचना होती है, उसी प्रकार यह महाबन्ध-शास्त्र भूतबलि स्वामीके व्यक्तिगत अनुभव, विचार या कल्पनाओंकी साकार मूर्ति नहीं है। इस ग्रन्थका प्रमेय सर्वज्ञ भगवान् महावीर स्वामीने अपनी दिव्य ध्वनि द्वारा प्रकाशित किया था।[1] श्रावण कृष्णा प्रतिपदाके प्रभातमें विपुलाचल पर्वतपर सर्वज्ञ महावीर तीर्थंकरकी कल्याण-कारिणी धर्म-देशना हुई थी। उसे गौतमगोत्री चतुर्विध निर्मल ज्ञानसंपन्न, संपूर्ण दुःश्रुतिमें पारङ्गत इन्द्रभूति ब्राह्मणने[2] वर्धमान भगवानके पादमूलमें उपस्थित हो सुना और अवधारण किया। अनन्तर गौतम स्वामीने[3] उस वाणीकी द्वादशांग तथा चतुर्दश पूर्वरूप ग्रन्थात्मक रचना [3]एक मुहूर्तमें की। **"एक्केण चेव मुहुत्तेण कमेण रयणा कदा"**। यह द्वादशांग रूप रचना

---

(१) "वासस्स पढममासे सावणणामम्मि बहुलपडियाए।
अभिजीणक्खत्तम्मि य उप्पत्ती धम्मतित्थस्स॥" –ति० प० १।३८।

(२) गौतम स्वामीके विषयमें जयधवलाकार यह बताते हैं, कि 'उनका सर्वार्थसिद्धिके देवोंकी अपेक्षा अनन्तगुणित बल था' —इदंभूदिस्स..सव्वट्ठसिद्धि–णिवासिदेवेहिंतो अणंतगुणबलस्स। (पृ० ८३)

(३) "पुणो तेणिंदभूदिणा भावसुदपज्जयपरिणदेण बारहंगाणं चोद्दसपुव्वाणं च गंथाणमेक्केण चेव मुहुत्तेण कमेण रयणा कदा। तदो भावसुदस्स अत्थपदाणं च तित्थयरो कत्ता। तित्थयरादो सुदपज्जाएण गोदमो परिणदो त्ति दव्वसुदस्स गोदमो कत्ता। तत्तो गंथरयणा जादेत्ति।" –ध० टी० १।६५।

तत्काल की गई थी। इस सम्बन्धमें भगवान् महावीरको अर्थकर्त्ता कहा गया है, और गौतम स्वामीको ग्रन्थकर्त्ता। गौतमने द्रव्यश्रुतकी रचना की थी। तिलोयपण्णत्तिकारका कथन है—

"इय मूलतंतकत्ता सिरिवीरो इंदभूदिविप्पवरो।
उवतंते कत्तारो अणुतंते सेसआइरया॥ १।८०।"

'इस प्रकार श्री वीर भगवान् मूलतंत्रकर्त्ता, विप्रशिरोमणि इन्द्रभूति उपतंत्रकर्ता तथा शेष आचार्य अनुतन्त्रकर्ता हैं।'

यह द्वादशांग समुद्रके समान विशाल तथा गंभीर है। संपूर्ण द्वादशांगकी 'मध्यमपद'के रूपमें गणना करने पर जो संख्या प्राप्त होती है, उसे कविवर द्यानतरायजी इस प्रकार बताते हैं—

"इक सौ बारह कोडि बखानो। लाख चौरासी ऊपर जानो॥
ठावनसहस पंच अधिकानो। द्वादश अंग सर्व पद मानो॥"

सम्पूर्ण श्रुतज्ञानमें पदोंकी संख्या ११२८४५८००५ होती है। बारह अङ्गोंमें निबद्ध अक्षरोंके अतिरिक्त अक्षरोंका प्रमाण ८०१०८१७५ है। इनकी अनुष्टुप् छन्दरूप गणना करें, तो २५०३३८०$\frac{15}{32}$ श्लोकोंका प्रमाण होता है।

प्रथम अंगका नाम आचारांग है। इसमें अठारह हजार पद कहे गए हैं। ये मध्यम पद रूप हैं। एक मध्यम पदमें कितने श्लोक होंगे इसके विषयमें कहा है—

"कोडि इक्कावन आठ हि लाखं। सहस चुरासी छह सौ भाखं॥
साढ़े इकीस शिलोक बताए। एक एक पदके ये गाए॥"

इन श्लोकोंकी संख्यासे आचारांगके १८००० पदोंका गुणा करनेके अनन्तर आचारांगके अपुनरुक्त अक्षर विशिष्ट श्लोकोंकी प्राप्ति होगी। जिस व्याख्याप्रज्ञप्ति नामक पंचम अंगका उपदेश धरसेन आचार्यने भूतबलि पुष्पदन्तको दिया था और जो इस ग्रन्थराजके बीज स्वरूप है उसमें पदोंकी संख्या इस प्रकार कही है—

"पंचम व्याख्याप्रगपति दरसं। दोय लाख अट्ठाइस सरसं।"

दृष्टिवाद नामक बारहवें अंगके चौथे पूर्व अग्रायणी सम्बन्धी भी उपदेश दिया गया था। उस दृष्टिवादका भी बड़ा विशाल रूप है।

"द्वादश दृष्टिवाद पनभेदं, इक सौ आठ कोडिपन वेदं।
अडसठ लाख सहस छप्पन हैं, सहित पंच पद मिथ्याहन हैं॥"

[1]व्याख्याप्रज्ञप्ति अंगमें जिनेन्द्र भगवान्के समीपमें गणधर देवसे जो साठ हजार प्रश्न किए गए उनका वर्णन है। [2]दृष्टिवादमें तीन सौ त्रेसठ कुवादोंका वर्णन तथा निराकरण किया

---

(१) "षष्टिसहस्राणि भगवदर्हत्तीर्थङ्करसन्निधौ गणधरदेवप्रश्नवाक्यानि प्रज्ञाप्यन्ते कथ्यन्ते यस्यां सा व्याख्याप्रज्ञप्ति नाम।"

(२) "द्वादशमङ्गं दृष्टिवाद इति। दृष्टिशतानां त्रयाणां त्रिषष्ट्युत्तराणां प्ररूपणं निग्रहश्च दृष्टिवादे क्रियते।" —त० रा० पृ० ५१।

गया है। इस अंगके पूर्वगत भेदका उपभेद अग्रायणीपूर्व है। उसमें सुनय, दुर्नय, पंचास्तिकाय, षड्द्रव्य, सप्ततत्त्व, [1]नवपदार्थों आदिका वर्णन किया गया है। द्वादशांग वाणीमें दिव्यध्वनिका अधिकसे अधिक सार संगृहीत रहता है। सर्वज्ञ भगवान्ने विश्वके समस्त तत्त्वोंका प्रतिपादन किया था, इस कारण द्वादशांग वाणीमें भी सभी विषयोंका विशद प्रतिपादन किया गया है। जब रत्नत्रय धर्मकी विशुद्ध साधना होती थी, तब पवित्र आत्माओंमें चमत्कारी ज्ञानकी ज्योति जगती थी। अब राग-द्वेष मोहके कारण आत्माकी मलिनता बढ़ जानेसे महान् ज्ञानोंकी उपलब्धिकी बात तो दूर है, वह चर्चा भी चकित कर देती है।

द्वादशांग वाणीके अत्यन्त विस्तृत विवेचनके होते हुए भी समस्त पदार्थका प्रतिपादन उसके द्वारा नहीं हो सका। कारण—

"पण्णवणिज्जा भावा अणंतभागो दु अणभिलप्पाणं।
पण्णवणिज्जाणं पुण अणंतभागो सुदणिबद्धो ॥" —गो० जी० ३३३।

'पदार्थोंका बहुभाग वाणीके परे है। अनिर्वचनीय पदार्थोंका अनंतवां भाग वाणीके गोचर है। इसका भी अनंतवां भाग श्रुतरूपमें निबद्ध किया गया है।

यह द्वादशांग ही यथार्थ वेद है, कारण यह किसी प्रकारके दोषसे दूषित नहीं है। हिंसाका वर्णन करनेवाला यथार्थ वेद नहीं है। उसे तो कृतान्त (यम) की वाणी कहना चाहिए। महर्षि जिनसेनका कथन है—

"श्रुतं सुविहितं वेदो द्वादशाङ्गमकल्मषम्।
हिंसोपदेशि यद्वाक्यं न वेदोऽसौ कृतान्तवाक् ॥" —महापु० ३९।२२।

गौतम स्वामीने द्वादशांग ग्रंथका सुधर्माचार्यको व्याख्यान किया। धवलाटीकामें सुधर्माचार्यके स्थानमें लोहाचार्यका नाम ग्रहण किया गया है। कुछ कालके अनंतर गौतमस्वामी[2] केवली हुए। उनने बारह वर्ष पर्यन्त विहार करके निर्वाण प्राप्त किया। उसी दिन सुधर्माचार्यने जम्बूस्वामी आदि अनेक आचार्योंको द्वादशांगका व्याख्यान किया और केवलज्ञान प्राप्त किया। इस प्रकार महावीर भगवान्के निर्वाणके बाद गौतमस्वामी, सुधर्माचार्य तथा जम्बूस्वामी ये तीन सकल श्रुतके धारक हुए, पश्चात् केवलज्ञान-लक्ष्मीके अधिपति बने। परिपाटी क्रमसे ये तीन सकल श्रुतके धारक कहे गए हैं और अपरिपाटी[3] क्रमसे सकलश्रुतके ज्ञाता संख्यात हजार

---

(१) "अग्रस्य द्वादशाङ्गेषु प्रधानभूतस्य वस्तुनः अयनं ज्ञानं अग्रायणं तत्प्रयोजनं अग्रायणीयम्। तच्च सप्तशतसुनयदुर्णयपंचास्तिकायषड्द्रव्य-सप्ततत्त्व-नवपदार्थादीन् वर्णयति।" —गो० जीव० जी० गा० ३६५।

(२) "तेण गोदमेण दुविहमवि सुदणाणं लोहज्जस्स संचारिदं।" —ध० टी० १।६५।
तदो तेण गोअमगोत्तेण इंदभूदिणा सुहमा (म्मा) इरियस्स गंथो वक्खाणिदो।" —ज० ध० १।८४।

(३) "परिवाडिमस्सिदूण एदे तिण्णि वि सयलसुदधारया भणिया।
अपरिवाडीए पुण सयलसुदपारगा संखेज्जसहस्सा ॥" —ध० टी० १।६५।

हुए। जयधवलामें बताया है कि सुधर्माचार्यने अनेक आचार्योंको द्वादशांगका व्याख्यान किया। इसे ही धवलाटीकामें स्पष्ट करते हुए कहा है कि अपरिपाटीकी अपेक्षा संख्यात हजार श्रुतकेवली हुए। जम्बू स्वामीने विष्णु आदि अनेक आचार्योंको द्वादशांगका व्याख्यान किया।

सुधर्माचार्यने बारह वर्ष विहार किया और जम्बूस्वामीने ३८ वर्ष विहार किया, पश्चात् जम्बूस्वामीने मोक्ष प्राप्त किया। जम्बूस्वामीके बारेमें जयधवलाकार लिखते हैं—अन्तिम केवली कौन हुए? **'एसो एत्थोसप्पिणीए अंतिमकेवली।'** ये इस अवसर्पिणी कालके अंतिम केवली हुए। इस कथनसे यही अर्थ निकाला जाता है कि जम्बूस्वामीके निर्वाणके पश्चात् अन्य महापुरुष निर्वाणको नहीं गए। यह कथन विशेष विचारणीय है। तिलोयपण्णत्तिमें लिखा है कि जम्बूस्वामीके निर्वाण जानेके पश्चात् अनुबद्ध केवली नहीं हुए।

"तम्मि कदकम्मणासे जंबूसामित्ति केवली जादो।
तम्मि सिद्धिं पत्ते केवलिणो णत्थि अणुबद्धा॥" —४।१४७७।

गौतमस्वामी, सुधर्माचार्य तथा जम्बूस्वामी ये तीन अनुबद्ध-क्रमबद्ध परिपाटीक्रम युक्त (In Succession) केवली हुए। अननुबद्ध-अक्रमपूर्वक[२] कैवल्य उपार्जन करनेवाले अन्य भी हुए हैं, जिनमें अंतिम केवली श्रीधरमुनिने कुण्डलगिरिसे मुक्ति प्राप्त की।[३]

"कुंडलगिरिम्मि चरिमो केवलणाणीसु सिरिधरो सिद्धो।
चारणरिसीसु चरिमो सुपासचंदाभिधाणो य॥" —ति० प० ४।१४७९।

तीन केवलियोंमें ६२ वर्ष व्यतीत हुए और पांच श्रुतकेवलियोंमें १०० का समय पूर्ण हुआ। इन पांच श्रुतकेवलियोंकी गणना भी परिपाटीक्रम-अनुबद्धरूपसे की गई, जो इस बातको

---

(१) "तद्दिवसे चेव सुहम्माइरियो जंबूसामियादीणमणेयाणमाइरियाणं वक्खाणिददुवालसंगो घाइचउक्कक्खएण केवली जादो।" —ज० ध० १।८४।
"तद्दिवसे चेव जंबूसामिभडारओ विट्ठ (विण्णु) आइरियादीणमणेयाणं वक्खाणिददुवालसंगो केवली जादो॥" —ध० टी० १।६५।

(२) जयधवलाकारने परिपाटीक्रमका पर्यायवाची 'अतुट्टसंताणेण' (१, ८५) जिसकी संतान या परंपरा अत्रुटित है ऐसा कहा है।

(३) अपने जैन साहित्य और इतिहासके पृ० १४, १५ पर श्री नाथूरामजी प्रेमी लिखते हैं—भगवान् महावीरके बाद तीन ही केवलज्ञानी हुए हैं, जिनमें जम्बूस्वामी अन्तिम थे। ऐसी दशामें यह समझमें नहीं आता, कि यहां श्रीधरको क्यों अंतिम केवली बतलाया और ये कौन थे तथा कब हुए हैं। शायद ये अन्तःकृत केवली हों। इस शंकाका निवारण पूर्वोक्त वर्णनसे हो जाता है, कारण श्रीधर मुनि अननुबद्ध अंतिम केवली हुए हैं, जिनका निर्वाणस्थल कुंडलगिरि है। इनको अन्तःकृत केवली माननेमें कोई आगमका आधार नहीं है। सामान्यतया नंदी, नंदिमित्र, अपराजित, गोवर्धन तथा भद्रबाहु ये पांच श्रुतकेवली कहे गए हैं, किन्तु धवलाटीकासे ज्ञात होता है कि अपरिपाटी क्रमकी अपेक्षा ये द्वादशांगके पाठी संख्यात हजार थे। जयधवलासे भी इस अधिक संख्याकी पुष्टि होती है। यही युक्ति केवलियोंके विषयमें लगेगी। शास्त्रमें अनुबद्ध केवली तथा श्रुतकेवलीकी मुख्यतासे प्रतिपादन किया गया है।

सूचित करती है, कि यहां अपरिपाटी क्रमकी अपेक्षा नहीं ली गई है। जयधवलामें नंदि श्रुतकेवलीके स्थानमें विष्णु नामका ग्रहण किया है। इसके अनन्तर एकादश अंग तथा दशपूर्वोंके पारंगत विशाखाचार्य, प्रोष्ठिल, क्षत्रिय, जय, नाग, सिद्धार्थ, धृतिषेण, विजय, बुद्धिल, गंगदेव तथा सुधर्म ये ११ महापुरुष हुए। धवला टीकामें सिद्धार्थका नाम सिद्धार्थदेव और सुधर्मका नाम धर्मसेन आया है। ये महामुनि शेष चार पूर्वोंके एक देशके धारी थे। इनका काल १८३ वर्ष प्रमाण रहा। धर्मसेन मुनिके स्वर्गगामी होनेके पश्चात् भारतवर्षमें दशपूर्वके ज्ञाताओंका विच्छेद हो गया।

इनके अनंतर नक्षत्र, जयपाल, पाण्डुस्वामी, ध्रुवसेन और कंस ये पांच आचार्य परिपाटीक्रमसे एकादशांगके पाठी हुए। ये चौदह पूर्वके एक देशके भी धारक थे। इनका काल पिण्डरूपसे २२० वर्ष प्रमाण है।

इसके पश्चात् परंपरा क्रमसे सुभद्र, यशोभद्र, यशोबाहु तथा लोहार्य—ये चार आचार्य संपूर्ण आचारांगके ज्ञाता हुए। वे शेष एकादश अंग तथा चौदह पूर्वोंके एक देशके भी ज्ञाता थे। इनके कालका प्रमाण ११८ वर्ष है।

[1]इसके अनंतर संपूर्ण अंग तथा पूर्वके एकदेशका ज्ञान आचार्यपरंपरासे आता हुआ धरसेन आचार्यको प्राप्त हुआ। जयधवला टीकामें लिखा है—[2]इसके पश्चात् अंगपूर्वोंका एकदेश ज्ञान आचार्यपरंपरासे आता हुआ गुणधर आचार्यको प्राप्त हुआ। इससे यह प्रमाणित होता है, कि द्वादशांगका एक देश ज्ञान धरसेन तथा गुणधर आचार्यको प्राप्त हुआ था।

महावीर भगवान्के निर्वाणके पश्चात् गौतम स्वामीसे लेकर आचारांगके ज्ञाता लोहाचार्य पर्यन्त ६८३ वर्ष काल व्यतीत होता है (६२+१००+१८३+२२०+११८=६८३)। इसके अनंतर धरसेन आचार्य हुए। कितने वर्ष पश्चात् हुए, यह स्पष्ट नहीं होता है। लोहार्य और धरसेनके मध्यवर्ती आचार्योंका धवला, जयधवला, तिलोयपण्णत्तिमें वर्णन नहीं किया गया है। नन्दि आम्नायकी प्राकृतपट्टावलीसे इस प्रकरण पर विशेष चिन्तनीय सामग्री उपलब्ध होती है। इस पट्टावलीकी विशेषता यह है, कि इसमें वीर-निर्वाणके पश्चात्वर्ती प्रत्येक आचार्यका काल पृथक् पृथक् गिनाया है। गौतमादि केवलीत्रयका काल ६२ वर्ष कहा है। विष्णु आदि पंच श्रुतकेवलीका समय यहां भी सौ वर्ष गिनाया है। विशाखाचार्य आदि ग्यारह दशपूर्वधारी आचार्योंका समय १८३ बताया है। धर्मसेन आचार्यका काल चतुर्दशके स्थानपर यदि सोलह हो जाता है, तो दो वर्षका अन्तर नहीं रहता है। संभव है पाठ भेद इस भिन्नताका कारण हो। एकादशांगी नक्षत्रादि पंच आचार्योंका समय १२३ वर्ष बताया है, जबकि तिलोयपण्णत्ति आदि शास्त्रोंमें इनका समय २२० वर्ष बताया है। सुभद्र, यशोभद्र, भद्रबाहु तथा लोहाचार्य—इन चार आचार्योंको पट्टावलीमें दस, नव तथा अष्टांग विद्याके ज्ञाता कहा है। यहां यशोबाहुके स्थानमें भद्रबाहु नाम आया है। इनका समय ९७ वर्ष बताया गया है।

---

(१) "तदो सव्वेसिमंगपुव्वाणमेगदेसो आइरियपरंपराए आगच्छमाणो धरसेणाइरियं संपत्तो।"
—ध० टी० १।६७।

(२) "तदो अंगपुव्वाणमेगदेसो चेव आइरियपरंपराए आगंतूण गुणहराइरियं संपत्तो।"
—जय० ध० १।८७।

"वासं सत्ताणवदिय दसंग नव अंग अट्ठधरा ॥ १२ ॥
सुभद्दं च जसोभद्दं भद्दबाहु कमेण च ।
लोहाचज्जमुणीसं च कहियं च जिणागमे ॥ १३ ॥"

गाथा नं० १२में इनका समूह रूपसे काल ९७ बतानेके अनंतर गाथा नं० १४ के पूर्वार्धमें उसका स्पष्टीकरण करते हुए पट्टावलीमें लिखा है—छह अट्ठारह वासे तेवीस बावण (पणास) वास मुनिवाहं । जब गाथा नं० १२ में इन आचार्यों का ९७ वर्ष समूह रूपसे काल बताया जा चुका है, तब बावण पाठ अशुद्ध प्रतीत होता है । वहां पचासकी संख्या होगी । सुभद्रादि आचार्य-चतुष्टयको तिलोयपण्णत्तिमें आचारांगका ज्ञाता लिखा है । धवला जयधवलामें भी इसका समर्थन है । धवला १, पृ० ६६ में लिखा है—'तदो सुभद्दो जसभद्दो जसबाहू लोहज्जो त्ति एदे चत्तारि वि आइरिया आयारांगधरा, सेसंगपुव्वाणमेगदेसधारया ।'

पट्टावलीके अनुसार नक्षत्राचार्यसे लेकर लोहाचार्य पर्यन्त १२३+९७=२२० वर्ष प्रमाण काल होता है । इस प्रकार लोहाचार्य पर्यन्त कालमें ११८ वर्षका अन्तर पड़ता है । पट्टावलीमें लिखा है—

"पंचसये पणसठे अंतिमजिणसमयजादेसु ।
उप्पण्णा पंच जणा इयंगधारी मुणेयव्वा ॥ १५ ॥
अहिबल्लि माघनंदि य धरसेणं पुप्फयंत भूदबली ।
अडवीसं इगवीसं उगणीसं तीस बीस वास पुणो ॥ १६ ॥
इगसय-अठार-वासे इयंगधारी य मुणिवरा जादा ।
छसय-तिरासिय-वासे णिव्वाणा अंगदित्ति कहिय जिणे ॥ १७ ॥"

इससे ज्ञात होता है कि वीरजिनके निर्वाणके ५६५ वर्ष प्रमाण काल व्यतीत होने पर एक अंगके ज्ञाता अर्हद्बलि, माघनंदि, धरसेन, पुष्पदन्त तथा भूतबलि—ये पांच आचार्य ११८ वर्षमें हुए । इस प्रकार ५६५+११८ = ६८३ वर्ष पर्यन्त अंग ज्ञान रहा । भूतबलि पुष्पदन्तके षट्खण्डागम साहित्यकी टीका धवला एवं कसाय पाहुडकी जयधवला टीकामें धरसेन आचार्यको परिपूर्ण एक अंगका ज्ञाता नहीं बताया है । धवला टीकामें तो यह लिखा है कि 'तदो सव्वेसिमंग-पुव्वाणमेगदेसो आइरियपरंपराए आगच्छमाणो धरसेणाइरियं संपत्तो' (पृ० ६७) —'इसके अनन्तर संपूर्ण अंग और पूर्वोंका एकदेश ज्ञान आचार्यपरम्परासे आता हुआ धरसेनाचार्यको प्राप्त हुआ ।' आचार्य धरसेनके शिष्य भूतवलि पुष्पदन्त रचित शास्त्रकी टीकामें उनके सम्बन्धकी उपलब्ध सामग्री विशेष महत्त्वपूर्ण मालूम पड़ती है । इससें भी बात यह है कि तिलोयपण्णत्ति जैसा प्राचीनशास्त्र भी धवला टीकाका समर्थन करता है । सुभद्र, यशोभद्र, यशोबाहु तथा लोहार्य-के पश्चात् आचारांगका ज्ञान लुप्त हो गया । कहा भी है—

"तेसु अदीदेसु तदा आचारधरा ण होंति भरहम्मि ।
गोदममुणिपहुदीणं वासाणं छस्सदाणि तेसीदी ॥" –ति० प० ४।१४९२ ।

लोहार्यको अन्तिम आचारांग तथा शेष अंग तथा पूर्वोंके एकदेशका ज्ञाता लिखा है और मध्यवर्ती आचार्यपरंपराका उल्लेख बिना किए धरसेन आचार्यको सर्व अंग-पूर्वके एक देशका ज्ञाता बताया है। इसलिए धरसेन स्वामीका समय क्या माना जाय, यह कठिनाई उपस्थित होती है। इस कठिनाईके निवारणार्थ निम्नलिखित बात पर विचार करना आवश्यक है।

धवला टीकासे ज्ञात होता है कि धरसेन स्वामी गुजरातकी गिरिनगर नामके नगरकी चन्द्रगुफामें विराजमान थे।[1] वे अष्टांगनिमित्त विद्याके पारगामी थे। उन्हें इस बातका भय उत्पन्न हुआ कि श्रुतका विच्छेद हो जायगा, अतः प्रवचनवत्सल आचार्यवर्यने दक्षिणापथके निवासी तथा महिमानागरीमें एकत्रित आचार्योंके पास लेख भेजा। धरसेन स्वामीको श्रुतके विच्छेदका भय उत्पन्न होनेमें क्या कारण था, यह बात चिंतनीय है। सप्तभयवर्जित, शान्त, निश्चिन्त जीवनवाले महामुनिके चित्तमें शास्त्र लोप हो जायगा, सहसा इस भयकी उत्पत्तिका विशेष कारण होना चाहिए। हमें यह प्रतीत होता है, कि इनने अपने जीवनमें ही आचारांगके पारदर्शी ज्ञाता लोहार्यको देखा और उनके स्वर्गारोहणके पश्चात् उस आचारांग विद्याका लोप ज्ञातकर उनकी धर्मपूर्ण आत्मामें गहरा आघात पहुँचा, जिसने अंतःकरणमें इतनी प्रेरणा की कि उनने महिमानगरीमें आगत श्रमणसमुदायके समीप विशेष पत्र भेजा। पश्चात् योग्य सत्पात्र शिष्योंके प्राप्त होने पर उनको अपना विशेष श्रुतसम्बन्धी ज्ञान प्रदान किया।

यह शंका उत्पन्न होती है, कि अर्हद्वलि, माघनंदि आचार्य अथवा श्रुतावतारमें वर्णित विनयधर, श्रीदत्त, शिवदत्त तथा अर्हद्दत्त आचार्योंका तिलोयपण्णत्ति अथवा धवला, जयधवलामें क्यों नहीं प्रतिपादन किया? इसका समाधान यह है, कि ग्रंथकार अंगज्ञाताओंका वर्णन करना चाहते थे। अंगज्ञानका लोप हो जानेके बादका वर्णन करना उनके लिए अप्रकृत वस्तु थी। अतः उस सम्बन्धमें उनने कुछ प्रकाश नहीं डाला।

लोहार्यका स्वर्गवास वीरजिनके निर्वाणके ६८३ वर्ष व्यतीत होनेपर हुआ था। उस समय धरसेनाचार्य भी संभवतः वृद्ध थे, अतः उनने श्रुतरक्षार्थ शीघ्रतापूर्वक शिष्योंका अन्वेषण कराया तथा उनको अपने विशिष्ट विषयका पारंगत विद्वान् बनाया। पश्चात् वर्षाकाल अत्यन्त सन्निकट होनेके कारण उनको ग्रंथ-उपदेश समाप्तिके दिन ही अन्यत्र वर्षाकाल व्यतीत करनेकी आज्ञा दी। इन्द्रनन्दि आचार्यने लिखा है[2] कि गुरुदेवने अपना अल्प जीवन सोचकर शिष्योंको दूसरे दिन जानेको कहा। उनने यह सोचा था, कि हमारी मृत्युसे इनको क्लेश पहुँचेगा, अतः समीपमें न रखना ही श्रेयस्कर है। विबुध श्रीधरने[3] भी इन्द्रनन्दिका समर्थन किया है। धरसेनाचार्यने श्रुतरक्षण निमित्त प्रवचन-प्रेमवश जो कार्य किया उसमें कोई बहुत वर्ष नहीं बीते होंगे। श्रुतविच्छेदके भयसे कार्य शीघ्र संपन्न किया गया। इस दृष्टिसे धरसेन स्वामीका समय

---

(१) "तेण वि सोरट्ठविसय-गिरिणयरपट्टण-चंदगुहा-ठिएण अट्ठंगमहाणिमित्तपारएण गंथवोच्छेदो होहदि त्ति जादभयेण पवयण-वच्छलेण दक्खिणावहाइरियाणं महिमाए मिलियाणं लेहो पेसिदो।" –ध० टी० १।६७।

(२) "स्वासन्नमृतिं ज्ञात्वा मा भूत् संक्लेशमेतयोरस्मिन्।
इति गुरुणा संचिन्त्य द्वितीयदिवसे ततस्तेन॥" –इ० श्रु०।

(३) "आत्मनो निकटमरणं ज्ञात्वा धरसेनस्तयोर्मा क्लेशो भवतु इति मत्वा तन्मुनिविसर्जनं करिष्यति।"
–वि० श्रीधर, ३१७।

६८३–५२७ = १५६ ईसवी सन्‌के समीप पड़ता है, इनके शिष्य भूतबलि पुष्पदन्तका भी समय इसमें पृथक् रूपसे जोड़नेपर ईसाकी दूसरी सदी रूपकाल अनुमानित करना होगा।

यहां कोई यह तर्क कर सकता है, कि धरसेन स्वामी अष्टांगविद्याके प्रकाण्ड आचार्य थे। उनने निमित्त ज्ञानसे अपने मरणको समीप सोचा, इससे उनके चित्तमें श्रुतरक्षणकी भावना उत्पन्न हो गई। इस सम्बन्धमें यह बात चिन्तनीय है, कि मरण समीप है, इससे श्रुतविच्छेदकी भीति उत्पन्न होनेका औचित्य ज्ञात नहीं होता। वे ज्ञानवान् महान् आचार्य थे। उनका श्रुतरक्षाका भाव पहलेसे भी जागृत रहना चाहिए था। श्रुतव्यवच्छेदकी घटनाको देखनेसे उनके चित्तमें श्रुतरक्षाकी प्रेरणा उत्पन्न होना अधिक उपयुक्त जंचता है।

जयधवला टीकासे ज्ञात होता है कि गुणधर आचार्य भी अंगों तथा पूर्वोंके एक देशके ज्ञाता थे। उनके चित्तमें भी श्रुत-विच्छेदकी भीति उत्पन्न हुई। उनका हृदय प्रवचनके वात्सल्यके अधीन हो चुका था, इसलिए उनने सोलह हजार पद प्रमाण 'पेज्जदोसपाहुड' का १८० गाथाओं में उपसंहार किया। गुणधर आचार्यको भी श्रुतविच्छेदकी भीतिमें निमित्त आचारांगके अंतिम ज्ञाता लोहार्यका स्वर्गगमन रहा होगा। गुणधर आचार्यके समक्ष तो मृत्युकी चिन्ताकी समस्या न थी। जब उनको श्रुतरचनामें मृत्युकी भीति कारण नहीं है, तब इसी प्रकारकी प्रक्रिया धरसेन स्वामीके विषयमें विचारना कोई दोषपूर्ण नहीं प्रतीत होता।

४—भूतबलिका समय

प्राकृत पट्टावलीको यदि प्रामाणिक माना जाय, तो जहाँ तक धरसेनाचार्यका सम्बन्ध है उनका समय वीर निर्वाणके ६१४ वर्ष बाद आता है और भूतबलि आचार्यका काल ६६३ वर्ष वीर निर्वाणके अनन्तर प्राप्त होता है। भूतबलि स्वामीका समय १३६ ईसवी सन् निकलता है। अतएव धवला टीका द्वारा प्राप्त संकेतके आधारसे एवं पट्टावलीके प्रकाशमें भी ईसाकी दूसरी सदीका समय अनुमानित होता है।

ब्रह्मनेमिदत्तके आराधना-कथाकोषसे ज्ञात होता है, कि महिमानगरीमें स्थित मुनिसंघके पास धरसेन आचार्यने अपना पत्र भेजा था। उस दक्षिण संघके प्रधान आचार्य महासेन थे। उपने दो सुयोग्य शिष्य धरसेन आचार्यके पास भेजे थे।[1] एक नाम था सुबुद्धि और दूसरेका नाम नरवाहन था। सुबुद्धि पहले श्रेष्ठिवर थे और नरवाहन थे एक नरेश। सुबुद्धि मुनिको पुष्पदन्त और नरवाहनको भूतबलि नाम धरसेनाचार्यके द्वारा प्राप्त हुआ था।

धरसेनाचार्यके विषयमें इतना ही ज्ञात है कि वे अष्टांगनिमित्त [2]ज्ञानी महान् आचार्य थे। सर्व अंगों तथा पूर्वोंके एकदेशके ज्ञाता एवं प्रवचन-वात्सल्यभावसे भूषित महामुनि थे। उनके पत्रके अनुसार दक्षिणापथसे दो मुनिराज इनके समीप भेजे गए थे। वे धारण और ग्रहण शक्तिमें अतीव निपुण थे। वे अत्यन्त विनयवान् शील-अलंकृत, देशकुल जातिसे विशुद्ध, संपूर्ण कलाओंमें निष्णात थे। वे आंध्रदेशमें बहने वाली वेणानदीके तटसे धरसेन स्वामीके समीप पहुंचनेके लिए रवाना हुए। इधर धरसेनाचार्यने रात्रिके पिछले भागमें एक स्वप्न देखा कि दो सुन्दर धवलवर्ण वाले बैलोंने आकर उनकी तीन प्रदक्षिणा दी और नम्रतापूर्वक उनके चरणोंमें पड़ गए।

(१) श्रुतावतार-विबुध श्रीधर पृ० ३१६। (२) ध० टी० १, ६७–६९।

इस स्वप्नको देखकर स्वप्नशास्त्रके अनुसार अत्यन्त शुभसूचक स्वप्न समझ आचार्य संतुष्ट हुए और उनने 'जयउ सुय-देवदा'— श्रुतदेवताकी जय हो, ये शब्द उच्चारण किए। पवित्र चरित्र पुरुषोंके स्वप्न भी मिथ्या नहीं होते। उसी दिन दो मुनि आचार्यश्री के पादपद्मोंके समीप अत्यन्त विनयपूर्वक पहुंचे। उनने आचार्य श्री से अपने आनेका कारण निवेदन किया। "अणेण कज्जेणम्हा दोवि जणा तुम्हं पादमूलमुवगया।" आचार्य महाराजने कहा 'सुट्ठु, भद्दं'— ठीक है, कल्याण हो।

इसके अनंतर आचार्य महाराजने सोचा 'जहा छंदाईणं विज्ञादाणं संसार-भयवद्धणं'— स्वच्छंद वृत्ति वालोंको विद्या प्रदान करना संसार-भयका संवर्धक है; अतः पुनः परीक्षा लेना उचित समझा। उनने दो विद्याएं उन्हें साधनार्थ दीं। एकमें अल्प अक्षर थे, और दूसरीमें अधिक अक्षर थे। विद्या साधनके विषयमें आचार्यश्रीने कहा था—दो उपवासपूर्वक इनकी साधना करो। अशुद्ध मंत्रकी साधना करनेके कारण अल्पाक्षरयुक्त मंत्र साधकके अशुद्ध कानी देवी आई, तो अधिक अक्षरवाले साधकके सामने लम्बे दांतवाली देवी आई। देवताओंका सुन्दर स्वरूप होता है। यह विकृत आकृति त्रुटिको बताती है। इससे उनको मंत्रकी अशुद्धता ज्ञात हुई। उनने मन्त्रशास्त्रके अनुसार मंत्रोंको शुद्धकर साधना प्रारंभ की, तो देवताओंने अपने दिव्यरूपमें दर्शन दिए। तत्पश्चात् इन मुनियोंने सब वृत्तान्त जब गुरुदेवको सुनाया, तो उनने संतोष व्यक्त किया। और 'सोमतिहिणक्खत्तवारे गंथो पारद्धो'—'शुभ तिथि, शुभ नक्षत्र तथा शुभ दिनमें ग्रन्थका पढ़ाना प्रारम्भ किया।'

आषाढ़ सुदी एकादशीके पूर्वाह्ण कालमें ग्रन्थ समाप्त हुआ। धरसेन स्वामीने श्रुत-उपदेशका अपना पवित्र कार्य पूर्ण किया। इस महत्त्वपूर्ण घटनासे आनन्दित हो देवताओंने एक मुनिराजकी पुष्पोंके द्वारा महान् पूजा की और मधुर वाद्य ध्वनि की। इसे देखकर धरसेनाचार्यने उनका नाम 'भूतबलि' रखा। दूसरे मुनिराजकी पूजा देवोंने की और उनके दांतोंकी पंक्ति सुव्यवस्थित कर दी अतः उनका नाम गुरुदेवने पुष्पदन्त रखा। इसके अनन्तर गुरुकी आज्ञानुसार उनको वर्षाकाल निमित्त प्रस्थान करना पड़ा। उनने अंकलेश्वरमें चातुर्मास व्यतीत किया। इसके पश्चात् पुष्पदन्त आचार्य वनवास देशको गए और भूतबलि स्वामी द्रमिल देश पहुंचे।[1] पुष्पदन्तने वनवास देशमें जिनपालितको दीक्षा प्रदान की और वीसदिसूत्र—वीस प्ररूपणाके अन्तर्गत सत्प्ररूपणाके १७७ सूत्र जिनपालितके द्वारा भूतबलि स्वामीके समीप भिजवाए।

जिनपालितकी विशेष योग्यताका अनुमान इससे होता है, कि पुष्पदन्त आचार्यने अपनी ज्ञान-निधि भूतबलिके पास उनके द्वारा प्रेषित की थी। धर्मकीर्ति शिलालेख नं० १ में (पट्टावली लाडवागढ़ या वागड़ा संघ) जिनपालितको 'योगिराट्'—योगियोंके अधीश्वर लिखा है।[2]

(१) "तदो पुप्फयंताइरिएण जिणवालिदस्स दिक्खं दाऊण वीसदिसुत्ताणि कारिय पढाविय पुणो सो भूदबलि-भयवंतस्स पासं पेसिदो।" –ध० टी० १।७१।

(२) Documents produced by Digambaris before the court of Dhwajadand Commission Udaipur. p.p. 29-30.

"तेषां नामानि वक्ष्मीतः शृणु भद्र महान्वय।
भद्रो भद्रस्वभावश्च धरसेनो यतीश्वरः॥ ६॥
भूतबलिः पुष्पदन्तो जिनपालितयोगिराट्।
समन्तभद्रो श्रीधर्मा सिद्धिसेनो गणाग्रणीः॥ ७॥"

भूतबलि स्वामीने जिनपालितके पास वीसदि सूत्रोंको देखा उसमें अंतिम १७७ वां सूत्र यह है—'अणाहारा चदुसु ट्ठाणेसु विग्गहगइसमावण्णाणं केवलीणं वा समुग्घादगदाणं अजोगिकेवली सिद्धा चेदि।' उन्हें जिनपालितके द्वारा ज्ञात हुआ, कि पुष्पदन्तका जीवन प्रदीप शीघ्र बुझनेवाला है; इससे उनके हृदयमें विचार उत्पन्न हुए कि अब 'महाकम्मपयडिपाहुड' का लोप हो जायगा, अतः उनने 'दव्वपमाणानुगममादि काऊण गंथरचणा कदा'—द्रव्य-प्रमाणानुगमको आदि लेकर ग्रंथरचना की। षट्खण्डागममें भूतबलि स्वामी रचित आदिसूत्र यह है, 'दव्वपमाणाणुगमेण दुविहो णिद्देसो ओघेण आदेसेण य।' —ध० टी० २।१।

इस सूत्रके प्रारंभमें वीरसेनाचार्य धवलाटीकामें लिखते हैं—

"संपहि चोद्दसण्हं जीवसमासाणमत्थित्तमवगदाणं सिस्साणं तेसिं चेव परिमाण-पडिवोहणट्ठं भूदबलियाइरियो सुत्तमाह" (२।१)

'अब चौदह जीवसमासोंके अस्तित्वको जाननेवाले शिष्योंको परिमाणका अवबोध करानेके लिए भूतबलि आचार्य सूत्र कहते हैं।'

पूर्वोक्त सूत्रको आदि लेकर शेष समस्त षट्खण्डागम सूत्र भूतबलि स्वामीकी उज्ज्वल कृति हैं। इन्द्रनन्दिकृत श्रुतावतारसे विदित होता है, कि जब यह रचना पूर्ण[२] हो गई, तब चतुर्विध संघ सहित भूतबलि स्वामीने ज्येष्ठ सुदी पंचमीको ग्रंथराजकी बड़ी भक्तिपूर्वक पूजा की। उस समयसे श्रुतपंचमी पर्व प्रचलित हो गया जब कि श्रुत-देवताकी सर्वत्र अभिवन्दना की जाती है। इसके पश्चात् भूतबलि स्वामीने यह रचना जिनपालितके साथ पुष्पदन्त स्वामीके पास भेजी। सौभाग्यकी बात हुई, जो दुर्दैवने पुष्पदन्ताचार्यको उस समय तक नहीं उठाया था। आचार्य पुष्पदन्तने रचना देखी। अपना मनोरथ सफल हुआ ज्ञात कर वे अत्यन्त आनंदित हुए। उनने भी चातुर्वर्णसंघ सहित सिद्धान्तशास्त्रकी पूजा की।[३]

---

(१) "भूदबलिभयवदा जिणवालिदपासे दिट्ठवीसदिसुत्तेण अप्पाउओ त्ति अवगयजिणवालिदेण महाकम्म-पयडिपाहुडस्स वोच्छेदो होहदि त्ति समुप्पण्ण-बुद्धिणा पुणो दव्वपमाणाणुगममादिं काऊण गंथरचणा कदा।" —ध० टी० १।७१।

(२) "ज्येष्ठसितपक्षपञ्चम्यां चातुर्वर्ण्यसंघसमवेतः। तत्पुस्तकोपकरणैर्व्यधात् क्रियापूर्वकं पूजाम्॥ १४३॥ श्रुतपंचमीति तेन प्रख्यातिं तिथिरियं परामाप। अद्यापि येन तस्यां श्रुतपूजां कुर्वते जैनाः॥ १४४॥" —इ० श्रु०।

(३) विबुध श्रीधरकृत श्रुतावतारसे ज्ञात होता है, कि पुष्पदन्त आचार्यके साथ चतुःसंघने तीन दिन पर्यन्त बड़े उत्साहपूर्वक पूजा प्रभावना की थी। धार्मिक समाजने व्रतादिका परिपालन भी किया था। पृ० ३१६।

इस महाशास्त्रके रक्षण कार्यमें जिनपालितकी भी महत्त्वपूर्ण सेवा विदित होती है। हम देखते हैं कि चातुर्मास पूर्ण होनेके पश्चात् पुष्पदन्त अपने साथी भूतबलिको छोड़कर जिनपालित के पास वनवास देशमें पहुँचते हैं। वे विंशतिसूत्रोंकी रचना करके अपना मंतव्य भूतबलिके पास प्रेषित करते हैं। भूतबलि जब ग्रंथराजका निर्माण पूर्ण कर लेते हैं, तब वे इन्हीं जिनपालितके साथ अपनी अमूल्य जीवन निधि-ज्ञाननिधिको पुष्पादन्ताचार्यके समीप भेजते हैं, ताकि उनका भी इस आगम-रचनाके विषयमें अभिप्राय ज्ञात हो जाय। जिनपालित योगिराज थे तथा पुष्पदन्त जैसे महामुनिके अत्यन्त विश्वासपात्र थे। भूतबलि स्वामीने भी उन्हें योग्य समझ अपने समीप स्थान दिया था और अपनी रचना उनके ही साथ पुष्पदन्त स्वामीके पास भिजवाई थी। इससे हमें प्रतीत होता है, कि महान् ग्रन्थ रचनाकार्यमें वे भूतबलि स्वामीके समीप अवश्य रहे होंगे। बहुत संभव है, कि भूतबलि स्वामीके तत्त्व प्रतिपादनको लिखनेका कार्य जिनपालित द्वारा संपन्न हुआ हो। कमसे कम इतना तो दृढ़तापूर्वक कहा जा सकता है, कि इस सिद्धान्तशास्त्रके उद्धार कार्यमें जिनपालित मुनिराजका विशेष स्थान रहा। इसका वर्णन इसलिए नहीं मिलता, कि पहले लोग कार्यको प्रधान मानते थे, नामकी ओर प्रायः कम ध्यान रहता था। इतना बड़ा षट्खण्डागम महाशास्त्र निर्माण करते हुए भी ग्रन्थमें जब भूतबलि स्वामीका नाम कहीं भी नहीं आया, तब जिनपालितका नाम न आना विशेष आश्चर्यप्रद बात नहीं है।

ग्रंथकी प्रामाणिकता

महाबन्ध शास्त्रमें संपूर्ण चर्चा आगमिक तथा अहेतुवाद-आश्रित है। आगमकी निम्नलिखित परिभाषा प्रस्तुत शास्त्रके विषयमें पूर्णतया चरितार्थ होती है—

"पूर्वापरविरोधादेर्व्यपेतो दोषसन्ततेः।
द्योतकः सर्वभावानामाप्तव्याहृतिरागमः॥" —ध० टी० पृ० ७८५।

—जो पूर्वापरविरोधादि दोषपरम्परासे रहित हो, सर्व पदार्थोंका प्रकाशक हो तथा आप्तकी वाणी हो, उसे आगम कहते हैं।

षट्खंडागम सूत्रोंकी, विशेषकर महाबन्धकी चर्चा बहुत सूक्ष्म है। उसमें कहीं भी पूर्वापर विरोधका दर्शन नहीं होता। जितना सूक्ष्म चिन्तक एवं विचारक महाबन्धका पारायण करेगा, वह ग्रंथके विवेचनसे उतना ही अधिक प्रभावित होगा। ग्रंथकी विचित्रता यथार्थमें पूर्वापर-अविरोधितामें है। अपने विषयपर प्रकाश डालनेमें आचार्यने किंचित् भी न्यूनता नहीं प्रदर्शित की है। ग्रंथराज आप्तकी कृति है, अतः यह स्वतः प्रमाण है। किसी हेतुवादरूप साधन-सामग्रीकी आवश्यकता नहीं है। आप्तमीमांसाकार समन्तभद्र स्वामीका कथन है—

"वक्तर्यनाप्ते यद्धेतोः साध्यं तद्धेतुसाधितम्।
आप्ते वक्तरि तद्वाक्यात्साध्यमागमसाधितम्॥ ७८॥"

—वक्ता यदि अनाप्त है, तो युक्ति द्वारा जो बात सिद्ध की जायगी, वह हेतुसाधित कही जायगी। और यदि वक्ता आप्त है, तो उनके वचनमात्रसे ही बात सिद्ध होगी। इसे आगम-साधित कहते हैं।

भूतबलिको आप्त किस कारण माना जाय, इस सम्बन्धमें धवला टीकामें सुन्दर तर्कणा की गई है। शंकाकार कहता है सूत्र की परिभाषा है—

"सुत्तं गणहरकहियं तहेव पत्तेयबुद्धकहियं च।
सुदकेवलिणा कहियं अभिण्णदसपुव्विकहियं च॥"

—गणधरका कथन, प्रत्येकबुद्ध मुनिराजकी वाणी, श्रुतकेवलीका कथन, अभिन्नदशपूर्वीका कथन सूत्र है।

"ण च भूदबलिभडारओ गणहरो, पत्तेयबुद्धो, सुदकेवली, अभिण्णदसपुव्वी वा येणेदं सुत्तं होज्ज? जदि एदं सुत्तं ण होदि तो ... प्रमाणत्तं कुदो णव्वदे?" 'भूतबलि भट्टारक गणधर नहीं हैं। न वे प्रत्येकबुद्ध, श्रुतकेवली अथवा अभिन्नदशपूर्वी हैं, जिससे यह शास्त्र 'सूत्र' हो जाय। यदि यह शास्त्र सूत्र नहीं होता है, तो इसमें प्रामाणिकताका किस प्रकार ज्ञान होगा?

इस शङ्काके समाधानमें कहते हैं—**"रागदोसमोहाभावेण पमाणीभूदपुरिसपरंपराये आगत्तादो"** (ध० टी० पृ० १२८२)। 'यह ग्रन्थ प्रमाण है, कारण राग-द्वेष-मोहरहित प्रामाणिकता-प्राप्त पुरुषपरम्परासे यह प्राप्त हुआ है।'

इस ग्रंथमें अप्रामाणिकताका लेश भी नहीं है। इस सम्बन्धमें वीरसेनाचार्यका कथन महत्त्वपूर्ण है। वे लिखते हैं[1]—इस प्रकार प्रमाणीभूत महर्षिरूप प्रणालिकाके द्वारा प्रवाहित होता हुआ महाकर्म प्रकृति प्राभृतरूप अमृत-जल-प्रवाह धरसेन भट्टारकको प्राप्त हुआ। उनने भी गिरिनगरकी चंद्रगुफामें भूतबलि, पुष्पदंतको संपूर्ण महाकर्म प्रकृति प्राभृत सौंपा। तदनंतर श्रुत-नदीका प्रवाह व्युच्छिन्न न हो जाय, इस भयसे भव्य जीवोंके अनुग्रहके लिए उनने **'महाकम्म-पयडि पाहुड'** का उपसंहार करके षट्खण्ड बनाए। अतः त्रिकालगोचर समस्त पदार्थोंको ग्रहण करनेवाले प्रत्यक्ष तथा अनंत केवलज्ञानसे उत्पन्न हुआ है, प्रमाणस्वरूप आचार्य प्रणालिकाके द्वारा आगत है, प्रत्यक्ष तथा अनुमान प्रमाणसे अबाधित है। अतः यह शास्त्र प्रमाण है। इसलिए **'तम्हा मोक्खकंखिणा भवियलोएण अब्भेसयव्वो'**—मोक्षाभिलाषी भव्यात्माओंको इसका अभ्यास करना चाहिए।

पुनः शंकाकार कहता है[2]—'सूत्र विसंवादी क्यों नहीं है?' उत्तरमें कहते हैं—'सूत्रमें

---

(१) "एवं पमाणीभूदमहरिसिपणालेण आगंतूण महाकम्मपयडिपाहुडामियजलपहावो धरसेणभडारयं संपत्तो। तेण वि गिरिणयरचंदगुहाए भूदबलिपुप्फदंताणं महाकम्मपयडिपाहुडं सयलं समप्पिदं। तदो भूदबलिभडारएण सुद-णइ-पवाहवोच्छेदभीएण भवियलोगाणुग्गहट्ठं महाकम्मपयडिपाहुडमुवसंह-रियऊण छखंडाणि कयाणि, तदो तिकालगोयरासेस-पयत्थविसय-पच्चक्खाणंत-केवलणाणप्पभवादो पमाणीभूदआइरियपणालेणागदत्तादो, दिट्ठिट्ठविरोहाभावादो पमाणमेसो गंथो, तम्हा मोक्खत्थिणा अब्भसेयव्वो।" –ध० टी० सि० ७६२।

(२) "विसवादी सुत्तं किण्ण जायदे? ण, विसंवादकारण-सयलदोसमुक्क-भूदबलि-वयणविणिग्गयस्स सुत्तस्स विसंवादत्तविरोहादो।" –ध० टी० सि० पृ० १०३३।

विसंवादीपना नहीं है, कारण यह विसंवादके कारण संपूर्ण दोषोंसे मुक्त भूतबलिके वचनोंसे विनिर्गत है।" पुनः शंकाकर तर्क करता है—'कदाचित् भूतबलिने असम्बद्ध देशना की हो?" इसके निराकरणमें वीरसेन स्वामी कहते हैं—**"ण चासंबद्धं भूदवलिभडारओ परूवेदि, महा-कम्मपयडिपाहुड-अभियधाणेण ओसारिदासेसराग-दोस-मोहत्तादो"**—भूतबलि भट्टारक असम्बद्ध प्ररूपण नहीं करेंगे, कारण उनने महाकर्मप्रकृतिप्राभृतके अवधारण करनेसे रागद्वेष तथा मोहका निराकरण कर दिया है।

इस प्रकार प्रकाश डालते हुए अमृतचन्द्र सूरि कहते हैं—"ज्ञानगुणस्य यावज्जघन्यो भावः, तावत् तस्यान्तर्मूहूर्तविपरिणामित्वात् पुनः पुनरन्यतयाऽस्ति परिणामः। स तु यथाख्यातचारित्रावस्थाया अधस्तादवश्यभाविरागसद्भावात् बन्धहेतुरेव स्यात्" "जबतक ज्ञानगुणका जघन्यभाव है—क्षायोपशमिक भाव है, तबतक उसका अंतर्मुहूर्तमें विपरिणमन होता है, इस कारण पुनःपुनः अन्यरूप परिणमन होता है। वह ज्ञानका परिणमन यथाख्यात चारित्ररूप अवस्थाके नीचे निश्चयसे रागसहित होनेसे बंधका ही कारण है।"

यदि ज्ञान गुणका जघन्य भावरूप परिणमन बंधका कारण है, तो ज्ञानीको कैसे निरास्रव कहा ? इस शंकाके समाधानमें आचार्य कुन्दकुन्द कहते हैं—

"दंसणणाणचरित्तं जं परिणमदे जहण्ण-भावेण।
णाणी तेण दु बज्झदि पुग्गलकम्मेण विविहेण ॥"—समयसार १७२।

—"दर्शनज्ञानचारित्रका जघन्य भावसे परिणमन होता है, इससे ज्ञानी जीव अनेक प्रकारके पुद्गल कर्मों से बंधता है।"

इस विषय पर विशेष प्रकाश डालते हुए टीकाकार **जयसेनाचार्य** लिखते हैं (समयसार पृ० २४५) —"इस कारण भेदज्ञानी अपने गुणस्थानोंके अनुसार परम्परा रूपसे मुक्तिके कारण तीर्थङ्कर नामकर्म आदि प्रकृतिरूप पुद्गलात्मक अनेक पुण्यकर्मों से बंधता है।"

कोई स्वाध्यायशील व्यक्ति पूछता है, यदि उपरोक्त कथन ठीक है, तो उसका भगवत्कुन्दकुन्दके इस वचनसे किस प्रकार समन्वय होगा—

"रागो दोसो मोहो य आसवा णत्थि सम्मदिट्ठिस्स ॥" १७७

'सम्यक्त्वीके राग, द्वेष, मोह रूप आस्रवोंका अभाव है।' इस गाथाके उत्तरार्धमें आचार्य लिखते हैं—**"तम्हा आसवभावेण विणा हेदू ण पच्चया होंति।"**

—अर्थात् इस कारण आस्रवभावके अभावमें द्रव्य प्रत्यय कर्मबन्धके कारण नहीं होते हैं।

इस विषयमें विरोधकी कल्पनाका निराकरण करते हुए **जयसेनाचार्य** लिखते हैं :—

—"सम्यग्दृष्टिके अनंतानुबन्धी क्रोध मान माया लोभ, मिथ्यात्वोदय जनित राग द्वेष मोह नहीं है, अन्यथा वह चतुर्थगुणस्थानवर्ती सरागसम्यक्त्वी नहीं हो सकेगा। अथवा अनंतानुबंधी अप्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया लोभोदयजनित राग द्वेष मोह सम्यक्त्वीके नहीं पाए जाते हैं, अन्यथा पंचम गुणस्थानका अविनाभावी सरागसम्यक्त्व नहीं हो सकेगा। अथवा अनंतानुबंधी, अप्रत्याख्यानावरण प्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभोदयजनित राग द्वेष मोह भाव सम्यक्त्वीके नहीं पाए जाते हैं, कारण षष्ठ गुणस्थानरूप सरागचारित्रके अविनाभावी सरागसम्यक्त्वकी अन्य प्रकारसे उपपत्ति नहीं पाई जाती है। अथवा अनंतानुबंधी, अप्रत्याख्यानावरण, प्रत्याख्यानावरण, संज्वलन, क्रोध, मान, माया, लोभोदय जनित प्रमादके उत्पादक राग द्वेष मोह सम्यक्त्वीके नहीं हैं, कारण अप्रमत्तादिगुणस्थानवर्ती वीतरागचारित्रके साथ अविनाभाव सम्बन्ध रखनेवाले वीतराग सम्यक्त्वकी अन्य प्रकारसे उपपत्ति नहीं पाई जाती है।"

इस सुव्यवस्थित तथा सुस्पष्ट निरूपण द्वारा आचार्य महाराजने यह समझा दिया है, कि सम्यक्त्वीके बंध अबंधका कथन एकान्तरूपसे नहीं है। अविरत सम्यक्त्वीके मिथ्यात्व तथा अनंतानुबंधी निमित्तक प्रकृतियोंका बंध नहीं होता है, किन्तु अन्य कषायादि निमित्तक प्रकृतियों का बंध होता है। मिथ्यात्व, अनंतानुबंधी निमित्तक प्रकृतियोंके अभावको मुख्य बना अविरत सम्यक्त्वीके अबंधका वर्णन सुसंगत है। इस विवक्षाको गौण बनाकर बंधको प्राप्त होनेवाली प्रकृतियोंकी अपेक्षा बन्धका कथन भी समीचीन है।

सम्यक्त्वीके बन्धाभावका एकान्तपक्षवाले कहते हैं कि 'अविरत सम्यक्त्वीके जो अप्रत्याख्यानावरण, वज्रवृषभ संहनन औदारिक शरीर आदिका बंध है, वह बंध नहींके समान है।' इस कथनमें तात्त्विक विचारका अभाव है। जब अविरतसम्यक्त्वीके द्वारा बांधे गए कर्मोंमें कषाय और योगके कारण प्रकृति प्रदेश, स्थिति, अनुभाग बंध होते हैं, तब उनको बिल्कुल ही तुच्छ मानना और सर्वथा अबंध घोषित करना जैन दृष्टि-स्याद्वाद विचार शैलीके अनुकूल नहीं कहा जा सकता। जयसेनाचार्यने पूर्णतया विश्लेषण करके सम्यक्त्वीको कथंचित् बंधक और कथंचित् अबंधक प्रमाणित कर दिया है।

क्या सम्यक्त्वीके ज्ञानचेतना ही होती है, जिससे अबंध माना जाय?

सम्यक्त्वीके बंधाभावका समर्थन शंकाकार अन्य प्रकारसे करता हुआ कहता है। सम्यक्त्वीके ज्ञानचेतना होती है, इससे उसके बंधका अभाव आगमाविरुद्ध है।

मिथ्यात्वीके ज्ञानचेतनाका अभाव सबको इष्ट है। सम्यक्त्वीके ज्ञानचेतना ही होती है, ऐसी बात नहीं है। चेतनाके स्वरूप पर विशेष प्रकाश डालने से प्रस्तुत विषय स्पष्ट हो जायगा, ऐसी आशा है। **अमृतचन्द्रसूरि** अपनी समयसारकी टीकामें (पृ० ४८९) लिखते हैं:—

—"ज्ञानसे अन्यत्र मैं 'यह' हूं; इस प्रकारका चिन्तन अज्ञानचेतना है। वह कर्मचेतना कर्मफल-चेतनाके भेदसे दो प्रकारकी है। ज्ञानसे पृथक् मैं 'यह' करता हूं, यह चिंतन कर्मचेतना है। ज्ञानसे अन्य मैं यह अनुभव करता हूँ, इस प्रकारका चिंतन कर्मफलचेतना है। दोनों चेतनाएँ समान रसवाली हैं तथा संसारकी कारण हैं। संसारका बीज अष्टविध कर्मोंके बीजरूप होता है। अतः मुमुक्षुको उचित है कि वह अज्ञानचेतनाको दूर करनेके लिए सम्पूर्ण कर्मोंके त्यागकी भावना तथा सम्पूर्ण कर्मफल त्यागकी भावनाको नृत्य कराकर आत्मस्वरूपवाली भगवती ज्ञानचेतनाको ही नित्य नृत्य करावे।"

इस विषयको अधिक स्पष्ट करते हुए जयसेनाचार्य लिखते हैं—"मेरा कर्म है, मेरे द्वारा किया गया है, इस प्रकार अज्ञानभावसे मन वचन कायकी क्रिया करना कर्मचेतना है। आत्म-स्थभावसे रहित अज्ञानभाव द्वारा इष्ट अनिष्ट विकल्परूपसे, हर्ष, विषाद, सुख दुःख का जो अनु-भवन करना है, वह कर्मफल चेतना है। (पृ० ४९०) कुंदकुंद स्वामी प्रवचनसारमें कहते हैं—

"परिणमदि चेदणाए आदा पुण चेदणा तिधाभिमदा।
सा पुण णाणे कम्मे फलम्मि वा कम्मणो भणिदा॥ २।३१॥"

—'चेतनाकी ज्ञानरूप परिणति ज्ञानचेतना है, कर्मरूप परिणति कर्मचेतना तथा फलरूप परिणति कर्मफल चेतना है।'

इससे यह प्रगट होता है कि ज्ञानचेतनामें ज्ञातृत्व भाव है, कर्मचेतनामें कर्तृत्व परिणति है और कर्मफल चेतनामें भोक्तृत्व भाव है।

सम्यक्त्वीके कर्म तथा कर्मफल चेतनाका सद्भाव

सम्यक्त्वीके ज्ञान चेतना ही पाई जाती है, इस भ्रमका निवारण करते हुए पंचा-ध्यायीकार कहते हैं—

"अस्ति तस्यापि सद्दृष्टेः कस्यचित् कर्मचेतना।
अपि कर्मफले सा स्यादर्थतो ज्ञानचेतना॥ २।२।७५॥"

—'किसी सम्यक्त्वीके कर्म तथा कर्मचेतना भी पाई जाती हैं। किन्तु परमार्थसे सम्यक्त्वीके ज्ञानचेतना पाई जाती है।'

यहां पूर्णज्ञान विशिष्ट सम्यक्त्वीको लक्ष्यमें रखकर उसके ज्ञानचेतनाका परमार्थ रूपसे सद्भाव प्रतिपादित किया है। अपूर्ण ज्ञानीकी अपेक्षा कर्मचेतना तथा कर्मफल चेतना भी कही हैं। इस दृष्टिका स्पष्टीकरण निम्नलिखित पद्यसे होता है—

"चेतनायाः फलं बन्धस्तत्फले वाथ कर्मणि।
रागाभावान्न बन्धोऽस्य तस्मात्सा ज्ञानचेतना ॥ २।२७६ ॥"

'—कर्म तथा कर्मफल चेतनाका फल बन्ध कहा है। उस सम्यक्त्वीके रागका अभाव होनेसे बंध नहीं है। अतः उसके ज्ञानचेतना है।' कुंदकुंद स्वामीकी यह गाथा इस विषयमें बहुत उपयोगी है'—

"सव्वे खलु कम्मफलं थावरकाया तसादि कज्जजुदं।
पाणित्तमदिक्कंता णाणं विंदंति ते जीवा ॥"—पं० का० ३९।

—"सम्पूर्ण स्थावर जीवोंके कर्मफल चेतना है। त्रस जीवोंमें कर्मफलके सिवाय कर्मचेतना भी पाई जाती है। प्राणी इस व्यपदेशको अतिक्रान्त-जीवन्मुक्त ज्ञानचेतनाका अनुभवन करते हैं। यहां जीवन्मुक्त शब्दका अर्थ अविरत सम्यक्त्वी नहीं, किन्तु केवली भगवान हैं, कारण टीकाकार **अमृतचन्द्रसूरिने** लिखा है कि संपूर्ण मोह कलंकके नाशक, ज्ञानावरण दर्शनावरणके ध्वंस करनेवाले, वीर्यांतरायके क्षयसे अनन्तवीर्यको प्राप्त करनेवाले अत्यन्त कृतकृत्य केवली भगवान ज्ञानचेतनाको ही अनुभव करते हैं।

पंचास्तिकाय टीकाके ये शब्द अधिक विचारपूर्ण हैं तथा प्रकृत विषय पर अच्छा प्रकाश डालते हैं। **"तत्र स्थावराः कर्मफलं चेतयन्ते। त्रसाः कार्यं चेतयन्ते। केवलज्ञानिनो ज्ञानं चेतयन्ते"** (पंचास्तिकाय टीका पृ० १२) स्थावर जीव कर्मफल चेतनाका अनुभवन करते हैं। त्रस जीव कर्मचेतनाका अनुभव करते हैं। केवल ज्ञानी ज्ञानचेतनाका अनुभवन करते हैं।

[१]अनगार धर्मामृतकी संस्कृत टीका (पृ० १०७) में पंडितप्रवर **आशाधर** जी लिखते हैं—**"जीवन्मुक्तास्तु मुख्यभावेन ज्ञानम्। गौणतया त्वन्यदपि। ....सा चोभय्यपि जीवन्मुक्तेर्गौणी बुद्धिपूर्वककर्तृत्व-भोक्तृत्वयोरुच्छेदात्"**—जीवन्मुक्तोंके मुख्यतासे ज्ञानचेतना है। गौणरूपसे उनके अन्य भी चेतनाएं हैं। वे कर्म और कर्मफल चेतनाएं जीवन्मुक्तमें मुख्य नहीं, किन्तु गौणरूप हैं; कारण उनमें बुद्धिपूर्वक कर्तृत्व और भोक्तृत्वका अभाव हो चुका है।

इस विवेचनसे यह विदित हो जाता है, कि केवली भगवानसे नीचेके गुणस्थानवर्ती सम्यक्त्वी जीवोंमें कर्म और कर्मफल चेतनाएं भी पाई जाती हैं। अविरत सम्यक्त्वीके विचित्र कार्योंको बन्धरहित बताना और उसे सदा सजग ज्ञानचेतनाका ही स्वामी कहना बड़ी आश्चर्यप्रद बात है। क्षायिक सम्यक्त्वी श्रेणिक महाराजने आत्मघात करके प्राण परित्याग किए। परम धार्मिक सीताके प्रतीन्द्र पर्यायके जीवने तपश्चर्यामें निमग्न महामुनि रामचन्द्रको धर्मसे डिगानेका मोहवश प्रयत्न किया, ताकि रामचन्द्रजीका सीताके स्वर्गमें ही उत्पाद हो जाय। ये क्रियाएं शुद्धचेतनाके प्रकाशको नहीं बताती हैं। इनपर कर्म, कर्मफल चेतनाओंका प्रभाव स्पष्टतया दृष्टिगोचर होता है। चारित्रमोहोदयवश ये क्रियायें हुआ करती हैं। **'सदन-निवासी, तदपि उदासी तातें आस्रव छटाछटीसी**—यह सम्यक्त्वी गृहस्थका चित्रण संपूर्ण आस्रवके निरोधको

१ "सर्वे कर्मफलं मुख्यभावेन स्थावरास्त्रसाः। सकार्यं चेतयन्तस्ते प्राणित्वा ज्ञानमेव च ॥"
—अन० ध० २।३५

नहीं बताता है। मिथ्यात्व, अनंतानुबंधी तथा असंयम निमित्तक आस्रवके निरोधका ज्ञापक है। अतः परमागमके प्रकाशसे ज्ञात होता है कि सम्यक्त्वीके जघन्य अवस्थामें ज्ञानचेतनाके सिवाय कर्म और कर्मफल चेतनाएँ भी पाई जाती हैं, उनके कारण वह किन्हीं प्रकृतियोंका बंध नहीं करता है और किन्हीं कर्म प्रकृतियोंका बन्ध भी करता है। इस प्रकारका स्याद्वाद है[1]।

महाबन्धके इस पयडिबंधाहियार-प्रकृतिबंधाधिकार नामक खण्डमें प्रकृतिसमुत्कीर्तन, सर्वबंध, नो सर्वबंध, उत्कृष्टबंध, अनुत्कृष्टबंध, जघन्यबंध, अजघन्यबंध, सादिबंध, अनादिबंध, ध्रुवबंध, अध्रुवबंध, बंधस्वामित्वविचय, बंधकाल, बंध-अन्तर, बंधसन्निकर्ष, भंगविचय, भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव तथा अल्पबहुत्व इन चौबीस अनुयोगद्वारोंसे प्रकृतिबंधपर प्रकाश डाला गया है।

इस कर्मबन्धनके कारण अनंत ज्ञान-आनंद-शक्ति आदिका अधिपति यह आत्मा दीनतापूर्ण जीवन बिता कष्ट उठाता है। इस आत्माका यथार्थ कल्याण आत्मीय दोषोंके निर्मूल करनेमें है। समाधिकी प्रचण्ड अग्नि द्वारा इस दोष पुञ्जका अविलम्ब क्षय होता है। संवर और निर्जरा रूप परिणतिसे उस स्वरूपकी उपलब्धि हो जाती है, जिसको परम निर्वाण कहते हैं। इस पदका प्रधान कारण भेदज्ञानकी प्राप्ति है। मेरा आत्मा एक है, ज्ञानदर्शनमय है, शेष सर्व अनात्म भाव है। इस विद्याके प्रभावसे सिद्धत्वकी अभिव्यक्ति होती है। बंधकी विपत्तिसे बचनेके लिए योगीन्द्रदेव कहते हैं:—

"अण्णु जि तित्थु म जाहि जिय, अण्णु जि गुरुउ म सेवि।
अण्णु जि देउ म चिंति तुहुं, अप्पा विमलु मुएवि ॥" अध्यात्मप्रकाश ९६।

"आत्मन्! तू दूसरे तीर्थोंको मत जा; अन्य गुरुकी शरणमें मत पहुंच, अन्य देवका चिंतवन मत कर। अपनी निर्मल आत्माका चिंतन कर।"

जब आत्मा यह समझ लेता है, कि मैं कर्मोंके बंधनमें बद्ध हो गया हूं किंतु मैं इससे भिन्न स्वरूप वाला हूं, तब उसे मुक्तिका प्रकाश प्राप्त हो जाता है। तत्त्वकी बात तो इतनी है—

"[2]भेदविज्ञानतः सिद्धाः सिद्धा ये किल केचन।
तस्यैवाभावतो बद्धा बद्धा ये किल केचन ॥"

---

१ अध्यात्म शास्त्रोंके विशिष्ट अभ्यासी विद्वान् न्यायाचार्य पं० गणेशप्रसादजी वर्णीने एक पत्रमें हमें लिखा था—"ज्ञानचेतना सम्यग्दृष्टिके होती है, परन्तु इसका पूर्ण विकाश तो त्रयोदशम गुणस्थानमें होता है। सम्यग्दृष्टिके कर्मचेतना और कर्मफलचेतना यद्यपि मिथ्या दर्शनके सहकारसे जैसी थी, वैसी नहीं है; परन्तु गौणरूपसे है इसमें कौनसी बाधा है। क्योंकि क्षीणकाषायके अवाक् वह कर्मका कर्ता भी है और भोक्ता भी है।

२ अर्थात् जगत्में जो जीव सिद्ध हुए हैं वे भेदविज्ञान—आत्मबोधके प्रसादसे ही सिद्ध हुए हैं। जो आजतक संसारमें बद्ध हैं वे इस आत्मज्ञानके अभावसे ही बंधे हैं।

ग्रन्थ-विषयसूची

विषय	पृ०
अनुवादकर्त्ताका मंगलाचरण	१–४
मूलग्रन्थका मंगल वेदना खण्डके आधारसे	४–१५
प्रकृतिसमुत्कीर्तनप्ररूपणा (आभिनिबोधिक ज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण और अवधिज्ञानावरणप्ररूपणा)	१६–२०
मूलग्रन्थ	**२१–३४८**
प्रकृति समुत्कीर्तन	२१–२९
अवधिज्ञानावरणप्ररूपणा	२१–२४
मनःपर्ययज्ञानवरणप्ररूपणा	२४–२६
केवलज्ञानवरणप्ररूपणा	२७–२९
दर्शनावरणादिकर्मप्ररूपणा	२८–२९
सर्वनोसर्वबन्धप्ररूपणा	२९–३०
उत्कृष्ट-अनुत्कृष्टबन्धप्ररूपणा	३०
सद्यादिबन्धप्ररूपणा	३०–३१
बन्धस्वामित्वविचय	३२–४४
ओघप्ररूपणा	३२–४१
आदेशप्ररूपणा	४१–४४
कालप्ररूपणा आदेशसे	४५–६८
अंतरानुगम	६९–९४
ओघ	६९–७०
आदेश	७१–९४
सन्निकर्षप्ररूपणा	९५–१३२
स्वस्थानसन्निकर्ष	९५–११५
ओघ	९५–११२
आदेश	११२–११५
परस्थान सन्निकर्ष	११६–१३२
ओघ	११६–१३०
आदेश	१३१–१३२
भंगविचय	१३३–१४०
ओघ	१३३–१३४
आदेश	१३४–१४०
भागाभाग	१४१–१७५
ओघ	१४१–१४३
आदेश	१४३–१७५
परिमाणानुगम	१७६–१८५
ओघ	१७६
आदेश	१७७–१८५
क्षेत्रानुगम	१८६–१९०
ओघ	१८६–१८७
आदेश	१८७–१९०
स्पर्शनानुगम	१९१–२३५
ओघ	१९१–१९४
आदेश	१९४–२३५
कालानुगम नानाजीवोंकी अपेक्षा	२३६–२४९
ओघ	२३६–३७
आदेश	२३७–४९
अंतरानुगम	२५०–२५८
ओघ	२५०
आदेश	२५१–५८
भावानुगम	२५९–२७८
ओघ	२५९–६२
आदेश	२६२–७८
अल्पबहुत्व	२७९–३४८
जीव अल्पबहुत्व	२७९–३३३
स्वस्थान	२७९–३१४
ओघ	२७९–८२
आदेश	२८२–३१४
परस्थान	३१५–३३३
ओघ	३१५–१६
आदेश	३१६–३३३
काल अल्पबहुत्व	३३४–३४८
स्वस्थानअल्पबहुत्व	३३४–४२
ओघ	३३४–३८
आदेश	३३८–४२
परस्थान	३४३–३४४
ओघ	३४३–३४४
आदेश	३४४–४८

सङ्केत विवरण

अष्टसह०	अष्टसहस्री
आप्तप०	आप्तपरीक्षा
आप्तमी०	आप्तमीमांसा
इन्द्र श्रुता०	इन्द्रनन्दिकृत श्रुतावतार
इष्टोप०	इष्टोपदेश
गो० क० गो० कर्म०	गोम्मटसार कर्मकाण्ड
गो० क० टी०	गोम्मटसार कर्मकाण्ड टीका
गो० जी० गो० जीव०	गोम्मटसार जीवकाण्ड
गो० जी० जी० प्र०	गोम्मटसार जीवकाण्ड जीवतत्त्वप्रदीपिका टीका
गो० जी० मं० प्र० टी०	गोम्मटसार जीवकाण्ड मन्द प्रबोधिनी टीका
जयध०	जयधवला
त० रा०	तत्त्वार्थ राजवार्तिक
त० श्लो०	तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक
त० सू०	तत्त्वार्थ सूत्र
ति० प०	तिलोय पण्णत्ति
ध० टी०	धवला टीका
ध० टी० अ० ध० टी० अंतरा०	धवला टीका अन्तरानुगम
ध० टी० अल्पबहु०	धवला टीका अल्पबहुत्वानुगम
ध० टी० का० ध० टी० काल०	धवला टीका कालानुगम
ध० टी० क्षे० ध० टी० खे०	धवला टीका क्षेत्रानुगम
ध० टी० फो०	धवला टीका स्पर्शनानुगम
ध० टी० भा०	धवला टीका भागाभागानुगम
ध० टी० भावा०	ध० टी० भावानुगम
ध० टी० वे० ध० टी० वेदना	धवला टीका वेदनाखण्ड
प्रा० सिद्धभ०	प्राकृत सिद्धभक्ति
भ० क० य०	भक्तामरकथायन्त्र
भक्तामर	भक्तामर स्तोत्र
महापु०	महापुराण
षट्खं० अं० षट्खं० अन्तरा०	षट्खण्डागम अन्तरानुगम
षट्खं० का०	षट्खण्डागम कालानुगम
षट्खं० खे०	षट्खण्डागम क्षेत्रानुगम
षट्खं० द०	षट्खण्डागम द्रव्यप्रमाणानुगम
षट्खं० फो०	षट्खण्डागम स्पर्शनानुगम
स० प्रा०	समय प्राभृत
स० सि०	सर्वार्थ सिद्धि
गा०	गाथा
प०	पत्र
पु०	पुस्तक
पृ०	पृष्ठ
भा०	भाग
श्लो०	श्लोक

महाबंधस्स

पयडिबंधो

पढमो अत्थाहियारो

मङ्गलाचरणम्

बारह-अंगगिज्झा वियलिय-मल-मूढ-दंसणुत्तिलया ।
विविह-वर-चरण-भूसा पसियउ सुय-देवया सुइरं ॥ १ ॥

❀

पसियउ मह धरसेणो पर-वाइ-गओह-दाण-वर-सीहो ।
सिद्धतामिय-सायर-तरंग-संघाय-धोय-मणो ॥ २ ॥

❀ ❀

पणमह कय-भूय-बलिं भूयबलिं केस-वास-परिभूय-बलिं ।
विणिहय-बम्मह-पसरं वड्ढाविय-विमल-णाण-बम्मह-पसरं ॥ ३ ॥

❀ ❀ ❀

भूतबलिप्रणीतं तं बन्धतत्त्वप्रकाशकम् ।
महाधवलविख्यातं महाबन्धं नमाम्यहम् ॥ ४ ॥

❀ ❀ ❀ ❀

सिद्धानां कीर्त्तनादन्ते यः सिद्धान्त-प्रसिद्ध-वाक् ।
सोऽनाद्यनन्तसन्तानः सिद्धान्तो नोऽवताच्चिरम् ॥ ५ ॥

१-२-३—धवलाटीका । ४ रचित । ५ जयधवला ।

सिरि भगवंतभूदबलिभडारयपणीदो

महाबंधो

[पढमो पयडिबंधाहियारो]

[अनुवादकर्त्ता का मङ्गल]

महाधवल नामसे प्रसिद्ध इस महाबन्ध महाशास्त्रकी टीकानिर्माणका कठिन कार्य निर्दोष तथा निरन्तराय सम्पन्न हो, इस कामनासे वेदनाखण्ड की धवलाटीका के प्रारम्भ में वीरसेनाचार्यकृत मंगलगाथाओं द्वारा पञ्च-परमेष्ठीका पुण्य-स्मरण किया जाता है—

सिद्धा दड्ढट्ठमला विसुद्धबुद्धीय लद्धसव्वत्था।
तिहुवण-सिर-सेहरया पसियंतु भडारया सव्वे[1] ॥ १ ॥

अर्थ—जिन्होंने ज्ञानावरणादि अष्ट प्रकारके कर्ममलको दग्ध कर दिया है, जिन्होंने विशुद्ध बुद्धि-केवलज्ञानद्वारा समस्त पदार्थोंकी उपलब्धि की है—उनका पूर्ण बोध प्राप्त किया है, जो त्रिभुवनके मस्तकपर मुकुटके समान विराजमान हैं, वे सम्पूर्ण सिद्ध भट्टारक प्रसन्न होवें।

भावार्थ—आत्माका सहज स्वभाव अनन्त ज्ञान, अनन्त दर्शन, अनन्त सुख तथा अनन्त वीर्य है। मोहनीय ज्ञानावरणादि कर्मोंका मल आत्मामें अनादिसे लगा हुआ है, जिससे यह संसारी आत्मा जगत्में परिभ्रमण किया करती है। सिद्ध भगवान्ने उस कर्ममलका ध्वंस कर दिया है। विशुद्धज्ञानके कारण समस्त पदार्थोंका बोध होता है। जिस प्रकार दर्पणके तलसे मल दूर होनेपर बाह्य वस्तुएँ स्वयमेव दर्पणकी निर्मलताके कारण उसमें प्रतिबिम्बित होती हैं, उसी प्रकार कर्ममलरहित आत्मामें स्वतः सर्व पदार्थ झलकते हैं।

निर्मल तथा पूर्णबोधयुक्त होनेसे तथा कर्ममलरहित होनेके कारण सिद्ध परमात्मा जगत्में श्रेष्ठ हैं। उनके द्वारा विश्व शोभित होता है। वे लोकके अग्रभागमें विद्यमान ईषत्प्राग्भार पृथ्वीके ऊपर अवस्थित हैं और ऐसे मालूम पड़ते हैं मानो त्रिभुवनके मस्तकपर मुकुट ही हों। यहाँ लोककी पुरुषाकृतिको दृष्टिमें रखकर सिद्धोंको मुकुट कहा गया है।

सिद्ध भगवान्ने राग-द्वेष, मोहादि विभावोंका त्याग कर स्वभावकी उपलब्धि की है। वे वीतराग हो चुके हैं। किसीकी स्तुतिसे वे प्रसन्न नहीं होते और न निन्दासे खिन्न ही होते हैं। वे राग-द्वेषकी दुविधाके चक्करसे परे पहुँच चुके हैं। ऐसी व्यवस्था होते हुए मङ्गलगाथामें सिद्ध परमात्मासे प्रसन्नताकी प्रार्थनाका क्या रहस्य है? यह विशेष विचारणीय है। यदि भगवान् यथार्थमें प्रसन्न हो गए, तो उनकी वीतरागता कहाँ रही और यदि वे प्रसन्न न हुए, तो प्रसन्नताकी प्रार्थना अप्रयोजनीक ठहरती है?

यथार्थ बात यह है कि प्रसन्न—निर्मलभावपूर्वक प्रभुकी आराधना करनेवाला भक्त उपचारसे प्रभुमें प्रसन्नताका आरोप करता है।

(१) "सिद्धा णट्ठट्ठमला विसुद्धबुद्धीय लद्धसब्भावा······"—प्रा० सिद्धभ० श्लो० ५।

आचार्य विद्यानन्दी आप्तपरीक्षामें लिखते हैं—वीतरागमें क्रोधके समान सन्तोषलक्षण प्रसादकी भी सम्भावना नहीं है। अतः प्रसन्न अन्तःकरणद्वारा प्रभुकी आराधना करना वीतरागकी प्रसन्नता मानी जाती है। इसी अपेक्षा से भगवान्‌को प्रसन्न कहते हैं जैसे प्रसन्न अन्तःकरणपूर्वक रसायनका सेवन करके नीरोग व्यक्ति कहता है कि रसायनके प्रसादसे मैं नीरोग हुआ हूँ, उसी प्रकार प्रसन्न चित्तवृत्तिपूर्वक वीतराग प्रभुकी आराधनासे इष्टसिद्धि प्राप्तकर भक्त उपचारसे कहता है कि परमात्माके प्रसादसे मेरा मनोरथ पूर्ण हुआ है[१]।

इसी दृष्टिसे वीतराग सिद्ध परमात्मासे प्रसन्नताकी प्रार्थना की गई है।

तिहुवण-भवणप्पसरिय-पच्चक्खवबोह-किरण-परिवेढो।
उइओ वि अणत्थवणो अरहंत-दिवायरो जयऊ[२] ॥ २ ॥

अर्थ—वे अरहन्त भगवानरूपी सूर्य जयवन्त हों, जो तीन लोक रूपी भवनमें फैली हुई ज्ञानकिरणोंसे व्याप्त हैं, तथा जो उदित होते हुए भी अस्तको प्राप्त नहीं होते हैं।

भावार्थ—यहाँ अरहन्त भगवान्‌की सूर्यके साथ तुलना की है। सूर्य स्वपरप्रकाशक है। अरहन्त भगवान्‌का केवलज्ञान भी स्वपरप्रकाशक है। लोकप्रसिद्ध सूर्यकी अपेक्षा अरहन्त-सूर्यमें विशेषता है। लौकिक सूर्य जब कि मध्यलोकके थोड़ेसे प्रदेशको आलोकित करता है, तब अरहन्त सूर्य सकल विश्वको प्रकाशित करता है। सूर्यका उदय और अस्त होता है, किन्तु केवलज्ञान-सूर्यका उदय तो होता है, पर अस्त नहीं। जब कैवल्यका प्रकाश आत्मामें उत्पन्न हो चुका, तब उस सर्वज्ञ आत्माकी ज्ञानज्योतिको कर्मपटल पुनः कैसे ढाँक सकेंगे? अतः केवलज्ञानसूर्य उदययुक्त होते हुए भी अस्तरहित है। वह अनन्तकाल पर्यन्त प्रकाशित रहता है। अरहतसूर्यकी किरणें ज्ञानात्मक हैं, लौकिक सूर्यकी किरणें पौद्गलिक हैं।

ति-रयण-खग्ग-विहाएणुत्तारिय-मोह-सेण्ण-सिर-णिवहो।
आइरिय-राउ पसियउ परिवालिय-भविय-जिय-लोओ ॥ ३ ॥

अर्थ—जिन्होंने रत्नत्रयरूपी खड्गके प्रहारसे मोहरूपी सेनाके शिर-समूहका नाश कर दिया है तथा भव्य-जीव-लोकका परिपालन किया है वे आचार्य महाराज प्रसन्न होवें।

भावार्थ—यहाँ आचार्य महाराज की राजासे तुलनाकी गई है। जैसे कोई प्रतापी राजा अपनी प्रचण्ड तलवारके प्रहारसे शत्रुसैन्यका नाश करता है, उसी प्रकार आचार्य परमेष्ठी सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान तथा सम्यक्चारित्र रूपी अजेय खड्गसे मोहरूपी सेनाके मस्तकोंका नाश करते हैं। जिस प्रकार राजा अत्याचारीका अन्त करके धर्मपरायण प्रजाका रक्षण करता है, उसी प्रकार आचार्य महाराज मोहका ध्वंस करके भव्यात्माओंका रक्षण

(१) "प्रसादः पुनः परमेष्ठिनस्तद्विनेयानां प्रसन्नमनोविषयत्वमेव, वीतरागाणां तुष्टिलक्षणप्रसादासम्भवात् कोपासम्भववत्। तदाराधकजनैस्तु प्रसन्नेन मनसोपास्यमानो भगवान् प्रसन्न इत्यभिधीयते रसायनवत्। यथैव हि प्रसन्नेन मनसा रसायनमासेव्य तत्फलमाप्नुवन्तः सन्तो रसायनप्रसादादिदमस्माकमारोग्यादिफलं समुत्पन्नमिति प्रतिपद्यन्ते तथा प्रसन्नेन मनसा भगवन्तं परमेष्ठिनमुपास्य तदुपासनफलं श्रेयोमार्गाधिगमलक्षणं प्रतिपद्यमानास्तद्विनेयजनाः भगवत्परमेष्ठिनः प्रसादादस्माकं श्रेयोमार्गाधिगमः सम्पन्न इति समनुमन्यन्ते।"—आप्तप० पृ० २,३। (२) "नास्तं कदाचिदुपयासि न राहुगम्यः स्पष्टीकरोषि सहसा युगपज्जगन्ति॥ नाम्भोधरोदरनिरुद्धमहाप्रभावः सूर्यातिशायिमहिमासि मुनीन्द्र लोके॥"—भक्तामर० श्लो० १७।

करते हैं। मोहके कारण संसारमें भव्य जीव बहुत कष्ट पा रहे थे। आचार्य महाराजने रत्नत्रयसे अपनी आत्माको सुसज्जित करके अपनी पुण्य अभय वाणी तथा जीवनदात्री लेखनीके द्वारा जो वीतरागताकी धारा बहाई, उससे भव्यात्माओंके अन्तःकरणमें जो मोहका आतङ्क था, वह दूर हुआ और उन्होंने अपने निज रूपकी उपलब्धि की। भव्यात्माओंको जब भी मोहका आतङ्क व्यथा पहुँचाता है, तब ही वे आचार्य महाराजके चरणोंका आश्रय ले अभय अवस्थाको प्राप्त होते हैं।

अण्णाणयंधयारे अणोरपारे भमंत-भवियाणं।
उज्जोओ जेहिं कओ पसियंतु सया उवज्झाया॥ ४॥

अर्थ—जिसके ओर-छोरका पता नहीं है, ऐसे अज्ञान-अन्धकारमें भटकनेवाले भव्यजीवोंको जिन्होंने प्रकाश प्रदान किया है वे उपाध्याय प्रसन्न होवें।

भावार्थ—यहाँ अज्ञानको अन्धकारकी उपमा दी गई है। जिस प्रकार अन्धकारके कारण चक्षुष्मान् व्यक्ति अन्धेकी भाँति प्रकाशरहित स्थलमें आचरण करता है, उसी प्रकार सम्यक्-ज्ञानज्योतिके अभावमें यह जीव परद्रव्यको स्व मान कर तथा आत्मतत्त्वको अनात्म पदार्थ मान कर अन्धेके समान प्रवृत्ति करता है। इस मिथ्याज्ञानरूप अन्धकारके आदि-अन्तका पता नहीं चलता है। वह अपार है। उसमें भव्य जीव भटक रहे हैं और परको अपना मानकर दुःखी हो रहे हैं। यह मिथ्याज्ञानका ही प्रभाव है कि जीव कल्याणके मार्गको न पाकर चौरासी लाख योनियोंमें परिभ्रमण करता फिरता है। जैसे अन्धकारमें भटकनेवाले जीवोंको प्रकाशका दर्शन होते ही हित-मार्ग सूझने लगता है उसी प्रकार उपाध्याय परमेष्ठीके प्रसादसे सम्यक्ज्ञानका प्रकाश प्राप्त होता है, जिससे यह मोहान्ध प्राणी पञ्च परावर्तन रूप संसारका पर्यटन छोड़कर शिवपुरकी ओर उन्मुख हो जाता है।

उपाध्यायके समीप सविनय आकर भव्यात्माएँ आगमका अभ्यास करती हैं, और सम्यक्-ज्ञानका लाभ करती हैं, इस कारण अज्ञान अन्धकार निवारण करनेवाले उपाध्याय परमेष्ठीसे प्रसन्नताकी प्रार्थना की गई है।

दुह-तिव्व-तिसा-विणदिय-तिहुवण-भवियाण सुहुराएण।
परिठविया धम्म-पवा सुअ-जल-वाणप्पयाणेण॥ ५॥

अर्थ—दुःखरूप तीव्र प्याससे पीड़ित तीनलोकके भव्योंके प्रति प्रशस्त रागवश जिन्होंने श्रुतज्ञानरूपी जल पिलानेके लिए धर्मरूप प्रपा—प्याऊ स्थापित की है वे उपाध्याय सदा प्रसन्न होवें।

भावार्थ—इस जगत्के प्राणियोंको विषयोंकी लालसासे जनित सन्ताप सदा दुःखी करता है। महान् पुण्यशाली देवेन्द्र, चक्रवर्ती आदि भी विषयतृष्णाके तापसे नहीं बच सके हैं। उनकी तृष्णाग्नि तो और अधिक प्रज्वलित रहती है। इस तृष्णाकी शान्तिके लिए यह जीव विषयोंका सेवन करता है, किन्तु इससे वेदना तनिक भी न्यून न होकर उत्तरोत्तर वृद्धिंगत हुआ करती है। जिस प्रकार पिपासाकुल व्यक्तियोंकी तृषानिवृत्ति-निमित्त उदार पुरुष प्याऊकी व्यवस्था

(१) "अण्णाणघोरतिमिरे दुरंततीरम्हि हिंडमाणाणं। भवियाणुज्जोयपरा उवज्झाया वरमदिं देंतु॥" —ति० प० गा० ४। (२) "विनयेनोपेत्य यस्माद् व्रतशीलभावनाधिष्ठानादागमं श्रुताख्यमधीयते स उपाध्यायः।" —त० रा० पृ० ३४६।

करते हैं, जिससे सबको मधुर शीतल जलकी प्राप्ति हो, उसी प्रकार उपाध्याय परमेष्ठीने परम करुणाभावसे विषयोंकी तृष्णासे सन्तप्त भव्योंके कल्याणार्थ श्रुतज्ञानरूप प्रपा स्थापित की है। उनके द्वारा शास्त्रका उपदेश होते रहनेसे तथा आगमका शिक्षण होनेसे भव्यात्माओंकी विषयतृष्णा कम होती जाती है और वे आत्मोन्मुख बनकर विषयोंकी आशा ही नहीं करती हैं। श्रुतज्ञान प्रपाके जलका पान करनेसे भोगोंकी अभिलाषारूप तृषा दूर होती है तथा आत्मा, स्वरूपकी उपलब्धि कर, महान् शान्तिका लाभ करती है। द्वादशाङ्गरूप महाशास्त्र-सिन्धुमें अवगाहन कर अपनी पिपासाकी शान्ति साधारण आत्माएँ नहीं कर पाती हैं अतः उनके हितार्थ प्रपा बनाई गई, जहाँ अपनी मन्दमतिरूपी चुल्लूमें श्रुतरूपी पानी भर कर आत्मा पिपासाकी शान्ति करती है। जितना जितना यह जीव श्रुतज्ञानके रसका पान करता है और अपनी आत्माको तृप्त करता है, उतना उतना वह संतापमुक्त हो शान्ति लाभ करता है।

संधारिय-सीलहरा उत्तारिय-चिरपमाद-दुस्सीलभरा।
साहू जयंतु सव्वे सिवसुह-पह-संठिया हु णिग्गलियभयाँ ॥ ६ ॥

अर्थ—जिन्होंने शीलरूप हारको धारण किया है, चिरकालीन प्रमाद तथा कुशीलके भारको दूर कर दिया है, जो शिव-सुखके मार्गमें स्थित हैं तथा निर्भीक हैं, वे सर्व साधु जयवन्त हों।

भावार्थ—हारके धारण करनेसे कण्ठ शोभनीक मालूम पड़ता है, इसीलिए साधुओंने शीलरूप हारसे अपने कण्ठको भूषित किया है। कण्ठमें स्थित हार प्रत्येकके देखनेमें आता है, साधुओंकी अचेल वृत्ति होनेके कारण उनके शीलरूपी हारको प्रत्येक व्यक्ति देख सकता है। प्रायः संसारी जन प्रमाद तथा कुशील (अनात्मभाव) में निमग्न रहा करते हैं, किन्तु मुनिराज प्रमादोंका परित्याग करते हैं, तथा ब्रह्मचर्यमें निमग्न रहनेके कारण कुशील भावसे दूर रहते हैं। निरन्तर कर्मशत्रुओंका संहार करनेमें संलग्न रहनेके कारण उनके पास प्रमादका अवसर ही नहीं आता है। आत्मकल्याणमें वे सदा सावधान रहते हैं। महर्षि पूज्यपादके शब्दोंमें वे मुनिराज बोलते हुए भी मौनीके समान रहते हैं, गमन करते हुए भी नहीं गमन करते हुए सरीखे हैं, देखते हुए भी नहीं देखते हुए सदृश हैं, कारण उन्होंने आत्मतत्त्वमें स्थिरता प्राप्त की हैं। सम्पूर्ण परिग्रहका परित्याग करके तथा सकल संयमको अङ्गीकार करनेके कारण वे निराकुलतापूर्ण यथार्थ निर्वाण सुखके मार्गमें प्रवृत्त हैं। उन्हें जीवनकी न ममता है, न मृत्युका भय है। तिलतुषमात्र भी परिग्रह न रहनेसे किसी प्रकारकी भीति नहीं है। वे आत्माको अजर-अमर तथा अविनाशी आनन्दका भण्डार समझ भयमुक्त रहते हैं। ऐसे साधुओंके प्रसादसे वन्दक निर्विघ्न ग्रन्थसमाप्तिके लिए मङ्गलकामना करता है।

[मूलग्रन्थका मङ्गल]

महाकर्म-प्रकृति-प्राभृतके प्रारम्भमें गौतम गणधरद्वारा विरचित मङ्गलको वहाँसे उद्धृत कर भूतबलि आचार्य इस शास्त्रका मङ्गल मान ग्रन्थारम्भ करते हैं। द्रव्यार्थिक नयाश्रित भव्य जीवोंके अनुग्रहार्थ गौतम स्वामी सूत्रका प्रणयन करते हुए कहते हैं[3]—

(१) "धीरधरियसीलमाला ववगयराया जसोहपडहत्था। बहु-विणय-भूसियंगा सुहाइं साहू पयच्छंतु ॥"–ति० प० गा० ५। (२) "ब्रुवन्नपि हि न ब्रूते गच्छन्नपि न गच्छति। स्थिरीकृतात्मतत्त्वस्तु पश्यन्नपि न पश्यति ॥"–इष्टोप० श्लो० ४१। (३) "एवं दव्वट्ठिय-जणाणुग्गहणट्ठं णमोक्कारं गोदमभडारओ महाकम्मपयडिपाहुडस्स आदिहिं काऊण......"–ध० टी०।

णमो जिणाणं[1] ॥ १ ॥

अर्थ—जिन भगवान्‌को नमस्कार हो।

विशेषार्थ—जिन शब्दसे तात्पर्य उन श्रेष्ठ आत्माओंसे है-जिन्होंने सम्पूर्ण आत्मप्रदेशोंमें निबिड रूपसे निबद्ध घातिया कर्मरूप मेघपटलको दूर करके अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन[2], अनन्त दानादि नव केवल लब्धियोंको प्राप्त किया है। जिन्होंने अनेक विषम भवोंके गहन दुःख प्रदान करनेवाले कर्मशत्रुओंको जीता है—निर्जरा की है, वे जिन हैं। जिन्होंने घातिया कर्मोंका नाश किया है वे सकल अर्थात् पूर्णरूपसे जिन कहलाते हैं। उनमें अरहन्त और सिद्ध गर्भित हैं। आचार्य, उपाध्याय तथा साधु एकदेश जिन कहे जाते हैं।

शङ्का—इसपर[3] विशेष प्रकाश डालने की दृष्टिसे सूत्रके टीकाकार वीरसेनाचार्य कहते हैं-यह सूत्र क्यों कहा गया ?

समाधान—मङ्गलके लिए कहा गया है। पुनः प्रश्न उठता है कि मङ्गल क्या है ? पूर्व-सञ्चित कर्मोंका विनाश मङ्गल है।

शङ्का—यदि मङ्गलका यह भाव है, तो यह सूत्र निष्फल है कारण जिनेन्द्रके मुखसे विनिर्गत है अर्थ जिसका, जो अविसंवादसे केवल-ज्ञानके समान है तथा वृषभसेनादि गणधर देवोंके द्वारा जिनकी शब्दरचना की गई है ऐसे सर्व सूत्रोंके पठन, मनन तथा क्रियामें प्रवृत्त सम्पूर्ण जीवोंके प्रतिसमय असंख्यात गुणश्रेणी रूपसे पूर्व सञ्चित कर्मोंकी निर्जरा होती है। कदाचित् यह मङ्गलसूत्र सफल है, तो ग्रन्थरूप सूत्रका अध्ययन निष्फल है, क्योंकि उससे उत्पन्न कर्मक्षयकी उपलब्धि इसके ही द्वारा हो जायगी।

समाधान—यह ठीक नहीं है। सूत्राध्ययनद्वारा सामान्यरूपसे कर्मोंकी निर्जरा होती है, किन्तु इस मङ्गल सूत्रसे स्वाध्यायमें विघ्नकारक कर्मका नाश होता है। इस कारण मङ्गल सूत्रका प्रारम्भ हुआ।

शङ्का—तीव्र[4] कषाय, इन्द्रिय तथा मोहका विजय करनेसे सकल जिनोंका नमस्कार

---

(१) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो अरिहंताणं, णमो जिणाणं।"...-भ० क० य० १। "ॐ ह्रीं जिणाणं..." -भ० क० य० २। (२) "सकलात्मप्रदेश-निबिड-निबद्धघातिकर्ममेघपटलविघटनप्रकटीभूतानन्तज्ञानादिनव-केवललब्धिवान् जिनः।" -गो०जी०जी०प्र०। "अनेकविषमभवमहनदुःखप्रापणहेतून् कर्मारातीन् जयन्ति, निर्जरयन्तीति जिनाः ॥"-गो०जी०मं०प्र०टी०। (३) किमट्ठमिदं वुच्चदे ? मंगलट्ठं। किं मंगलं ? पुव्वसंचियकम्मविणासो। जदि एवं तो जिणवयणविणिग्गयत्थादो अविसंवादेण केवलणाणसमाणादो उसहसेणादिगणहरदेवेहि विरइयसद्दरयणादो सव्वसुत्तादो तप्पढण-गुणण-किरियावावदाणं सव्वजीवाणं पडिसमयमसंखेज्जगुणसेडीए पुव्वसंचिदकम्मणिज्जरा होदि त्ति णिप्फलादिसुत्तमिदि। अह सफलमिदं, णिप्फलं सुत्तज्झयणं, तत्तो समुवजायमाणकम्मक्खयस्स एत्थेवोवलंभो त्ति। ण एस दोसो, सुत्तज्झयणेण सामण्णकम्मणिज्जरा कीरदे एदेण पुण सुत्तज्झयण-विग्घ-फल-कम्मविणासो कीरदि त्ति, भिण्णविसयत्तादो सुत्तज्झयणविग्घफलकम्मविणासो सामण्णकम्मविरोहसुत्तब्भासादो चेव होदि त्ति मंगलसुत्तारंभो।...जिणा दुविहा सयल-देसजिणभेएण। खवियघाइकम्मा सयलजिणा। के ते ? अरिहंतसिद्धा। अवरे आइरिय-उवज्झाय-साहू देसजिणा, तिव्वकसाय-इंदियमोहविजयादो।" -ध० टी० वे०।

(४) "सयलासयलजिणट्ठियतिरयणाणं ण समाणत्तं, संपुण्णासंपुण्णाणं समाणत्तविरोहादो। संपुण्ण-तिरयणकज्जमसंपुण्ण-तिरयणाणि ण करेंति, असमाणत्तादो त्ति। ण, दंसणणाणचरणाणमुप्पण्णसमाणत्तुवलंभादो।

पापनाशक हो, कारण उनमें सम्पूर्ण गुणोंका सद्भाव पाया जाता है, किन्तु यह बात देशजिनोंमें नहीं पाई जाती। अतः 'णमो जिणाणं' सूत्रद्वारा अरहन्त-सिद्धके सिवाय आचार्य, उपाध्याय और साधु परमेष्ठीका नमस्कार मानना युक्तियुक्त नहीं है।

समाधान–रत्नत्रयकी अपेक्षा पाँचों परमेष्ठी समान हैं, कारण सकलजिनोंके समान एकदेश जिनोंमें भी रत्नत्रय विद्यमान हैं। देवत्वके लिए रत्नत्रयके सिवाय अन्य कारण नहीं है। इससे सकल जिनोंके समान देशजिनोंका नमस्कार भी कर्मक्षयकारी जानना चाहिये।

शङ्का–सकल और असकल जिनोंके रत्नत्रयमें समानता नहीं पाई जाती है। सम्पूर्ण सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्ररूप रत्नत्रय और असम्पूर्ण रत्नत्रयमें समानताका विरोध है। सम्पूर्ण रत्नत्रयका कार्य असम्पूर्ण रत्नत्रय नहीं करते, कारण वे असमान हैं। ज्ञान, दर्शन और चारित्रमें समानताकी उपलब्धि नहीं पाई जाती है ?

समाधान–असमानोंका कार्य असमान ही होता है, ऐसा कोई नियम नहीं है। सम्पूर्ण अग्नि के द्वारा क्रियमाण दाह-कार्यकी उपलब्धि उसके अवयवमें भी देखी जाती है। अमृतके शतघटोंद्वारा सम्पादित किया जानेवाला निर्विषीकरणरूप कार्य चुल्लू भर अमृतमें भी पाया जाता है। रत्नत्रयकी अपेक्षा देश तथा सकल जिनोंमें भेद नहीं पाया जाता है।

अब पर्यायार्थिक नयाश्रित जीवोंके कल्याणार्थ **गौतमस्वामी** आगामी सूत्रोंको कहते हैं—

णमो ओहिजिणाणं ॥ २ ॥

अर्थ–अवधिज्ञानी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ–यहाँ 'जिन' शब्दकी अनुवृत्ति आगे भी करनी चाहिए। अवधिज्ञानी देव, नारकी, मनुष्य तथा तिर्यञ्च भी होते हैं। उन सबको नमस्कार करनेसे क्या कर्मोंकी निर्जरा हो सकती है ? उससे तो कर्मोंका बन्ध ही होगा। जिन शब्दका ग्रहण करनेसे ऐसी आशङ्काका निराकरण हो जाता है। इससे रत्नत्रय से भूषित अवधिज्ञानियोंको नमस्कार करना यहाँ इष्ट है।

णमो परमोहिजिणाणं[1] ॥ ३ ॥

अर्थ–परमावधिज्ञानधारी जिनोंको नमस्कार हो।

णमो सव्वोहिजिणाणं[3] ॥ ४ ॥

अर्थ–सर्वावधिज्ञानधारी जिनोंको नमस्कार हो।

णमो अणंतोहिजिणाणं[4] ॥ ५ ॥

ण च असमाणाणं कज्जं असमाणमेवेत्ति णियमा अत्थि, संपुण्णअग्गिणा कीरमाणदाहकज्जस्स तदवयवेवि उवलंभादो। अमियघडसएण कीरमाण-णिव्विसीकरणादिकज्जस्स अमिय-चुलवेवि उवलंभादो वा। ण च तिरयणाणं देसजिणट्ठियाणं सयलजिणट्ठिएहि भेओ। एवं......गोदमभडारओ महाकम्मपयडिपाहुडस्स पज्जवट्ठियणयाणुग्गहणट्ठमुत्तरसुत्ताणि भणदि।"–ध० टी० वेदना० प० ६२३।

(१) परमावधयश्च ते जिनाश्च परमावधिजिनाः तेभ्यो नमः (२) "ॐ ह्रीं अर्हं णमोहिजिणाणं......"–भ०क०य०२। "ॐ ह्रीं अर्हं णमोहिबुद्धीणं"–भ०क०य०१२। (३) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वोहिजिणाणं......"–भ०क०य० ४। (४) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो अणंतोहिजिणाणं......"–भ०क०य०५।

अर्थ—अनन्त अवधि[1]वाले जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—अनन्त है अवधि-मर्यादा जिसकी, ऐसे केवल-ज्ञान धारक अनन्तावधि जिनोंको नमस्कार हो।

णमो कोट्ठबुद्धीणं[2] ॥ ६ ॥

अर्थ—कोष्ठ बुद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—जिस प्रकार किसी कोठेमें पृथक्-पृथक् तथा सुरक्षित बहुतसे धान्यके बीजोंका सङ्ग्रह रहता है, उसी प्रकार कोष्ठ बुद्धिनामक ऋद्धिमें परोपदेशके विना ही तत्त्वोंके अर्थ, ग्रन्थ तथा बीजोंका अवधारण करके पृथक्-पृथक् अवस्थान किया जाता है। इस बुद्धि में कोष्ठके समान भिन्न-भिन्न बहुत तत्त्वोंकी अवधारणा रहती है (त०रा०अ० ३, पृ० १४३)।

तिलोयपण्णत्ति में कहा है कि—उत्कृष्ट धारणासम्पन्न कोई पुरुष गुरुके उपदेशसे नाना प्रकारके ग्रन्थोंसे विस्तारपूर्वक लिङ्गसहित शब्दरूप बीजोंको अपनी बुद्धिसे ग्रहण करके विना मिश्रणके अपनी बुद्धिरूपी कोठेमें धारण करता है, उसे कोष्ठबुद्धि कहते हैं (पृ० २७२)।

णमो बीजबुद्धीणं[3] ॥ ७ ॥

अर्थ—बीजबुद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—जैसे सम्यक् प्रकार हल-बखरसे तैयार की गई उपजाऊ भूमिमें योग्य कालमें बोया गया एक भी बीज बहुत बीजोंको उत्पन्न करता है, उसी प्रकार नोइन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण तथा वीर्यान्तराय कर्मके क्षयोपशम-प्रकर्षसे एक बीज पदके ग्रहण द्वारा अनेक पदार्थोंको जानने वाली बीजबुद्धि है। (राजवा० पृ० १४३)।

तिलोयपण्णत्तिमें कहा है—नोइन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण तथा वीर्यान्तराय इन तीन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट क्षयोपशमसे विशुद्ध हुई किसी भी महर्षिकी जो बुद्धि, संख्यातस्वरूप शब्दोंके बीचमेंसे लिङ्गसहित एक ही बीजभूत पदको परके उपदेशसे प्राप्त करके उस पदके आश्रय से सम्पूर्ण श्रुतको विस्तार कर ग्रहण करती है, वह बीजबुद्धि है (पृ० २७२)।

णमो पदाणुसारीणं[4] ॥ ८ ॥

अर्थ—पदानुसारी ऋद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—दूसरे व्यक्तिसे एक पदके अर्थको सुनकर आदि, मध्य तथा अन्तके शेष ग्रन्थार्थका निश्चय करना पदानुसारित्व है। यह अनुश्रोतृ, प्रतिश्रोतृ तथा उभयरूप तीन प्रकार है। तिलोयपण्णत्तिमें कहा है-जो बुद्धि आदि, मध्य अथवा अन्तमें गुरुके उपदेशसे एक बीज पदको ग्रहण करके उपरिम ग्रन्थको ग्रहण करती है वह अनुसारिणी बुद्धि है। गुरुके उपदेशसे आदि, मध्य अथवा अन्तमें एक बीज पदको ग्रहण करके जो बुद्धि अधस्तन ग्रन्थको जानती है, वह प्रतिसारिणी बुद्धि कहलाती है। जो बुद्धि नियम अथवा अनियमसे एक बीज शब्दको ग्रहण करनेपर उपरिम और अधस्तन ग्रन्थको एक साथ जानती है वह उभयसारिणी है। ये पदानुसारित्वके तीन भेद हैं। (गा० ९८१-८३)।

---

(१) अन्तश्च अवधिश्च अन्तावधिः। न विद्यतेऽन्तो यस्य सः अनन्तावधिः। अभेदाज्जीवस्यापीयं संज्ञा। अनन्तावधयश्च ते जिनाश्च अनन्तावधिजिनाः तेभ्यो नमः। अणंतोहिजिणा णाम केवलणाणिणो (२) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो कुट्ठबुद्धीणं..."-भ० क० य० ६। (३) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो बीजबुद्धीणं..." -भ० क० य० ७। (४) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो अरिहंताणं णमो पादाणुसारीणं..."-भ० कं० य० ८।

णमो संभिण्णसोदराणं[1] ॥ ९ ॥

अर्थ–सम्भिन्नश्रोतृत्व नामक ऋद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो[2]।

विशेषार्थ–नौ योजन लम्बी, बारह योजन चौड़ी चक्रवर्तीकी सेनाके हाथी, घोड़ा, ऊँट तथा मनुष्यादिकोंके एक साथमें उत्पन्न अक्षरात्मक, अनक्षरात्मक अनेक प्रकारके शब्दोंको तपोबलविशेषके कारण सर्वजीव-प्रदेशोंमें कर्ण-इन्द्रियका परिणमन होनेसे सर्व शब्दोंका एक कालमें ग्रहण करना सम्भिन्नश्रोतृत्व ऋद्धि है।

तिलोयपण्णत्तिमें कहा है–श्रोत्रेन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण तथा वीर्यान्तरायका उत्कृष्ट क्षयोपशम तथा आङ्गोपाङ्ग नाम कर्मके उदय होनेपर श्रोत्रेन्द्रियके उत्कृष्ट क्षेत्रसे बाहर दशों दिशाओंमें संख्यात योजनप्रमाण क्षेत्रमें स्थित मनुष्य एवं तिर्यञ्चोंके अक्षरात्मक-अनक्षरात्मक बहुत प्रकारके उत्पन्न होने वाले शब्दोंको सुनकर जिससे उत्तर दिया जाता है वह सम्भिन्न-श्रोतृत्व है।

णमो उजुमदीणं[3] ॥ १० ॥

अर्थ–ऋजुमति मनःपर्यय ज्ञानी जिनोंको नमस्कार हो।

णमो विउलमदीणं[4] ॥ ११ ॥

अर्थ–विपुलमति मनःपर्यय ज्ञानी जिनोंको नमस्कार हो।

णमो दसपुव्वीणं[5] ॥ १२ ॥

अर्थ–दश पूर्वधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ–वेगवाली महारोहिणी आदि तीन विद्याओंके द्वारा अपने रूप, सामर्थ्य आदिका प्रदर्शन करनेपर भी अडिग चारित्रधारीका जो दशमपूर्व रूप दुस्तर-सागरके पार पहुँचना है, वह दशपूर्वित्व है। यहाँ जिन शब्दकी अनुवृत्ति होनेसे अभिन्नदशपूर्वित्वका ग्रहण किया है[6]।

तिलोयपण्णत्तिमें कहा है–दशम पूर्वके पढ़नेमें रोहिणी आदि पांच सौ महाविद्याओं तथा अंगुष्ठप्रसेनादिक सात सौ क्षुद्र विद्याओंके द्वारा आज्ञा माँगनेपर भी जो महर्षि जितेन्द्रिय होनेके कारण उन विद्याओंकी इच्छा नहीं करते हैं, वे 'विद्याधरश्रमण' या 'अभिन्नदशपूर्वी' कहलाते हैं। (पृ० २७४)।

णमो चोद्दसपुव्वीणं[7] ॥ १३ ॥

अर्थ–चौदह पूर्वधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ–जो सम्पूर्ण श्रुत–केवलीपनेको प्राप्त हैं, वे चतुर्दशपूर्वी कहलाते हैं।

---

(१) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो अरिहंताणं णमो संभिण्णसोदराणं…"–**भ० क० य० ९**। (२) सम्यक् श्रोत्रेन्द्रियावरणक्षयोपशमेन भिन्नाः अनुविद्धाः सम्भिन्नाः। सम्भिन्नाश्च ते श्रोतारश्च सम्भिन्नश्रोतारः। (३) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो ऋजुमदीणं…"–**भ० क० य० १३**। (४) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो विउलमदीणं…" –**भ० क० य० १४**। (५) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो दसपुव्वीणं…"–**भ० क० य० १५**। (६) "एत्थ दसपुव्विणो भिण्णाभिण्णभेएण दुविहा होंति। भिण्णदसपुव्वीणं कथं पडिणियत्ती? जिणसद्दाणुवत्तीदो। ण च तेसिं जिणत्तमत्थि, भग्गमहव्वएसु जिणत्ताणुववत्तीदो।"–**ध० टी०**। (७)"ॐ ह्रीं अर्हं णमो चउदसपुव्वीणं…" –**भ० क० य० १६**।

णमो अट्ठंगमहाणिमित्तकुसलाणं[1] ॥ १४ ॥

अर्थ—अष्टाङ्ग महानिमित्त विद्या में प्रवीण जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—[2]अंतरिक्ष, भौम, अंग, स्वर, व्यंजन, लक्षण, छिन्न और स्वप्न–ये आठ महानिमित्त कहे जाते हैं। सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र, ताराओंके उदय, अस्त आदिसे भूत भविष्यतसम्बन्धी फलका ज्ञान करना अन्तरिक्ष ज्ञान है। पृथ्वीके घन, सुषिर, रूक्षतादिके ज्ञानसे अथवा पूर्वादि दिशाओंमें सूत्रनिवास करनेसे वृद्धि, हानि, जय, पराजय आदिका ज्ञान करना तथा भूमिमें छुपे हुए स्वर्ण, चाँदी आदिका परिज्ञान करना भौम ज्ञान है। अङ्ग प्रत्यङ्गोंके देखने आदिसे त्रिकालवर्ती सुख दुःखादिको जान लेना अङ्गज्ञान है। अक्षरात्मक या अनक्षरात्मक शुभ अशुभ शब्दको सुनकर इष्ट अनिष्ट फलको जान लेना स्वर ज्ञान है। मस्तक ग्रीवा आदि में तिल, मशक आदि चिह्नोंको देखकर त्रिकालसम्बन्धी हित-अहितका जानना व्यञ्जन ज्ञान है। श्रीवृक्ष, स्वस्तिक, भृङ्गार, कलश आदि लक्षणोंको देखकर त्रिकालवर्ती स्थान, मान, ऐश्वर्य आदिका विशेष ज्ञान करना लक्षण नामक निमित्त ज्ञान है। वस्त्र, शस्त्र, छत्र, जूता, आसन, शयनादिकोंमें देव, मानुष, राक्षसादि विभागोंसे शस्त्र कण्टक चूहा आदिकृत छेदनको देखकर त्रिकालसम्बन्धी हानि, लाभ, सुख, दुःखादि को सूचित करना छिन्न नामक ज्ञान है। वात, पित्त, कफ दोषोंके उदयसे रहित व्यक्तिके रात्रिके पिछले भाग में, चन्द्र, सूर्य, पृथ्वी, समुद्र, आदिका मुखमें प्रवेश करना सम्पूर्ण पृथ्वीमण्डलका उपगूहन आदि शुभ स्वप्न तथा घृत या तैललिप्त अपना शरीर देखना, गर्दभ, ऊँट पर चढ़े हुए इधर-उधर भटकते फिरना आदि अशुभ स्वप्नके दर्शनसे आगामी जीवन, मरण, सुख, दुःखादिका ज्ञान करना स्वप्नज्ञान है। इन महानिमित्तोंमें जो कुशलता है, वह अष्टांगमहानिमित्तता है। (त० रा० पृ० १४३)।

णमो विउव्वणपत्ताणं ॥ १५ ॥

अर्थ—वैक्रियिक ऋद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—विक्रियाको विषय करनेवाली ऋद्धिके अनेक भेद हैं। जैसे अणिमा, महिमा, लघिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व, वशित्व, अप्रतिघात, अन्तर्धान, कामरूपित्व आदि। शरीरको अत्यन्त छोटा करना 'अणिमा' है। इस ऋद्धिके प्रभावसे कमल-मृणालके छिद्रमें प्रवेश करके वहाँ ठहरने तथा चक्रवर्तीके परिवारकी विभूतिको उत्पन्न करनेकी सामर्थ्य प्राप्त होती है। अपने शरीरको मेरु पर्वतसे भी विशाल करना 'महिमा' ऋद्धि है। शरीरको वायुसे भी हलका करना 'लघिमा' है। शरीर को वज्रसे भी अधिक भारी बनाना 'गरिमा' है। भूमिपर स्थित रहते हुए भी अंगुलीके कोनेसे मेरु शिखर, सूर्य आदि को स्पर्शन करनेकी सामर्थ्यको 'प्राप्ति' कहते हैं। जलमें पृथ्वीके समान चलना, भूमिपर जलके समान तैरना 'प्राकाम्य' ऋद्धि है। तीन लोककी प्रभुता 'ईशित्व' है। सम्पूर्ण जीवोंको वश करनेकी सामर्थ्य 'वशित्व' है। पर्वतके भीतर भी आकाशमें गमनागमनके समान विना रुकावटके आना-जाना 'अप्रतिघात' है। अदृश्य रूप होनेकी सामर्थ्य अन्तर्धान है। युगपत् अनेक आकार और रूप बनानेकी शक्ति 'कामरूपित्व' है।

[3]यहाँ जिन शब्दकी अनुवृत्ति होनेसे देवोंका अष्ट गुण ऋद्धि होते हुए भी ग्रहण नहीं

---

(१) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो अट्ठांगमहाणिमित्तकुसलाणं ......"—भ० क० य०, १७। (२) "अंगं सरो वंजणलक्खणाणि छिण्णं च भौमं सुमिणंतरिक्खं। एदे णिमित्ते हि पराहि णिच्चा जाणंति लोयस्स सुहासुहाइं ॥"—ध०टी०प० ६२७। (३) "अट्ठगुणद्धिजुत्ताणं देवाणं एसो णमोक्कारो किण्ण पावदे? ण एस दोसो, जिणसद्दाणुवट्टणेण तण्णिराकरणादो। ण च देवाणं जिणत्तमत्थि। तत्थ संजमाभावादो ॥" —ध० टी०।

किया गया है कारण देवों में संयम का अभाव है ।

णमो विज्जाहराणं[1] ॥ १६ ॥

अर्थ–विद्याधारी जिनोंको नमस्कार हो ।

विशेषार्थ–[2]विद्या तीन प्रकार की होती हैं । मातृ पक्षसे प्राप्त जातिविद्या है । पितृपक्षसे प्राप्त कुलविद्या है । षष्ठ अष्टम आदि उपवास करनेसे सिद्ध की गई तपविद्या है । यहाँ देव तथा विद्याधरोंका ग्रहण नहीं किया गया है, कारण वे जिन नहीं हैं ।

णमो चारणाणं[3] ॥ १७ ॥

अर्थ–चारण ऋद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो ।

विशेषार्थ–जल, जङ्घा, तन्तु, पुष्प, पत्र, अग्नि-शिखादिके आलम्बनसे गमन करना 'चारण' ऋद्धि है । कुँआ बावड़ी आदिमें जलकायिक जीवोंकी विराधना नहीं करते हुए भूमिके' समान चरणोंके उठाने-धरनेकी प्रवीणताको 'जलचारण' कहते हैं । भूमिसे चार अंगुल ऊँचे आकाशमें जङ्घाके उठाने-धरनेकी कुशलतासे सैकड़ों योजन गमन करनेकी प्रवीणता 'जङ्घाचारण' है । इसी प्रकार इस ऋद्धिके अन्य भेद हैं ।

णमो पण्हसमणाणं[4] ॥ १८ ॥

अर्थ–[5]प्रज्ञाश्रमण जिनोंको नमस्कार हो ।

विशेषार्थ–असाधारण प्रज्ञा शक्तिधारी प्रज्ञाश्रमण कहलाते हैं । अत्यन्त सूक्ष्म तत्त्वार्थ-चिन्तनके प्रभावसे चौदह पूर्वोंके विषयमें पूछे जाने पर जो द्वादशाङ्ग चतुर्दश पूर्वको विना पढ़े हुए भी उत्कृष्ट श्रुतावरण और वीर्यान्तरायके क्षयोपशमसे उत्पन्न असाधारण प्रज्ञाशक्तिके लाभसे निधड़क हो निरूपण करते हैं वे प्रज्ञाश्रमणधारी हैं ।

तिलोयपण्णत्ति (पृ० २७७) में प्रज्ञाके चार भेद कहे हैं–औत्पत्तिकी, पारिणामिकी, वैनयिकी तथा कर्मजा । भवान्तरमें कृत श्रुतके विनयसे उत्पन्न होनेवाली औत्पत्तिकी, निज निज जाति-विशेषमें उत्पन्न हुई पारिणामिकी, द्वादशाङ्गश्रुतकी विनयसे उत्पन्न वैनयिकी एवं उपदेशके विना तपविशेषके लाभसे उत्पन्न कर्मजा कहलाती है ।

यहाँ जिन शब्दकी अनुवृत्ति रहनेसे असंयतोंका निराकरण हो जाता है ।

णमो आगासगामीणं[6] ॥ १९ ॥

अर्थ–आकाशगामी जिनोंको नमस्कार हो ।

विशेषार्थ–पल्यङ्कासन वा कायोत्सर्ग आसनसे ही पैरोंको विना उठाए-धरे आकाशमें

---

(१) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो विज्जाहराणं"–भ० क० य० १९ । (२) "तत्थ सगमादुपक्खादो लद्धविज्जाओ जादिविज्जाओ णाम । पिदुपक्खलद्धाओ कुलविज्जाओ । छट्ठट्ठमादिउववासविहाणेहि साहिदाओ तवविज्जाओ । एवमेद्धाओ तिविहाओ होंति ।"–ध० टी० । (३) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो चारणाणं"–भ० क० य० २० । (४) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो पण्णसमणाणं…"–भ०क०य० २१ । (५) "औत्पत्तिकी वैनयिकी कर्मजा पारणामिकी चेति चतुर्विधा प्रज्ञा । प्रज्ञा एव श्रवणं येषां ते प्रज्ञाश्रवणाः । असंजदाणं न पण्णसमणाणं गहणं जिणसद्दाणुउत्तीदो ।"–ध० टी० । (६) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो आगासगामीणं"–भ० क० य० २२ ।

गमन करनेकी विशेषताको आकाश-गमन ऋद्धि कहते हैं। यहाँ जिन शब्दकी अनुवृत्ति रहनेके कारण देव विद्याधरोंका निराकरण हो जाता है।

णमो आसीविसाणं[1] ॥ २० ॥

अर्थ—आशीविष ऋद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो।

उग्र विषयुक्त आहार भी जिनके मुखमें जाकर निर्विष हो जाता है वा जिनके मुखसे निकले हुए वचनोंके श्रवणसे महाविषयुक्त व्यक्ति निर्विष हो जाता है, वे 'आस्याविष' ऋद्धिधारी हैं। महान् तपोबलसे विभूषित यतिजन जिसको कहें 'तू मर जा' वह तत्क्षण ही महाविष-युक्त हो मृत्यु को प्राप्त हो जाता है, वह 'आस्यविष' ऋद्धि है। इस प्रकार 'आस्य अविष', तथा 'आस्य विष' दोनों प्रकारके अर्थ कहे गए हैं[2]।

णमो दिट्ठिविसाणं[3] ॥ २१ ॥

अर्थ—दृष्टिविष ऋद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—जिनके देखने मात्रसे अत्यन्त तीव्र विषसे दूषित भी प्राणी विषरहित हो जाता है वे 'दृष्टिविष' ऋद्धिधारी हैं। उग्र तपस्वी मुनिजन क्रुद्ध हो जिसे देख लें, वह उसी समय उग्र विषयुक्त हो मर जाता है। इसे भी दृष्टिविष ऋद्धि कहते हैं। यहाँ भी 'जिन' शब्द की अनुवृत्ति है, अन्यथा दृष्टिविष सर्पोंको भी प्रणामका प्रसङ्ग आता[4]। यद्यपि साधुजन तोष अथवा रोषसे मुक्त हैं, फिर भी तपस्याके कारण उनमें उपर्युक्त विशेष शक्ति उत्पन्न हो जाती है, जिसका उपयोग वीतराग ऋषिगण नहीं करते हैं।

णमो उग्गतवाणं[5] ॥ २२ ॥

अर्थ—उग्र तपवाले जिनों को नमस्कार हो।

विशेषार्थ—एक, दो, तीन, चार, पाँच, छह दिन वा पक्ष मासादिके अनशन योगोंमें किसी भी उपवासको प्रारंभ करके मरणपर्यन्त भी उस योगसे विचलित नहीं होना उग्रतप ऋद्धि है।

णमो दीत्तितवाणं[6] ॥ २३ ॥

अर्थ—दीप्त तपवाले जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—महान् उपवास करनेपर भी जिनकी मन वचन कायकी शक्ति बढ़ती हुई ही पाई जाती है, जो दुर्गन्धरहित मुखवाले, कमल-उत्पलादिकी सुगंधके समान श्वासवाले तथा शरीरकी महाकान्ति से संपन्न हैं, वे दीप्ततपस्वी जिन हैं।

---

(१) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो आसीविसाणं"—भ० क० य० २३। (२) "अविद्यमानस्यार्थस्य अशंसमाशीः, आशीर्विषं येषां ते आशीर्विषाः। तवोवलेण एवंविहसत्तिसंजुत्तवयणा होदूण जे जीवाणं णिग्गहाणुग्गहं ण कुणंति। ते आसीविसा त्ति घेतव्वा। कुदो? जिणाणुउत्तीदो। ण च णिग्गहाणुग्गहेहि संदरिसिदरोसतोसाणं जिणत्तमत्थि विरोधादो।" —ध० टी०। (३) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो दिट्ठिविसाणं ..." —भ० क० य० २४। (४) "दृष्टिरिति चक्षुर्मनसोर्ग्रहणं।...जिणाणमिदि अणुवट्टदे, अण्णहा दिट्ठिविसाणं सप्पाणं पि णमोक्कारप्पसंगादो।"—ध०टी०। (५) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो उग्गतवाणं ..."—भ०क०य०२५। (६) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो दित्ततवाणं ..."—भ० क० य० २६।

णमो तत्ततवाणं[1] ॥ २४ ॥

अर्थ—तप्त तपवाले जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—तप्त लोहेकी कढ़ाई में पतित जलकणके समान शीघ्र ही जिनका अल्प आहार शुष्क हो जाता है उसका मल रुधिरादि रूपमें परिणमन नहीं होता वे तप्ततपस्वी हैं।

णमो महातवाणं[2] ॥ २५ ॥

अर्थ—महातपधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—सिंहनिष्क्रीडितादि महान् उपवासादि के अनुष्ठानमें परायण महातपस्वी हैं।

णमो घोरतवाणं[3] । २६ ।

अर्थ—[4]घोर तपधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—वात, पित्त, कफकी विषमतासे उत्पन्न ज्वर, खाँसी, श्वास, नेत्रपीड़ा, कुष्ठ प्रमेहादि रोगोंसे पीड़ित शरीरयुक्त होते हुए भी जो अनशन, कायक्लेशादि तपोंसे अविचलित रहते हैं तथा भयंकर श्मशान, पर्वत-शिखर, गुहा, दरी, शून्य ग्राम आदिमें, जहाँ अत्यन्त दुष्ट यक्ष राक्षस पिशाच वेताल भयंकर रूपका प्रदर्शन कर रहे हैं एवं जहाँ शृगालके कठोर शब्द, सिंह व्याघ्र सर्प आदिके भीषण शब्द, हो रहे हैं ऐसे भयङ्कर प्रदेशों में सहर्ष रहते हैं वे घोर तपस्वी हैं।

णमो घोरपरक्कमाणं[5] ॥ २७ ॥

अर्थ—घोर पराक्रमवाले जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—पूर्वोक्त तपस्वी जब ग्रहण किए गए तपकी साधनामें वृद्धि करते हैं, तब वे घोर पराक्रमी कहलाते हैं।

तिलोयपण्णत्ति (पृ० २८१) में कहा है—जिस ऋद्धिके प्रभावसे मुनिजन अपनी अनुपम सामर्थ्यसे कंटक, शिला, अग्नि, पर्वत, धूम्र और उल्का आदिके पात करनेमें तथा सागरके समस्त जल का शोषण करनेमें समर्थ होते हैं, वह घोर पराक्रम ऋद्धि है।

णमो घोरगुणाणं[6] ॥ २८ ॥

अर्थ—घोर गुणवाले जिनोंको नमस्कार हो।

णमोऽघोरब्रह्मचारीणं[7] ॥ २९ ॥

अर्थ—अघोर ब्रह्मचर्यधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—वीरसेनाचार्य कहते हैं-जिनमें तपोमाहात्म्यसे मारी आदि रोग, दुर्भिक्ष,

---

(१) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो तत्ततवाणं......" –भ० क० य० २७। (२) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो महातवाणं......"–भ० क० य० २८। (३) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरतवाणं......"–भ० क० य० २९। (४) "घोरा रउद्दा गुणा जेसिं ते घोरगुणा । कथं चौरासीदिलक्खगुणाणं घोरत्तं ? घोरकज्जकारिसत्तिजणणादो । तेसिं घोरगुणाणं णमो इदि उत्तं होदि।"–ध०टी०। (५) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरपरक्कमाणं......"–भ०क०य०३१। (६) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरगुणाणं......"–भ० क०य०३०। (७) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरगुणबंभचारीणं......"–भ० क० य० ३२।

वैर, कलह, वध, बंधन आदिके प्रशमन करनेकी शक्ति उत्पन्न हो जाती है, वे अघोर ब्रह्मचारी हैं[1]।

अकलंक स्वामी राजवार्तिक (पृ० १४४) में अघोरके स्थानमें घोर पाठ मानकर यह अर्थ करते हैं-जो चिरकालसे अखंड ब्रह्मचर्यके धारक हैं और चारित्रमोहके उत्कृष्ट क्षयोपशमसे जिनके दुःस्वप्नों का विनाश हो चुका है वे घोर ब्रह्मचारी हैं।

तिलोयपण्णत्तिकार (पृ०२८२) कहते हैं-जिस ऋद्धिसे मुनिके क्षेत्रमें चोरादिककी बाधा, दुष्काल तथा महायुद्ध आदि नहीं होते हैं, वह अघोर ब्रह्मचारित्व है। अथवा चारित्रनिरोधक मोहनीय कर्म का उत्कृष्ट क्षयोपशम होनेसे जो ऋद्धि दुःस्वप्नोंको दूर करती है वह अघोर ब्रह्मचारित्व है। अथवा जिस ऋद्धिके होनेसे महर्षिजन सब गुणोंके साथ अघोर अर्थात् अविनाशी ब्रह्मचर्यका आचरण करते हैं, वह अघोर ब्रह्मचारित्व है।

णमो आमोसहिपत्ताणं[1] ॥ ३० ॥

अर्थ-आमर्ष औषधि प्राप्त जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ-जिनके हस्त, चरणादिका स्पर्श ही औषधि रूप बन जाता है, उनको आमर्ष औषधिप्राप्त कहते हैं।

णमो खेलोसहिपत्ताणं[2] ॥ ३१ ॥

अर्थ-क्ष्वेलौषधि प्राप्त जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ-जिनका निष्ठीवन (थूक) औषधिरूप अर्थात् रोगनिवारक होता है, वे मुनिराज क्ष्वेलौषधि प्राप्त हैं।

णमो जल्लोसहिपत्ताणं[3] ॥ ३२ ॥

अर्थ-जल्लौषधि ऋद्धिप्राप्त जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ-पसीनेसे मिले हुए धूलिसमूहरूप मलको जल्ल कहते हैं। जिन मुनियोंका जल्ल औषधिरूप होता है, वे जल्लौषधि प्राप्त जिन कहलाते हैं।

णमो सव्वोसहिपत्ताणं[4] ॥ ३३ ॥

अर्थ-सर्वौषधि ऋद्धि प्राप्त जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ-जिनके अंग, प्रत्यंग, नख, दन्त, केशादि अवयव तथा उनका स्पर्श करनेवाले पवनादि जीवोंके लिए औषधिरूप परिणत हो जाते हैं, वे सर्वौषधिप्राप्त जिन हैं।

---

(१) "ब्रह्म चारित्रं पञ्चव्रतसमितित्रिगुप्त्यात्मकं शान्तिपुष्टिहेतुत्वात् । अघोराः अन्ताः गुणाः यस्मिन् तदघोरगुणं अघोरगुणं ब्रह्म चरन्तीति अघोरगुणब्रह्मचारिणः। जेसिं तवोमाहप्पेण मारिदुब्भिक्खवैर-कलहवधबंधणरोगादिपसमणसत्ती समुप्पण्णा ते अघोरगुणब्रह्मचारिणो त्ति उत्तं होदि। एत्थ अकारो किण्ण सुणिज्जदे ? संधिणिद्देसादो।" -ध० टी०। (२) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो खिल्लोसहिपत्ताणं"-भ० क० य० ३४। (३) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो जल्लोसहिपत्ताणं"-भ० क० य० ३५। (४) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वोसहिपत्ताणं"-भ० क० य० ३३-३७।

णमो विट्ठोसहिपत्ताणं[1] ॥ ३४ ॥

अर्थ–जिनका मल औषधिरूप परिणत हो गया है, उन जिनों को नमस्कार हो ।

विशेषार्थ–जिनका मूत्र पुरीषादि मल रोगनिवारक होता है, वे विष्ठौषधिप्राप्त हैं। महान् तपश्चर्याके प्रभावसे यह सामर्थ्य प्राप्त होती है ।

णमो मणबलीणं[2] ॥ ३५ ॥

अर्थ–मनबलधारी जिनोंको नमस्कार हो ।

विशेषार्थ–नोइन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण तथा वीर्यान्तराय कर्मके क्षयोपशमके प्रकर्षसे अन्तर्मुहूर्तमें ही संपूर्ण श्रुतके अर्थ-चिन्तनमें प्रवीण मनोबली हैं ।

णमो वचनबलीणं[3] ॥ ३६ ॥

अर्थ–वचनबली जिनों को नमस्कार हो ।

विशेषार्थ–मन, रसना तथा श्रुतज्ञानावरण एवं वीर्यान्तरायके क्षयोपशमके अतिशयसे जो अन्तर्मुहूर्तमें संपूर्ण श्रुतके उच्चारण करनेमें समर्थ हैं तथा निरन्तर उच्चस्वरसे उच्चारण करनेपर भी जो श्रमरहित एवं कंठके स्वरमें हीनतारहित हैं वे ऋषि वचनबली हैं ।

णमो कायबलीणं[4] ॥ ३७ ॥

अर्थ–कायबली जिनोंको नमस्कार हो ।

विशेषार्थ–वीर्यान्तरायके क्षयोपशमसे उत्पन्न असाधारण शरीरबल होनेसे मासिक, चातुर्मासिक, वार्षिक आदि प्रतिमायोग धारण करते हुए भी जिन्हें खेद नहीं होता वे मुनिवर कायबली हैं ।

तिलोयपण्णत्ति(पृ० २८३) में कहा है जिस ऋद्धिके बलसे वीर्यान्तरायका उत्कृष्ट क्षयोपशम होनेपर मुनिराज मास वा चातुर्मास आदि कायोत्सर्ग करते हुए भी श्रमरहित होते हैं तथा शीघ्र ही तीनों लोकोंको कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर अन्यत्र धरनेमें समर्थ होते हैं, वह कायबल नामकी ऋद्धि है ।

णमो खीरसवीणं[5] ॥ ३८ ॥

अर्थ–क्षीरस्रवी ऋद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो ।

विशेषार्थ–नीरस भोजन भी जिनके हस्त-पुटमें रखे जानेपर क्षीर-गुणरूप परिणमन करता है वा जिनके वचन क्षीण व्यक्तियोंको दुग्धके समान तृप्ति प्रदान करते हैं वे क्षीरस्रवी हैं। तत्त्वार्थराजवार्तिक(पृ० १४४) में 'क्षीरास्रवी' पाठ ग्रहण किया है ।

णमो सप्पिसवीणं ॥ ३९ ॥

अर्थ–घृतस्रवी जिनोंको नमस्कार हो ।

---

(१) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो विट्ठोसहिपत्ताणं"–भ० क० य० ३६ । (२) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो मणबलीणं"–भ० क० य० ३८ । (३) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो वचबलीणं"–भ० क० य० ३९ । (४) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो कायबलीणं"–भ० क० य० ४० । (५) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो खीरसवीणं"–भ० क० य० ४२ ।

विशेषार्थ—रूक्ष भोजन भी जिनके कर-पात्रमें पहुँचते ही घृतके समान शक्तिदायक हो जाता है अथवा जिनका संभाषण जीवोंको घृत-सेवनके समान तृप्ति पहुँचाता है, वे घृतस्रवी हैं।

णमो महुसवीणं[1] ॥ ४० ॥

अर्थ—मधुस्रवी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—जिनके हस्त-पुटमें रखा हुआ नीरस आहार भी मधुर रसपूर्ण तथा शक्ति-संपन्न हो जाता है, अथवा जिनके वचन दुःखी श्रोताओंको मधुके समान संतोष देते हैं, वे मधुस्रवी हैं। यहाँ मधु शब्दका तात्पर्य मधुररसवाले गुड़, खाँड, शर्करा आदिसे है, कारण उन सबमें मधुरता पाई जाती है।[2]

णमो अमइसवीणं[3] ॥ ४१ ॥

अर्थ—अमृतस्रवी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—जिनके हस्तपुटमें पहुँचकर कोई भी भोज्य वस्तु अमृतरूप हो जाती है, अथवा जिनकी वाणी जीवोंको अमृततुल्य कल्याण देती है, वे अमृतस्रवी हैं।

णमो अक्खीणमहाणसाणं[4] ॥ ४२ ॥

अर्थ—अक्षीण महानस ऋद्धिधारी जिनोंको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—लाभान्तरायके क्षयोपशमके उत्कर्षको प्राप्त मुनीश्वरोंको जिस पात्रसे आहार दिया जाता है, उससे यदि चक्रवर्तीका कटक भी भोजन करे, तो उस दिन अन्नकी कमी न पड़े यह अक्षीण महानस ऋद्धि है। तिलोयपण्णत्ति (पृ० २८५) में कहा है—लाभान्तरायके क्षयोपशमसे संयुक्त मुनिराजके भोजनानन्तर भोजनशालाके अवशिष्ट अन्नमेंसे जिस किसी भी प्रिय वस्तुका उस दिन चक्रवर्तीके कटकको भोजन करानेपर भी लेशमात्र क्षीण न होना अक्षीण महानस ऋद्धि है।

णमो सव्वसिद्धायदणाणं ॥ ४३ ॥

अर्थ—संपूर्ण सिद्धायतनोंको नमस्कार हो।

णमो वड्ढमाणबुद्धिरिसिस्स[5] ॥ ४४ ॥

अर्थ—वर्धमान बुद्धि ऋद्धिधारी ऋषिको नमस्कार हो।

विशेषार्थ—वड्ढमाणके स्थान पर यदि 'वट्टमाण' पाठ माना जाय, तो उसका अर्थ 'वर्तमान' बुद्धि ऋद्धिधारी होगा।

---

(१) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो महुरसवाणं"—भ० क० य० ४३। (२) "महुवयणेण गुडखंडसक्करादीणं गहणं महुरसादं पडि एदासिं साहम्मुवलंभादो।"—ध० टी०। (३) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो अमियसवाणं ......"—भ० क० य० ४४। (४) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो अक्खीणमहाणसाणं ......"—भ० क० य० ४५। (५) "ॐ ह्रीं अर्हं णमो वड्ढमाणाणं ......"—भ० क० य० ४६। "ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वसाहूणं महति महावीरवड्ढमाणबुद्धिरिसीणं ......"—भ०क०य० ४८। समस्त मंगल सूत्रोंमें षष्ठी विभक्ति का बहुवचन प्रयुक्त हुआ है, अतः संभावना होती है कि—'वड्ढमाणबुद्धिरिसिस्स'के स्थानमें 'वड्ढमाण-बुद्धिरिसीणं' पाठ होना चाहिए।

[प्रकृति समुत्कीर्तननिरूपणा]

[इस महाबंध अथवा महाधवल शास्त्रका प्रारंभिक ताड़पत्र नं० २७/१ नष्ट हो गया है उसकी उसी रूप में पूर्ति होना असंभव है। आगेके वर्णनक्रमके साथ सम्बन्ध मिलानेकी दृष्टिसे मतिज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण तथा अवधिज्ञानावरण का संक्षेपमें वर्णन करते हैं, कारण ग्रंथमें ज्ञानावरण पर आरंभमें प्रकाश डाला गया है।]

इसके समाधानमें वीरसेनाचार्य धवलाटीकामें लिखते हैं कि तीर्थङ्करके बन्धके कारण ज्ञात न होनेसे उनका पृथक् उल्लेख करना उचित है। उसके बन्धका कारण मिथ्यात्व नहीं है, कारण मिथ्यात्वी जीवके तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध नहीं होता। सम्यग्दृष्टिके ही तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध होता है। असंयम भी बन्धका कारण नहीं है, क्योंकि संयमी जीव भी उसके बन्धक होते हैं। कषाय भी बन्धका कारण नहीं है, कारण कषायके होते हुए भी इसके बन्धका विच्छेद देखा जाता है अथवा बन्धका आरम्भ भी नहीं होता है। कदाचित् मन्द कषायको बन्धका कारण कहें, तो यह भी नहीं बनता है, कारण तीव्र कषाययुक्त नारकियोंमें भी तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध देखा जाता है। तीव्र कषाय भी उसका कारण नहीं है, क्योंकि मन्द कषाय-वाले सर्वार्थसिद्धिके देवों और अपूर्वकरणगुणस्थानवालोंमें भी उसका बन्ध होता है। बन्धका कारण कदाचित् सम्यक्त्वको कहें, तो यह भी ठीक नहीं है। सम्यग्दर्शन होते हुए भी बन्धका कहीं कहीं अभाव देखा जाता है। यदि दर्शनकी निर्मलताको कारण कहें तो दर्शन-मोहके क्षय करनेवाले सभी व्यक्तियोंके तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध होना चाहिए था, किन्तु ऐसा भी नहीं है। अतः दर्शनकी शुद्धता भी कारण नहीं है। कार्यकारणभावका नियम तो तब बनता है, जब कारणके होनेपर नियमसे कार्य बन जाय। सब क्षायिक सम्यक्त्वी जीव तो

(१) धवला टीकामें जो षोडशकारणोंके नाम गिनाए हैं, उनके क्रममें थोड़ा अन्तर है। यहाँ आठवें नंबर पर 'साधुसमाधिसंधारणता'के स्थानमें 'साधुप्रासुकपरित्यागता' पाठ है। ९वें नंबर पर वैयावृत्त्य-योगयुक्तताके स्थानमें 'समाधिसंधारणता' पाठ है। नं० १० में 'साधु-प्रासुकपरित्यागता' के स्थानमें वैयावृत्त्ययोगयुक्तता पाठ है। शेष पाठ समान है। तत्त्वार्थसूत्रमें इस प्रकार पाठभेद है—नं० ४ में अभीक्ष्णज्ञानोपयोग, नं० ५ में संवेग, ६ में शक्तितः त्याग, नं० १० में अर्हद्भक्ति, नं० १४ में आवश्यका-परिहानि, नं० १६ में प्रवचनवत्सलत्व पाठ है। तत्त्वार्थसूत्र तथा भूतबलिस्वामी द्वारा कथित भावनाओंके नामोंमें भी कहीं कहीं अन्तर है। तत्त्वार्थसूत्रमें 'संवेग', 'साधुसमाधि', 'शक्तितः त्याग', 'मार्गप्रभावना' पाठ है, उसके स्थानमें क्रमशः 'लब्धिसंवेगसंपन्नता' 'साधु-समाधि संधारणता', 'प्रासुक परित्यागता', 'प्रवचन प्रभावनता' पाठ है। आचार्यभक्तिका महाबंधमें पाठ नहीं है। एक नवीन भावना क्षणलवप्रतिबोधनता सम्मिलित की गई है।

तीर्थङ्करप्रकृतिका बन्ध नहीं करते हैं। ऐसी स्थितिमें उत्पन्न होने वाली शङ्काके निराकरणके लिए भूतबली स्वामीने कहा है कि इन सोलह कारणोंसे जीव तीर्थङ्कर नामगोत्रका बन्ध करते हैं।

तीर्थङ्करके बन्धका प्रारम्भ मनुष्यगतिमें ही होता है, इस बातका परिज्ञान करानेके लिए सूत्रमें 'तत्थ' शब्दका ग्रहण किया है।

शङ्का–[1]तीर्थङ्करके बन्धका प्रारम्भ अन्य गतियोंमें क्यों नहीं होता है?

समाधान–तीर्थङ्करप्रकृतिमें सहकारी कारण केवलज्ञानसे उपलक्षित जीवद्रव्य है। उसके विना बन्धका प्रारम्भ नहीं होता। मनुष्यगतिमें केवलज्ञानसे उपलक्षित जीव पाया जाता है। इससे मनुष्यगतिमें ही बन्धका प्रारम्भ कहा है। इसका तात्पर्य यह है कि मनुष्यगतिमें केवलज्ञान उत्पन्न होकर तीर्थङ्करप्रकृति पूर्ण विकसित हो अपना कार्य कर सकती है; अन्य गतिमें यह बात नहीं है। अतः तीर्थङ्करप्रकृतिका अङ्कुरारोपण मनुष्यगतिमें ही होता है।

पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा इस प्रकृतिके बन्धके कारण सोलह कहे गए हैं। द्रव्यार्थिक नयका अवलम्बन करनेसे एक कारण भी इसके बन्धका हेतु है, दो भी कारण होते हैं, अतः सोलह ही होते हैं या नहीं इस संशयके निवारणके लिए सोलह कारणोंकी गणना सूत्रमें की है।

इन भावनाओंके स्वरूपपर वीरसेनाचार्यने धवलाटीकामें अच्छी तरह विशद विवेचन किया है। उसका मर्म इस प्रकार है—

दर्शनविशुद्धता—यह भावना सोलह कारण भावनाओंमें प्रथम संगृहीत की गई है। इसका भाव तीन मूढता तथा अष्टमलरहित निर्मल सम्यग्दर्शन का लाभ होना है।

शङ्का–यदि इस एक ही भावनासे तीर्थङ्करप्रकृतिका बन्ध होता है, तो सभी सम्यक्त्वी जीव उसका बन्ध क्यों नहीं करते?

समाधान–शुद्ध नयसे मात्र तीन मूढ़ता तथा अष्टमलोंसे व्यतिरिक्तपना ही दर्शनविशुद्धता नहीं है, इसके साथ ही साथ साधु-प्रासुक-परित्यागता, साधु-समाधि संधारणता, साधुवैयावृत्त्य-युक्तता, अरहन्तभक्ति, बहुश्रुतभक्ति, प्रवचनभक्ति, प्रवचनवत्सलता, प्रवचनप्रभावनता, अभीक्ष्ण-ज्ञानोपयोगयुक्तता आदिका भी समावेश होना आवश्यक है। इस प्रकार अन्य भावनाओंका भी संग्रह करनेवाली दर्शनविशुद्धता तीर्थङ्करका बन्ध करती है।

विनयसम्पन्नता भी तीर्थङ्करकर्मको बाँधती है। विनयके ज्ञान, दर्शन तथा चारित्रकी अपेक्षा तीन भेद हैं। ज्ञानविनयमें अभीक्ष्णज्ञानोपयोगयुक्तता, बहुश्रुतभक्ति और प्रवचनभक्ति संगृहीत है। दर्शनविनयका अर्थ है प्रवचनोपदिष्ट सम्पूर्ण तत्त्वोंका श्रद्धान तथा त्रिमूढता और अष्टमलका त्याग करना। इसमें अरहन्त-सिद्धभक्ति, क्षणलवप्रतिबोधनता, लब्धि-संवेगसम्पन्नता तथा प्रवचनप्रभावनताका सद्भाव पाया जाता है। चरित्र विनयमें शीलव्रतेषु-निरतिचारिता, आवश्यकेषु अपरिहीनता, यथाशक्ति तप, साधु-प्रासुक-परित्यागता, साधु-समाधि-सन्धारणता, साधुवैयावृत्त्य योगयुक्तता, प्रवचनवत्सलता संगृहीत है। इस प्रकार अनेक भावनाओंसे समन्वित एक विनयसम्पन्नता रूप भावना तीर्थङ्कर नामकर्मका बन्ध करती है। यह दर्शन तथा ज्ञानकी विनय देव तथा नारकियोंमें कैसे सम्भव हो सकती है? इससे इसे मनुष्योंमें ही कहा है।

---

(१) "अण्णगदीसु किं ण पारंभो होदित्ति वुत्ते ण होदि, केवलणाणोवलक्खियजीवदव्वसहकारि-कारणस्स तित्थयर-णामकम्मबंधपारंभस्स तेण विणा समुप्पत्तिविरोहादो।"–ध० टी० प० ५३९।

शङ्का–जिस प्रकार यहाँ देव-नारकियोंके दर्शन और ज्ञान-विनयका अभाव कहा है उसी प्रकार चरित्र-विनयका अभाव क्यों नहीं कहा है ?

समाधान–ज्ञानदर्शन विनयका विरोधी चारित्र भी नहीं हो सकता। अर्थात् ज्ञानदर्शन विनयके अभावमें चारित्र विनयका भी अभाव होगा। यह बात प्रकट करनेको चारित्र विनयका पृथक् उल्लेख नहीं किया है।

शीलव्रतेषु-निरतिचारतासे भी तीर्थङ्कर नामकर्मका बन्ध होता है। हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील परिग्रहसे विरति होना व्रत है। व्रतका रक्षण करनेवाला शील कहलाता है। मद्यपान, मांसभक्षण, क्रोध, मान, माया, लोभ, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुंसक वेदका अपरित्याग अतिचार कहलाता है। इनका अभाव करना शीलव्रतेषु-निरतिचारता है। इससे तीर्थङ्कर कर्मका बन्ध होता है।

शङ्का–यहाँ शेष पन्द्रह कारण किस प्रकार सम्भव होंगे ?

समाधान–सम्यग्दर्शन, क्षणलवप्रतिबोधनता, लब्धिसंवेगसम्पन्नता, साधुसमाधिसंधारणता, वैयावृत्त्ययोगयुक्तता, साधु-प्रासुकपरित्यागता, अरहन्त-बहुश्रुत-प्रवचनभक्ति, प्रवचनप्रभावनताके विना शीलव्रतेषु-अनतिचारता सम्भव नहीं है। असंख्यात गुणश्रेणियुक्त कर्मनिर्जरामें जो हेतु है, उसे व्रत कहते हैं। सम्यक्त्वके विना केवल हिंसा, असत्य, चौर्य, अब्रह्म तथा परिग्रहके त्यागमात्रसे ही वह गुणश्रेणी निर्जरा नहीं हो सकती, कारण दोनोंके द्वारा होनेवाले कार्यका एकके द्वारा सम्पन्न होनेका विरोध है। षट् द्रव्य नवपदार्थके समूह रूप लोकको विषय करनेवाली अभीक्ष्णज्ञानोपयोगयुक्तताके विना शीलव्रतोंमें कारणभूत सम्यक्त्वकी अनुपपत्ति है। इस प्रकार उसमें सम्यग्दर्शनके समान सम्यक्ज्ञानका भी सद्भाव पाया जाता है। यथाशक्ति तप, आवश्यकापरिहीनता तथा प्रवचनवत्सलत्वरूप चारित्रविनयके विना यह शीलव्रतेषु-निरतिचारिता नहीं बन सकती है। इस प्रकार व्यापक अर्थयुक्त यह भावना तीर्थङ्करनामकर्मके बन्धका कारण है।

आवश्यकेषु-अपरिहीनता–समता, स्तुति, वन्दना, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान तथा व्युत्सर्गके भेदसे आवश्यक छह प्रकार कहा गया है। शत्रु-मित्र, मणि-पाषाण, सुवर्ण-मृत्तिकामें राग-द्वेषका अभाव समता है। अतीत अनागत तथा वर्तमान कालसम्बन्धी पंचपरमेष्ठियोंका भेद न करके 'णमो अरहंताणं' 'णमो सिद्धाणं' इत्यादि द्रव्यस्तुतिका कारण नमस्कार स्तुति कहलाता है। वृषभादि चौबीस तीर्थङ्कर, भरतादि क्षेत्रोंके केवली, आचार्य, चैत्यालयादिकका पृथक् पृथक् रूपसे नमस्कार करना अथवा गुणोंका अनुस्मरण करना वन्दना है। पंच महाव्रतों तथा ८४ लाख उत्तरगुणोंमें लगे हुए कलङ्कोंका प्रक्षालन करना प्रतिक्रमण है। महाव्रतोंके विनाशके कारण अथवा उनमें मलिनता लगानेवाले दोषोंका जिस प्रकार अभाव होगा, उस प्रकार मैं करूँगा इस प्रकार चित्तसे आलोचना करके ८४ लाख व्रतोंकी शुद्धिका प्रतिग्रह करना प्रत्याख्यान है। शरीर, आहारादिकसे मन वचन की प्रवृत्तिको अलग करके ध्येयमें रोकनेको व्युत्सर्ग कहते हैं। इन छह आवश्यकोंकी अपरिहीनता–अखण्डताको आवश्यकापरिहीनता कहते हैं। इसके द्वारा तीर्थङ्करधर्मका बन्ध होता है।

यहाँ शेष कारणोंका अभाव नहीं होता है। दर्शनविशुद्धि, विनयसम्पन्नता, व्रतशीलनिरतिचारता, क्षणलवप्रतिबोधनता, लब्धिसंवेगसम्पन्नता, यथाशक्ति तप, साधु-समाधि-संधारण, वैयावृत्त्ययोगयुक्तता, प्रासुकपरित्यागता, अरहन्त-बहुश्रुत-प्रवचनभक्ति, प्रवचनप्रभावना, प्रवचनवत्सलता, अभीक्ष्णज्ञानोपयोगयुक्तताके विना छह आवश्यकोंकी निरतिचारता नहीं बन सकती है। अतः आवश्यकेषु-अपरिहीनता तीर्थङ्करनामकर्मका चतुर्थ कारण है।

क्षण-लव-प्रतिबोधनता—'क्षणलव' शब्द कालविशेषका द्योतक है। उस[2] कालविशेषमें सम्यग्दर्शन, ज्ञान, व्रत तथा शीलरूप गुणोंका उज्वल करना अर्थात् कलंकका प्रक्षालन करना अथवा व्रतादिकी प्रदीप्ति अर्थात् वृद्धि करना प्रतिबोध है। उसका भाव प्रतिबोधनता है। क्षणलवोंकी प्रतिबोधनताको क्षणलवप्रतिबोधनता कहते हैं। यह अकेली भावना भी तीर्थङ्करनामकर्मका बंध करती है। यहाँ भी पूर्वकी भाँति शेष कारणोंका अंतर्भाव रहता है।

लब्धिसंवेगसंपन्नता-सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चरित्रमें जीवके समागमका नाम लब्धि है। लब्धिके लिए जो संवेग है–वह लब्धिसंवेग[3] है। उसकी संपन्नताको लब्धिसंवेगसंपन्नता कहते हैं। शेष कारणोंके अभावमें इसका सद्भाव नहीं बनता है, कारण उनके अभावका और लब्धिसंवेगसंपन्नताके सद्भावका विरोध है।

यथाशक्ति तप–बल-वीर्यको प्राकृतमें 'थाम' कहते हैं। अनशनादि बाह्य, विनयादि अंतरंग द्वादश प्रकारके तप हैं। शक्तिके अनुसार तप करनेसे तीर्थङ्करकर्मका बंध होता है। यह भावना ज्ञान, दर्शनके बलसे संपन्न धीर पुरुषके होती है तथा दर्शनविशुद्धतादिके अभावमें यह नहीं पाई जा सकती है। इससे अकेली इस भावनाको तीर्थङ्करनामकर्मका कारण कहा है।

साधुप्रासुक-परित्यागता—जो अनंतज्ञान, अनंतदर्शन, अनन्तवीर्य, विरति, क्षायिक सम्यक्त्वकी साधना करता है उसे साधु कहते हैं। प्रासुकका एक अर्थ है 'वह वस्तु, जिससे जीव निकल गए हों', दूसरा अर्थ है निरवद्य-निर्दोष वस्तु। साधुओंको ज्ञान, दर्शन, चरित्रका परित्याग अर्थात् दान प्रासुकपरित्यागता है। ज्ञानदर्शनचरित्रका परित्यागरूप दान गृहस्थोंमें संभव नहीं हो सकता, कारण वहाँ चारित्रका अभाव है। रत्नत्रयका उपदेश भी गृहस्थोंमें नहीं बन सकता है। कारण उनमें दृष्टिवादादि ऊपरके सूत्रोंके उपदेशका अधिकार नहीं है। अतः यह साधु-प्रासुकपरित्यागतारूप कारण महर्षियोंके होता है।

---

(१) "आवलि असंखसमया संखेज्जावलिसमूहमुस्सासो। सत्तुस्सासा थोवो सत्तत्थोवो लवो भणियो॥" —गो० जी०। एक विशेष बात यह है कि महाबन्धकी प्रतिमें 'क्षणलवपडिमज्झणदा' पाठ है, उसकी संस्कृत छाया क्षणलवप्रतिमाध्ययन होगी। इसके सम्बन्धमें सिद्धान्तशास्त्रोंके विशिष्ट विद्वान् पं० वंशीधरजी न्यायालङ्कार इंदौर कहते हैं कि जगत्‌में समवशरणकी विभूति सर्वोत्कृष्ट है, उसकी प्राप्तिमें कारणरूप सोलह भावनाओंमें श्रावक तथा मुनिधर्मसम्बन्धी क्रियाओंका समावेश पाया जाता है। समवशरणमें विद्यमान साक्षात् अरहन्त देवकी पूजाका भाव अरहन्तभक्तिद्वारा निष्पन्न होता है, किन्तु मूर्तिद्वारा देवपूजाका भाव क्षणलवप्रतिमाध्ययन भावनाके द्वारा समर्थित होता है। क्षणलव-काल विशेष पर्यन्त प्रतिमाका अध्ययन–स्वरूप दर्शन, चिन्तन करना क्षणलवप्रतिमाध्ययन है। हमने क्षणलवप्रतिबोधनताका अर्थ वीरसेनाचार्यकी व्याख्यानुसार लिया है, तथा इसी पाठका यत्र तत्र प्रयोग किया है।

(२) "खणलवा णाम कालविसेसा। सम्मद्दंसणणाणवदसीलगुणाणमुज्जालणं कलंकपक्खालणं संधुक्खणं वा पडिवुज्झणं णाम। तस्स भावो पडिवुज्झणदा। खणलवाणं पडिवुज्झणदा खणलवपडिवुज्झणदा॥" —ध० टी० प० ५५४। (३) "संवेगः परमोत्साहो धर्मे धर्मफले चितः।"—पञ्चा०।

(४) यहाँ यदि 'साहूणं' पाठ लिया जाय, तो वह 'साधूनाम्' साधुओंका द्योतक होता है, यदि 'सामाणं' पाठ लिया जाय, तो संस्कृतरूप 'श्रमणानाम्'–श्रमणोंका होगा, श्रमण भी साधु, मुनिका पर्यायवाची है। जब भूतबलि आचार्य एक बार षट्खंडागममें 'साहूणं' पाठ देते हैं और उसीपर वीरसेनाचार्यकी टीका है, तब उक्त आचार्यके द्वारा उक्त आगमके षष्ठ अंश महाबंधमें पुनः आगत सोलह कारण भावना वाले सूत्रमें 'साहूणं' पाठका प्रयोग विशेष उपयुक्त प्रतीत होता है। वैसे साधु और श्रमण परस्पर पर्यायवाची हैं अतः 'सामाणं' पाठ भी अयुक्त नहीं है।

§ ३५. जस्स इणं कम्मस्स उदयेण सदेवासुरमाणुसस्स लोगस्स अच्चणिज्जा पूजणिज्जा

यहाँ भी शेष कारणोंका अभाव नहीं है । अरहंतादिककी भक्ति, नवपदार्थोंका श्रद्धान, शीलव्रतोंमें निरतिचारिताके अभावमें ज्ञान,चारित्रका परित्याग अर्थात् दान असंभव है, कारण इसमें विरोध आता है। अतः केवल इस भावनासे भी तीर्थङ्कर कर्मका बंध होता है ।

साधुसमाधिसंधारणता—ज्ञान, दर्शन, चारित्रमें सम्यक् प्रकारसे अवस्थान होना समाधि है। भले प्रकार धारण करनेको संधारण कहते हैं। साधुओंकी समाधिका भले प्रकार धारण करना साधुसमाधिसंधारण है। किसी कारणसे प्राप्त होनेवाली समाधिको देखकर सम्यक्त्वी प्रवचनवत्सलता, प्रवचनप्रभावना, विनयसंपन्नता, शीलव्रतातिचारवर्जित अरहंतादिकमें भक्तिवश जो धारण करता है, वह समाधिसंधारण है। यहाँ भी शेष कारणोंका अभाव नहीं है, क्योंकि इसका सद्भाव उन कारणोंके अभावमें नहीं बन सकता है ।

वैयावृत्त्ययोगयुक्तता—जिस कारणसे जीव सम्यक्त्व, ज्ञान, अरहन्तभक्ति, बहुश्रुत भक्ति, प्रवचनवत्सलतादिके द्वारा वैयावृत्त्यमें लगता है, उसे वैयावृत्त्ययोगयुक्तता कहते हैं। इस प्रकार अकेली इस भावनासे भी तीर्थङ्करप्रकृतिका बन्ध होता है। यहाँ शेष कारणोंका यथासम्भव अन्तर्भाव जानना चाहिए ।

अरहन्त-भक्ति—घातिया कर्मोंके नाश करनेवाले, केवलज्ञानके द्वारा सम्पूर्ण पदार्थोंके देखने वाले अरहन्त हैं। उनकी भक्तिसे तीर्थङ्करनामकर्मका बन्ध होता है। यह भावना दर्शनविशुद्धतादिके अभावमें नहीं पाई जाती है, कारण इसमें विरोध आयगा ।

बहुश्रुतभक्ति—द्वादशाङ्गके पारगामीको बहुश्रुत कहते हैं । उनमें भक्तिका अर्थ है, उनके द्वारा व्याख्यान किए गए आगमका अनुगमन करना अथवा अनुष्ठानका प्रयत्न करना बहुश्रुत भक्ति है। दर्शनविशुद्धतादिके विना यह सम्भव नहीं है।

प्रवचनभक्ति—सिद्धान्त अर्थात् बारह अङ्गोंको प्रवचन कहते हैं। 'प्रकृष्टस्य वचनं प्रवचनम्' श्रेष्ठ आत्माके वचनोंको प्रवचन कहा है। उनके प्रति भक्तिको प्रवचनभक्ति कहते हैं। इसमें भी शेष कारणोंका अन्तर्भाव रहता है।

प्रवचनवत्सलता—महाव्रती, देशसंयमी तथा असंयत सम्यग्दृष्टिमें प्रेम रखना प्रवचनवत्सलता है। इससे ही तीर्थङ्करनामकर्मका बन्ध कैसे होता है-यह शङ्का नहीं करनी चाहिए, कारण महाव्रतादि आगमिक विषयोंमें गाढ़ानुरागका दर्शनविशुद्धतादिसे अविनाभाव है।

प्रवचनप्रभावनता—प्रवचन अर्थात् आगमकी प्रभावना करनेका भाव प्रवचनप्रभावनता है। उत्कृष्ट प्रवचनप्रभावनाका दर्शनविशुद्धताके साथ अविनाभाव है।

अभीक्ष्णज्ञानोपयोगयुक्तता—अभीक्ष्ण अर्थात् 'बहुबार' भावश्रुत अथवा द्रव्यश्रुतमें उपयोगको लगाना अभीक्ष्णज्ञानोपयोगयुक्तता है । इससे तीर्थङ्करनामकर्मका बन्ध होता है। दर्शनविशुद्धतादिके विना इसकी अनुपपत्ति है।

[1]इन सोलह कारणोंसे तीर्थङ्करनामकर्मका बन्ध होता है। अथवा सम्यग्दर्शनके होने पर शेष कारणोंमेंसे एक दो आदिके संयोगसे भी बन्ध होता है।

§ ३५. इस कर्मके उदयसे सुर असुर तथा मनुष्यलोकके द्वारा अर्चनीय, पूजनीय, वन्दनीय-

(१) महाबन्धमें आगत षोडशकारण भावनाओंके पाठ पर विद्वद्वर पं० बंशीधरजी शास्त्री इन्दौरका यह सुझाव है कि—दर्शनविशुद्धता तथा अभीक्ष्णज्ञानोपयोगयुक्तता नामक भावनाएँ असंयत, देशसंयत, संयतके पाई जाती हैं। विनयसम्पन्नता, शीलव्रतेषु निरतिचारिता,आवश्यकेषु अपरिहीनता,ये तीन भावनाएँ मुख्यतासे मुनियोंको लक्ष्यमें रखकर कही गई हैं तथा क्षणलवपडिमज्झणदा आदि विशेषकर गृहस्थोंको लक्ष्य करके कही गई हैं।

वंदणिज्जा णमंसणिज्जा धम्मतित्थयरा जिणा केवली (केवलिणो) भवंति ।

§ ३६. एवं ओघभंगो पंचिंदियतस० २ भवसि० ।

§ ३७. आदेसेण णिरएसु पंचणाणावरण-छदंसणावरण-सादासादं बारसकसाय-सत्तणोकसायाणं मणुसगइ-पंचिदिंय-ओरालियतेजाकम्मइय-समचदुरससंठाण-ओरालिय० अंगोवंग-वण्ण० ४ मणुसगदिपाओग्गाणुपुव्वि-अगुरुगलहुग०४ पसत्थविहायगदि-तस०४ थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-जसगित्ति-अजसगित्ति-णिमिणं उच्चागोदं पंचंतराइयाणं को बंधको ? सव्वे बंधा, अबंधा णत्थि। त्थीणगिद्धिआदि-पणुवीसं ओघं। मिच्छत्त-णउंसकवेद-हुंडसंठाणं असंपत्तसेवट्टाणं को बंधको० ? मिच्छादिट्ठी बंधा। एदे बंधा अवसेसा अबंधा। मणुसायु ओघं। तित्थयरं को बंधको० ? असंजदसम्मादिट्ठी। एदे बंधा अवसेसा अबंधा। एवं पढम-विदिय-तदियासु। चउत्थि-पंचमि-छट्ठीसु एवं चेव, णवरि तित्थयरं णत्थि। सत्तमाए छट्ठिभंगो, णवरि मणुसायु णत्थि। मणुसगदि-मणुसगदिपाओग्गाणुपुव्वि-उच्चागोदाणं को बंधको ? सम्मामिच्छाइट्ठि-असंजदसम्माइट्ठी । एदे बंधा। अवसेसा अबंधा । तिरिक्खायु० को बं० ? मिच्छाइट्ठी बंधा। एदे बंधा अवसेसा अबंधा।

तथा नमस्करणीय धर्म तीर्थके कर्ता जिन केवली होते हैं।

§ ३६. इस प्रकार पंचेन्द्रिय, पंचेन्द्रिय पर्याप्त, त्रस, त्रसपर्याप्तक तथा भव्यसिद्धिकोंमें ओघवत् भंग जानना चाहिए।

§ ३७. आदेशसे, नारकियोंमें–५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, साता असाता वेदनीय, अनन्तानुबन्धी ४ को छोड़कर शेष १२ कषाय, (स्त्रीवेद, नपुंसकवेद विना) ७ नोकषाय, मनुष्य गति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक-तैजस-कार्माण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक अङ्गोपाङ्ग, वर्ण ४, मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्तविहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र तथा ५ अन्तरायका कौन बन्धक है ? सर्व बन्धक हैं। अबन्धक नहीं हैं। स्त्यानगृद्धि आदि २५ प्रकृतियोंको ओघवत् जानना चाहिए, अर्थात् सासादन गुणस्थान पर्यन्त बन्धक हैं। मिथ्यात्व नपुंसकवेद, हुण्डक संस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहननका कौन बन्धक है? मिथ्यादृष्टि बन्धक है। ये बन्धक हैं, शेष अबन्धक हैं। मनुष्यायुके बन्धकका ओघवत् जानना चाहिये, अर्थात् अविरत गुणस्थान पर्यन्त बन्धक हैं। तीर्थङ्करप्रकृतिका कौन बन्धक है ? असंयत सम्यग्दृष्टि बन्धक है। ये बन्धक हैं। शेष अबन्धक हैं। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पृथ्वी पर्यन्त ऐसा ही जानना चाहिए। चौथी, पाँचवी तथा छठवीं पृथ्वियोंमें इसी प्रकार जानना चाहिए। विशेष, यहाँ तीर्थङ्कर प्रकृति नहीं है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध तीसरी पृथ्वी पर्यन्त होता है।

सातवीं पृथ्वीमें–छठवीं पृथ्वी के समान भंग है। विशेष, यहाँ मनुष्यायु नहीं है। मनुष्यगति, मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्वी तथा उच्चगोत्रका कौन बन्धक है ? सम्यग्मिथ्यात्वी तथा असंयतसम्यग्दृष्टि जीव बन्धक हैं। ये बन्धक हैं। शेष अबन्धक हैं। तिर्यञ्चायुका कौन बन्धक है ? मिथ्यादृष्टि बन्धक है। ये बन्धक हैं। शेष अबन्धक हैं।

---

(१) "विदियगुणे अणथीणति दुभगतिसंठाण संहदिचउक्कं ।
दुग्गमणित्थी-णीचं तिरियदुगुज्जोव तिरियाऊ ॥"– गो० क० गा० ९६ ।

§ ३८. तिरिक्खेसु-पंचणाणावरणं छदंसणावरणं सादासादं अट्ठकसा० सत्तणोक० देवगदि० पंचिंदिय० वेउव्विय-तेजा-कम्म० समचदु० वेगुव्वि० अंगोवंग-वण्ण०४-देवगदिपाओग्गाणुपुव्वि-अगुरुगलहुग०४-पसत्थविहायगदि-तस०४-थिराथिर-सुभासुभसुभग-सुस्सर-आदेज्ज-जसगित्ति-अजसगित्ति-णिमिण-उच्चागोद-पंचंतराइगाणं को बंधको ? मिच्छादिट्ठि याव संजदासंजदा त्ति सव्वे बंधा, अबंधा णत्थि। थीणगिद्धितियं अणंताणुबंधि०४- इत्थिवेद०- तिरिक्खायु-मणुसायु-तिरिक्खगदि-मणुसगदि-ओरालिय० चदुसंठा० ओरालिय० अंगोवंग-पंचसंघडण-दोआणुपुव्वि-उज्जोवं अप्पसत्थविहायगइ-दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-णीचागोदाणं को बंधको ? मिच्छाइट्ठि-सासणसम्माइट्ठी। एदे बंधा, अवसेसा अबंधा। मिच्छत्तदंडओ ओघो। अपच्चक्खाणावरण ४ को बंधको ? मिच्छादिट्ठि याव असंजदसम्मादिट्ठि त्ति। एदे बंधा, अवसेसा अबंधा। देवायु० को बंधको ? मिच्छादि० सासणसम्मा० असंजद० संजदासंजदा त्ति बंधा। एदे बंधा अवसेसा अबंधा।

विशेषार्थ–सातवीं पृथ्वीवाला मरकर नियमसे तिर्यञ्च होता है। इस कारण वहाँ मनुष्यायुका बन्ध नहीं बताया है[२]। मरण मिथ्यात्व गुणस्थानमें ही होता है। तिर्यञ्चायुका बन्ध मिथ्यात्व गुणस्थानमें ही होता है। मनुष्यद्विक तथा उच्चगोत्रका बन्ध मिश्र तथा अविरत-सम्यक्त्व गुणस्थानमें ही होता है, नीचे नहीं होता है।

§ ३८. तिर्यञ्चोंमें–५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, साता, असाता, प्रत्याख्यानावरण तथा संज्वलन रूप ८ कषाय, स्त्रीवेद नपुंसकवेद विना सात नोकषाय, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक, तैजस, कार्माण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक अङ्गोपाङ्ग, वर्ण ४, देवगति प्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु ४, प्रशस्तविहायोगति, त्रस ४ (त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक) स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र तथा ५ अन्तरायोंका कौन बन्धक है ? मिथ्यादृष्टि से लेकर देशसंयमी पर्यन्त सर्व बन्धक हैं। अबन्धक नहीं हैं।

स्त्यानगृद्धित्रिक, अनन्तानुबन्धी ४, स्त्रीवेद, तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु, तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, औदारिक शरीर, ४ संस्थान, औदारिक अङ्गोपाङ्ग, ५ संहनन, दो आनुपूर्वी (तिर्यञ्च-मनुष्यानुपूर्वी), उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय तथा नीचगोत्रका कौन बन्धक है ? मिथ्यादृष्टि तथा सासादन सम्यग्दृष्टि बन्धक हैं। ये बन्धक हैं। शेष अबन्धक हैं। मिथ्यात्व दण्डकमें ओघवत् जानना चाहिए।

विशेष–मिथ्यात्व, हुण्डक संस्थानादि सोलह प्रकृतियाँ मिथ्यात्व दण्डकमें सम्मिलित हैं। उनके बन्धक मिथ्यादृष्टि होते हैं। वे बन्धक हैं। शेष अबन्धक हैं।

अप्रत्याख्यानावरण ४ का कौन बन्धक है ? मिथ्यादृष्टिसे लेकर असंयत सम्यग्दृष्टि पर्यन्त बन्धक हैं। ये बन्धक हैं। शेष अबन्धक हैं। देवायुका कौन बन्धक है ? मिथ्यादृष्टि, सासादन सम्यक्त्वी, असंयत सम्यक्त्वी तथा देश संयमी बन्धक हैं। ये बन्धक हैं। शेष अबन्धक हैं।

(२) "छट्ठो त्ति य मणुवाऊ चरिमे मिच्छेव तिरियाऊ ॥"–गो० क० गा० १०६।

§ ३९. एवं पंचिंदिय-तिरिक्ख०३ । पंचिंदिय-तिरिक्ख-अपज्जत्त-पंच णाणावरणं णव दंसणावरणं सादासादं मिच्छत्त-सोलसकसाय-णवणोकसाय-तिरिक्खमणुसायु-तिरिक्ख-मणुसगइ-पंचिंदिय-ओरालि० तेता (तेजा) कम्म० छस्संठाणं ओरालिय-सरीर-अंगोवंग० छस्संघडण-वण्ण०४-दोआणुपुव्वि-अगुरुगलहुग०४-आदाउज्जोव-दोविहायगदि-तसादिदसयुगलं णिमिणं णीचुच्चागोद-पंचंतराइयाणं को बंधको ? सव्वे ५ बंधा, अबंधा णत्थि ।

§ ४०. एवं सव्व-अपज्जत्ताणं सव्व-एइंदियाणं सव्वविगलिंदियाणं च ।

..........[अत्र अष्टाविंशतितमं पत्रं त्रुटितम् ।]..................................

---

§ ३९. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च पर्याप्तक,पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिमतीमें तिर्यञ्चोंके समान भंग जानना चाहिए ।

पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च-लब्ध्यपर्याप्तकोंमें—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, साता, असाता, मिथ्यात्व, १६ कषाय, ९ नोकषाय, तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु, तिर्यञ्चगति,मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक-तैजस-कार्माण शरीर, ६ संस्थान, औदारिक शरीराङ्गोपाङ्ग, ६ संहनन, वर्ण ४, मनुष्य-तिर्यञ्चानुपूर्वी, अगुरुलघु ४ (अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास), आताप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रसादि दस युगल (त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति) निर्माण, नीचगोत्र, उच्चगोत्र, तथा ५ अन्तरायका कौन बन्धक हैं ? सर्व बन्धक हैं । अबन्धक नहीं हैं।

§ ४०.संपूर्ण लब्ध्यपर्याप्तकों,संपूर्ण एकेन्द्रियों, सर्व विकलेन्द्रियोंमें इसी प्रकार जाननाचाहिए।

[ताड़पत्र नं० २८ नष्ट हो जानेसे इस प्रकरणका आगामी विषय नष्ट होगया है । ग्रंथके प्रकरणसे ज्ञात होता है, कि आचार्य महाराजने देवगति, मनुष्य गति, आदि मार्गणाओंकी अपेक्षा 'बंध सामित्त-विचय' प्ररूपणाका वर्णन दिया होगा । सम्बन्ध मिलानेकी दृष्टिसे श्री गोम्मटसार कर्मकांडके आश्रयसे कुछ प्रकाश डाला जाता है]

मनुष्यगति—यहां मिथ्यात्वादि चौदह गुणस्थान हैं । बन्ध योग्य १२० प्रकृतियाँ हैं । यहाँका वर्णन ओघवत् जानना चाहिए । विशेष यह हैं कि मिथ्यात्व गुणस्थानमें तीर्थङ्कर, आहारकद्विक का बन्ध न होनेसे शेष ११७ प्रकृतियोंका बन्ध होता है । सासादन गुणस्थानमें मिथ्यात्वादि १६ प्रकृतियोंका बन्ध न होनेसे बन्ध १०१ का होता है । मिश्र गुणस्थानमें ६९ का बन्ध होता है। यहाँ सासादन गुणस्थानमें बन्ध-व्युच्छिन्न होनेवाली अनन्तानुबन्धी ४, स्त्यानगृद्धित्रिक आदि २५ प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होगा । इसके सिवाय मनुष्यगति-द्विक, मनुष्यायु, वज्रवृषभनाराच संहनन औदारिक शरीर, औदारिकशरीराङ्गोपाङ्ग इन छह प्रकृतियोंकी भी सासादन गुणस्थानमें बन्धव्युच्छित्ति होती है । साधारणतया इनकी अविरतमें बन्धव्युच्छित्ति होती थी । मिश्र गुणस्थान में आयु का बन्ध न होनेसे देवायु का अबन्ध हो गया । इस प्रकार ३२ प्रकृतियोंके घटानेसे मिश्र गुणस्थानमें ६९ प्रकृतियोंका बन्ध होता है । अविरत सम्यक्त्वीके देवायु तथा तीर्थङ्करका बन्ध प्रारंभ हो जानेसे ७१ का बन्ध होता है । अप्रत्याख्यानावरण ४ का देशविरतमें बन्ध न होनेसे वहाँ ६७ प्रकृतियोंका बन्ध होता है । प्रमत्तगुणस्थान में ६३ प्रकृतियोंका बन्ध है, कारण, यहाँ प्रत्याख्यानावरण ४ का बन्ध नहीं है । अप्रमत्तसंयतके अस्थिर, असाता, अशुभ, अरति, शोक, अयशःकीर्ति इन छहका बन्ध नहीं होगा, किन्तु यहाँ आहारकद्विकका बन्ध होनेसे ५९ का बन्ध होता है । अपूर्वकरणमें ५८ का बन्ध है, कारण, यहाँ देवायुका बन्ध नहीं होता, देवायुकी बन्धव्युच्छित्ति अप्रमत्त गुणस्थानमें हो जाती है । अनिवृत्तिकरणमें

बन्ध योग्य २२ हैं,कारण, अपूर्वकरण,गुणस्थानमें निद्रा, प्रचला, तीर्थंकर, आहारकद्विक आदि ३६ प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति हो जानेसे २२ प्रकृति ही बन्धके लिए शेष रहती हैं। सूक्ष्म-साम्पराय गुणस्थानमें १७ का बन्ध होता है, कारण, अनिवृत्तिकरणमें पुरुषवेद तथा ४ संज्वलन कषायोंकी बन्धव्युच्छित्ति हो जाती है। उपशान्तकषायमें केवल एक सातावेदनीयका ही बन्ध होता है। सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें ५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ५ अंतराय, यशःकीर्ति तथा उच्चगोत्रकी बन्धव्युच्छित्ति हो जाती है। क्षीणकषाय तथा सयोगीजिन पर्यन्त एक सातावेदनीय का ही बन्ध होता है। अयोगकेवलीके बन्ध नहीं है, कारण वहाँ बन्धके हेतुओं का अभाव हो चुका है।

सामान्य मनुष्य, मनुष्य पर्याप्तक, मनुष्यनीमें मनुष्यगतिके समान भंग है।

देवगति–यहाँ नरकगतिके समान भंग है। यहाँ भवनत्रिक तथा सौधर्म, ईशान स्वर्ग पर्यन्त बन्ध योग्य १०४ प्रकृतियाँ हैं। भवनत्रिकमें तीर्थङ्कर का अभाव होनेसे १०३ रह जाती हैं। सामान्य बन्धकी १२० में से मिथ्यात्व,हुण्डकसंस्थान, नपुंसकवेद, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, एकेन्द्रियजाति, स्थावर, आताप, सूक्ष्म, साधारण, अपर्याप्त,विकलत्रय, सुरचतुष्क, आहारकद्विक, नरकद्विक, नरकायु तथा देवायु इन सोलह प्रकृतियोंको घटानेसे १०४ प्रकृतियाँ शेष रहेंगी। भवनत्रिकके समान कल्पवासिनियोंमें १०३ का बन्ध है। सानत्कुमारादि सहस्रार पर्यन्त एकेन्द्रिय, स्थावर तथा आतापको घटानेसे १०१ प्रकृतियाँ बन्ध योग्य रहती हैं। आनतादि ग्रैवेयक पर्यन्त ९७ बन्ध योग्य रहती हैं, कारण,यहाँ तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चानुपूर्वी, तिर्यञ्चायु तथा उद्योत इन शतार चतुष्क नामक प्रकृतियोंका अभाव हो जाता है। अनुदिश अनुत्तर विमानवासी देवोंमें सभी अविरत सम्यग्दृष्टि होते हैं अतः वहाँ बन्ध योग्य ७१ प्रकृतियाँ रहेंगी।

पञ्चन्द्रियोंमें मनुष्यगतिके समान भंग है। त्रसोंमें भी मनुष्यगतिके समान जानना चाहिए। सत्य मन, सत्य वचन, अनुभय मन, अनुभय वचन योगमें सयोग केवली पर्यन्त गुणस्थान होते हैं। यहाँ मनुष्यगतिके समान रचना जाननी चाहिए। असत्य मन,असत्य वचन,उभय मन तथा उभय वचन योगमें क्षीणकषाय पर्यन्त गुणस्थान होते हैं, अतः ओघवत् इनकी रचना जाननी चाहिए। औदारिक काययोगमें मनुष्यगतिके समान जानना चाहिए। औदारिक मिश्र काययोग में १,२,४ तथा १३ वाँ गुणस्थान होता है। इसमें बन्ध योग्य ११४ प्रकृतियाँ हैं,कारण,आहारकद्विक, देवायु, नरकायुका बन्ध नहीं होता है। मिथ्यात्व तथा सासादनमें तीर्थङ्कर तथा सुरचतुष्कका बन्ध नहीं होता है। वैक्रियिक काययोगमें देवोंके ओघवत् जानना चाहिए। वैक्रियिकमिश्रमें इसी प्रकार भंग है। विशेष, यहाँ मनुष्य तथा तिर्यञ्चायुका बन्ध नहीं होता है। आहारक-काययोग में—प्रमत्त संयतके समान ६३ प्रकृतियों का बंध है। आहारक मिश्रमें–देवायुके बन्धका अभाव होनेसे ६२ रहती हैं, कारण 'मिस्सूणे आउस्स'–मिश्र अवस्थामें आयुका बन्ध नहीं होता, ऐसा सामान्य नियम है। कार्मणकाययोग में—औदारिक मिश्रके समान है। यहाँ मनुष्यायु तथा तिर्यञ्चायुका भी अबन्ध होनेसे ११२ बन्ध योग्य हैं।

स्त्री वेदमें–आदिके नव गुणस्थान होते हैं, ओघवत् वर्णन है। पुरुष वेदमें भी इसी प्रकार है। नपुंसक वेदमें भी ऐसा ही जानना चाहिए। कषायोंमें—मिथ्यात्वसे लेकर अनिवृत्तिकरण पर्यन्त ओघवत् भंग हैं। मत्यज्ञान, श्रुताज्ञान तथा विभंगज्ञान में—मिथ्यात्व तथा सासादन गुण-स्थान हैं। यहाँ तीर्थङ्कर तथा आहारकद्विकका बन्ध न होनेसे ११७ बन्ध योग्य हैं। मनःपर्यय ज्ञानमें–प्रमत्तगुणस्थानसे क्षीणकषाय पर्यन्त है। यहाँ आहारकद्विकका बन्ध होनेसे बन्ध योग्य ६५ हैं। आहारकद्विकका उदय मनःपर्यय ज्ञानीके नहीं होता, बन्धका विरोध नहीं है[1]।

(१) "अत्र आहारकद्वयोदय एव विरुध्यते, न च प्रमत्तापूर्वकरणयोस्तद्‌बन्धः।"–गो०क०टी०पृ०११२।

[कालपरूवणा]

....

§४१.········ जहण्णेण एगसमओ,उक्कस्सेण तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि। तित्थयर-जहण्णेण चदुरासीदि-वाससहस्साणि, उक्कस्सेण तिण्णि साग० सादिरेयाणि। पढमाए याव छट्ठित्ति पढमदंड-बंधकालो जहण्णे० दस वाससहस्साणि सागरोवम-

---

केवलज्ञान में— सयोगी जिनके साताका बन्ध है। अयोगीमें बन्ध नहीं है। केवलदर्शनमें ऐसा ही जानना। आभिनिबोधिक-श्रुत-अवधिज्ञानमें-अविरत सम्यक्त्वीके समान ७९ का बन्ध है। अवधिदर्शनमें-अवधिज्ञानका भंग है। असंयममें-आहारकद्विक विना ११८ बन्ध योग्य हैं।

देशसंयममें—ओघवत् भंग है। सामायिक छेदोपस्थापना संयममें— मनःपर्ययज्ञानके समान जानना चाहिए। यहाँ प्रमत्तसंयतसे लेकर अनिवृत्तिकरण पर्यन्त गुणस्थान हैं। परिहार-विशुद्धिमें-प्रमत्त-अप्रमत्तकी ओघवत् रचना जाननी चाहिए। सूक्ष्मसाम्परायमें-ओघवत् है। यथाख्यातमें- ११ वें से १४ वें गुणस्थान पर्यन्त ओघवत् है। चक्षु, अचक्षुदर्शनमें क्षीणकषाय पर्यन्त ओघवत् भंग है।

कृष्णादि लेश्यात्रयमें—आहारकद्विक विना११८बन्ध योग्य हैं। वर्णन आदिके चार गुणस्थानोंके समान जानना चाहिए। पीतलेश्यामें-नरकायु, नरकद्विक, विकलत्रय तथा सूक्ष्मत्रय को छोड़कर १११बन्ध योग्य हैं। अप्रमत्तपर्यन्त ओघवत् भंग है। पद्मलेश्या में-पीतके समान भंग है। यहाँ एकेन्द्रिय, आताप तथा स्थावर का भी अभाव है। शुक्ल लेश्यामें—पद्मवत् भंग है। यहाँ उद्योत, तिर्यञ्चद्विक, तिर्यञ्चायुका बन्ध न होनेसे १०४ बन्धयोग्य हैं। सयोगकेवलीपर्यन्त ओघवत् जानना चाहिए। भव्यसिद्धिकोंमें—ओघवत् हैं। अभव्यसिद्धिकोंमें—मिथ्यात्व गुणस्थान है। तीर्थङ्कर आहारकद्विक विना ११० बन्धयोग्य हैं। उपशम सम्यक्त्वमें—बन्ध योग्य ७७ हैं। यहाँ मनुष्यायु, देवायुका बन्ध नहीं होता है। चतुर्थसे ग्यारहवें पर्यन्त ओघवत् भंग है। वेदक सम्यक्त्वमें—ओघवत् है। ४ थे से ७ वें तक गुणस्थान हैं। क्षायिकमें—ओघवत् भंग जानना चाहिए। संज्ञीमें—ओघवत् है। क्षीणकषायपर्यन्त गुणस्थान हैं। असंज्ञीमें—ओघवत् है। आदिके दो गुणस्थान हैं। आहारकोंमें—ओघवत् वर्णन है। अनाहारकोंमें—१, २, ४, १३. १४, गुणस्थान हैं। नरक-द्विक, आहारकद्विक, देव-नरकायु-मनुष्य-तिर्यञ्चायुका बन्ध न होनेसे ११२ बन्ध योग्य हैं।

काल प्ररूपणा

[ताड़पत्र नं० २८ नष्ट हो जानेके कारण इस प्ररूपणाका प्रारंभिक अंश भी विनष्ट हो गया। प्रकरणको देखते हुए ज्ञात होता है कि यहाँ आदेशकी अपेक्षा नरकगति का वर्णन चल रहा है और ओघ का वर्णन नष्ट हो गया है]

विशेष—यहां एक जीवकी अपेक्षा वर्णन किया गया है।

§४१.नरकगतिमें'''जघन्यसे एक समय,उत्कृष्टसे देशोन तेंतीस सागरोपम है। एक जीवकी अपेक्षा तीर्थंकर प्रकृतिका जघन्य बंधकाल ८४ हजार वर्ष, तथा उत्कृष्ट साधिक तीन सागर प्रमाण है। प्रथम नरकसे छठवें नरक पर्यन्त प्रथम दंडकका बंधकाल जघन्यसे दशहजार वर्ष,

तिण्णि-सत्त-दस-सत्तारस-सागरोवमाणि सादिरेयाणि ।उक्कस्सेण अप्पप्पणो ट्ठिदी कादव्वो (दव्वा)। साद[दं]डगे तिरिक्खगदितिगं पविट्ठं जह० एयस० उक्क० अंतो० । थीणगिद्धिदण्डओ णिरयोघो । णवरि अप्पप्पणो ट्ठिदी भा(भ)णिदव्वा । एवं मिच्छत्त-दंडओ । पुरिसवेददंडओ अप्पप्पणो ट्ठिदी० देसूणा । आयु० ओघं । तित्थयर० पढमाए जहण्णेण चदुरासीदि-वस्स-सहस्साणि, उक्क० सागरो० देसू० । बिदियाए जह० सागरोवम० सादिरेयाणि । उक्क० तिण्णि सागरो०-देसू० । तदियाए जह० तिण्णि साग० सादिरेयाणि । उक्क० तिण्णि साग० सादिरेयाणि। सत्तमाए णेरइ ओघो । णवरि दंसणतियं मिच्छत्तं अणंताणुबंधि० ४ तिरिक्खपगदितियं च जह० अंतो० । मणुस० मणुसाणुपुव्वि० उच्चागो० जह० अंतो० । तित्थयर० णत्थि ।

§ ४२. तिरिक्खेसु पंचणाण० छदंसण० मिच्छ० अट्ठक० भयदु० तेजाक० वण्ण०४ अगुरु०उप० णिमिणं पंचंतराइयाणं बंधकालो जह० खुद्दाभवग्गाहणं, उक्क० अणंतकालं

एक सागर, तीन सागर, सात सागर, दस सागर, सत्रह सागर से कुछ अधिक है तथा उत्कृष्ट अपने २ नरककी स्थिति प्रमाण जानना चाहिए। अर्थात् क्रमशः एक सागर, तीन सागर, सात सागर, दस सागर, सत्रह सागर तथा बाईस सागर प्रमाण है। साता दंडकमें तिर्यंचगति-त्रिक अर्थात् तिर्यंचगति, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी और तिर्यंचायुमें प्रविष्ट जीवका बंधकाल जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे अंतर्मुहूर्त प्रमाण है। स्त्यानगृद्धि दंडकका बंधकाल नरक गतिकी ओघ रचनाके समान है। विशेष यह है कि यहाँ अपनी २ स्थिति कहनी चाहिए।

विशेष—ओघ रचना वाला ताड़पत्रका अंश नष्ट हो गया, अतः ओघ रचना अज्ञात है।

मिथ्यात्व दंडकमें इसी प्रकार जानना चाहिए। पुरुषवेद दंडकमें अपनी २ स्थिति प्रमाण किंतु कुछ कम बंधकाल है।

आयुका बंधकाल ओघके समान है। तीर्थंकर प्रकृतिका बंधकाल प्रथम पृथ्वीमें जघन्यसे चौरासी हजार वर्ष है, उत्कृष्ट देशोन एक सागर है।

विशेषार्थ—इस वर्णनसे विदित होता है, कि तीर्थंकर प्रकृतिका बंधक नरकमें कमसे कम ८४ हजार वर्ष की आयुको प्राप्त करेगा। श्रेणिक महाराजके जीवने नरकमें जाकर ८४ हजार वर्ष की आयु प्राप्त की है। यह जघन्य आयु तीर्थंकर प्रकृतिके साथ होती है।

दूसरी पृथ्वीमें जघन्य साधिक एक सागर, उत्कृष्ट किंचित् ऊन तीन सागर है। तीसरी पृथ्वीमें जघन्य साधिक तीन सागर, उत्कृष्ट साधिक तीन सागर है।

विशेषार्थ-तीसरी पृथ्वीमें यद्यपि सामान्य रूपसे सात सागर प्रमाण उत्कृष्ट स्थिति पाई जाती है किन्तु यहां साधिक तीन सागर प्रमाण कालके वर्णनसे प्रतीत होता है, कि तीर्थंकर प्रकृतिका बंधकाल साधिक तीनसागर प्रमाण होगा।

सातवीं पृथ्वीमें—नारकियोंके ओघवत् जानना चाहिए। विशेष यह है कि दर्शनावरण ३, मिथ्यात्व, अनंतानुबंधी ४, तिर्यंचगतित्रिकका जघन्य बंधकाल अंतर्मुहूर्त है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, उच्चगोत्रका जघन्य काल अंतर्मुहूर्त है। यहां तीर्थंकर प्रकृति नहीं है।

§ ४२. तिर्यंचगतिमें—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, ८ कषाय,भय,जुगुप्सा, तैजस-कार्माण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और ५ अंतरायोंका जघन्यसे बंधकाल

असंखेज्जपोग्गलपरियट्टं। एवं थीणगिद्धितिगं अणंताणु० आदि० (?) अट्ठकसाय ओरालिय०, णवरि जह० एगसमओ। सादासाद-छण्णोकसाय-दोगदि-चदुजादि-पंचसंठाणं ओरालिय० अंगो० छसंघडण-दो आणुपु०-आदाउज्जोव० अप्पसत्थवि० थावरादि० ४ थिरादि दो युग० दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-जसगित्ति-अजसगित्ति जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं। पुरिसवेद-देवगदि-वेउव्वि० समच० वेउव्वि० अंगो० देवाणुपु० पसत्थवि० सुभग० सुस्सर० आदेज्ज० उच्चागोद० जह० एगस०। उक्क० तिण्णि पलिदो०। चदुआयु० तिरिक्खगदि ओघं। पंचिंदिय० परघादुस्सासं तस० ४ जह० एगस०। उक्कस्सेण तिण्णि पलिदोवमाणि सादिरेयाणि। पंचिंदि० तिरिक्ख०३ ओघं। पढमदंडओ जह० खुद्दाभ०। पज्जत्तजोणिणीसु [जहण्णेण] अंतो०। उक्क० तिण्णि पलिदो० पुव्वकोडिपुधत्त०। एवं थीणगिद्धितिगं अट्ठकसा०। णवरि जह० एगस०।

क्षुद्रभव ग्रहण, उत्कृष्टसे अनंतकाल असंख्यात पुद्गल परावर्तन है[1]। स्त्यानगृद्धित्रिक, अनंतानुबंधी आदि आठ कषाय, तथा औदारिक शरीरमें भी इसी प्रकार समझना चाहिए[2]। विशेष यह है, कि यहाँ जघन्य एक समय है। साता-असातावेदनीय, ६ नोकषाय, २ गति, ४ जाति, ५ संस्थान, औदारिक अंगोपांग, ६ संहनन, दो आनुपूर्वी, आताप, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, स्थावरादि ४, स्थिरादि दो युगल, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्तिका जघन्य बंधकाल एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है। पुरुषवेद, देवगति, वैक्रियिक शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक अंगोपांग, देवानुपूर्वी, प्रशस्तविहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रका जघन्य काल एक समय, उत्कृष्ट तीन पल्य है। चार आयु और तिर्यंचगतिका ओघके समान जानना चाहिए। पंचेन्द्रिय जाति, परघात, उच्छ्वास, त्रस ४ का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक तीन पल्य प्रमाण है। पंचेन्द्रिय-तिर्यंच, पंचेन्द्रिय तिर्यंचपर्याप्तक, पंचेन्द्रिय योनिमती तिर्यंचमें—ओघके समान जानना चाहिये। प्रथम दंडकमें जघन्य बंधकाल क्षुद्रभव ग्रहण प्रमाण है। तिर्यंच पर्याप्तक तथा योनिमतियोंमें (जघन्य) अंतर्मुहूर्त, उत्कृष्ट[3] पूर्वकोटि पृथक्त्वाधिक तीन पल्य प्रमाण है।

विशेषार्थ—एक देव, नारकी, मनुष्य अथवा विवक्षित पंचेन्द्रिय तिर्यंचसे विभिन्न अन्य तिर्यंच मरकर विवक्षित पंचेन्द्रिय तिर्यंच हुआ। वहाँ संज्ञी स्त्री, पुरुष, नपुंसक वेदोंमें क्रमसे आठ आठ पूर्वकोटि काल व्यतीत करके तथा असंज्ञी स्त्री, पुरुष, नपुंसकमें पूर्ववत् आठ आठ पूर्व कोटि प्रमाण काल-क्षेप करके पश्चात् लब्ध्यपर्याप्तक पंचेन्द्रिय तिर्यंचोंमें उत्पन्न हुआ। वहाँ अंतर्मुहूर्त रहकर पुनः पंचेन्द्रिय तिर्यंच असंज्ञी पर्याप्तकोंमें उत्पन्न होकर उनमेंके स्त्री, पुरुष, नपुंसकवेदी जीवोंमें पुनः आठ आठ पूर्वकोटि प्रमाण काल व्यतीत करके पश्चात् संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच पर्याप्तक स्त्री और नपुंसक वेदियोंमें आठ आठ पूर्व कोटियां तथा पुरुष वेदियोंमें

---

(१) "तिरिक्खगदीए तिरिक्खेसु मिच्छादिट्ठी केवचिरं कालादो होंति ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टं"–षट्खं० का० ४८। (२) "सासणसम्मादिट्ठी केवचिरं कालादो होंति ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण एगसमओ।"–षट्खं० का० ५, ७, ८। (३) "पंचिंदिय-तिरिक्ख–पंचिंदियतिरिक्खपज्जत्त–पंचिंदियतिरिक्खजोणिणीसु मिच्छादिट्ठी केवचिरं कालादो होंति ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण तिण्णि पलिदोवमाणि पुव्वकोडिपुधत्तेण-ब्भहियाणि।"–षट्खं० का० ५७–५९।

सादर्दंडओ तिरिक्खोघं । णवरि तिरिक्खगदितिगं ओरालियं च पविट्ठं । पुरिसवेददंडओ तिरिक्खोघं । णवरि जोणिणीसु देसूणा। चदु आयु० ओघं । पंचिंदियदंडओ तिरिक्खोघं। पंचिंदिय-तिरिक्ख-अपज्जत्त-पंचणाणा० णवदंसणा०मिच्छत्त-सोलसकसाय-भयदुगुं०ओरालिय० तेजाक० वण्ण० ४ अगुरु० उप० णिमिणं पंचंत० जह० खुद्दा० । उक्क० अंतो० । दो आयु ओघं। सेसाणं जह० एगस० । उक्क० अंतो० । एवं सव्व-अपज्जत्ताणं तसाणं थावराणं च ।

§ ४३. मणुस०३–पंचणा०णवदंस० सोलसक०भयदुगुं० तेजाक०वण्ण०४ अगुरु० उप० णिमिणं पंच०–(पंचंत०) जह० एगस० । [उक्कस्सेण] तिण्णि पलिदो० पुव्वकोडिपुध०। एवं मिच्छ० । णवरि जह० खुद्दा० । पज्जत्तमणुसिणि अंतो० [उक्कस्सेण

सात पूर्वकोटियां भ्रमण करके पश्चात् देवकुरु, वा उत्तरकुरुमें तिर्यंचोंमें पूर्वबद्धायुके वश पुरुष या स्त्री तिर्यंच हुआ तथा तीन पल्योपम काल व्यतीत करके मरा और देव हुआ । इस प्रकार पूर्वकोटि पृथक्त्व वर्ष अधिक तीन पल्य कहे हैं । (ध० टी० का० पृ० ३६७, ३६७)[1]

इसीप्रकार स्त्यानगृद्धित्रिक तथा आठकषायका भी जानना चाहिए। विशेष यह है कि यहाँ जघन्य एक समय है । साता दंडकमें तिर्यंचोंके ओघवत् जानना चाहिए। विशेष तिर्यंचगति, तिर्यञ्चायु, तिर्यञ्चानुपूर्वी तथा औदारिक शरीरमें जानना चाहिए। पुरुषवेद दंडक का तिर्यञ्चोंके ओघवत् है। इतना विशेष है कि योनिमती तिर्यञ्चोंमें कुछ कम जानना चाहिये। चार आयुका बन्ध काल ओघवत् जानना चाहिए। पञ्चेन्द्रिय दंडकमें तिर्यञ्चोंके ओघवत् हैं ।

पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च लब्ध्यपर्याप्तकोंमें—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण,मिथ्यात्व, १६ कषाय,भय, जुगुप्सा औदारिक-तैजस-कार्माण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण तथा पञ्च अंतरायों का बंधकाल जघन्यसे क्षुद्रभवग्रहण, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है[2] ।

मनुष्य तिर्यंचायुका बंधकाल ओघवत् है। शेषका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है। इसप्रकार संपूर्ण अपर्याप्तक त्रसों तथा स्थावरों में जानना चाहिए।

§ ४३. मनुष्य सामान्य, मनुष्य पर्याप्त तथा मनुष्यनियोंमें–५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्माण, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण तथा ५ अंतरायों का जघन्य बंधकाल एक समय, (उत्कृष्ट) पूर्वकोटि पृथक्त्वाधिक तीन पल्य प्रमाण है। इसी प्रकार मिथ्यात्वका भी बंधकाल है। विशेष इतना है कि जहां जघन्य क्षुद्रभव ग्रहण प्रमाण है।[3]

---

(१) यहां बारह भवोंमें से ११ भवोंमें पूर्व कोटिपृथक्त्ववर्ष अर्थात् आठ आठ पूर्व कोटि वर्ष प्रमाण परिभ्रमण का काल और अन्तके बारहवें भवमें सातपूर्व कोटि वर्ष प्रमाण परिभ्रमण करनेका काल मिलकर ९५ पूर्वकोटि वर्ष प्रमाण होता है। इस काल को पूर्वकोटिपृथक्त्व शब्द से ग्रहण किया है।

(२) "पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्ता केवचिरं कालादो होंति ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं।"—षट्खं० का० १५, ६१।

(३) " मणुसगदीए मणुस-मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु मिच्छादिट्ठी केवचिरं कालादो होदि ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं,उक्कस्सेण तिण्णि पलिदोवमाणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि।"–षट् खं०का०६८-७०।

यहां यह विशेष है कि मनुष्य मिथ्यात्वी के ४७ पूर्व कोटि अधिक तीन पल्य है, पर्याप्त मिथ्यात्वी मनुष्य के २३ पूर्वकोटियाँ अधिक हैं। मनुष्यनी मिथ्यादृष्टि के सात पूर्वकोटि अधिक हैं। यथा–"मणुसमिच्छादिट्ठिस्स चे य सत्तेतालपुव्वकोडीओ अहिया होंति, पज्जत्तमिच्छादिट्ठीणं तेवीसपुव्वकोडीयो, मणुसिणि मिच्छादिट्ठीसु सत्त पुव्वकोडीओ अहियाओ।"–ध० टी० का० पृ० ३७३।

तिण्णिपलिदो० पुव्वकोडिपुध०] सादावे० चदुआयु ओघं । असाद०–छण्णोक०-तिण्णिगदि-चदु जादि-ओरालिय०-पंचसंठा०–ओरालिय-अंगोवंग-छसंघ०–तिण्णिआणु०-आदाउज्जो०अप्पसत्थ०-थावरादि०४-थिरादिदोयुग०दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-जसगित्ति-अजसगित्ति-णीचागो० जहण्णेण एगसमओ । उक्क० अंतो० । पुरिस० देवग० ४ समच० पसत्थ० सुभग० सुस्सर० आदेज्ज० उच्चागो० जह० एगस० । उक्क० तिण्णि पलिदो० [५] सादिरे०। मणुसिणीसु देसू० । पंचिंदिय० परघादु० तस० ४ तिरिक्खोघं । आहार० २ जह० एग० । उक्क० अंतो० । तित्थ० जह० एग० । उक्क० पुव्वकोडिदेसूणा ।

§ ४४. देवेसु–पंचणा० छदंसणा०बारसक०भयदुगुं० ओरालिय०तेजाक०वण्ण०४ अगु० ४ बादर-पज्जत्त-पत्तेय० णिमि० पंचंत० जह० दसवस्ससहस्सा० । उक्क० तेतीसं सा० । थीणगिद्धितिग० मिच्छ० अणंताणुबंधि० ४ जह० एगस० [णवरि] मिच्छ० १०

पर्याप्त मनुष्यनीमें जघन्य बंधकाल अंतर्मुहूर्त प्रमाण है। (उत्कृष्ट पूर्वकोटि पृथक्त्वाधिक तीन पल्य है)। सातावेदनीय, चार आयुका बंधकाल ओघवत् जानना चाहिए। असातावेदनीय, ६ नोकषाय, तीन गति,चार जाति,औदारिक शरीर,पांच संस्थान,औदारिक अंगोपांग, छह संहनन, तीन आनुपूर्वी, आताप,उद्योत,अप्रशस्त विहायोगति,स्थावरादि ४,स्थिरादि दो युगल,दुर्भग दुःस्वर अनादेय,यशःकीर्ति,अयशःकीर्ति तथा नीचगोत्रका जघन्य बंधकाल एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है। पुरुषवेद, देवगति ४, समचतुरस्र संस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय तथा उच्चगोत्रका जघन्य एक समय,उत्कृष्ट साधिक तीन पल्य प्रमाण है[1]। विशेष यह है कि मनुष्यनीमें देशोन तीन पल्य है । पंचेन्द्रिय जाति, परघात, उच्छ्वास, त्रस ४ का बंधकाल तिर्यञ्चों के ओघवत् है। आहारकद्विकका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। तीर्थंकरका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट देशोन पूर्वकोटि है। .

§ ४४. देवगतिमें–५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, १२ कषाय, भय,जुगुप्सा, औदारिक, तैजस, कार्माण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, निर्माण तथा पञ्च अंतरायोंका जघन्य दस हजार वर्ष, उत्कृष्ट तेतीस सागर प्रमाण है।

विशेषार्थ–देवोंकी जघन्य उत्कृष्ट आयुकी अपेक्षा यह वर्णन हुआ है।

स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व,अनंतानुबन्धी४ का जघन्य बंधकाल एक समय है।(इतना विशेष है कि) मिथ्यात्वका जघन्य बंधकाल अंतर्मुहूर्त है.किन्तु सबका उत्कृष्ट बंधकाल ३१ सागर प्रमाण है।

१ "असंजदसम्मादिट्ठी केवचिरं कालादो होदि ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण तिण्णि पलिदोवमाणि सादिरेयाणि तिण्णि पलिदोवमाणि देसूणाणि।"–षट् खं० का० ७९–८१ ।

"मणुस–मणुसपज्जत्तएसु सादिरेयाणि तिण्णि पलिदोवमाणि अण्णत्थ देसूणाणि।"–ध०टी०का०पृ०३७७।

पूर्वकोटि आयु के त्रिभाग में मनुष्यायुको बांधनेवाले मनुष्यने अंतर्मुहूर्तमें सम्यक्त्व प्राप्त किया तथा सम्यक्त्व सहित भोग भूमिमें तीन पल्य बिताए और मरकर देव हुआ। इस प्रकार साधिक तीन पल्य है। कुछ कम तीन पल्य प्रमाणकाल मनुष्यनियों में है। कोई मिथ्यात्वी मनुष्य भोगभूमिमें तीन पल्यकी स्थिति वाला मनुष्य हुआ। ९ माह गर्भमें बिताए, पश्चात् ४९ दिनमें सम्यक्त्व लाभ किया और सम्यक्त्वयुक्त शेष तीन पल्य पूर्ण कर मरा और देव हुआ। इस प्रकार ९ माह ४९ दिन कम तीन पल्य प्रमाण काल हुआ।–ध० टी० का० पृ० ३७८।

अंतो० । उक्क० एक्कत्तीसं सा० । सादासाद० छण्णोक० तिरिक्ख० एइंदि० पंचसं० पंचसंघ० तिरिक्खगदिपाओ० आदाउज्जोव-अप्पसत्थवि०-थिरादिदोयुग० दूभगदुस्सर०-अणादेज्ज-जस०-अजस० णीचा० जह० एग० । उक्क० अंतो० । पुरिस० मणुस० पंचिंदि० समच० ओरालिय० अंगो० वज्जरिसहं० मणुसाणु० पसत्थवि० तस० सुभग० सुस्सर० आदेज्ज० उच्चागो० जह० एगस० । उक्क० तेत्तीसं सा० । दो आयु ओघो (ओघं) । तित्थय० जह० वेसाग० सादि० । उक्क० तेत्तीसं सा० । एवं सव्वदेवाणमप्पप्पणो ट्ठिदिकालो णेदव्वो याव सव्वट्ठा त्ति । णवरि भवणवासि-वाण-वेंतर-जोदिसियाणं तित्थयरं णत्थि । सणक्कुमारादि पंचिंदियसंयुतं कादव्वं । एवं एइंदिय थावरि(रं)णत्थि । आणदादितिरिक्खायु-तिरिक्खगदि० ३ णत्थि । मणुसगदि धुवं कादव्वं ।

विशेष—कोई मिथ्यात्वी द्रव्यलिंगी मरकर ३१ सागरकी आयुवाले ग्रैवेयक वासी देवों में उत्पन्न हुआ । वहां उसने जीवन भर मिथ्यात्वादिका बंध किया । इस अपेक्षा३१ सागर प्रमाण बन्धकाल कहा है ।[1]

साता असाता वेदनीय, ६ नोकषाय, तिर्यंचगति, एकेन्द्रिय, पञ्च संस्थान, पञ्च संहनन, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, आताप, उद्योत,अप्रशस्त विहायोगति,स्थिरादि दो युगल,दुर्भग,दुस्वर, अनादेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, नीचगोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है । पुरुषवेद, मनुष्य-गति, पंचेन्द्रिय जाति, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक अंगोपांग, वज्रवृषभ संहनन, मनुष्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, सुभग, सुस्वर, आदेय, उच्चगोत्र का जघन्य एक समय है, उत्कृष्ट ३३ सागर है ।

विशेषार्थ—यह उत्कृष्ट बन्धकालका कथन सर्वार्थसिद्धिके देवों की अपेक्षा है ।

दो आयुका बन्धकाल ओघवत् जानना चाहिए । तीर्थंकर प्रकृति का जघन्य बन्धकाल साधिक दो सागर है, उत्कृष्ट ३३ सागर है ।

विशेषार्थ—देवगति की अपेक्षा तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध कल्पवासी [2]देवोंमें होता है । सौधर्मद्विकमें आयु साधिक द्विसागरोपम है और सर्वार्थसिद्धिमें ३३ सागरोपम है । इस अपेक्षा यहाँ वर्णन किया गया है ।

इस प्रकार सब देवोंमें अपनी अपनी स्थिति-प्रमाण बन्ध का काल सर्वार्थसिद्धि पर्यन्त जानना चाहिए । इतना विशेष है कि भवनवासी, व्यंतर तथा ज्योतिषी देवोंमें तीर्थंकर प्रकृति नहीं है। सनत्कुमारादि देवोंमें पंचेन्द्रियका संयोग करना चाहिए। वहाँ एकेन्द्रिय तथा स्थावर नहीं हैं।

विशेष—सौधर्मद्विकके आगे केवल पंचेन्द्रिय जातिका बन्ध होता है, एकेन्द्रिय, स्थावर प्रकृतिका बन्ध नहीं होता है ।

आनतादि स्वर्गों में—तिर्यंचायु, तिर्यंचगति, तिर्यञ्चानुपूर्वी तथा उद्योत का बन्ध नहीं है । यहाँ मनुष्यगति का ध्रुव रूपसे भंग करना चाहिए । (कारण, यहाँ मनुष्यगतिका ही बन्धहोता है) ।

विशेष—शतारचतुष्टय नामसे ख्यात तिर्यंचायु, तिर्यंचगति, तिर्यंचानुपूर्वी तथा उद्योतका बन्ध शतार सहस्रारसे ऊपर नहीं होता है ।

---

(१) "देवगदीए देवेसु मिच्छदिट्ठी केवचिरं कालादो होदि ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण एक्कत्तीस सायरोपमाणि ।"–षट् ख० का० ८७–८९ ।

(२) "कप्पित्थीसु ण तित्थं''''"–गो० क० गा० ११२ । षट्० टी० भा० १ पृ० ९१, १३१ ।

§ ४५. एइंदिएसु—पंचणा० णवदंसणा० मिच्छ० सोलसक० भयदुगुं० ओरालिय० तेजाक० वण्ण० ४ अगु० उप० णिमिणं पंचंतरा० जह० खुद्दा० । उक्क० अणंतकालम० । बादरे० अंगुल० असं० । सुहुमे असंखेज्जा लोगा । बादरे इंदिय-पज्जत्ता० जह० अंतोमु० । उक्कस्सेण संखेज्जवस्ससहस्सा० । सुहुम-एइंदि० पज्जत्त जहण्णु० अंतोमु० । तिरिक्खगदितियं जह० एयस० । उक्क० असंखेज्जा लोगा । एवं सुहुमबादरे अंगुलस्स असंखे० । पज्जत्ते संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि । सुहुम-पज्ज० जह० एगस० उक्क० अंतोमु० । सेसाणं सादादीणं जह० एयस० । उक्क० अंतोमु० । दो आयु० ओघं । एवं सव्व-एइंदियाणं णेदव्वं ।

§ ४६. विगलिंदियाणं—पंचणा० णवदंसणा० मिच्छत्त० सोलसक० भयदुगुं० ओरालिय-तेजाकम्मइयशरीर-वण्ण० ४ अगुरु० उप० णिमिणं पंचंतराइयाणं जहण्णेण खुद्दाभ० पज्जत्ते अंतोमु०, उक्कस्सेण संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि । दो आयु ओघं । सेसाणं सा[दा] दीणं जह० एयस० । उक्क० अंतोमु० ।

§ ४५ एकेन्द्रियोंमें—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक-तजस-कार्माण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, पांच अंतरायका बन्धकाल क्षुद्रभव [1]प्रमाण जघन्यसे है तथा उत्कृष्ट अनंतकाल प्रमाण जानना चाहिए। बादर एकेन्द्रियमें जघन्यसे अंगुलके असंख्यातमें भाग प्रमाण है। सूक्ष्ममें असंख्यात लोक प्रमाण है।

विशेष—यहाँ 'अंगुल का असंख्यातवां भाग' क्षेत्रकी मर्यादा का द्योतक शब्द, काल के लिए प्रयुक्त हुआ है। इसका तात्पर्य यह है कि आकाशके उक्त क्षेत्रमें जितने प्रदेश आवें उतनी संख्या-प्रमाण समयरूप काल को ग्रहण करना चाहिए।

[2]बादर एकेन्द्रिय पर्याप्तकमें जघन्य बन्धकाल अंतर्मुहूर्त, उत्कृष्ट संख्यात हजार वर्ष प्रमाण है। [3]सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्तकमें जघन्य तथा उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त प्रमाण है।

तिर्यंचगति, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी तथा उद्योतका जघन्य से एक समय, उत्कृष्ट असंख्यात लोक प्रमाण है। इस प्रकार सूक्ष्म बादर एकेन्द्रियोंमें अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाणकाल है। किन्तु इनके पर्याप्तकोंमें संख्यात हजार वर्ष प्रमाण काल है। सूक्ष्मपर्याप्तकोंमें जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त हैं। शेष साता आदि प्रकृतियोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त प्रमाण बंधकाल है। मनुष्य तथा तिर्यंचायुका बन्धकाल ओघवत् जानना चाहिये। इस प्रकार सम्पूर्ण एकेन्द्रियोंमें जानना चाहिये।

§ ४६. विकलेन्द्रियोंमें—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक-तैजस-कार्माण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण तथा ५ अन्तरायोंका जघन्य बन्धकाल क्षुद्रभव प्रमाण है। किन्तु पर्याप्तकों में अन्तर्मुहूर्त्त प्रमाण जघन्यकाल है।

---

(१) "इंदियाणुवादेण एगजीवं पडुच्च जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं, उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जपोग्गल-परियट्टं।"—षट् खं० का० १०७-१०९। (२) "बादरेंदियपज्जत्ता केवचिरं कालादो होंति? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण संखेज्जाणि वाससहस्साणि।"—षट्खं० का० ११३-११५। (३) "सुहुमें-दियपज्जत्ता...एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं"—षट्खं० का० १२२-१२४।

§ ४७. पंचिंदि० तस०२–पंचणा० णवदंसणा० मिच्छत्त० सोलसक० भयदुगुं० तेजाक० वण्ण० ४ अगु० उप० णिमिणं पंचंतरा० जह० खुद्दा० पज्जत्ते० अंतोमु० । उक्क० सागरोवमसह० पुव्वकोडिपुध० । पज्जत्ते सागरोवम-सद-पुध० । तसेसु–वेसाग० सहस्साणि पुव्वकोडिपुध०, पज्जत्ते वेसागरोवमसहस्साणि । सादावे० चदुआयु ओघं । असादा० छण्णोक० णिरयगदि-चदुजादि-आहारदुगं पंच-संठाण-पंचसंघडण-णिरयाणुपुव्वि-आदाउज्जो-अप्पसत्थवि० थावर० ४ थिरादि दोयुग० दूभग० दुस्सर० अणादेज्ज० जस० अज्जस० जह० एग० । उक्क० अंतोमु० । पुरिस० ओघं । तिरिक्खगदितिगं ओरालि० ओरालिय० अंगोवंग० जह० एयस० । उक्क० तेत्तीसं सा० सादिरे० । मणुसगदि० वज्जरि० मणुसाणु० जह० एगस० । उक्क० तेत्तीसं सा० । देवगदि० ४ जह० एयस० । उक्क० तिण्णि पलिदो० सादिरे० । पंचिंदि० परघादुस्सास-तस० ४ जह० एगस० । उक्क० पंचासीदि-

---

उत्कृष्ट संख्यात हजार वर्ष प्रमाण है[1] । मनुष्य तथा तिर्यंच आयुका ओघवत् जानना चाहिये । शेष सातावेदनीय आदि प्रकृतियोंका बन्धकाल जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे अन्तर्मुहूर्त्त प्रमाण है ।

§ ४७. पंचेन्द्रिय, पंचेन्द्रिय-पर्याप्तक, त्रस, त्रस-पर्याप्तकोंमें–५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्माण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण तथा ५ अन्तरायोंका जघन्य बंधकाल क्षुद्रभव प्रमाण है। विशेष यह है कि पर्याप्तकोंमें जघन्य बन्धकाल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है।[2] इनका उत्कृष्टकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वसे अधिक सहस्र सागरोपम है। विशेष यह है कि पर्याप्तकोंमें सागरोपम शतपृथक्त्व प्रमाण है। त्रसोंमें दो हजार सागर पूर्वकोटिपृथक्त्वाधिक है। इनके पर्याप्तकोंमें दो हजार सागरोपम प्रमाण बन्धकाल है। सातावेदनीय तथा आयु ४ का बन्धकाल ओघवत् जानना चाहिये। असातावेदनीय, ६ नोकषाय, नरकगति, ४ जाति, आहारकद्विक, पंच संस्थान, पंच संहनन, नरकानुपूर्वी, आताप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्तक, साधारण, स्थिरादि दो युगल, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्तिका बन्धकाल जघन्य से एक समय, उत्कृष्टसे अन्तमुहूर्त है। पुरुषवेदका बन्धकाल ओघकी तरह जानना चाहिये। तिर्यंचगतित्रिक, औदारिक शरीर, औदारिक अंगोपांगका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक तेतीस सागर है। मनुष्यगति, वज्रवृषभ संहनन, मनुष्यानुपूर्वीका जघन्य एक समय उत्कृष्ट साधिक तेतीस सागर है। देवगति चतुष्क का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक तीन पल्योपम है। पंचेन्द्रिय, परघात, उच्छ्वास,

---

(१) "बीइंदिया-तीइंदिया-चउरिंदिया बीइंदिय-तीइंदिय-चउरिंदियपज्जत्ता केवचिरं कालादो होंति ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं, अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण संखेज्जाणि वाससहस्साणि ।"–षट्खं– का० १२८–१३० ।

(२) "पंचिंदिय-पंचिंदियपज्जत्तएसु मिच्छादिट्ठी केवचिरं कालादो होंति ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण सागरोवमसहस्साणि, सागरोवमसदपुधत्तं ।"–षट्खं० का० १३४–१३६ ।

(३) "तसकाइय–तसकाइयपज्जत्तएसु मिच्छादिट्ठी केवचिरं कालादो होंति ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण वेसागरोवमसहस्साणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि वेसागरोवमसहस्साणि ।" –षटखं० का० १५२–१५७ ।

सागरोवमसदपु० समचदु० पसत्थवि० सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-उच्चागोद० जह० एगस०। उक्क० वेछावट्ठि-सागरो० सादिरे० तिण्णि-पलिदोवमाणि देसूणाणि। तित्थयर० जह० अंतोमु० उक्क० तेत्तीसं सा० सादिरेयाणि।

§ ४८. पंचकायाणं-पंचणा०णवदंसणा०मिच्छत्त०सोलसक०भयदुगुं० ओरालिय-तेजाकम्म० वण्ण०४ अगु० उप० णिमिणं पंचंतरा० जह० खुद्दा०। उक्क० असंखेज्जा लोगा अणंतकालं असंखेज्जा पोग्गलपरि०, अड्ढाइज्ज पोग्गल०। बादरेसु कम्मट्ठिदि अंगुलस्स असंखे० कम्मट्ठिदि०। बादरे पज्जत्ते जह० अंतो०, उक्क० संखेज्जाणि वस्स-सहस्साणि। सुहुमे पज्जत्ते सुहुमएइंदियभंगो। सेसाणं सादादीणं जह० एगस०।

त्रस, बादर, पर्याप्तक, प्रत्येकका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट ८५ सागरोपम शतपृथक्त्व प्रमाण बन्धकाल है। समचतुरस्र संस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय, उच्चगोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक दो छयासठ सागरोपममें कुछ कम तीन पल्योपमसे न्यूनकाल जानना चाहिए। [1] तीर्थंकरका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट साधिक ३३ सागर है।

§ ४८. पंच कायोंमें—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व,१६ कषाय, भयजुगुप्सा, औदारिक,तैजस,कार्माण शरीर,वर्ण४, अगुरुलघु,उपघात,निर्माण तथा पांच अंतरायों का जघन्य बंधकाल [2] क्षुद्रभव है, उत्कृष्ट असंख्यात लोक, अनंतकाल, असंख्यात पुद्गलपरावर्तन, अढ़ाई पुद्गल परावर्तन है। [3] बादरकाय में कर्मस्थिति अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। बादर पर्याप्तकोंमें कर्मस्थिति जघन्य अन्तर्मुहूर्त तथा उत्कृष्ट संख्यात हजार वर्ष प्रमाण है।

विशेषार्थ—यहां 'कर्मस्थिति' शब्दसे केवल दर्शनमोहनीयकी सत्तर कोड़ाकोड़ी सागरोपम उत्कृष्ट स्थितिका ग्रहण हुआ है। दर्शनमोहनीय कर्मकी स्थितिको प्रधानता देनेका कारण यह है कि उसमें सर्व कर्मोंकी स्थिति संगृहीत है। (ध० टी० का० पृ० ४०५)

सूक्ष्म पर्याप्तकोंमें सूक्ष्म एकेन्द्रियके समान भंग है। शेष साता आदि प्रकृतियोंका जघन्य

---

(१) "असंजदसम्मादिट्ठी केवचिरं कालादो होंति? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि।"–षट् खं० का० १३-१५।

(२) "पुढविकाइया आउकाइया तेउकाइया वाउकाइया केवचिरं कालादो होंति? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं उक्कस्सेण असंखेज्जा लोगा।"–षट्खं० का० १३९-४१। (३) "बादरपुढविकाइया बादरआउकाइया बादरतेउकाइया बादरवाउकाइया बादरवणप्फदिकाइयपत्तेयसरीरा केवचिरं कालादो होंति? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं, उक्कस्सेण कम्मट्ठिदी।"–षट्खं०काल०१४२-४४। "बादरपुढविकाइया बादरआउकाइया बादरतेउकाइया बादरवाउकाइया बादरवणप्फदिकाइय-पत्तेयसरीर पज्जत्ता केवचिरं कालादो होंति? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण संखेज्जाणि वास सहस्साणि।"–षट् खं० काल० १४५-४७।

शुद्ध पृथ्वीकायिक पर्याप्तकों की आयु-स्थिति १२ हजार वर्ष है, खरपृथ्वीकायिक पर्याप्तकोंकी २२ हजार है। जलकायिक पर्याप्तकों की ७ हजार वर्ष है, तेजकायिक पर्याप्तकों की तीन दिवस, वायुकायिक पर्याप्तकों की ३ हजारवर्ष, वनस्पतिकायिक पर्याप्तकजीवों की स्थितिका प्रमाण दसहजार वर्ष है। इन आयु की स्थितियोंमें संख्यात हजार बार उत्पन्न होने पर संख्यात सहस्रवर्ष हो जाते हैं।–ध०टी०का०पृ०४०४।

उक्क० अंतो० । दो आयु ओघं । णवरि तेज० वाउ० मणुसगदि० ४ वज्जरिस० [वज्जं] तिरिक्खगदितिगं धुवभंगो ।

§ ४९. पंचमण० पंचवचि०–सव्वपगदीणं बंधे (बंध) कालो जह०एगस० । उक्क० अंतो० । एवं वेउव्विय० आहारका० का[य]जोगि०–पंचणा० णवदंसणा० मिच्छत्त० सोलसक० भयदुगुं० ओरालिय–तेजाक० वण्ण० ४ अगुरु० ४ उपघा० णिमिणं पंचंतरा० जह० एगस० । उक्क० अणंतकालं असंखेज्जपोग्गलपरियट्टं । तिरिक्खगदितिगं ओघं । सेसाणं सादादीणं जह० एगस० । उक्क० अंतोमु० ।

§ ५०. ओरालियकायजोगीसु–पंचणा०णवदंसणा०मिच्छत्त० सोलसक० भयदुगुं० ओरालिय-तेजाक० वण्ण० ४ अगुरु० उप० णिमिणं पंचतरा० जह० एग० । उक्क० बावीस-वस्स-सहस्साणि देसूणाणि । तिरिक्खगदि-तिगं जह० एगस० उक्क० तिण्णि-वस्स-सहस्साणि देसू० । सेसाणं सादादीणं जह० एग० । उक्क० अंतो० ।

§ ५१. ओरालियमिस्स०–पंचणा० णवदंसणा० मिच्छत्त० सोलसक० भयदुगुं० ओरालिय–तेजाक० वण्ण० ४ अगु० उप० णिमिणं पंचंतरा० जह० खुद्दाभव०

एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है । मनुष्यायु तथा तिर्यंचायुका ओघवत् जानना चाहिये । इतना विशेष है कि तेजकाय और वायुकायमें, मनुष्यगति, मनुष्यायु, मनुष्यानुपूर्वी तथा उच्चगोत्र रूप चतुष्क तथा वज्रर्षभनाराच संहनन को (छोड़कर) तिर्यंचगति, तिर्यंचानुपूर्वी तथा तिर्यंचायुका ध्रुवभंग है ।

§ ४९. पांच मनोयोग, पांच वचनयोगमें–सर्व प्रकृतियोंका बन्धकाल जघन्यसे एक समय, उत्कृष्ट से अंतर्मुहूर्त है । वैक्रियिक काययोग तथा आहारक काययोग में–५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक-तैजस–कार्माण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, उपघात, निर्माण, ५ अंतरायका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अनंतकाल, असंख्यात पुद्गल-परावर्तन है । तिर्यञ्चगतित्रिकका ओघवत् है । शेष सातादि प्रकृतियोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है ।

§ ५०. औदारिक काययोगियों में–५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक–तैजस–कार्माण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, तथा ५ अंतरायों का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट कुछ कम २२ हजार वर्ष है ।

विशेषार्थ–एक तिर्यञ्च, मनुष्य या देव २२ हजार वर्ष की आयुवाले एकेन्द्रियों में उत्पन्न हुआ और जघन्य अंतर्मुहूर्तके पश्चात् पर्याप्तियों को पूर्ण किया । इससे अपर्याप्त दशा में औदारिकमिश्रके कालको घटाकर औदारिक काययोग का काल कुछ कम २२ हजार वर्ष रहा । अथवा देवका यहाँ एकेन्द्रियोंमें उत्पाद नहीं कहना चाहिए, कारण, उसके जघन्य अपर्याप्त काल नहीं होगा । (ध० टी० का० पृ० ४११)

तिर्यञ्चगति-त्रिकका जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे तीन हजार वर्षसे कुछ कम है । शेष साता आदि प्रकृतियोंका जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे अन्तर्मुहूर्त है ।

§ ५१. औदारिकमिश्रकाययोग में–५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय,

तिसमऊणं उक्क० अंतो०। दो आयु ओघं। देवगदि० ४ तित्थय० जहण्णु० अंतोमु०। सेसाणं सादासादादीणं जह० एयस० उक्क० (उक्क०) अंतो०।

§ ५२. वेउव्वियमिस्स०-पंचणा०णवदंस०मिच्छत्त० सोलसक० भयदुगुं०ओरालिय-तेजाक० वण्ण० ४ अगु० ४ बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-णिमिण-तित्थयर पंचंत० जहण्णु० अंतो०। सेसाणं सादादीणं जह० एग० उक्क० अंतो०।

§ ५३. आहारमिस्स०-पंचणा०छदंसणा-चदुसंजलण-पुरिसवेद-भयदुगुं० देवगदि० पंचिंदि० वेउव्विय-तेजाक० समचदु० वेउव्विय-अंगो० वण्ण० ४ देवाणु० अगु० ४-पसत्थ०-तस० ४-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-णिमिणं तित्थयं० (य०) उच्चागो० पंचंत०

जुगुप्सा, औदारिक-तैजस-कार्माण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, ५ अन्तरायका जघन्य बंधकाल तीन समय कम क्षुद्रभव प्रमाण है, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—एकेन्द्रिय जीव अधोलोकके अन्तमें तीन मोड़े करके क्षुद्रभव-प्रमाण आयुवाला सूक्ष्म वायुकायिक जीव हुआ। वहाँ ३ समय कम क्षुद्रभवग्रहण कालतक लब्ध्यपर्याप्तक हो जीवित रहकर मरा। पुनः विग्रह करके कार्माणकाययोगी हुआ। इस प्रकार तीन समय कम क्षुद्रभवग्रहण प्रमाण काल सिद्ध हुआ। उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण इसप्रकार जानना चाहिए कि कोई जीव लब्ध्यपर्याप्तकोंमें उत्पन्न होकर संख्यात भवग्रहण प्रमाण उनमें परावर्तन करके पुनः पर्याप्तकोंमें उत्पन्न होकर औदारिककाययोगी बन गया। इन सब संख्यातभवोंका काल मिलकर भी अंतर्मुहूर्तके अन्तर्गत ही रहता है। (ध० टी० का० पृ० ४१९)

दो आयुमें ओघवत् जानना चाहिए। देवगति ४ और तीर्थंकरका जघन्य तथा उत्कृष्ट बन्धकाल अन्तर्मुहूर्त है। शेष साता आदि प्रकृतियोंका जघन्य बन्धकाल एक समय तथा उत्कृष्ट काल उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है।

§५२. वैक्रियिकमिश्र काययोगमें—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक-तैजस-कार्माण शरीर, वर्ण ४ अगुरुलघु ४, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, निर्माण, तीर्थंकर तथा पांच अन्तरायका जघन्य उत्कृष्ट बन्धकाल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—एक द्रव्यलिंगी साधु उपरिमग्रैवेयकमें दो विग्रह करके उत्पन्न हो सर्वलघु अन्तर्मुहूर्तमें पर्याप्तक हुआ अथवा एक भावलिंगी मुनि दो विग्रह करके सर्वार्थसिद्धिमें उत्पन्न हुआ और सर्वलघु अन्तर्मुहूर्तमें पर्याप्त हुआ। इसप्रकार वैक्रियिकमिश्र काययोगमें जघन्य बन्धकाल अन्तर्मुहूर्त है। उत्कृष्ट बन्धकाल भी अन्तर्मुहूर्त इस प्रकार है कि कोई मिथ्यात्वी जीव सातवें नरकमें उत्पन्न हुआ और सबसे बड़े अन्तर्मुहूर्त प्रमाण कालके अनन्तर पर्याप्त हुआ। इसीप्रकार एक नरक-बद्धायुष्क जीव सम्यक्त्वी हो दर्शनमोहका क्षपण करके मरण कर सबसे बड़े अन्तर्मुहूर्त कालमें पर्याप्तियोंकी पूर्णताको करता है। यहाँ दोनोंमें जघन्य कालसे दोनोंका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है। (ध० टी० का० पृ० ४२८-४२९)

शेष साता आदि प्रकृतियोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।

§५३. आहारकमिश्र काययोगमें—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिक, तैजस-कार्माण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक अङ्गोपाङ्ग, वर्ण ४, देवानुपूर्वी, अगुरुलघु ४, प्रशस्त विहायोगति, त्रस ४, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र तथा ५ अन्तरायोंका जघन्य तथा उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।

जहण्णु० अंतो० । णवरि तित्थय० जह०एग० उक्क० अंतो० । सेसाणं सादादीणं जह० एग० उक्क० अंतोमु० ।

§ ५४. कम्मइयका०–देवगदि० ४ तित्थय० जह०एगस०,उक्क०बेसम० । सेसाणं सव्वपगदीणं जह० एग० उक्क० तिण्णिसमया ।

§ ५५. इत्थिवेद०–पंचणा०णवदंस०मिच्छत्तं०(त्त०) सोलसक० भयदुगुं०तेनाक० (तेजाक०) वण्ण० ४ अगु० उप० णिमि० पंचंतरा० जह० एग०, उक्क० पलिदोवम-सदपुधत्तं । णवरि मिच्छ० जह० अंतो० । सादासादा० छण्णंक० (छण्णोक०) दोगदि-चदुजादि-आहारदुगं पंचसंठाण-पंचसंघ० दो-आणुपुव्वि० आदा-उज्जोव-अप्पसत्थवि० थावर० ४ थिरादिदोयुग० दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज० जस० अज्जस० णीचागो० जह० एग०, उक्क० अंतो० । पुरिस० मणुसगदि० पंचिंदि० समचदु० ओरालिय० अंगोवंग-वज्जरिस० मणुसाणु-पसत्थ० तस-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज० उच्चागो० जह० एग० । उक्क०

विशेष यह है, कि तीर्थङ्कर प्रकृतिका जघन्य बन्धकाल एक समय,[1] उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। शेष सातादि प्रकृतियोंका जघन्य बन्धकाल एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।

§५४. कार्माण काययोग में—देवगति ४, तीर्थङ्करका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट दो समय बन्धकाल है। शेष सर्व प्रकृतियोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट तीन समय है।

विशेषार्थ—सासादन या असंयतसम्यक्त्वी कार्माणकाययोगियोंका सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न होनेका अभाव है। वृद्धि और हानिके क्रमसे विद्यमान लोकान्तमें भी इनकी उत्पत्ति नहीं होती। इससे उत्कृष्ट दो समय कहा है। तीन समय प्रमाण बन्धकाल इस प्रकार है–एक सूक्ष्म एकेन्द्रियजीव अधस्तन सूक्ष्म वायुकायिकोंमें तीन विग्रहवाले मारणान्तिक समुद्घातको प्राप्त हुआ। पुनः अन्तर्मुहूर्तसे छिन्नायुष्क होकर उत्पन्न होनेके प्रथम समयसे लगाकर तीन विग्रहोंमें तीन समय तक कार्माणकाययोगी रहकर तथा चौथे समयमें औदारिकमिश्र काययोगी हो गया। तीन विग्रह करने की दिशा इस प्रकार है। ब्रह्मलोकवर्ती प्रदेश पर वाम दिशा सम्बन्धी लोकके पर्यन्त भागसे तिरछे दक्षिण की ओर तीन राजू प्रमाण जा, पुनः १०½ राजू नीचे की ओर इषुगतिसे जाकर, पश्चात् सामने की ओर चार राजू प्रमाण जाकर कोणयुक्त दिशामें स्थित लोकके अन्तवर्ती सूक्ष्मवायुकायिकोंमें उत्पन्न होने वाले के ३ विग्रह होते हैं। (ध० टी० का० ४३४–४३५)

§५५. स्त्रीवेदमें–५ ज्ञानावरण,९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६कषाय,भय,जुगुप्सा, तैजस, कार्माण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण ५ अन्तरायका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट पल्योपम शतपृथक्त्व है। विशेष यह है कि मिथ्यात्वका बन्धकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त है। साता असाता वेदनीय, ६ नोकषाय, दो गति, ४ जाति, आहारकद्विक, पंच संस्थान, ५ संहनन, दो आनुपूर्वी, आताप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर ४,स्थिरादि दो युगल,दुर्भग,दुस्वर,अना-देय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, नीचगोत्रका जघन्य बन्धकाल एक समय, उत्कृष्टसे अन्तर्मुहूर्त है। पुरुषवेद, मनुष्यगति, पंचेन्द्रिय जाति, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक अंगोपांग, वज्रवृषभ

(१) "आहारमिस्सकायजोगीसु पमत्तसंजदा केवचिरं कालादो होंति? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं"–षट् खं० काल० २१३–१६ ।

पणवण्णं पलिदोवमं देसूणं। चदुआयु ओघं। देवगदि० ४ जह० एग०। उक्क० तिण्णि-पलिदोव० देसू०। ओरालिय० परघादुस्सास० बादर-पज्जत्त-पत्तेय० जह० एग०। उक्क० पणवण्णं पलिदो० सादिरे०। तित्थय० जह० एग०। उक्क० पुव्वकोडिदेसू०।

§ ५६. पुरिसवे०–पंचणा० णवदंस० मिच्छत्त० सोलसक० भयदुगुं० तेजाकम्म० बण्ण०४ अगु० उप० णिमि० पंचंतरा०जह० अंतो०। उक्क० सागरोवमसदपुध०। पुरिसवेद ओघं। मणुसगदिपंचगं जह० एगस०। उक्क० तेत्तीसं सा०। देवगदि० ४ जह० एगस०। उक्क० तिण्णि पलिदोवम० सादिरे०। पंचिंदिय-परघादुस्सा० तस० ४ जह० एगस०। उक्क० तेवट्ठिसागरोवमसदं०(द०)। समचदु०पसत्थवि०सुभग-सुस्सर० आदेज्ज० उच्चागो० जह० एग०। उक्क० वेछावट्ठिसाग० सादि० तिण्णि पलिदो० देसू०। सादादि जह० [एग० उक्क० अंतो०]। आयुगचदुक्ख (क्कं) इत्थिभंगो। तित्थयरं ओघं।

संहनन, मनुष्यानुपूर्वी, प्रशस्तविहायोगति, त्रस, सुभग, सुस्वर, आदेय, उच्चगोत्रका जघन्य एक समय, [1]उत्कृष्ट देशोन ५५ पल्योपम प्रमाण है।

विशेषार्थ–एक जीव ५५ पल्य स्थितिवाली देवी रूपसे उत्पन्न हुआ। उसने छह पर्याप्ति पूर्ण की, अन्तर्मुहूर्त विश्राम किया, पश्चात् अन्तर्मुहूर्तमें विशुद्ध होकर वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त किया। पश्चात् जीवन पूर्ण करके मरण किया। अतः उसके तीन अंतर्मुहूर्त कम ५५ पल्योपम प्रमाण काल सम्यक्त्वयुक्त स्त्रीवेदका है, उसमें पुरुषवेदादिका बन्ध करनेके कारण उनका बन्धकाल देशोन ५५ पल्योपम कहा है।

चार आयुका ओघवत् जानना चाहिए। देवगति चतुष्कका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट कुछ कम तीन पल्योपम है। औदारिक शरीर, परघात, उच्छ्वास, बादर, पर्याप्तक, प्रत्येकका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक ५५ पल्योपम है। तीर्थंकर प्रकृतिका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट कुछ कम पूर्वकोटि प्रमाण है।

§५६. पुरुषवेदमें—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्माण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, ५ अन्तरायका जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्टसे सागरोपम शतपृथक्त्व है। पुरुषवेदका बन्धकाल ओघवत् है।

विशेष–इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है कि स्त्री और नपुंसकवेदी जीवोंमें बहुत बार भ्रमण करता हुआ कोई एक जीव पुरुषवेदी हुआ, सागरोपम शत पृथक्त्व काल पर्यन्त भ्रमण करके अविवक्षित वेदको प्राप्त हो गया। (ध० टी० का० पृ० ४४१)

मनुष्यगतिपंचक अर्थात् मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, मनुष्यायु, औदारिक शरीर, औदारिक आंगोपांगका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट ३३ सागर प्रमाण है। देवगति ४ का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक तीन पल्योपम है। पंचेन्द्रिय, परघात, उच्छ्वास, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट ६३०० सागरोपम है। समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय, उच्चगोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक दो

---

(१) "इत्थिवेदेसु असंजदसम्मादिट्ठी केवचिरं कालादो होंति ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण पणवण्णपलिदोवमाणि देसूणाणि। सासणसम्मादिट्ठी ओघं। एगजीवं पडुच्च जहण्णेण एगसमओ।" –षट् खं० का० ५,७, २३०, २३४।

§ ५७.णउंसक०–पंचणा० णवदंसणा० मिच्छत्त० सोलसक० भयदुगुं० ओरालिय० तेजाक० वण्ण० ४ अगु० उप० णिमि० पंचंतरा० जह० एगस०, मिच्छत्तं खुद्दाभ०। उक्क० अणंतकालं-असंखे०। पुरिस० मणुस० समचदु०वज्जरिसहसं० मणुसाणु० पसत्थ० सुभगसुस्सर-आदेज्ज० जह० एगस०। उक्क० तेत्तीसं सा० देसू०। तिरिक्खगदितिगं ओघं। देवगदि० ४ जह० एगस० उक्क० पुव्वकोडिदेसू०। पंचिंदिय० ओरालिय-अंगो० परघादुस्सास-तस० ४ जह० एगस०। उक्क० तेत्तीसं सा० सादिरे०। सादादीणं जह० एग०। उक्क० अंतो०। तित्थय० जह० एग०। उक्क० तिण्णि सागरो० सादिरे०।

§ ५८. अवगद०–पंचणा० चदुदंस० चदुसंज० पु० जस०उच्चागो० पंचंत० जह० एग०। उक्क० अंतो०। सादावे० ओघं।

§ ५९. सुहुमसंप०–पंचणा० चदुदंस० सादा० जस० उच्चा० पंचंत० जह० एग०। उक्क० अंतो०।

छयासठ सागरोपममें कुछ कम तीन पल्य न्यून जानना चाहिए। सातादिकका जघन्यसे [एक समय, उत्कृष्टसे अन्तमुहूर्त प्रमाण है] आयुचतुष्कका स्त्रीवेदके समान भंग है। तीर्थंकरका ओघवत् है।

§५७.नपुंसक वेदमें–५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६कषाय, भय,जुगुप्सा, औदारिक-तैजस-कार्माण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण तथा पाँच अन्तरायोंका जघन्य एक समय[1] है, किन्तु मिथ्यात्वका का क्षुद्रभव प्रमाण है। इनका उत्कृष्ट अनन्तकाल असंख्यात पुद्गल परावर्तन है। पुरुषवेद, मनुष्यगति, समचतुरस्र संस्थान, वज्रवृषभसंहनन, मनुष्यानुपूर्वी, प्रशस्तविहायोगति, सुभग, सुस्वर आदेयका जघन्य बन्धकाल एक समय, उत्कृष्ट कुछ कम तेतीस सागर प्रमाण है।

विशेषार्थ–मोहनीयकी २८ प्रकृतियोंकी सत्तावाला कोई जीव मरणकर सप्तम पृथ्वीमें उत्पन्न हुआ। छह पर्याप्तियोंको पूर्णकर तथा विश्राम ले, विशुद्ध होकर, सम्यक्त्वको प्राप्त किया, एवं आयुके अन्तमुहूर्त शेष रहनेपर मिथ्यात्वको प्राप्तकर आगामी भवकी आयुका बन्ध किया। अन्तमुहूर्त विश्राम करके मरण किया। उसके छह अन्तमुहूर्त कम ३३ सागरप्रमाण बन्धकाल होगा। (ध० टी० काल० ४४३)

तिर्यंचगतित्रिकका ओघके समान भंग है। देवगति ४ का जघन्य बंधकाल एक समय, उत्कृष्ट कुछ कम पूर्व कोटि है। पंचेन्द्रिय, औदारिक आंगोपांग, परघात, उच्छ्वास, त्रस ४ का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक तेतीस सागर है। साता आदिक प्रकृतियोंका जघन्य एक समय,उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है।तीर्थंकर प्रकृतिका जघन्य एक समय,उत्कृष्ट साधिक तीन सागर है।

§५८. अपगत वेदमें–५ ज्ञानावरण, पंच निद्राओंका अभाव होनेसे शेष चार दर्शनावरण, ४ संज्वलन, पुरुषवेद, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र, ५ अंतरायका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है। साता वेदनीयका ओघवत् है।

§५९. सूक्ष्म सांपराय संयम में—५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, सातावेदनीय, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र, ५ अंतरायका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त बंधकाल है।

---

(१) "णवुंसयवेदेसु मिच्छादिट्ठी केवचिरं कालादो होंति ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टं।" –षट् खं० का० २४०, ४२।

§ ६०. कोधादि० ४-पंचणा० चदुदंस० चदुसंज० पंचंत० जहण्णु० अंतो० । सेसाणं जह० एगस० । उक्क० अंतो० । णवरि माणे तिण्णि संज० । मायाए दोण्णि संज० । लोभे०-पंचणा० चदुदंस० लोभसंज० पंचंतरा० जहण्णु०-अंतो० । सेसाणं जहण्णेण एगस० । उक्क० अंतो० ।

§ ६१. अकसाई०-सादावे० ओघं । एवं यथाखादं । एवं चेव केवलणाण-केवलदंसणाणं । णवरि जह० अंतोमु० ।

§ ६२. मदि०-सुद०-पंचणा० णवदं० मिच्छत्तं सोलसक०भयदु०तेजाक० वण्ण० ४ अगु० उप० णिमि० पंचंत०तिण्णि भंगो ओघं । तिरिक्खगदि-तिगं ओघं । मणुसग० मणुसाणुपु० जह० एगस० । उक्क० एक्कतीसं० सादिरे० । देवगदि-वेउव्वियस० समचदु० वेउव्वि० अंगो० देवगदिपाओ० पसत्थ० सुभग० सुस्सर० आदेज्ज० उच्चा० जह० एग० । उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू० । पंचिंदि० ओरालि० अंगो० परघादु०

विशेष-उपशम श्रेणी की अपेक्षा यह काल कहा गया है । क्षपककी अपेक्षा जघन्य और उत्कृष्ट दोनों अंतर्मुहूर्त प्रमाण हैं[1] ।

§६०. क्रोधादि चतुष्कमें-५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, ५ अंतरायका जघन्य और उत्कृष्ट अंतमुहूर्त प्रमाण है । शेषका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है । विशेष यह है कि मानकषायमें तीन संज्वलन, माया कषायमें दो संज्वलनका बंध है । लोभ कषायमें-५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, संज्वलन लोभ, ५ अंतराय का जघन्य और उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त प्रमाण है । शेष प्रकृतियोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है ।

§६१. अकषायियोंमें-सातावेदनीयका ओघवत् बंधकाल है । इसी प्रकार यथाख्यात संयम, केवलज्ञान, केवलदर्शनमें भी जानना चाहिए । इतना विशेष है कि जघन्य बंधकाल अंतर्मुहूर्त है ।

§६२. मत्यज्ञान, श्रुताज्ञानमें-५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्माण, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, ५ अंतरायके तीन[2] भंग ओघवत् जानना चाहिए ।

विशेषार्थ-अभव्यसिद्धिक जीवकी अपेक्षा अनादि अपर्यवसित काल है । भव्यसिद्धिकके मिथ्यात्वका अनादि सपर्यवसित काल है । तीसरा भंग सादि सान्तका है । इसी तीसरे भंगमें जघन्य अंतमुहूर्त और उत्कृष्ट देशोन अर्धपुद्गल परावर्तन प्रमाण काल है । (ध०टी० काल० ३२४-३२५)

तिर्यंचगति-त्रिकका ओघके समान है । मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी का जघन्य एक समय उत्कृष्ट साधिक ३१ सागर प्रमाण बंधकाल है । देवगति, वैक्रियिक शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक अंगोपांग, देवगति प्रायोग्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्र का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट देशोन तीन पल्य प्रमाण है । पंचेन्द्रिय जाति, औदारिक

---

(१) "चउण्हं उवसमा केवचिरं कालादो होंति ? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण एगसमयं, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं, चदुण्हं खवगा एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं ।"-षट् खं० काल० २२-२८ ।

(२) "एगजीवं पडुच्च अणादिओ सपज्जवसिदो, सादिओ सपज्जवसिदो । जो सो सादिओ सपज्जवसिदो तस्स इमो णिद्देसो जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण अद्धपोग्गलपरियट्टं देसूणं ।"-षट्०खं०काल०३१०-३१३ ।

सा० (दुस्सा०) तस० ४ जह० एग० । उक्क० तेत्तीसं सा० सादिरे० । ओरालियस० जह० एग० । उक्क० अणंतकालमसंखे० । आयु ओघं । सेसं जह० एग० । उ० अंतो० ।

§ ६३. एवं मिच्छादिट्ठि० । अब्भवसिद्धि० एवं चेव । णवरि धुवियाणं अणादि-ओ अपज्जवसिदो ।

§ ६४. विभंगे०–पंचणा० णवदंस० मिच्छत्तं सोलसक० भयदुगुं० तिरिक्खगदि० पंचिंदि० ओरालिय-तेजाक० ओरालिय० अंगो० वण्ण० ४ तिरिक्खगदि-पाओ० अगु० ४, तस० ४ णिमिणं णीचा० पंचंत० जह० एग०, मिच्छत्त० अंतो० । उक्क० तेत्तीसं सा० देसू० । मणुसग० मणुसाणु० जह० एग० । उक्क० एक्कतीसं देसू० । आयु ओघं । सेसाणं जह० एगस० । उक्क० अंतो० ।

§६५. आभि० सुद०ओधिणा०–पंचणा०छदंस०चदुसंज०पुरिस०भयदुगुं०पंचिंदि० तेजाक० समचदु० वण्ण० ४ अगु० ४ पसत्थवि० तस० ४ सुभग-सुस्सर-आदे० णिमि० उच्चा० पंचंत० जह० अंतो०, उक्क०छावट्ठि० सागरोव० सादिरे० । सादासा० हस्सरदि०

अंगोपांग, परघात, उच्छ्वास तथा त्रस ४ का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक ३३ सागर है। औदारिक शरीर का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अनंतकाल, असंख्यात पुद्गलपरावर्तन है। आयुका ओघवत् है। शेषका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है।

§६३. इसी प्रकार मिथ्यादृष्टिमें भी जानना चाहिए । अभव्यसिद्धिकोंमें भी इसी प्रकार समझना चाहिए। विशेष यह है, कि अभव्योंमें ध्रुव प्रकृतियोंका बंधकाल अनादि अपर्यवसित अर्थात् अनन्त काल है।

§६४. विभंगावधि में—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, तिर्यंचगति, पंचेन्द्रिय जाति, औदारिक, तैजस, कार्माण शरीर, औदारिक अंगोपांग, वर्ण ४, तिर्यंचगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु ४, त्रस ४, निर्माण, नीचगोत्र और ५ अंतरायोंका जघन्य एक समय, किन्तु मिथ्यात्वी का जघन्य अंतर्मुहूर्त तथा उत्कृष्ट देशोन ३३ सागर है।

विशेषार्थ—एक मिथ्यात्वी सातवीं पृथ्वीमें उत्पन्न होकर अंतमुहूर्तमें पर्याप्तियोंको पूर्ण कर विभंगज्ञानी हुआ। आयुके ३३ सागर पूर्ण कर मरण करके निकला, तब उसका विभंग ज्ञान नष्ट हो गया, कारण अपर्याप्त कालमें विभंग ज्ञानका विरोध है । इस प्रकार उत्कृष्ट बंधकाल देशोन ३३ सागर प्रमाण है। (ध० टी० काल० पृ० ४५०)

मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वीका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट देशोन इकतीस सागर है।

विशेषार्थ—एक द्रव्यलिंगी साधु मरण कर ग्रैवेयकमें उत्पन्न हुआ। ३१ सागरकी आयु प्राप्त की। यहाँ अंतर्मुहूर्तमें पर्याप्त हो विभंगावधिको प्राप्त करके शेष ३१ सागर प्रमाण काल व्यतीत करके मरा। उसके अंतर्मुहूर्त कम ३१ सागर प्रमाण मनुष्यद्विकका बंधकाल होगा।

आयुका ओघके समान बंधकाल है। शेषका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त होता है।

§६५. आभिनिबोधिक, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान में–५ज्ञानावरण, ६दर्शनावरण, ४संज्वलन, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस-कार्माण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, प्रशस्त विहायोगति, त्रस ४, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, उच्चगोत्र तथा ५ अंतरायका जघन्य

अरदि० सो० आहारदुगं थिरादितिण्णि० युग० जह० एग०उक्क० अंतो०। अप्पचक्खाणावर० ४ तित्थयरं जह० अंतो० । उक्क० तेत्तीसं सा० सादि० । अप्पचक्खाणा० (पचक्खाणा०) ४ जह० अंतो० । उक्क० बादालीसं सा० सादि० । अथवा तेत्तीसं सा० सादिरे० परिजदि। दो-आयु ओघं। मणुसगदि-पंचगं जह० अंतो०। उक्क० तेत्तीसं सा० । देवगदि० ४ जह० एग०। [उक्क०] तिण्णि-पलिदो० सादि० ।

§६६. एवं ओधिदं०। एवं चेव सम्मादिट्ठि०। णवरि सादं ओघं।

§६७. मणपज्जव०-पंचणा० छदंसण० चदुसंज०पुरिस०भयदुगुं०देवगदि०पंचिंदि० वेउ०तेजाक०समचदु०वेउव्वि०अंगोवंग०[वण्ण०]४ देवगदि-पाओ०अगु० ४ पसत्थवि० तस० ४ सुभग-सुस्सर-आदेज्ज० णिमिणं तित्थयरं उच्चा० पंचंत० जह० एग०। उक्क० पुव्वकोडिदेसूणा। सादासा० चदुणोक० आहारदुगं० थिरादि-तिण्णि-युग० जह० एग०। उक्क० अंतो०। देवायु ओघं।

§६८. एवं संजदासामाइय-छेदो०। णवरि संजदे सादं ओघं। परिहार-संजदासंजदाणं

अंतमुहूर्त, उत्कृष्ट साधिक ६६ सागर प्रमाण है। साता, असाता वेदनीय,हास्य-रति, अरति-शोक, आहारकद्विक और स्थिरादि तीन युगलका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतमुहूर्त है । अप्रत्याख्यानावरण ४, तीर्थंकरका जघन्य अंतर्मुहूर्त, उत्कृष्ट साधिक ३३ सागर है। प्रत्याख्यानावरण ४ का जघन्य अंतर्मुहूर्त, उत्कृष्ट साधिक ४२ सागर प्रमाण है । अथवा, कुछ अधिक तेतीस सागर जानना चाहिए। दो आयुका ओघके समान है। मनुष्यगति-पंचक का जघन्य अंतमुहूर्त, उत्कृष्ट ३३ सागर है। देवगति ४ का जघन्य एक समय, [उत्कृष्ट] साधिक तीन पल्य है।

§६६. अवधिदर्शनमें-इसी प्रकार जानना चाहिए । सम्यग्दृष्टियोंमें-इसी प्रकार जानना चाहिए। विशेष यह है कि साता वेदनीयका ओघके समान भंग जानना चाहिए।

§६७. मनःपर्ययज्ञानमें-५ ज्ञानावरण,६ दर्शनावरण,४ संज्वलन,पुरुषवेद,भय,जुगुप्सा,देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक-तैजस-कार्माण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक अंगोपांग, [वर्ण ४] देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु ४, प्रशस्तविहायोगति, त्रस ४, सुभग, सुस्वर आदेय, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र और ५ अंतरायका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट कुछ कम पूर्वकोटि है।

विशेषार्थ-एक कोटि पूर्वकी आयुवाले किसी मनुष्यने गर्भकालसे लेकर आठवर्ष अंतर्मुहूर्त प्रमाण काल व्यतीत करके सकल संयमी बन मनःपर्यय ज्ञानको उत्पन्न किया । जीवन भर मनःपर्ययसंयुक्त रहा, किन्तु मरणके अंतमुहूर्त रहने पर नीचेके गुणस्थानमें आकर मरण किया, अथवा आयुके अंतमुहूर्त शेष रहनेपर श्रेणीका आरोहण कर मोहादिका क्षय करके निर्वाण प्राप्त किया। इस प्रकार देशोन पूर्वकोटि प्रमाणकाल है।

साता-असाता वेदनीय, ४ नोकषाय, आहारकद्विक, स्थिरादि तीन युगलका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतमुहूर्त बंधकाल है। देवायुका ओघके समान है।

§६९. इस प्रकार सामायिक, छेदोपस्थापना संयतमें जानना चाहिए। इतना विशेष है कि संयम मार्गणामें साता वेदनीयका ओघवत् जानना चाहिए।

परिहारविशुद्धिसंयतों तथा संयतासंयतोंमें इसी प्रकार जानना चाहिए । विशेष, ध्रुव प्रकृतियोंका जघन्य अंतमुहूर्त है, किन्तु असंयतोंमें ध्रुव प्रकृतियोंका बंधकाल मत्यज्ञानके समान

एवं चेव। णवरि धुविगाणं जह०अंतो०,असंजदे धुविगाणं मदिभंगो। पुरिस० पंचिंदि० सम-चदु० ओरालिय० अंगो० परघादुस्सा० पसत्थवि० तस० ४ सुभग-सुस्सर-आदे० उच्चा० जह०एग०। उक्क० तेत्तीसं सादिरे०। तिरिक्खगदि-तिगं मणुसग० वज्जरिस० मणुसाणु० देवगदि० ४ आयु० तित्थयरं च ओघं। सेसाणं जह० एग०। उक्क० अंतो०।

§६९. चक्खु-दंस० तस-पज्जत्तभंगो। णवरि सादा० जह०। उक्क० अंतो०। अ-चक्खुदं० [ओघ] भंगो।

§७०. किण्ण०णील०काउ०—पंचणा०णवदंस०मिच्छत्त०सोलसक०भयदु०तेजाक० वण्ण० ४ अगु० उप० णिमिणं पंचंत० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सत्तरस-सत्तसा० सादिरे०। सादासा० छण्णोक० दोगदि० चदुजादि० वेउव्वि० पंचसंठा० वेउव्वि० अंगो० पंचसंघ० दो-आणु० आदाउज्जो० अपसत्थ० थावरादि० ४ थिरादि-दोण्णि-युग० दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज० जह० एग०। उक्क० अंतो०। पुरिस० मणुस० समचदु० वज्जरिस० मणुसाणु० पसत्थवि० सुभग० सुस्स० आदेज्ज० उच्चा० जह० एग०। उक्क० तेत्तीसं सत्तार [स] सत्त-साग० देसू०। चदुआयु० जहण्णु० अंतो०।

है। पुरुषवेद, पञ्चेन्द्रिय जाति, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक अंगोपांग, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रस ४, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक ३३ सागर है। तिर्यञ्चगति-त्रिक, मनुष्यगति, वज्रवृषभसंहनन, मनुष्यानुपूर्वी, देवगति, ४ आयु तथा तीर्थंकरका ओघके समान काल है। शेषका जघन्य एक समय,उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है।

§६९. चक्षुदर्शनमें—त्रस पर्याप्तकोंका भंग जानना चाहिए। विशेष यह है कि सातावेदनीयका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त प्रमाण बंधकाल है। अचक्षुदर्शनमें—[ओघवत् है।]

§७०. कृष्ण-नील-कापोत लेश्यामें—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस-कार्माण, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात,निर्माण तथा ५ अंतरायोंका जघन्य बंधकाल अंतर्मुहूर्त, उत्कृष्ट ३३ सागर है, १७ सागर है, सात सागर प्रमाण है।

विशेषार्थ—नीललेश्याधारी कोई जीव कृष्णलेश्यायुक्त हो उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त प्रमाण विश्राम कर मरण करके सातवीं पृथ्वीमें ३३ सागरप्रमाण कृष्णलेश्यासहित रहा। मरण कर अन्तर्मुहूर्त कालपर्यन्त भावनावश वही लेश्या रही। इस कारण दो अन्तर्मुहूर्तोंसे अधिक ३३ सागरोपम कृष्णलेश्याका उत्कृष्ट काल रहा। मिथ्यात्वादिका बन्धकाल भी इसी प्रकार जानना चाहिए। इसी प्रकार पाँचवीं पृथ्वीमें उत्पत्तिकी अपेक्षा नीललेश्यामें साधिक १७ सागर तथा तीसरे नरककी अपेक्षा कापोत लेश्यामें साधिक सात सागर प्रमाण बन्धकाल कहा है। (ध०टी०काल०४५७-४५८)

साता-असाता वेदनीय, ६ नोकषाय, दो गति, ४ जाति, वैक्रियिक शरीर, ५ संस्थान, वैक्रियिक अंगोपांग, ५ संहनन, दो आनुपूर्वी, आताप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावरादिचतुष्क, स्थिरादि दो युगल, दुर्भग, दुस्वर, अनादेयका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त काल है। पुरुषवेद, मनुष्यगति, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रवृषभनाराचसंहनन, मनुष्यानुपूर्वी, प्रशस्त-विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रका बन्धकाल जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे देशोन ३३ सागर १७ सागर तथा ७ सागर है।

विशेषार्थ—कोई २८ मोहनीयकी सत्ता युक्त मिथ्यात्वी जीव तीसरी, पाँचवी तथा सातवीं पृथ्वीमें उत्पन्न हुआ। वहाँ पर्याप्ति पूर्ण करके दूसरे अंतर्मुहूर्तमें विश्राम लिया। तथा तीसरेमें विशुद्ध होकर चौथे अन्तर्मुहूर्तमें वेदक सम्यक्त्व धारण किया और तीसरी तथा पाँचवी पृथ्वीमें

तिरिक्खगदि-पंचिंदि० ओरालि० ओरालि० [अंगो०] तिरिक्खाणु० तस० ४ णीचा० जह० एग० । उक्क० तेत्तीसं-सत्तारस-सत्तसागरो० सादिरे० । णवरि तिरिक्खगदि-तिगं णील० काउ० साद० भंगो । किण्ण० णील० तित्थयरं जहण्णु० अंतो० । काउ० जह० अंतो० । उक्क० तिण्णि साग० सादिरे० ।

§७१. तेउ०–पंचणा० णवदंस० मिच्छ० सोलसक० पुरिस० भयदु० मणुसगदि० पंचिंदि० तेजाक० समचदु० ओरालि० अंगो० वज्जरिस० वण्ण० ४ मणुसाणु० अगु० ४ पसत्थ० तस० ४ सुभग-सुस्सरादेज्ज० णिमि० तित्थय० उच्चा० पंचंतरा० जह० अंतो० । थीणगिद्धितिगं० अणंताणुबं० ४ एय० । उक्क० बेसागरोव० सादिरे० । णवरि केसिंच जह० एगस० । तिण्णि आयु० देवगदि० ४ जहण्णु० अंतो० । ओरालिय० जह० दसवस्स-सहस्साणि देसू० अथवा पलिदोवमं सादि० । उक्क० बेसागरोव०

सात तथा १७ सागर प्रमाण क्रमशः पुरुषवेदादिका बन्ध किया, पश्चात् मरण किया। अतः सात तथा सत्रह सागरमें मिथ्यात्व दशाके तीन अन्तर्मुहूर्त कम होते हैं। सातवीं पृथ्वीमें ६ अन्तमुहूर्त कम होते हैं। कारण वहाँसे मिथ्यात्वके विना निर्गमन नहीं होता है। मरणके एक अंतमुहूर्त शेष रहनेपर मिथ्यात्व गुणस्थानको प्राप्त हुआ। दूसरे अंतमुहूर्तमें आयुबन्ध किया, तीसरेमें विश्राम किया, बादमें निर्गमन किया। इस प्रकार पूर्वके तीन और पश्चात्के तीन इस प्रकार ६ अन्तमुहूर्त कम तेतीस सागर प्रमाण बन्धकाल है। (ध० टी० काल० ३५९, ३६२)

चार आयुका जघन्य तथा उत्कृष्ट काल अंतमुहूर्त प्रमाण है। तिर्यंचगति, पंचेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, औदारिक [अंगोपांग] तिर्यंचानुपूर्वी, त्रस ४ तथा नीच गोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक ३३ सागर है, १७ सागर तथा ७ सागर है। विशेष यह है कि तिर्यंचगतित्रिकका नील तथा कापोत लेश्यामें साता वेदनीयकी भाँति काल समझना चाहिये। कृष्ण नील लेश्यामें तीर्थंकर प्रकृतिका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तमुहूर्त है। कापोत लेश्यामें जघन्य अन्तमुहूर्त उत्कृष्ट साधिक तीन सागर है।

§७१. तेजोलेश्यामें–५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पंचेन्द्रिय जाति, तैजस, कार्मण, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक अंगोपांग, वज्रवृषभ नाराचसंहनन, वर्ण ४, मनुष्यानुपूर्वी, अगुरुलघु ४, प्रशस्त विहायोगति, त्रस ४, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र तथा ५ अन्तरायका जघन्य अन्तमुहूर्त है। स्त्यानगृद्धित्रिक, अनन्तानुबन्धी ४ का जघन्य एक समय, तथा पूर्वोक्त ज्ञानावरणादि सबका उत्कृष्ट बन्धकाल साधिक दो सागर है। विशेष यह है कि किन्हीं आचार्योंके मतसे उपरोक्त जघन्य रूपसे अन्तमुहूर्त बन्धकाल वाली ज्ञानावरणादि प्रकृतियोंका जघन्य काल एक समय प्रमाण है।

विशेषार्थ–एक मिथ्यात्वी कापोत लेश्याके कालक्षयसे तेजोलेश्यावाला हो गया। उसमें अन्तमुहूर्त प्रमाण रहकर मरा। सौधर्म कल्पमें पल्योपमके असंख्यातवें भागसे अधिक दो सागर प्रमाण जीवित रहकर च्युत हुआ। उसकी तेजोलेश्या नष्ट हो गयी। इस प्रकार पूर्वके अन्तमुहूर्तसे अधिक सौधर्म कल्पकी स्थिति प्रमाण कापोतलेश्या रही। इस दृष्टिको लक्ष्यमें रखकर मिथ्यात्वादिका उत्कृष्ट बन्धकाल कहा गया है। (ध० टी० काल० पृ० ४६३)

तीन आयु, देवगति ४ का जघन्य उत्कृष्ट अन्तमुहूर्त प्रमाण है। औदारिक शरीरका जघन्य, बन्धकाल कुछ कम १० हजार वर्ष अथवा साधिक पल्य है। उत्कृष्ट साधिक दो सागर

सादिरे० । सेसाणं जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

§७२ पम्माए–पंचणा० णवदंसण० (णा०) मिच्छत्तं सोलसक० पुरिस० भयदुगुं० मणुसग० पंचिंदि० तेजाक० समचदु० वज्जरिसह० वण्ण० ४ मणुसाणु० अगुरु० ४ पसत्थवि० तस० ४ सुभग-सुस्सर-आदे० णिमि० उच्चागो० तित्थयरं पंचंतरा० जह० अंतो० । थीणगिद्धि० अणंताणु० ४ एगसं० (स०)। उक्क० अट्ठारस० सादि० । णवरि केसिंच एगस० । ओरालि० ओरालि० अंगो० जहण्णे० बेसाग० सादिरे० । उक्क० अट्ठारस० सादिरे० सेसं तेउभंगो । णवरि एइंदि० आदाव-थावरं णत्थि ।

§७३.सुक्काए–पंचणा०छदंसण०(णा०)बारसक०पुरिसवे०भयदु०तेजाकम्म०समचदु० वण्ण० ४ अगु० पसत्थवि० तस० ४ सुभग-सुस्सर-आदेज्ज० णिमिणं तित्थयरं० उच्चा० पंचंतरा० जह० एग० । धुविगाणं अंतो०, उक्क० तेत्तीसं० सादिरे० । थीणगिद्धितिगं अणंताणु० ४ जह० एग०, मिच्छ०अंतो० । उक्क० एक्कत्तीसं०सादि० । दो आयु० सादा-

---

है । शेषका जघन्य एक समय उत्कृष्ट अन्तमु हूर्त है ।

§७२. पद्मलेश्या में–५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण,मिथ्यात्व, १६ कषाय,पुरुषवेद,भय,जुगुप्सा, मनुष्यगति, पंचेन्द्रिय जाति, तैजस-कार्माण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रवृषभसंहनन, वर्ण ४, मनुष्यानुपूर्वी, अगुरुलघु ४, प्रशस्त विहायोगति, त्रस ४, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, उच्चगोत्र, तीर्थंकर और ५ अंतरायों का जघन्य बंधकाल अंतर्मुहूर्त है । स्त्यानगृद्धित्रिक, अनंतानुबंधी ४ का जघन्य एक समय, तथा पूर्वोक्त ज्ञानावरणादि सबका उत्कृष्ट साधिक १८ सागर है । विशेष, उपरोक्त ज्ञानावरणादि प्रकृतियों का जघन्य काल किन्हीं आचार्यों के मतमें अंतमु हूर्तकी जगह एक समय प्रमाण है ।

विशेषार्थ–वर्धमान तेजोलेश्यावाला कोई एक मिथ्यात्वी जीव अपने कालके क्षीण होने पर पद्मलेश्यावाला हो गया । उसमें अंतमु हूर्त रहकर मरा और शतार-सहस्रारस्वर्गवासी देवोंमें जाकर पल्योपमके असंख्यातवें भागसे अधिक १८ सागर जीवित रहकर च्युत हुआ, तब पद्मलेश्या नष्ट हो गयी । उसकी अपेक्षा इस लेश्यामें ज्ञानावरणादिका उत्कृष्ट बंधकाल कहा है ।

औदारिक शरीर, औदारिक अंगोपांग का जघन्य साधिक दो सागर, उत्कृष्ट साधिक १८ सागर है । शेष प्रकृतियोंका बंधकाल तेजोलेश्याके समान जानना चाहिए । विशेष यह है कि पद्मलेश्यामें एकेन्द्रिय, आताप और स्थावरका बंध नहीं है ।

§७३. शुक्ललेश्यामें–५ ज्ञानावरण,६ दर्शनावरण, १२ कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा,तैजस-कार्माण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्ण ४, अगुरुलघु, प्रशस्तविहायोगति, त्रस ४, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र तथा ५ अंतरायोंका जघन्य बंधकाल एक समय है । ध्रुव प्रकृतियों का जघन्य अंतर्मुहूर्त है । इनका उत्कृष्ट साधिक ३३ सागर है ।

विशेषार्थ–एक मनुष्य शुक्ललेश्यासहित अंतमु हूर्त रहकर मरा और सर्वार्थसिद्धिमें ३३ सागर पर्यन्त शुक्ललेश्यायुक्त रहा । पश्चात् मरण किया । इस प्रकार शुक्ललेश्याका उत्कृष्ट काल अंतमु हूर्त अधिक तेतीस सागर प्रमाण रहा (ध० टी० काल० ३४७, ४७३)

स्त्यानगृद्धित्रिक तथा अनंतानुबंधी ४ का जघन्य एक समय, मिथ्यात्वका जघन्य बंधकाल अंतमु हूर्त प्रमाण है, तथा इनका उत्कृष्ट साधिक ३१ सागर है ।

दीणं च ओघं। मणुसग० ओरालिय० ओरालिय० अंगो० मणुसाणु० जह० अट्ठारस० सादिरे०, उक्क० तेत्तीसं० । वज्जरिसभ० जह० एग०। उक्क० तेत्तीसं० । सेसाणं जह० एग०, उक्क० अंतोमुहुत्तं।

§७४. भवसिद्धिया ओघं। णवरि अणादिओ अपज्जवसिदो णत्थि।

§७५. खइगं–आभिणि-भंगो। णवरि धुविगाणं जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं० सादिरे०। मणुसगदि- पंचगं जह० चदुरासीदि-वस्स-सहस्साणि, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि। सादावे० दो आयु० देवगदि० ४ ओघं।

§७६. वेदगसं०–धुविगाणं जह० अंतो०, उक्क० छावट्ठिसाग०। मणुसगदिपंचगं जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा०। देवगदि० ४ जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि-पलिदोवमाणि

विशेषार्थ–एक द्रव्यलिंगी मिथ्यादृष्टि साधु मरणके समीपमें अंतमुहूर्त पर्यन्त शुक्ल-लेश्या धारण कर मरा और द्रव्यसंयमके प्रभावसे उपरिम ग्रैवेयकमें शुक्ललेश्या युक्त ३१ सागर की आयुवाला अहमिन्द्र हुआ और अपनी स्थिति पूर्ण होने पर उसी क्षण शुक्ललेश्या रहित होकर च्युत हुआ। उसके प्रथम अंतर्मुहूर्त अधिक ३१ सागर प्रमाण बंधकाल होगा। (ध. टी. काल. पृ० ४७२)

दो आयु तथा साता आदिक प्रकृतियोंका बंधकाल ओघके समान है। मनुष्यगति, औदारिक-शरीर, औदारिक अंगोपांग, मनुष्यानुपूर्वीका जघन्य बंधकाल साधिक १८ सागर तथा उत्कृष्ट ३३ सागर है।

विशेषार्थ–यहाँ शतार सहस्रार स्वर्गकी अपेक्षा साधिक १८ सागर कहा है और सर्वार्थ-सिद्धिकी अपेक्षा ३३ सागर बंधकाल बताया है।

वज्रवृषभ संहननका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट ३३ सागर है। शेष प्रकृतियोंका जघन्य बंधकाल एक समय और उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त प्रमाण है।

§७४. भव्यसिद्धिकों में—ओघके समान है। विशेष, यहाँ अनादि अनंत रूप भंग नहीं है।

§७५. क्षायिकसम्यक्त्व में—आभिनिबोधिक ज्ञानके समान भंग है। विशेष ध्रुव प्रकृतियोंका जघन्य बंधकाल अंतर्मुहूर्त तथा उत्कृष्ट साधिक ३३ सागर है[1]। मनुष्यगति ५ का जघन्य ८४ हजार वर्ष और उत्कृष्ट ३३ सागर है। साता वेदनीय, २ आयु, देवगति ४ का ओघके समान है।

§७६. वेदकसम्यक्त्वमें ध्रुव प्रकृतियोंका जघन्य बंधकाल अंतर्मुहूर्त, उत्कृष्ट ६६ सागर है।

विशेष–वेदकसम्यक्त्वकी उत्कृष्ट स्थिति ६६ सागर प्रमाण है। इससे ध्रुव प्रकृतियोंका बंधकाल भी उतना ही कहा है।

मनुष्यगति ५ का जघन्य बंधकाल अंतर्मुहूर्त और उत्कृष्ट ३३ सागर है। देवगति ४ का

---

(१) "असंजदसम्मादिट्ठी केवचिरं कालादो होति? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण तेत्तीससागरोवमाणि सादिरेयाणि।......खइयसम्मादिट्ठीसु असंजदसम्मादिट्ठिप्पहुडि जाव अजोगिकेवलि त्ति ओघं।"–षट्खं० काल० १४,१५,३१७।

देसूणाणि। सेसं ओधिभंगो।

§७७. उवसम०–पंचणा० छदंस० बारसक० पुरिस० भयदुगुं० मणुसगदिपंचगं पंचिंदिय० तेजाकम्म० समचदु० वण्ण० ४ अगु० ४ पसत्थवि० तस० ४ सुभग-सुस्सर-आदे० णिमिणं तित्थयरं उच्चागो० पंचंत० जहण्णुक्क० अंतो०। सेसाणं पगदीणं जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं।

§७८. सासणे–पंचणा० णवदंसण०(णा०)सोलसक०भयदु० तिण्णिगदि० पंचिंदि० चदुसरी० समचदु० दो-अंगो० वण्ण० ४ तिण्णि-आणुपुव्वि० अगु० ४ पसत्थवि०। तस० ४ सुभग-सुस्सर-आदे० णिमिणं णीचुच्चागो० पंचंतरा० जह० एग०, उक्क० छाव-

---

जघन्य अंतर्मुहूर्त और उत्कृष्ट कुछ कम तीन पल्य है। शेष प्रकृतियोंका अवधिज्ञानके समान बंधकाल है।

§७७. उपशमसम्यक्त्वमें—५ ज्ञानावरण, स्त्यानगृद्धित्रिक के विना ६ दर्शनावरण, १२ कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति ५, पंचेन्द्रिय जाति, तैजस-कार्माण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, प्रशस्त विहायोगति, त्रस ४, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर तथा उच्चगोत्र एवं ५ अंतरायोंका जघन्य और उत्कृष्ट बंधकाल अंतर्मुहूर्त प्रमाण है[1]। शेष प्रकृतियोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—असंयतसम्यक्त्वी अथवा देशसंयमीकी अपेक्षा उपशमसम्यक्त्वका जघन्य और उत्कृष्ट काल अंतर्मुहूर्त है। प्रमत्तसंयतसे लेकर उपशांतकषाय वीतरागछद्मस्थ पर्यंत एक जीवकी अपेक्षा जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अंतर्मुहूर्त प्रमाण है। (ध. टी. काल. ४८२–४८४)

§७८. सासादनसम्यक्त्व में—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, तीन गति (नरकगति रहित) पंचेन्द्रिय जाति, ४ शरीर, समचतुरस्र संस्थान, दो अंगोपांग, वर्ण ४, तीन आनुपूर्वी, अगुरुलघु ४, प्रशस्त विहायोगति, त्रस ४, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, नीच-उच्च-गोत्र तथा ५ अंतरायोंका [2]जघन्य बंधकाल एक समय और उत्कृष्ट ६ आवली प्रमाण है।

विशेषार्थ—कोई उपशमसम्यक्त्वी उपशमसम्यक्त्वका एक समय शेष रहनेपर सासादन गुणस्थानको प्राप्त हुआ, उसकी अपेक्षा सासादनका जघन्य काल एक समय प्रमाण है। कोई उपशमसम्यक्त्वी उपशमसम्यक्त्वका छह आवली प्रमाणकाल शेष रहनेपर सासादनमें आ गया। वहाँ छह आवली-प्रमाण काल व्यतीत कर मिथ्यात्वमें पहुँचा। इसप्रकार जघन्य बंधकाल एक समय और छह आवली कहा है।

---

(१) "उवसमसम्मादिट्ठीसु असंजदसम्मादिट्ठी संजदासंजदा केवचिरं कालादो होंति ? एकजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं। पमत्तसंजदप्पहुडि जाव उवसंतकसायवीदरागछदुमत्थात्ति केवचिरं कालादो होंति ? एकजीवं पडुच्च जहण्णेण एगसमयं। उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं।" –षट् खं० काल० ३१९–२४।

(२) "एकजीवं पडुच्च जहण्णेण एगसमओ उक्कसेण छआवलियाओ।" –षट्०खं०काल० ७, ८।

लियाओ। तिण्णि-आयु० ओघं। सेसाणं जह० एगस०, उक्क० अंतो०।

§७९.सम्मामि०-सादासा० चदुणोक० थिरादि-तिण्णि युग० जह० एग०, उक्क० अंतो०। सेसाणं जहण्णु० अंतो०।

§८०. सण्णि०-धुविगाणं जह० खुद्दाभ०, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं। सेसं पंचिंदियपज्जत्तभंगो। णवरि सादि ओधिभंगो। ५

§८१.असण्णीसु-पंचणा० णवदंस० मिच्छ० सोलसक०भयदु० तेजाकम्म० वण्ण० ४ अगुरु० णिमिणं पंचंतरा० जह० खुद्दाभ०। उक्क० अणंतकालं, असंखे०। चदु-आयु० तिरिक्खगदि-तिगं ओरालि० ओघं०। सेसाणं जह० एग०, उक्क० अंतो०।

तीन आयुका ओघके समान काल है। विशेष—यहाँ नरकायुका बंध नहीं होता है। शेष प्रकृतियोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है।

§७९. सम्यक्मिथ्यादृष्टिमें—साता, असाता वेदनीय, ४ नोकषाय, स्थिरादि तीन युगलका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त बन्धकाल है। शेष प्रकृतियोंका जघन्य तथा उत्कृष्ट बन्धकाल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है।

विशेषार्थ—कोई मिथ्यात्वी विशुद्ध परिणामयुक्त हो मिश्र गुणस्थानमें सर्वलघु अन्तर्मुहूर्त रहकर चतुर्थ गुणस्थानमें चला गया, अथवा कोई वेदकसम्यक्त्वी संक्लेशवश मिश्र गुणस्थानी हुआ, वहाँ सर्वलघु अन्तर्मुहूर्त काल व्यतीत कर पुनः संक्लेशवश मिथ्यात्वी हुआ। इसी प्रकार कोई मिथ्यात्वी विशुद्ध परिणाम-युक्त हो उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त-प्रमाण मिश्र गुणस्थानी रहा, बादमें मिथ्यात्वी हो गया अथवा कोई वेदकसम्यक्त्वी संक्लेशवश मिश्र गुणस्थानमें उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त-प्रमाण काल व्यतीत करके पुनः अविरतसम्यक्त्वी हो गया। इनकी अपेक्षा मिश्र गुणस्थानका जघन्य, उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है।

§८०. संज्ञी में—[1] ध्रुव प्रकृतियोंका जघन्य बन्धकाल क्षुद्रभवग्रहण-प्रमाण है, उत्कृष्ट शत-पृथक्त्व सागर है। शेष प्रकृतियोंका पंचेन्द्रिय पर्याप्तकके समान भङ्ग है। विशेष यह है कि साता वेदनीय में अवधिज्ञानके समान भङ्ग जानना चाहिए।

§८१. असंज्ञीमें—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस-कार्माण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, निर्माण, तथा ५ अन्तरायोंका जघन्य क्षुद्रभवग्रहण, उत्कृष्ट अनन्तकाल असंख्यात पुद्गलपरावर्तन है[2]। चार आयु, तिर्यंचगति-त्रिक, औदारिक शरीरका बन्ध-काल ओघवत् जानना चाहिए। शेष प्रकृतियोंका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है।

---

(१) "एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कस्सेण सागरोवमसदपुधत्तं।"—षट् खं०काल० ३३०-३२। "तं जधा एगो असण्णिसण्णीसु उप्पण्णो सागरोवमसदपुधत्तं तत्थेव भमिय पुणो असण्णित्तं गदो।"—ध० टी० काल० पृ० ४८५।

(२) "एगजीवं पडुच्च जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं उक्कस्सेण अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टं। —षट्. खं०काल० ३३५-३६।"तं जधा—एगो सण्णी मिच्छादिट्ठी असण्णी होदूण आवलियाए असंखेज्जदि-भागमेत्तपोग्गलपरियट्टे तत्थ परियट्टूण सण्णित्तं गदो।"—ध० टी० काल० ४८६।

§८२. आहारगे०-पंचणा० णवदंस० मिच्छ० सोलक० भयदु० तिरिक्खगदि-ओरालिय० तेजाकम्म० वण्ण० ४ तिरिक्खगदिपा० अगु० उप० णिमिणं णीचा० पंचतं० जह० एग०। मिच्छत्तस्स खुद्दाभवग्गहणं तिसमऊणं। उक्क० अंगुलस्स [असंखेज्जदिभागो] असंखेज्जाओ ओसप्पिणि-उस्सप्पिणीओ। तित्थय० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० सादिरे०। सेसा ओघं०।

§८३. अणाहार० कम्मइग-भंगो।

एवं कालं समत्तं।

§८२. आहारकोंमें--५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, तिर्यंचगति, औदारिक-तैजस-कार्माण शरीर, वर्ण ४, तिर्यंचगति प्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, नीचगोत्र, ५ अंतरायोंका बन्धकाल जघन्य एक समय है। मिथ्यात्व का तीन समय कम क्षुद्रभवग्रहण प्रमाण है। इनका उत्कृष्ट काल अङ्गुलका [असंख्यातवां भाग] तथा असंख्यात उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी प्रमाण है[1]। तीर्थंकर प्रकृतिका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट साधिक ३३ सागर है। शेष प्रकृतियोंका ओघवत् जानना चाहिए।

§८३. [2]अनाहारकोंमें—कार्माण काययोगके समान जानना चाहिए।

इसप्रकार (एक जीवकी अपेक्षा) बन्धकालका वर्णन समाप्त हुआ।

(१) "आहाराणुवादेण-एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो असंखेज्जासंखेज्जाओ ओसप्पिणिउस्सप्पिणी।"-षट् खं० का० ३३८-३९।

(२) "अणाहारेसु......कम्मइयकायजोगिभंगो।"-षट् खं० का० ३४१।

[अंतराणुगमपरूवणा]

§८४. अंतराणुगमे दुविहो णिद्देसो ओघेण आदेसेण य ।

§८५. तत्थ ओघेण–पंचणाणावरण–छदंसणावरण–सादासाद–चदुसंजलण-पुरिसवेद-हस्स-रदि-अरदि-सोग-भय-दुगुंच्छा-पंचिंदिय-तेजाकम्मइय-समचदुरससंठाण-वण्ण० ४ अगुरु० ४ पसत्थविहायगदि-तस० ४ थिरादि-दोण्णि-युगल-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज–णिमिण–तित्थयर–पंचंतराइयाणं बंधंतरं केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं । णवरि णिद्दा-पचला जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं । थीणगिद्धितिगं मिच्छत्तं अणंताणुबं० ४ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं । उक्कस्सेण बेछावट्ठि-सागरोवमाणि देसूणाणि । अट्ठकसाय जह० अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण पुव्वकोडिदेसूणा ।

[अन्तरानुगम]

§८४. अन्तरानुगममें यहां (एक जीवकी अपेक्षा) ओघ और आदेशसे दो प्रकारका निर्देश करते हैं।

§८५. ओघसे—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, साता-असाता वेदनीय, ४ संज्वलन, पुरुषवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पंचेंद्रिय जाति, तैजस, कार्मोण, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु ४, प्रशस्तविहायोगति, त्रस ४, स्थिरादि २ युगल, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर और ५ अंतरायके बंधका अंतर कितने काल पर्यन्त होता है ? जघन्यसे एक समय, उत्कृष्टसे अन्तर्मुहूर्त है । विशेष यह है कि–निद्रा और प्रचलाका जघन्य और उत्कृष्ट अंतर अंतर्मुहूर्त है । स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबंधी चारका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम दो छयासठ सागर है ।

विशेषार्थ—कोई एक तिर्यंच या मनुष्य चौदह सागर स्थितिवाले लान्तव, कापिष्ठ देवोंमें उत्पन्न हुआ । वहां एक सागरोपम काल बिताकर द्वितीय सागरोपमके आरंभमें सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ, तथा तेरह सागर काल सम्यक्त्व सहित व्यतीत कर मरा और मनुष्य हुआ । वहां संयम अथवा संयमासंयमका पालनकर इस मनुष्यभव सम्बंधी आयुसे कम बाईस सागर वाले आरण, अच्युत कल्पमें उत्पन्न हुआ । वहांसे मरकर पुनः मनुष्य हुआ । संयमको पालन कर उपरिम ग्रैवेयकमें उत्पन्न हुआ और मनुष्य आयुसे न्यून इकतीस सागरकी आयु प्राप्त की । वहां अंतर्मुहूर्त कम छयासठ सागर कालके चरम समयमें मिश्र गुणस्थानवाला हुआ । अंतर्मुहूर्त विश्राम कर पुनः सम्यक्त्वी हुआ । विश्राम ले, चयकर मनुष्य हुआ । संयम या संयमासंयमको पालन कर इस मनुष्य भव की आयुसे न्यून बीस सागरकी आयुवाले आनत-प्राणत देवों में उत्पन्न होकर पुनः यथाक्रमसे मनुष्यायुसे कम बाईस तथा चौबीस सागरके देवोंमें उत्पन्न होकर अंतर्मुहूर्त कम दो छयासठ सागर कालके अन्तिम समयमें मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ । इसप्रकार अंतर्मुहूर्त कम दो छयासठ सागर अर्थात् एकसौ बत्तीस सागर काल प्रमाण अंतर हुआ । यह क्रम अव्युत्पन्न लोगोंको समझानेको कहा है । परमार्थ-दृष्टिसे किसी भी तरह छयासठ सागरका काल पूर्ण किया जा सकता है । (ध०टी०अंतरा०पृ०६-७)

प्रत्याख्यानावरण तथा अप्रत्याख्यानावरण रूप आठ कषायका जघन्य अंतर्मुहूर्त, उत्कृष्ट

इत्थिवेदाणं जह० एगस०, उक्क० बेच्छावट्ठि-सागरोवमाणि सादिरेयाणि। णउंसक० पंचसंठा० पंचसंघ० अप्पसत्थवि० दूभग-दुस्सर-अणादे० णीचागो० जह० एग०, उक्क० बेछावट्ठिसागरो० सादिरे० तिण्णि पलिदोवमाणि देसूणाणि। णिरय-मणुस-देवायु० जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। तिरिक्खायु० जह० अंतो०, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं। णिरयगदि-देवगदि० वेउव्वि० वेउव्वि० अंगो० दोआणुपु० जह० एगस०, उक्क० अणंतकालमसंखेज्ज०। तिरिक्खगदि० तिरिक्खगदिपाओ० उज्जोव० जह० एग०, उक्क० तेवट्ठिसागरोवमसद०। मणुसगदि-मणुसाणु० उच्चागो० जह० एग० उक्क० असंखेज्जा लोगा। चदुजादि-आदाव-थावरादि० ४ जह० एग०, उक्क० पंचासीदिसागरोवमसदपुधत्तं। ओरालिय० ओरालिय० अंगो० वज्जरिसह० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादिरे०। [आहार०] आहार० अंगो० जह० अंतो०, उक्क० अद्धपोग्गल० देसूणा।

कुछ कम एक कोटि पूर्व है।

विशेषार्थ—मोहनीयकी अट्ठाईस प्रकृतियोंकी सत्तावाला कोई जीव मनुष्य उत्पन्न हुआ। गर्भसे आठ वर्ष पूर्ण होनेपर वेदकसम्यक्त्वी हो, सकलसंयम को प्राप्त हुआ। अंतर्मुहूर्तके पश्चात् मिथ्यात्वी हो गया। पश्चात् एक कोटि पूर्वके अंतमें बद्धायुष्क होकर पुनः सकलसंयमी हुआ और मरण किया। इसप्रकार सकलसंयमकी अपेक्षा देशोन एक कोटि पूर्वकाल कषायाष्टक का अंतर कहलाया।

स्त्रीवेदका अंतर जघन्य एक समय, उत्कृष्ट कुछ अधिक एकसौ बत्तीस सागर है। नपुंसक वेद, ५ संस्थान, ५ संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, नीचगोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट कुछ अधिक एकसौ बत्तीस सागर किंचित् न्यून तीन पल्य प्रमाण है। नरक-मनुष्य-देवायुका जघन्य अंतर्मुहूर्त, उत्कृष्ट अनन्तकाल असंख्यात पुद्गलपरावर्तन है। तिर्यंचायुका जघन्य अन्तर्मुहूर्त, उत्कृष्ट शतसागरपृथक्त्व है। नरकगति, देवगति, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक अंगोपांग, नरक-देवानुपूर्वीका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अनन्तकाल—असंख्यात पुद्गलपरावर्तन है। तिर्यंचगति, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, उद्योतका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट त्रेसठसौ सागरपृथक्त्व है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट असंख्यात लोक प्रमाण है। ४जाति, आताप, स्थावरादि ४ का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट पचासी-सौ सागरपृथक्त्व प्रमाण है। औदारिक शरीर, औदारिक अंगोपांग, वज्रवृषभ संहनन का जघन्य एक समय, उत्कृष्ट कुछ अधिक तीन पल्य है। [आहारक शरीर] आहारक अंगोपांग का जघन्य अंतर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम अर्धपुद्गलपरावर्तन है।

विशेषार्थ—एक अनादि मिथ्यादृष्टिजीवने अधःकरण, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण रूप तीन करण करके उपशमसम्यक्त्व तथा अप्रमत्त गुणस्थानको एक साथ प्राप्त होकर अनन्त संसारका छेद करके अर्धपुद्गलपरिवर्तन मात्र किया। इस अप्रमत्त गुणस्थानमें अंतर्मुहूर्त रहकर प्रमत्त हुआ और अंतरको प्राप्त होकर मिथ्यात्वके साथ अर्धपुद्गलपरावर्तन काल व्यतीत

§८६.आदेसेण–णेरइएसु पंचणाणावरण–छदंसणावरण–बारसकसाय–भय-दुगुंच्छा–पंचिंदिय–ओरालिय–तेजाकम्मइय–ओरालियसरीरअंगोवंग–वण्ण०४ अगु० ४ तस० ४ णिमिणं तित्थयरं पंचंतराइयाणं णत्थि अंतरं। थीणगिद्धि० ३ मिच्छ० अणंताणुबंधि० ४ जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० तेत्तीसं० देसूणा। सादासा० पुरिस० चदुणोक० समचदु० वज्जरिसभसं० पसत्थवि० थिरादि-दोण्णि-युगल–सुभग–सुस्सर–आदेज्जाणं जह० एग समओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं। इत्थिवेद–णवुंसयवेद–दोगदि० पंचसंठा० पंचसं० दोआयु०

कर अंतिम भवमें सम्यक्त्व अथवा देशसंयमको प्राप्त कर दर्शन-मोहनीय ३ और अनन्तानुबंधी ४ अर्थात् ७ प्रकृतियोंका क्षय करके अप्रमत्तसंयत होगया। इसप्रकार अप्रमत्तसंयतका अनन्तर काल उपलब्ध हुआ। पुनः प्रमत्त, अप्रमत्त गुणस्थानमें हजारों बार परावर्तन करके अप्रमत्त-संयत हुआ। पुनः अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण, सूक्ष्मसांपराय, क्षीणकषाय, सयोगकेवली अयोगकेवली होकर निर्वाणको प्राप्त हुआ। इसप्रकार दस अंतर्मुहूर्तोंसे कम अर्धपुद्गलपरिवर्तन काल अप्रमत्तसंयतका उत्कृष्ट अंतर है। यही अंतर आहारक-द्विकके बंधके विषयमें होगा। कारण, आहारकद्विकका बंध अप्रमत्तसंयतमें होता है। (ध०टी०अंतरा०पृ०१७)

§८६. आदेशसे—नरकगतिमें—पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा पंचेंद्रिय जाति, औदारिक-तैजस-कार्माण शरीर, औदारिकशरीर अंगोपांग, वर्ण चार, अगुरुलघु चार, त्रस चार, निर्माण, तीर्थंकर और पांच अंतरायोंके बंधका अंतर नहीं है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबंधी चार का जघन्य अंतर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम तेतीस सागर है।

विशेषार्थ—मोहनीय कर्म की अट्ठाईस प्रकृतियों की सत्तावाला कोई मनुष्य या तिर्यंच नीचे सातवीं पृथ्वीके नारकियोंमें पैदा हुआ। छहों पर्याप्तियोंको पूर्णकर (१) विश्राम ले (२) विशुद्ध हो (३) वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त कर अल्प आयुके रहने पर अंतरको प्राप्त हो, मिथ्यात्व को पुनः प्राप्त हुआ (४) पुनः तिर्यंच आयुको बांधकर (५) विश्राम लेकर (६) निकला। इसप्रकार छह अंतर्मुहूर्त कम तेतीस सागर प्रमाण काल मिथ्यात्वके अंतरका है। यही अंतर स्त्यानगृद्धित्रिक और अनन्तानुबंधी चारका भी होगा। इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—

एक मिथ्यात्वी मनुष्य या तिर्यंच सप्तम नरकमें उत्पन्न हुआ। उसने छह पर्याप्तियोंको पूर्ण करके, विश्रामले, उपशमसम्यक्त्वको उत्पन्न किया। पुनः सासादनको प्राप्त कर मिथ्यात्वी बना। आयुके अंतमें मिथ्यात्वको बांधकर विशुद्ध हो उपशमसम्यक्त्वी हुआ और उसके कालका एक समय शेष रहने पर सासादन गुणस्थानको प्राप्त हुआ। पुनः मिथ्यात्वमें अंतर्मुहूर्त विश्राम कर मरण कर निकला। इसप्रकार समय अधिक पांच अंतर्मुहूर्तसे कम तेतीस सागरोपम सासादन का अंतर हुआ। यही बात अनंतानुबंधी स्त्यानगृद्धित्रिकमें जानना चाहिए।

(ध०टी०पु०५, पृ०२३ तथा २६)

साता-असाता वेदनीय, पुरुषवेद, चार नोकषाय, समचतुरस्र संस्थान, वज्रवृषभसंहनन, प्रशस्त विहायोगति, स्थिरादि दो युगल, सुभग, सुस्वर, आदेयका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, दो गति, पांच संस्थान, पांच संहनन, दो आयु, अप्रशस्त

अप्पसत्थवि० उज्जोवं दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-णीचुच्चागोदाणं जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं० देसूणा। दो आयु० जह० अंतो०, उक्क० छम्मासं देसूणा। एवं पढमादि याव छट्ठित्ति। धुविगाणं तित्थयरं णत्थि अंतरं। साददंड० ओघं। णवरि मणुस० मणुसगदिपाओग्गाणुपुव्वि-उच्चागोदं पविट्ठस्स। सेसं णिरयोघं। णवरि अप्पप्पणो ट्ठिदी भाणिदव्वा। सत्तमाए पुढवीए णिरयोघं। णवरि दोगदि-दो आणुपुव्वि-दोगोदं० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं०देसूणा।

§८७. तिरिक्खेसु-पंचणा० छदंसण० अट्ठकसाय-भय-दुगुंच्छा-तेजा-कम्म० वण्ण०४ अगु० उपघाद-णिमिणं पचंतराइयाणं णत्थि अंतरं। थीणगिद्धि ३ मिच्छत्त-अणंताणु० ४ जह०अंतो०, उक्क०तिण्णि पलिदो०देसूणाणि। एवं इत्थिवेदस्स। णवरि जह०एगस०।

विहायोगति, उद्योत, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, नीच, उच्च गोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट कुछ कम तेतीस सागर है। दो आयु का जघन्य अंतर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम छह माह है।

विशेषार्थ—नारकियों में भुज्यमान आयु के अधिक से अधिक छह माह और कमसेकम अंतर्मुहूत शेष रहनेपर आगामी बध्यमान मनुष्य-तिर्यंच आयुका बंध होता है। किसी जीवने छह महीने जीवन शेष रहने पर प्रथम अंतर्मुहूर्तमें नरकगतिमें परभवकी आयुका बंध किया और पश्चात् मरणसमयमें पुनः बंध किया। इसप्रकार उत्कृष्ट अंतर होगा।

इसप्रकार प्रथमसे छठवीं पृथिवी पर्यंत जानना चाहिए। यहां ध्रुव प्रकृतियों तथा तीर्थंकर का अंतर नहीं है।

विशेषार्थ—यहां तीर्थंकर प्रकृतिको अंतर रहित कहनेसे प्रतीत होता है कि नरकगतिमें कोई न कोई तीर्थंकर प्रकृतिका बंधक अवश्य पाया जायगा। यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि तीर्थंकर प्रकृति वाला जीव मिथ्यात्व-सहित मरण कर मेघा नामकी तीसरी पृथ्वीसे नीचे नहीं जाता।

सातादण्डकका ओघके समान अर्थात् जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रमें विशेष जानना चाहिए।

[1] शेष प्रकृतियोंमें नारकियोंके ओघके समान है। विशेष यह है कि यहां प्रत्येक नरक की अपनी-अपनी स्थिति-समान अंतर जानना चाहिए। सातवीं पृथ्वीमें सामान्य नरकके समान अंतर है। इतना विशेष है कि दो गति, दो आनुपूर्वी, दो गोत्रका जघन्य अंतर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछकम तेतीस सागर है।

§८७. तिर्यंच गतिमें—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, ८ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्माण, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और ५ अंतरायोंका अंतर नहीं है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व और अनन्तानुबंधी ४ का जघन्य अंतर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछकम तीन पल्य है। इसी प्रकार स्त्रीवेदका अंतर समझना चाहिए। विशेष यह है कि यहां जघन्य एक समय (और उत्कृष्ट कुछकम तीन पल्य) है।

---

(१) "पढमादि जाव सत्तमीए पुढवीए णेरइएसु मिच्छादिट्ठि-असंजदसम्मादिट्ठीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? एगजीवं पडुच्च जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण सागरोवमं, तिण्णि, सत्त, दस, सत्तारस, बावीस, तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि"—षट्खं० अन्तरा० २८-३०।

सादासाद–पंचणोक० पंचिदि० समचदु० परघादुस्सास–पसत्थवि० तस० ४ थिरादि–दोण्णि–युगल–सुभग-सुस्सर–आदेज्जाणं जह० एग०, उक्क० अंतोमुहुत्तं। अपच्चक्खाणावरण ४–णवुंस० तिरिक्खगदि–चदुजादि–ओरालिय० पंचसंठा०–ओरालियअंगोवंग–छसंघडण–तिरिक्खाणु०–आदा०–उज्जोव-अप्पसत्थवि०–थावरादि० ४–दूभग–दुस्सर–अणादेज्ज–णीचागोदाणं जह० एगसमओ। अपचक्खाणा० ४ जह० अंतो०, उक्क० ५ पुव्वकोडिदेसूणा। तिण्णि आयु० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडितिभागं देसूणा। तिरिक्खायु० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिसादिरे०। वेउव्वियछक्क० जह० एग०, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टं। मणुसगदि–मणुसाणु० उच्चागोदाणं ओघं। पंचिदिय–तिरिक्ख तिग० धुविगाणं णत्थि अंतरं। थीणगिद्धि० ३ मिच्छ० अणंताणु०

विशेषार्थ—एक मनुष्य या तिर्यंच, अट्ठाईस मोहनीयकी प्रकृतियोंकी सत्ता वाला तीन पल्यकी आयुवाले मुर्गा, बन्दर आदिमें उत्पन्न हुआ। दो माह गर्भमें रहकर बाहर निकला। यहाँ आचार्य-परंपरागत दक्षिण-प्रतिपत्तिके अनुसार ऐसा उपदेश है कि तिर्यंचोंमें उत्पन्न हुआ जीव दो माह और मुहूर्तपृथक्त्वके ऊपर सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ। उत्तर-प्रतिपत्तिके अनुसार तिर्यंचोंमें उत्पन्न हुआ जीव तीन पक्ष तीन दिन और अंतर्मुहूर्तके ऊपर सम्यक्त्वको प्राप्त होता है। पश्चात् आयुके अन्तमें मिथ्यात्वको प्राप्तकर मरण किया। इस प्रकार आदिके मुहूर्त-पृथक्त्वसे अधिक दो मासोंसे और आयुके अंतमें उपलब्ध दो अंतर्मुहूर्तोंसे न्यून तीन पल्योपम काल मिथ्यात्वका उत्कृष्ट अंतर है। (ध० टी० अन्तरा० पृ० ३२)

साता–असाता वेदनीय, ५नोकषाय, पंचेन्द्रिय जाति, समचतुरस्रसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिरादि दो युगल, सुभग, सुस्वर, आदेयका अंतर जघन्य एकसमय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है। अप्रत्याख्यानावरण ४, नपुंसकवेद, तिर्यंचगति, चार जाति, औदारिकशरीर, ५ संस्थान, औदारिक अंगोपांग, ६ संहनन, तिर्यंचानुपूर्वी, आताप, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, स्थावरादिचतुष्क, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्र का अंतर जघन्य एक समय है।

अप्रत्याख्यानावरण ४ का जघन्य अंतर्मुहूर्त और उत्कृष्ट कुछ कम एक कोटिपूर्व है।

विशेषार्थ—कोई मिथ्यात्वी जीव संज्ञी पंचेन्द्रिय सम्मूर्छन पर्याप्तक एक कोटिपूर्वकी आयुवाले तिर्यंच में उत्पन्न हुआ। छहों पर्याप्तियोंको पूर्णकर विश्रामसे विशुद्ध हो वेदक सम्यक्त्व तथा संयमासंयमको प्राप्त किया। मरणसमय अप्रत्याख्यानावरण ४ का बंध होनेसे देशसंयमसे च्युत हो गया। उसके एक कोटि पूर्वमें कुछ कम कालपर्यन्त अप्रत्याख्यानावरण ४ का अंतर होगा।

तीन आयुका जघन्य अंतर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक कोटि पूर्वके तीन भागोंमें से एक भाग प्रमाण है। तिर्यंचायुका जघन्य अंतर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ अधिक एक कोटिपूर्व है। वैक्रियिकषट्कका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अनंतकाल, असंख्यात पद्गलपरिवर्तन है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका ओघके समान जानना चाहिए।

पंचेन्द्रिय–तिर्यंच, पंचेन्द्रिय तिर्यंच पर्याप्त, पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनिमितीमें—ध्रुव प्रकृतियों का अंतर नहीं है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनंतानुबंधी ४ का जघन्य अंतर्मुहूर्त तथा

४ जह० अंतोमुहुत्तं, इत्थिवेदस्स जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदोवमाणि देसूणाणि। सादासादं पंचणोक० देवगदि० ४ पंचिंदि० समचदु० परघादुस्सास-पसत्थवि०-तस० ४ थिरादिदोण्णि-युगल-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-उच्चागोदाणं जह० एगस०, उक्क० अंतोमुहुत्तं। अपच्चक्खाणा० ४ जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिदेसूणा। णवुंसयवेद-तिगदि-चदुजादि-ओरालियसरीर-पंचसंठाण-ओरालियअंगोवंग-छस्संघड० तिण्णि आणुपुव्वि-अप्पसत्थवि० आदाउज्जोव-थावरादि० ४ दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-णीचागोदाणं जह० एगस०, उक्क० पुव्वकोडिदेसूणा। आयु-चत्तारि तिरिक्खोघं।

§८८. पंचिंदिय-तिरिक्ख-अपज्जत्त०-पंचणा० णवदंस० मिच्छ० सोलसक० भय-दुगुं० ओरालिय-तेजाक० वण्ण०४ अगु० उपघाद-णिमिणं पंचंतराइयाणं णत्थि अंतरं। सादासाद० सत्तणोक० दोगदि-पंचजादि-छसंठा०-ओरालिय० अंगो० छसंघडण-दोआणुपु० परघादुस्सास-आदा-उज्जोव-दोविहायगदि-तसादिदस-युगल-णीचुच्चागोदाणं जह० एग०, उक्क० अंतोमुहुत्तं। दोआयु० जहण्णुक्कस्सं अंतोमुहुत्तं। एवं सव्व-

---

स्त्रीवेदका जघन्य एक समय तथा इन सबका उत्कृष्ट कुछ कम ३ पल्य है।

विशेषार्थ—मोहनीय कर्म की २८ प्रकृतियोंकी सत्ता रखनेवाले तिर्यंच अथवा मनुष्य तीन पल्योपमकी आयुवाले पंचेन्द्रिय तिर्यंचत्रिक कुक्कुट, मर्कट आदिमें उत्पन्न हुए वा दो माह गर्भमें रहकर निकले। मुहूर्तपृथक्त्वसे विशुद्ध होकर वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त हुए और आयुके अंतमें आगामी आयुको बांधकर मिथ्यात्व-सहित मरण किया। पुनः इसप्रकार दो अंतर्मुहूर्तोंसे तथा मुहूर्तपृथक्त्वसे अधिक दो मासोंसे न्यून तीन पल्योपम काल तीनों प्रकारके तिर्यंच मिथ्यादृष्टियोंका उत्कृष्ट अंतर होता है।। यही अंतर मिथ्यात्व आदिका भी है।

साता-असाता वेदनीय, ५ नोकषाय, देवगति ४, पंचेन्द्रिय जाति, समचतुरस्रसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्तविहायोगति, त्रस ४, स्थिरादि दो युगल, सुभग, सुस्वर, आदेय, और उच्चगोत्रका जघन्य एक समय और उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है। अप्रत्याख्यानावरण ४ का जघन्य अंतर्मुहूर्त, उत्कृष्ट कुछ कम पूर्व कोटि है।

नपुंसकवेद, देवगतिके विना ३ गति, ४ जाति, औदारिक शरीर, पांच संस्थान, औदारिक अंगोपांग, छह संहनन, ३ आनुपूर्वी, अप्रशस्तविहायोगति, आताप, उद्योत, स्थावरादि ४, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट कुछ कम पूर्वकोटि है। चार आयुका तिर्यंचोंके ओघ समान है।

§८८. पंचेन्द्रिय तिर्यंच लब्ध्यपर्याप्तकमें-५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक-तैजस-कार्माण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पंच अंतरायोंका अंतर नहीं है। साता-असाता वेदनीय, ७ नोकषाय, २ गति (मनुष्य-तिर्यंचगति) ५ जाति ६ संस्थान, औदारिक अंगोपांग, ६ संहनन, दो आनुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, आताप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रसादि-दस-युगल, नीच-उच्च गोत्रका जघन्य एक समय, उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है। दो आयुका जघन्य तथा उत्कृष्ट अंतर्मुहूर्त है।

अपज्जत्ताणं तसाणं थावराणं च ।

बंधगो। अरदिसोग सिया बं०। दोण्णं युगलाणं एक्कदरं बंधगो। ण चेव अबंधगो। एवं चदुगदि-पंचजादि-दोसरीर-छसंठा० चदुआणु० तसादिणवयुगलं दोगोदं च। दो अंगो० छसंघ० दो विहाय० दो सरीरं (सरं) सिया बं० सिया अबं०। दोण्णं छण्णं दोण्णं दोण्णं पि एक्कदरं बंधगो। अथवा एदेसिं चेव अबंधगो। एवं अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अज्जसगित्तीणं।

§१६८. मिच्छत्तं बंधंतो–पंचणा० णवदंस० सोलसक० भयदुगुं० तेजाक० वण्ण० ४ अगु० उप० णिमि० पंचंत० णियमा बंधगो। सादं सिया बं० आसादं सिया बं०। दोण्णं पगदीणं एक्कदरं बंधगो। ण चेव अबंधगो। एवं तिण्णं वेदाणं हस्सरदि० अरदिसो० दोयुग० चदुगदि० पंचजादि-दोसरीर-छसंठा० चदुआणु० तसथावरादि-णवयुगलं दो-गोदाणं च। चदुआयु० परघादुस्सा० आदाउज्जो० सिया बंधगो। दोण्णं अंगो० छसंघ० दो विहाय० दो सरं सिया बं०, सिया अबंधगो। दोण्णं छण्णं दोण्णं दोण्णं पि एक्कदरं बं०, अथवा दोण्णं छण्णं दोण्णं दोण्णं पि अबंधगो।

हास्य, रतिका स्यात् बंधक है। अरति, शोकका स्यात् बंधक है। दो युगलोंमेंसे अन्यतर युगलका बंधक है अबंधक नहीं है। ४ गति, ५ जाति, २ शरीर, ६ संस्थान, ४ आनुपूर्वी, त्रसादि ९ युगल तथा २ गोत्रका भी इसी प्रकार वर्णन जानना चाहिए। दो अंगोपांग, ६ संहनन, २ विहायोगति, दो स्वरका स्यात् बंधक है, स्यात् अबंधक है। इन २, ६, २, २ मेंसे एकतरका बंधक है, अथवा इनका भी अबंधक है।

[1]अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ, अयशःकीर्तिका इसी प्रकार जानना चाहिए।

[विशेष–असाता के समान अरति शोकादिकी बंधव्युच्छित्ति प्रमत्तसंयत गुणस्थानमें होती है। इस कारण असाताके बंध करनेवालेके समान इनका भी वर्णन कहा है।]

§१६८. मिथ्यात्वका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्माण-शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, ५ अंतरायका नियम से बंधक है। सातावेद-नीयका स्यात् बंधक है। असाताका स्यात् बंधक है। दोनोंमेंसे अन्यतरका बंधक है अबंधक नहीं है।

३ वेद, हास्य, रति, अरति, शोक, ४ गति, ५ जाति, दो शरीर, ६ संस्थान, ४ आनुपूर्वी, त्रस-स्थाव-रादि ९ युगल तथा दो गोत्रका इसी प्रकार जानना चाहिए, अर्थात् इनमें से एकतरका बंधक है, अबंधक नहीं है। चार आयु, परघात, उच्छ्वास, आताप, उद्योतका स्यात् बंधक है। दो अंगोपांग, ६ संहनन, २ विहायोगति तथा २ स्वरका स्यात् बंधक है। स्यात् अबंधक है। इन २, ६, २, २ में से एकतरका बंधक है, अथवा २, ६, २, २ का भी अबंधक है।

[विशेष–एकेन्द्रियके अंगोपांग, संहनन, विहायोगति तथा स्वरका अभाव है। इससे इन प्रकृतियोंका उसकी अपेक्षा अबंधक कहा है।]

---

(१) "छट्ठे अथिरं असुहं असादमजसं च अरदि सोगं च।"–गो क० गा० ९८।

§१६९. अपच्चक्खाण० कोधं बंधंतो—पंचणा० छदंसणा० एक्कारसकसाय-भयदु० तेजाक० वण्ण० ४ अगु० उप० णिमिणं पंचंत० णियमा बंधगो। सेसं मिच्छत्तभंगो। णवरि थीणगिद्धितिगं मिच्छत्तं अणंताणुबं० ४ चदुआयु० परघादुस्सा० आदा-उज्जो० तित्थय० सिया बं० सिया अबं०। एवं तिण्णं कसायाणं। पच्चक्खाणावर० कोधं बंधंतो—पंचणा० छदंस० सत्तणोक० (त्तक०) भयदुगुं० तेजाक० वण्ण० ४ अगु० उप० णिमि० पंचंत० णियमा बंधगो। थीणगिद्धि० ३ मिच्छत्तं अट्ठकसा० परघादुस्सा० चदु आयु० आदा-उज्जो० तित्थयरं सिया बं०, सिया अबं०। सेसं मिच्छत्तभंगो। एवं तिण्णं कसायाणं। कोधसंजं० बंधंतो—पंचणा० चदुदंस० तिण्णं संज० पंचंतरा० णियमा बंधगो। पंचदंस० मिच्छत्तं बारसक० भयदु० चदुआयु० आहारदुगं तेजाक० वण्ण० ४ अगु० ४ आदा-उज्जो० णिमि० तित्थय० सिया बं० सिया अबं०। दोवेदणीयाणं सिया बंधगो। दोण्णं एक्कदरं बंधगो। ण चेव अबंधगो। एवं जस० अजस० दोगोदाणं। इत्थिवेदं सिया बं०, पुरिसवेदं सिया बं० णवुंसगवेदं सिया बं०।

---

§१६९. अप्रत्याख्यानावरण क्रोधका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, ११ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस-कार्माण, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण तथा ५ अंतरायोंका नियमसे बंधक है। शेष प्रकृतियोंका मिथ्यात्वके बंधके समान भंग जानना चाहिए। विशेष, स्त्यानगृद्धि ३, मिथ्यात्व, अनंतानुबंधी ४, आयु ४, परघात, उच्छ्वास, आताप, उद्योत, तीर्थंकरका स्यात् बंधक है, स्यात् अबंधक है। अप्रत्याख्यानावरण मान, माया, लोभका अप्रत्याख्यानावरण क्रोधके समान वर्णन जानना चाहिए।

प्रत्याख्यानावरण क्रोधका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, ७ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस-कार्माण, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण तथा ५ अंतरायोंका नियमसे बंधक है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, ८ कषाय (अनंतानुबंधी ४, अप्रत्याख्यानावरण ४), परघात, उच्छ्वास, ४ आयु, आताप, उद्योत, तीर्थंकरका स्यात् बंधक है, स्यात् अबंधक है। शेष प्रकृतियों के विषयमें मिथ्यात्वके बंधकके समान वर्णन जानना चाहिए। प्रत्याख्यानावरण मान, माया तथा लोभका बंध करनेवालेके प्रत्याख्यानावरण क्रोधके समान जानना चाहिए।

संज्वलन क्रोधका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ३ संज्वलन, ५ अंतरायोंका नियमसे बंधक है। ५ दर्शनावरण (निद्रापंचक) मिथ्यात्व, १२ कषाय, भय, जुगुप्सा, ४ आयु, आहारकद्विक, तैजस, कार्माण, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, आताप, उद्योत, निर्माण, तीर्थंकरका स्यात् बंधक है, स्यात् अबंधक है। दो वेदनीयका स्यात् बंधक है। दो मेंसे अन्यतरका बंधक है, अबंधक नहीं है। यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति तथा २ गोत्रोंका इसीप्रकार जानना चाहिए। अर्थात् इनमेंसे अन्यतरके बंधक है। अबंधक नहीं है।

[विशेष—संज्वलन क्रोधका अनिवृत्तिकरण गुणस्थान पर्यन्त बंध पाया जाता है तथा यशःकीर्ति, उच्चगोत्रका सूक्ष्मसांपराय गुणस्थान पर्यन्त बंध होता है। इस कारण इनका अबंधक नहीं कहा है।]

तिण्णि वेदाणं एक्कदरं बंधगो। अथवा तिण्णंपि अबंधगो। एवं हस्सरदि-अरदिसोग-दोयुगलाणं चदुगदि-पंचजादि-दो-सरीर-छसंठा० दोअंगो० छसंघ० चदुआणु० दो-विहाय० तसादिणवयुगलाणं। एवं माणसंज०। णवरि दो संज०णियमा बंधगो। एवं चेव मायासंज०। णवरि लोभसंज० णियमा बंधगो। लोभसंजलणं बंधंतो—पंचणा० चदुदंस० पंचंत० णियमा बंधगो। मिच्छत्तं पण्णारसक० सिया बं०। सेसं कोध-संजलणभंगो।

§१७०. इत्थिवेदं बंधंतो पंचणा० णवदंसणा० सोलसक० भयदुगुं० पंचिं० तेजाक० वण्ण० ४ अगुरु० ४ तस० ४ णिमि० पंचंत० णियमा बंधगो। सादासादं सिया बंधगो। दोण्णं वेदणीयाणं एक्कदरं बंधगो। ण चेव अबं०। एवं हस्सरदि-अरदिसोगाणं दोयुग० तिण्णि-गदि-दो-सरीर-छसंठाणं दोअंगो० तिण्णिआणु० दोविहाय० थिरादिछयुगलं दोगोदाणं। मिच्छत्तं तिण्णि आयु० उज्जोव० सिया बं०, सिया अबं०। छसंघ० सिया बं०। छण्णं एक्कदरं बंधगो। अथवा छण्णंपि अबंधगो।

§१७१. पुरिसवेदं बंधंतो पंचणा० चदुदंस० चदुसंज० पंचंत० णियमा बंधगो।

स्त्रीवेदका स्यात् बंधक है। पुरुषवेदका स्यात् बंधक है। नपुंसकवेदका स्यात् बंधक है। तीन में से एकतरका बंधक है। तीन का भी अबंधक है।

[विशेष—वेदका बंध ९ वें गुणस्थानके प्रथम भाग पर्यन्त होता है तथा संज्वलन क्रोधका बंध ९ वें गुणस्थानके दूसरे भाग पर्यन्त होता है। इस कारण यहाँ वेदोंका अबंधक भी कहा है।]

हास्य-रति, अरति-शोक इन युगलों, ४ गति, ५ जाति, २ शरीर, ६ संस्थान, २ अंगोपांग, ६ संहनन, ४ आनुपूर्वी, २ विहायोगति, त्रसादि नवयुगलका इसी प्रकार है अर्थात् एकतरका बंधक है तथा अबंधक भी है।

संज्वलन मानका बंध करनेवालेके संज्वलन क्रोधके समान भंग है। विशेष, संज्वलन माया तथा लोभका नियमसे बंधक है। संज्वलन मायाका बंध करनेवालेके इसी प्रकार भंग है। विशेष, संज्वलन लोभका नियमसे बंधक है। संज्वलन लोभका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ५ अंतरायका नियमसे बंधक है। मिथ्यात्व, १५ कषायोंका स्यात् बंधक है। शेष प्रकृतियोंका संज्वलन क्रोधके समान भंग है।

§१७०. स्त्रीवेदका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, पंचेन्द्रिय, तैजस, कार्माणशरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, त्रस ४, निर्माण तथा ५ अंतरायोंका नियमसे बंधक है। साता, असाताका स्यात् बंधक है। दो मेंसे अन्यतरका बंधक है। अबंधक नहीं है। हास्य, रति, अरति, शोक, नरकगतिको छोड़कर शेष ३ गति, २ शरीर, ६ संस्थान, २ अंगोपांग, ३ आनुपूर्वी, २ विहायोगति, स्थिरादि ६ युगल, २ गोत्रोंमें एकतरका बंधक है, अबंधक नहीं है। मिथ्यात्व, मनुष्य-तिर्यंच-देवायु, उद्योतका स्यात् बंधक है, स्यात् अबंधक है। ६ संहननका स्यात् बंधक है। इनमेंसे अन्यतमका बंधक है अथवा ६ का भी अबंधक है।

§१७१. पुरुषवेदका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ४ संज्वलन तथा ५ अंतरायोंका नियमसे बंधक है।

पंचदंस० मिच्छत्तं बारसक० भयदु० तिण्णि आयु० पंचिदिं-आहारदु० तेजाक० वण्ण० ४ अगु० ४ उज्जोव-तस० ४ णिमि० तित्थय० सिया बंधगो। सिया अबंधगो। सादं सिया बं०। असादं सिया अबंधगो (बंधगो)। दोण्णं वेदणीयाणं एक्कदरं बंधगो। ण चेव अबंधगो। एवं जस० अजस० दोगोदाणं। हस्सरादि (रदि) सिया बं०। अरदिसो० सिया बंध०। दोण्णं युगलाणं एक्कदरं बंधगो। अथवा दोण्णं पि अबंधगो। एवं तिण्णिगदि-दोसरीर-छसंठाणं दोअंगो० छसंघ० तिण्णि आणु० दोविहा० थिरादिपंचयु०।

§१७२. णवुंसं बंधंतो पंचणा० णवदंस० मिच्छत्त-सोलसक० भयदु० तेजाक० वण्ण० ४ अगु० उप० णिमि० पंचंत० णियमा बंधगो। सादं सिया बं०। असादं सिया बं०। दोण्णं एक्कदरं बंधगो। ण चेव अबंधगो। एवं हस्सरदि० अरदि-सोगाणं दोयुग० तिण्णिगदि-पंचजादि-दोसरीर-छसंठाणं तिण्णि आणु० तसथवरादि-णवयुगलाणं दोगोदाणं। तिण्णिआणु० (आयु०) परघादुस्सा० आदाउज्जो० सिया

[विशेष–पुरुषवेदका बंध नवमे गुणस्थानके प्रथम भाग पर्यन्त होता है और ज्ञानावरणादिका इसके आगे तक बंध होता है अतः पुरुषवेदके बंधकको ज्ञानावरणादि का नियमसे बंधक कहा है।]

५ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १२ कषाय, भय, जुगुप्सा, नरकायु विना ३ आयु, पंचेन्द्रिय, आहारकद्विक, तैजस-कार्माण, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, उद्योत, त्रस ४, निर्माण तथा तीर्थंकरका स्यात् बंधक है, स्यात् अबंधक है। साताका स्यात् बंधक है। असाताका स्यात् बंधक है। दोनोंमेंसे अन्यतरका बंधक है। अबंधक नहीं है। यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति तथा दो गोत्रोंका वेदनीयके समान भंग है। हास्य, रतिका स्यात् बंधक है। अरति, शोकका स्यात् बंधक है। दो युगलोंमेंसे अन्यतरका बंधक है, अथवा दोनों युगलोंका भी अबंधक है। नरकगतिको छोड़ शेष ३ गति, २ शरीर, ६ संस्थान, २ अंगोपांग, ६ संहनन, ३ आनुपूर्वी, २ विहायोगति, स्थिरादि पंच युगलका इसी प्रकार है अर्थात् इनमेंसे एकतरका बंधक है अथवा सबका भी अबंधक है।

§१७२. नपुंसकवेदका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस-कार्माण शरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और ५ अंतरायोंका नियमसे बंधक है।

[विशेष–नपुंसकवेदका बंध मिथ्यात्व गुणस्थान में होता है इस कारण यहां मिथ्यात्वका भी नियमसे बंध कहा है।]

साताका स्यात् बंधक है। असाताका स्यात् बंधक है। दोनोंमेंसे अन्यतरका बंधक है। अबंधक नहीं है। हास्यरति, अरतिशोक ये दो युगल, देवगतिको छोड़कर ३ गति, ५ जाति, २ शरीर, ६ संस्थान, ३ आनुपूर्वी, त्रस-स्थावरादि ९ युगल, दो गोत्रोंका इसी प्रकार भंग है। देवायुको छोड़कर शेष ३ आयु, परघात, उच्छ्वास, आताप, उद्योतका स्यात् बंधक है। स्यात्

० सिया अबं० । दोअंगो० छसंघ० दोविहाय० दोसर० सिया बं० सिया अबं० । दोण्णं छण्णं दोण्णं दोण्णं पि एक्कदरं बंधगो । अथवा एदेसिं अबंधगो ।

§१७३. हस्सं बंधंतो पंचणा० चदुदंस० चदुसज० रदिभयदु० पंचंत० णियमा बंधगो । पंचदंस० मिच्छत्त-बारसक० तिण्णिआयु० आहारदु० तेजाक० वण्ण० ४ अगु० ४ आदाउज्जो० तित्थय० सिया बं०, सिया अबंधगो । सादं सिया बं०, असादं सिया बं० । दोण्णं एक्कदरं बंधगो । ण चेव अबंधगो । एवं तिण्णि वेद० जस० अजस० दोगोदाणं । तिण्णिगदि सिया बं०, सिया अबं० । तिण्णं एक्कदरं बं० अथवा अबंधगो । एवं गदिभंगो पंचजादि-दोसरीर-छसंठा० दोअंगो० छसंघ० तिण्णि आणु० दो विहा० तसादिणवयुग० । एवं रदीए० ।

§१७४. भयं बंधंतो पंचणा० चदुदंस० चदुसंज० दुगुं० पंचंत० णियमा बंधगो । पंचदं० मिच्छत्त-बारसक० चदुआयु० आहारदुगं तेजाकम्म० वण्ण० ४ अगु० ४ आदा-उज्जो० णिमि० तित्थय० सिया बं० सिया अबं० । सादं सिया बं० । असादं सिया बं० । दोण्णं एक्कदरं बंधगो, ण चेव अबंधगो । एवं तिण्णिवेद-जस-अजस-दोगोदं ।

अबंधक है । दो अंगोपांग, ६ संहनन, २ विहायोगति, २ स्वरका स्यात् बंधक है, स्यात् अबंधक है । २, ६, २, २ मेंसे अन्यतरका बंधक है अथवा २, ६, २, २ का अबंधक है ।

§१७३. हास्यका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, रति, भय, जुगुप्सा, ५ अंतरायका नियमसे बंधक है । ५ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १२ कषाय, नरकायुको छोड़कर तीन आयु, आहारकद्विक, तैजस-कार्माण, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, आताप, उद्योत तथा तीर्थंकरका स्यात् बंधक है; स्यात् अबंधक है । साता वेदनीयका स्यात् बंधक है, असाता वेदनीयका स्यात् बंधक है, दो मेंसे अन्यतरका बंधक है , अबंधक नहीं है । ३ वेद, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति और दो गोत्रोंमें वेदनीयके समान भंग है । ३ गति (नरक बिना) का स्यात् बंधक है, स्यात् अबंधक है । तीनमेंसे अन्यतमका बंधक है अथवा तीनोंका भी अबंधक है ।

[विशेष–अपूर्वकरण के अंतिम भाग तक हास्यका बंध होता है किन्तु गतिका बंध अपूर्वकरण के छठवें भाग पर्यन्त होता है । इस कारण हास्यके बंधकको गतित्रयका अबंधक भी कहा है ।]

५ जाति, २ शरीर, ६ संस्थान, २ अंगोपांग, ६ संहनन, ३ आनुपूर्वी, २ विहायोगति, त्रसादि ९ युगलका गतिके समान भंग है अर्थात् एकतर के बंधक हैं अथवा सबके भी अबंधक हैं ।

रतिका बंध करनेवालेके हास्यके समान भंग है ।

§१७४. भयका बंध करनेवालेके—५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, जुगुप्सा, ५ अंतरायका नियम से बंधक है । ५ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १२ कषाय, ४ आयु, आहारकद्विक, तैजस-कार्माण, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, आताप, उद्योत, निर्माण तथा तीर्थंकरका स्यात् बंधक है, स्यात् अबंधक है । साताका स्यात् बंधक है, असाताका स्यात् बंधक है । दोनों में से अन्यतरका बंधक है, अबंधक नहीं है । ३ वेद, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति तथा गोत्रोंका

चदुगदि सिया बंधगो। चदुण्णं गदीणं एक्कदरं बंधगो। अथवा चदुण्णंपि अबंधगो। एवं गदिभंगो पंचजादि-दोसरीर-छसंठा० दोअंगो-छसंघ० चदुआणु० दोविहा० तसादि-णवयुगलं। एवं दुगुंच्छाए।

§१७५. णिरयायुं बंधंतो पंचणा० णवदंस० असादावे० मिच्छ० सोलसक० णवुंसक० अरदिसोगभयदु० णिरयगदि- पंचिं० वेगुव्विय० तेजाक० हुंडसंठा० वेगुव्वि० अंगो० वण्ण० ४ णिरयाणु० अगु० ४ अप्पसत्थ० तस० ४ अथिरादिछक्कं णिमिणं णीचागोदं पंचंत० णियमा बंधगो।

§१७६. तिरिक्खायुं बंधंतो–पंचणा० णवदंस० सोलसक० भयदु० तिरिक्खगदि-तिण्णिसरीर-वण्ण० ४ तिरिक्खाणु० अगु० उप० णिमिण-णीचागो० पंचंत० णियमा बंधगो। सादं सिया बं०, असादं सिया बं०। दोण्णं एक्कदरं बंधगो। णचेव अबंधगो। एस भंगो तिण्णिवेद-हस्सादिदोयुगल-पंचजा० छसठा० तस-थावरादिणव-युगलाणं। मिच्छत्तं ओरालि० अंगो० परघादुस्सा० आदा-उज्जो० सिया बं०। छसंघ० दोविहाय० दोसरं सिया बंधगो। एदेसिं एक्कदरं बंधगो अथवा अबंधगो।

वेदनीयके समान जानना चाहिए। चार गतिका स्यात् बंधक है। चार में से एकतरका बंधक है। अथवा चारोंका भी अबंधक है।

[विशेष—गतिका बंध अपूर्वकरणके छठवें भाग पर्यन्त होता है तथा भयका अपूर्वकरणके अंतिम भाग तक बंध होता है। इस कारण भयके बंधकको गति चतुष्टयका भी अबंधक कहा है।]

५ जाति, २ शरीर, ६ संस्थान, २ अंगोपांग, ६ संहनन, ४ आनुपूर्वी, २ विहायोगति, त्रसादि ९ युगलका गतिके समान भंग जानना चाहिए। जुगुप्साका बंध करनेवालेके भय के समान भंग जानना चाहिए।

§१७५. नरकायुका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, १६ कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, नरकगति, पंचेन्द्रियजाति, वैक्रियिक-तैजस-कार्माण शरीर, हुंडकसंस्थान, वैक्रियिक अंगोपांग, वर्ण ४, नरकानुपूर्वी, अगुरुलघु ४, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस ४, अस्थिरादिषट्क, निर्माण, नीचगोत्र, तथा ५ अंतरायों का नियमसे बंधक है।

§१७६. तिर्यंचायुका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, तिर्यंचगति, ३ शरीर (औदारिक-तैजस-कार्माण) वर्ण ४, तिर्यंचानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, नीचगोत्र और ५ अंतरायका नियमसे बंधक है। सातावेदनीयका स्यात् बंधक है। असाताका स्यात् बंधक है। दो में से अन्यतरका बंधक है, अबंधक नहीं है। तीन वेद, हास्यादि दो युगल, ५ जाति, ६ संस्थान, त्रस-स्थावरादि ९ युगल में वेदनीय के समान जानना चाहिए। अर्थात् एकतरका बंधक है, अबंधक नहीं है। मिथ्यात्व, औदारिक अंगोपांग, परघात, उच्छ्वास, आताप, उद्योतका स्यात् बंधक है। ६ संहनन, २ विहायोगति, २ स्वरका स्यात् बंधक है। इनमेंसे एकतरका बंधक है, अथवा किसीका भी बंधक नहीं है।

§१७७. मणुसायुगं बंधंतो पंचणा० छदंसण० बारसक० भय-दुगुंछा-मणुसग० पंचिंदि० तिण्णिसरीर० ओरालि० अंगो० वण्ण० ४ मणुसाणु० अगु० उप० तस-बादर-पत्तेय-णिमिणं पंचंत० णियमा बंधगो। थीणगिद्धितिगं मिच्छत्तं अणंताणु० ४ परघादुस्सा० तित्थय० सिया बंधगो, सिया अबंधगो। सादं सिया बं०। असादं सिया बं०। दोण्णं एक्कदरं बंधगो। ण चेव अबंधगो। एवं तिण्णिवेद० हस्सादि-दोयुग० छसंठा० छसंघ० पज्जत्तापज्जत्त० थिरादि-पंचयुग० दोगोदाणं। दोविहाय० दोसरं सिया बंधगो। दोण्णं दोण्णं एक्कदरं बंधगो। अथवा दोण्णं दोण्णंपि अबंधगो।

§१७८. देवायुगं बंधंतो पंचणा० छदंसणा० सादावे० चदुसंज० हस्सरदि-भयदुगु० देवगदि० पंचिंदि० तिण्णिसरीर-समचदु० वेउव्वि० अंगो० वण्ण० ४ देवाणु० अगु० ४ पसत्थवि० तस० ४ थिरादिछक्कं णिमि० उच्चागो० पंचंत० णियमा बंधगो। थीणगिद्धि० ३ मिच्छत्त-बारसक० आहारदु० तित्थय० सिया बंधगो। इत्थि० सिया बं०। पुरिस० सिया बं०। दोण्णं वेदाणं एक्कदरं बंधगो। णचेव अबंधगो।

§१७९. णिरयगदिं बंधंतो णिरयायुभंगो। णवरि णिरयायुं सिया बंधदि।

---

§१७७. मनुष्यायु का बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, १२ कषाय, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, औदारिक-तैजस-कार्माणशरीर, औदारिक अंगोपांग, वर्ण ४, मनुष्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, प्रत्येक, निर्माण तथा ५ अन्तरायका नियमसे बंधक है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनंतानुबंधी ४, परघात, उच्छ्वास, तीर्थंकरका स्यात् बंधक है, स्यात् अबंधक है। सातावेदनीयका स्यात् बंधक है। असाताका स्यात् बंधक है। दोनों में से अन्यतरका बंधक है। अबंधक नहीं है। ३ वेद, हास्यादि दो युगल, ६ संस्थान, ६ संहनन, पर्याप्तक, अपर्याप्तक, स्थिरादि पांच युगल तथा २ गोत्रोंका इसीप्रकार वर्णन है। अर्थात् एकतरके बंधक हैं। अबंधक नहीं है। दो विहायोगति, दो स्वरका स्यात् बंधक है। दो, दो में से अन्यतर का बंधक है। अथवा २, २ का भी अबंधक है।

§१७८. देवायुका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, साता, ४ संज्वलन, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, देवगति, पंचेन्द्रिय जाति, ३ शरीर (वैक्रियिक-तैजस-कार्माण), समचतुरस्र-संस्थान, वैक्रियिक अंगोपांग, वर्ण ४, देवानुपूर्वी, अगुरुलघु ४, प्रशस्तविहायोगति, त्रस ४, स्थिरादिषट्क, निर्माण, उच्चगोत्र तथा ५ अंतरायका नियमसे बंधक है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, बारह कषाय, आहारकद्विक, तीर्थंकरका स्यात् बंधक है। स्त्रीवेदका स्यात् बंधक है। पुरुषवेदका स्यात् बंधक है। दो वेदोंमेंसे अन्यतरका बंधक है, अबंधक नहीं है।

§१७९. नरकगतिका बंध करनेवालेके नरकायु के समान भंग जानना चाहिए। विशेष नरकायुका स्यात् बंध करता है।

[विशेष—नरकायु के बंधकके नियमसे नरकगतिका बंध होता है, किन्तु नरगकगतिके बंधकके नरकायुके बंधका ऐसा कोई नियम नहीं है। नरकायुका बंध हो अथवा बंध न भी हो। गति बंध तो सदा होता रहता है, किन्तु आयुका बंध तो सदा नहीं होता है।]

एवं णिरयाणुपुव्वि। तिरिक्खगदि तिरिक्खायुभंगो। णवरि तिरिक्खायुं सिया बंधदि। एवं तिरिक्खाणु०। मणुसगदि मणुसायुभंगो। णवरि मणुसायुं सिया बंधदि। एवं मणुसाणुपु०। देवगदिं बंधंतो पंचणा० चदुदंस० चदुसंज० भयदु० उच्चागो० पंचंत० णियमा बंधगो। सादं सिया बं०। असादं सिया बं०। दोण्णं वेदणीयं एक्कदरं बंधगो। ण चेव अबंधगो। एवं हस्सरदि-अरदिसोगाणं दोण्णं युगलाणं। देवायु सिया बं०, सिया अबंधगो। हेट्ठा उवरि देवायुभंगो। णामं सत्थाणभंगो। एवं देवाणु०।

§१८०. एइंदियं बंधंतो पंचणा० णवदंस० मिच्छत्त० सोलसक० णवुंस० भयदुगुं० णीचागो० पंचंत० णियमा बंधगो। सादासादं चदुणोकसाय० तिरिक्खगदिभंगो। तिरिक्खायुं० सिया बं०। णामाणं सत्थाणभंगो। एवं आदाव-थावराणं। विगलिंदिय-सुहुम-अपज्ज० साधारणाणं हेट्ठा उवरि एइंदियभंगो। णामं (माणं) अप्पप्पणो

नरकानुपूर्वी का बंध करनेवाले के नरकगतिके समान भंग जानना चाहिए।

तिर्यंचगतिका बंध करनेवालेके तिर्यंचायु के समान भंग जानना चाहिए। विशेष, तिर्यंचायुका स्यात् बंधक है। तिर्यंचानुपूर्वी में भी इसी प्रकार जानना चाहिए।

[विशेष–तिर्यंचायुके बंधकके नियमसे तिर्यंचगतिका बंध होता है, किन्तु तिर्यंचगतिके बंधकके तिर्यंचायुके बंधनेका कोई निश्चित नियम नहीं है। ऐसा ही मनुष्यगतिमें भी है।]

मनुष्यगतिका बंध करनेवालेके मनुष्यायुके समान भंग है। विशेष, मनुष्यायुका स्यात् बंधक है। मनुष्यानुपूर्वी में भी इसी प्रकार है।

देवगतिका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, भय, जुगुप्सा, उच्चगोत्र तथा ५ अन्तरायोंका नियमसे बंधक है। साताका स्यात् बंधक है। असाताका स्यात् बंधक है। दो वेदनीयमेंसे अन्यतरका बंधक है। अबंधक नहीं है। हास्य-रति, अरति-शोक इन दो युगलोंमें से अन्यतर युगलका बंधक है। अबंधक नहीं है। देवायुका स्यात् बंधक है। स्यात् अबंधक है। अधस्तन उपरितन बंधनेवाली प्रकृतियोंमें देवायुका भंग जानना चाहिए। नाम कर्मकी प्रकृतियोंमें स्वस्थान-सन्निकर्षके समान भंग है।

[विशेषार्थ–देवायुके बंधकके तो देवगतिके बंध-सन्निकर्षका नियम है; किन्तु देवगतिके बंधकके साथ देवायुके बंधका ऐसा नियम नहीं है। दूसरी बात यह है कि देवायुका बंध अप्रमत्त संयत पर्यन्त है, जबकि देवगतिका अपूर्वकरण गुणस्थान पर्यन्त बंध होता है। इस कारण देवगतिके बंधकके देवायुका अबंध भी कहा है।]

देवानुपूर्वीमें देवगतिके समान भंग जानना चाहिए।

§१८० एकेन्द्रियका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, नपुंसकवेद, भय, जुगुप्सा, नीचगोत्र, ५ अंतरायका नियमसे बंधक है। साता, असाता, ४ नोकषायमें तिर्यंचगतिके समान भंग है। तिर्यंचायुका स्यात् बंधक है। नाम कर्मकी प्रकृतिके बंधके विषयमें स्वस्थान सन्निकर्षके समान भंग जानना चाहिए। आताप तथा स्थावरके बंधकके इसी प्रकार भंग है। विकलेन्द्रिय, सूक्ष्म, अपर्याप्तक, साधारणमें—अधस्तन, उपरितन बंधनेवाली

सत्थाणभंगो कादव्वो। पंचिंदियं बंधंतो पंचणा० चदुदंस० चदुसंज० भयदु० पंचंत० णियमा बंधगो। पंचदंस० मिच्छत्त-बारसक० चदुआयु० सिया बंधगो। सिया अबं०। दोवेद० सत्तणोक० दोगोदाणं सिया बं०, सिया अबंधगो। एदेसिं एक्कदरं बंधगो, ण चेव अबंधगो। णामाणं सत्थाणभंगो।

§१८१. ओरालियं बंधंतो पंचणा० छदंस० बारसक० भयदु० पंचंत० णियमा बंधगो। दोवेदणीय-तिण्णि वे० हस्सरदि-दोयुग० दोगोदाणं सिया बंधगो सिया अबं०। एदेसिं एक्कदरं बं०। ण चेव अबंधगो। थीणगिद्धितिगं मिच्छ० अणंताणु० ४ दो आयु० सिया बं०। णामाणं सत्थाणभंगो। वेगुव्वियं बंधंतो हेट्ठा उवरि देवगदि-भंगो। णवरि तिण्णि वेदं दोगोदं सिया बं०, सिया अबं०। एदेसिमेक्कदरं बंधगो।

प्रकृतियोंका एकेन्द्रियके समान भंग है। विशेष, नामकर्मकी प्रकृतियोंके विषयमें स्वस्थान सन्निकर्षवत् भंग जानना चाहिए।

पंचेन्द्रियका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, भय, जुगुप्सा, ५ अंतरायका नियमसे बंधक है। ५ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १२ कषाय, ४ आयुका स्यात् बंधक है। स्यात् अबंधक है।

[**विशेष**—पंचेन्द्रिय जातिका बंध आठवें गुणस्थानतक होता है तथा निद्रादि दर्शनावरण ५ आदिका उसके नीचेतक होता है। इस कारण यहां स्यात् अबंधक कहा है।]

दो वेदनीय, सात नोकषाय, तथा २ गोत्रका स्यात् बंधक है, स्यात् अबंधक है। इनमें से एकतरका बंधक है। अबंधक नहीं है। नाम कर्मकी प्रकृतियोंके बंधके विषयमें स्वस्थान सन्निकर्ष के समान जानना चाहिए।

§१८१ औदारिक शरीरका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण (स्त्यानगृद्धित्रिक रहित) १२ कषाय, भय, जुगुप्सा, ५ अंतरायका नियमसे बंधक है।

[**विशेष**—औदारिक शरीरका बंध असंयत गुणस्थान पर्यन्त है। इससे ६ दर्शनावरण, १२ कषायादिका नियमसे बंध कहा गया है।]

दो वेदनीय, ३ वेद, हास्य रति, अरति शोकरूपी दो युगल, २ गोत्रका स्यात् बंधक है, स्यात् अबंधक है। इनमें एकतरका बंधक है, अबंधक नहीं है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनंतानुबंधी ४, दो आयु (मनुष्य-तिर्यंचायु) का स्यात् बंधक है। नाम कर्मकी प्रकृतियोंके बंधके विषयमें स्वस्थान सन्निकर्षवत् भंग जानना चाहिए।

वैक्रियिक शरीरका बंध करनेवालेके उपरितन तथा अधस्तन बंधनेवाली प्रकृतियोंमें देवगतिके समान भंग है। विशेष, ३ वेद, २ गोत्रका स्यात् बंधक है, स्यात् अबंधक है। इनमें से एकतर का बंधक है। अबंधक नहीं है।

[**विशेषार्थ**—देवगतिमें पुरुषवेद, स्त्रीवेद, एवं उच्चगोत्रका ही सद्भाव है, किन्तु यहां वैक्रियिक-शरीरके बंधकोंके वेदत्रय, तथा गोत्रद्वयका वर्णन किया है, कारण वैक्रियिकशरीर के साथ देवगति या नरकगतिका बंध होता है। इसी दृष्टिसे नपुंसकवेद, और नीचगोत्रका भी बंध कहा है।]

ण चेव अबंधगो । णिरय-देवायु सिया बंधगो । णामं (णामाणं) सत्थाणभंगो । एवं वेगुव्विय-अंगो० ।

§१८२. आहारसरीरं बंधंतो पंचणा० छदंस० सादावे० चदुसंज० पुरिसवे० हस्सरदिअरदि [सोग] भयदु० उच्चागो० पंचंत० णियमा बंधगो० । देवायु सिया बंधगो । णामाणं सत्थाणभंगो । एवं आहारसरीर-अंगो० । पंचिंदिय० जादिभंगो । तेजाक० समचदु० वण्ण० ४ अगु० ४ तस० ४ थिरादि पंचण्णं [प] गदीणं । हेट्ठा उवरि० । णामाणं अप्पप्पणो सत्थाणभंगो । णवरि समचदु० पसत्थवि० थिरादि-पंचण्णं पगदीणं णिरयायुगं णत्थि ।

§१८३. णग्गोधं बंधंतो पंचणा० णवदंस० सोलसक० भयदु० पंचंतरा० णियमा बंधगो । दोवेदणीय० सत्तणोक० दोगोदं सिया बं० । एदेसिमेक्कदरं बंधगो, ण चेव अबं० । मिच्छत्त-तिरिक्खमणुसायुगं सिया बं० । णामं (माणं) सत्थाणभंगो । एसभंगो सादियसंठा० कुज्जसं० वामणसं० चदुसंघडणाणं । हुंडसंठाणं बंधंतो पंचणा० णवदंस० मिच्छत्त-सोलसक० भयदुगु० पंचंत० णियमा बंधगो । दोवेद०

नरकायु-देवायुका स्यात् बंधक है । नामकर्मकी प्रकृतियोंका स्वस्थानसन्निकर्षवत् भंग है । वैक्रियिक अंगोपांगमें वैक्रियिक शरीरवत् भंग जानना चाहिए ।

§१८२. आहारक शरीरका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, साता वेदनीय, ४ संज्वलन, पुरुषवेद, हास्य, रति, अरति [शोक] भय, जुगुप्सा, उच्चगोत्र, ५ अंतरायका नियमसे बंधक है । देवायुका स्यात् बंधक है । नामकर्मकी प्रकृतियोंके विषयमें स्वस्थान सन्निकर्षमें वर्णित भंग है ।

आहारकशरीर-अंगोपांगके बंध करनेवालेके आहारक शरीरवत् भंग है ।

तैजस-कार्माण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, त्रस ४, स्थिरादि ५ प्रकृतियों के बंधकों का उपरितन अधस्तन प्रकृतियों के विषय में पंचेन्द्रिय जाति के समान भंग है । नामकर्मकी प्रकृतियों का स्वस्थान सन्निकर्षवत् भंग जानना चाहिए । विशेष, समचतुरस्र-संस्थान, प्रशस्तविहायोगति, स्थिरादि ५ प्रकृतियों के बंधकोंके नरकायुका बंध नहीं है ।

§१८३. न्यग्रोधपरिमंडलसंस्थानका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, ५ अंतरायोंका नियमसे बंधक है । २ वेदनीय, ७ नोकषाय, दो गोत्रका स्यात् बंधक है । इनमेंसे अन्यतरका बंधक है । अबंधक नहीं है । मिथ्यात्व, तिर्यंचायु, मनुष्यायुका स्यात् बंधक है । नामकर्मकी प्रकृतियोंका स्वस्थान सन्निकर्षवत् भंग है ।

स्वातिसंस्थान, कुब्जक संस्थान, वज्रवृषभनाराच तथा असंप्राप्तासृपाटिका संहननको छोड़कर शेष ४ संहनन के बंधकके इसी प्रकार भंग जानना चाहिए ।

[विशेष—संस्थान ४ और संहनन ४ सासादन गुणस्थान पर्यन्त बंधते हैं । अतः इनका समान रूप से वर्णन किया है ।]

हुंडक संस्थानका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा तथा ५ अंतरायका नियमसे बंधक है । दो वेदनीय, ७ नोकषाय, दो गोत्रका स्यात्

सत्तणोक० दोगोद० सिया बं०। सिया अबं०। एदेसिमेक्कदरं बंधगो ण चेव अबंधगो। तिण्णि आयुं सिया बंधगो। णामाणं सत्थाणभंगो। एवं दूभग० अणादे०। ओरालि० अंगो० वज्जरिसह० ओरालियसरीरभंगो। णामाणं सत्थाणभंगो।

§१८४. उज्जोवं बंधंतो हेट्ठा उवरि तिरिक्खगदिभंगो। णामाणं सत्थाणभंगो। अप्पसत्थविहायगदिं बंधंतो हेट्ठा उवरि णग्गोधभंगो। णवरि णिरयायु० सिया बं०। णामाणं सत्थाणभंगो। एवं दुस्सरं। जसगित्तिं बंधंतो पंचणा० चदुदंस० पंचंत० णियमा बंधगो। पंचदंसणा० मिच्छत्त० सोलसक० भय-दुगुंच्छा-तिण्णिआयु० सिया बं०। सिया अबं०। सादं सिया बं०, सिया अबं०। असादं सिया बं० [सिया अबं०] दोण्णं एक्कदरं बंधगो। ण चेव अबंधगो। एवं दोगोद०। तिण्णि वेदाणं सिया

बंधक है, स्यात् अबंधक है। इनमेंसे एकतरका बंधक है। अबंधक नहीं है। नरक-मनुष्य तिर्यंचायुका स्यात् बंधक है। नामकर्मकी प्रकृतियोंका स्वस्थान सन्निकर्षके समान भंग है।

दुर्भग, अनादेयके बंध करनेवालोंके हुंडक संस्थानवत् भंग जानना चाहिए। औदारिक अंगोपांग, वज्रवृषभनाराच संहननके बंध करनेवालेके औदारिक शरीरके समान भंग है। नामकर्मकी प्रकृतियोंका स्वस्थान सन्निकर्षवत् भंग जानना चाहिए।

§१८४. उद्योतका बंध करनेवालेके—उपरितन अधस्तन प्रकृतियोंका तिर्यंचगतिके समान भंग है। नामकर्मकी प्रकृतियोंका स्वस्थान सन्निकर्षवत् भंग जानना चाहिए। अप्रशस्त विहायोगतिके बंध करनेवालेके उपरितन अधस्तन बंधनेवाली प्रकृतियोंका न्यग्रोधपरिमंडलसंस्थानके समान भंग जानना चाहिए। विशेष, नरकायुका स्यात् बंधक है। नामकर्मकी प्रकृतियोंमें स्वस्थान सन्निकर्षवत् भंग जानना चाहिए।

[विशेषार्थ—अप्रशस्तविहायोगति तथा न्यग्रोधपरिमंडलसंस्थानका बंध सासादन गुणस्थान पर्यन्त होता है। इस कारण न्यग्रोधसंस्थानके समान अप्रशस्तविहायोगतिका वर्णन बताया है। इतना विशेष है कि नारकियोंमें न्यग्रोधसंस्थान नहीं है, किन्तु वहाँ दुर्गमनका सद्भाव पाया जाता है। इस कारण दुर्गमनके बंधकके नरकायुका बंध कहा है।]

दुस्वर प्रकृतिका बंध करनेवालेके इसी प्रकार भंग है। यशःकीर्तिका बंध करनेवाला ५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ५ अंतरायका नियम से बंधक है।

[विशेषार्थ—यद्यपि कषयोंका उदय सूक्ष्मसांपरायगुणस्थान पर्यन्त होता है, किन्तु उनका बंध अनिवृत्तिकरण पर्यन्त होता है। अतः सूक्ष्मसांपराय पर्यन्त बंधनेवाले यशःकीर्तिके बंधकके कषायोंके बंधका नियम नहीं है। इससे यहाँ ज्ञानावरणादिके साथ कषायोंका वर्णन नहीं हुआ है।]

दर्शनावरण ५ (निद्रापंचक), मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, नरकको छोड़ तीन आयुका स्यात् बंधक है। स्यात् अबंधक है। साताका स्यात् बंधक है। स्यात् अबंधक है। असाताका स्यात् बंधक है [स्यात् अबंधक है] दोमेंसे अन्यतरका बंधक है। अबंधक नहीं है। दो गोत्रका वेदनीयके समान भंग है। तीन वेदका स्यात् बंधक है। इनमें से अन्यतमका बंधक है।

बंधगो । तिण्णि वेदाणं एक्कदरं बंधगो । अथवा अबंधगो । एवं चदुणोक० । णामाणं सत्थाणभंगो । तित्थयरं बंधंतो पंचणा० चदुदंस० चदुसंज० पुरिस० भयदु० उच्चागो० पंचंत० णियमा बंधगो । णिद्दा-पचला-अट्ठकसा० दो आयु सिया बं० सिया अबं० । सादं सिया बं०, असादं सिया बंधगो । दोण्णं एक्कदरं बंधगो । ण चेव अबंधगो । एवं चदुणोक० । णामाणं सत्थाणभंगो ।

§१८५. उच्चागोदं बंधंतो पंचणा० चदुदंस० पंचंत० णियमा बंधगो । पंचदंस० मिच्छ० सोलसक० भयदुगुं० दोआयु० पंचिंदि० तिण्णिसरीर-आहार० अंगो० वण्ण० ४ [अगु० ४] तस० ४ णिमिणं तित्थयरं सिया बं० सिया अबंधगो । दो वेदणी० जस० अजस० सिया बंधगो । एदेसिं एक्कदरं बंधगो । ण चेव अबंधगो । तिण्णि वेदं सिया बं० सिया अबं० । तिण्णं वेदाणं एक्कदरं बंधगो । अथवा अबंधगो । एस भंगो चदुणोक० दोगदि० दोसरीरं छसंठा० दो अंगो० छसंघ० दो आणु० दो विहा० थिरादिपंचयुगलाणं । णीचागोदं बंधंतो थीणगिद्धिभंगो । देवायु-देवगदिदुगं उच्चागोदं वज्जं ।

अथवा तीनोंका भी अबंधक है। हास्य, रति, अरति, शोकका भी इसी प्रकार जानना चाहिए। नाम कर्मकी प्रकृतियोंका स्वस्थान सन्निकर्षवत् भंग है।

तीर्थंकरका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, उच्चगोत्र, ५ अंतरायोंका नियमसे बंधक है। निद्रा, प्रचला, अप्रत्याख्यानावरण तथा प्रत्याख्यानावरण रूप कषायाष्टक, देव-मनुष्यायुका स्यात् बंधक है। स्यात् अबंधक है। सातावेदनीयका स्यात् बंधक है। असाताका स्यात् बंधक है। दोमें से अन्यतरका बंधक है अबंधक नहीं है। हास्यादि ४ नोकषायोंका वेदनीयके समान भंग है। नामकर्मकी प्रकृतियोंका स्वस्थान सन्निकर्षवत् भंग है।

§१८५. उच्च गोत्रका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ५ अंतरायका नियमसे बंधक है। ५ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, दो आयु (मनुष्य-देवायु) पंचेन्द्रिय जाति, तीन शरीर (औदारिक, वैक्रियिक, आहारक शरीर) आहारक अंगोपांग, वर्ण ४, [अगुरुलघु ४] त्रस ४ निर्माण, तीर्थंकरका स्यात् बंधक, स्यात् अबंधक है। दो वेदनीय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्तिका स्यात् बंधक है। इनमेंसे अन्यतरका बंधक है, अबंधक नहीं है। तीन वेदका स्यात् बंधक है। स्यात् अबंधक है। तीन वेदोंमेंसे अन्यतमका बंधक है अथवा तीनोंका अबंधक है। हास्यादि ४ नोकषाय, २ गति, २ शरीर, ६ संस्थान, २ अंगोपांग, ६ संहनन, २ आनुपूर्वी २ विहायोगति, स्थिरादि पांच युगलोंका इसी प्रकार भंग है।

नीचगोत्रका बंध करनेवालेके स्त्यानगृद्धिवत् भंग है। विशेष, यहां देवायु, देवगतित्रिक तथा उच्चगोत्रको छोड़ देना चाहिए।

§१८६. एवं ओघभंगो मणुस० ३ पंचिंदिय० तस० २ पंचमण० पंचवचि० कायजोगि-ओरालियका० लोभ० चक्खु० अचक्खु० सुक्क० भवसि० सण्णि-आहारगत्ति । ओरालियमिस्स० सादं बंधंतो पंचणा० णवदंस० मिच्छत्त-सोलसक० भयदु० दो आयु० देवगदि-चदुसरीर-दो अंगो० वण्ण० ४ देवाणु० अगुरु० ४ आदा-उज्जो० णिमिणं तित्थय० पंचंत० सिया बं०, सिया अबं० । सेसाणं वेदादीणं सव्वाणं सिया बं० । एदाणमेक्कदरं बंधगो । अथवा अबंधगो । एवं कम्मइय-अणाहारगेसु । णवरि आयुवज्जं । इत्थिवेदभंगो आभिणिबोधिणाणा० बंधंतो चदुणा० चदुदंस० चदुसंज० पंचंत० णियमा बंधगो । सेसाणं ओघभंगो । एवं पुरिस० णवुंस० कोध-माण-मायाकसायाणं । णवरि माणे तिण्णि संजलणं । मायाए दो संजलणं । सेसाणं ओघो । अवगदवेदे ओघं ।

---

§१८६. आदेशसे–मनुष्य, पर्याप्त मनुष्य तथा मनुष्यनी, पंचेन्द्रियपर्याप्तक, त्रस, त्रसपर्याप्तक, ५ मनोयोग, ५ वचनयोग, काययोग, औदारिककाययोग, लोभकषाय, चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, शुक्ललेश्या, भव्यसिद्धिक, संज्ञी, आहारकपर्यन्त ओघवत् जानना चाहिए । औदारिकमिश्रकाययोगमें भी इसी प्रकार जानना चाहिए । विशेष, साताका बंध करनेवाला—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, मनुष्य-तिर्यंचायु[1], देवगति, औदारिक-वैक्रियिक, तैजस-कार्माण शरीर, २ अंगोपांग, वर्ण ४, देवानुपूर्वी अगुरुलघु ४, आताप, उद्योत, निर्माण, तीर्थंकर तथा ५ अंतरायका स्यात् बंधक है । स्यात् अबंधक है ।

[विशेष–साताका सयोगीजिन पर्यन्त बंध है । ज्ञानावरणादिका सूक्ष्मसांपराय पर्यन्त बंध है । इस कारण साताके बंधकके ज्ञानावरणादिके बंधका विकल्प रूपसे वर्णन किया गया है ।]

वेदादि शेष सर्व प्रकृतियोंका स्यात् बंधक है । इनमेंसे एकतरका बंधक है । अथवा सबका अबंधक है ।

[2]कार्माण काययोग तथा अनाहारकोंमें औदारिकमिश्रकाययोगके समान जानना चाहिए । विशेष, यहां आयुओंको छोड़ देना चाहिए । स्त्री वेदमें इसी प्रकार जानना चाहिए । विशेष आभिनिबोधिक ज्ञानावरणका बंध करनेवाला—४ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ४ संज्वलन तथा ५ अंतराय का नियमसे बंधक है । शेष प्रकृतियोंका ओघके समान भंग जानना चाहिए ।

पुरुषवेद, नपुंसकवेद, क्रोध, मान, माया कषायोंमें इसी प्रकार भंग जानना चाहिए । विशेष, मानमें, तीन संज्वलन और मायामें दो संज्वलन हैं । शेषका ओघवत् भंग जानना चाहिए ।

अपगत वेदमें—ओघके समान भंग जानना चाहिए ।

---

(१) "ओराले वा मिस्से ण हि सुरणिरयायुहारणिरयदुगं ॥"–गो० क० गा ११६ ।

(२) "कम्मे उरालमिस्सं वा णाउदुगंपि णव छिदी अयदे ।"–गो० क० गा० ११९ ।

§१८७. आभिणि० सुद० ओधिणा० मणपज्ज० संजद० समाइ० छेदो० परिहार० सुहुमसंप० संजदासंजद० ओधिदं० सम्मादि० खइग० वेदग० उवसम० ओघभंगो। णवरि मिच्छत्त-असंजदपगदीओ वज्जं। ओरालिय० ओरालियमिस्स० इत्थिवेद किण्ण-णीलासु तित्थयरं देवगदिसंयुतं कादव्वं। पम्मसुक्क-लेस्साए इत्थिवेदं बंधंतो ओरालिय-सरीरं धुवं बंधदि। सेसं णिरयादि याव असण्णित्ति ओघेण अप्पप्पणो सामित्तेण च साधूण भाणिदव्वं।

एवं परत्थाणसण्णियासो समत्तो।

---

§१८७. आभिनिबोधिक, श्रुत, अवधि, मनःपर्ययज्ञान, संयम, सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहा-रविशुद्धि, सूक्ष्मसांपराय, संयतासंयत, अवधिदर्शन, सम्यक्त्वी, क्षायिक सम्यक्त्व, वेदक सम्यक्त्व, उपशम सम्यक्त्व में ओघवत् भंग जानना चाहिए। विशेष, यहां मिथ्यात्व तथा असंयत सम्बन्धी प्रकृतियोंको छोड़ देना चाहिए। औदारिक, औदारिकमिश्र, स्त्रीवेद, कृष्ण और नील लेश्याओंमें—तीर्थंकर तथा देवगतिको संयुक्त करना चाहिए।

[विशेष—कृष्ण नील लेश्यामें तीर्थंकर तथा देवगतिका बंध पाया जाता है। इनमें केवल संयतावस्थामें बंधनेवाले आहारकद्विक का बंध नहीं होता है।]

पद्म, शुक्ल लेश्यामें—स्त्रीवेदका बंध करनेवाला औदारिक शरीरका नियमसे बंध करता है। नरक गतिसे लेकर असंज्ञी पर्यन्त ओघसे अपने २ स्वामित्वको जानकर शेष प्रकृतियोंका कथन करना चाहिए।

इस प्रकार परस्थानसन्निकर्ष समाप्त हुआ।

[भंगविचयाणुगम–परूवणा]

§१८८. णाणाजीवेहि भंगविचयाणुगमो दुविधो णिद्देसो ओघेण आदेसेण य।

§१८९. तत्थ ओघेण–पंचणा० णवदंसणा० मिच्छ० सोलसक० भयदु० तेजाकम्म० आहारदुगं वण्ण० ४ अगुरु० ४ आदाउज्जो० णिमिणं तित्थयरं पंचंत० अत्थि बंधगा अबंधगा च। सादं अत्थि बंधगा य अबंधगा य। असादं अत्थि बंधगा य अबंधगा य। दोण्णं पगदीणं अत्थि बंधगा य अबंधगा य। एवं वेदणीयभंगो सत्तणोक० चदुग० पंच-जादि-दोसरीर-छसंठाणं दोअंगो० छसंघ० चदुआणु० दोविहाय० तसादिदसयुगलं दोगोदाणं। दो अंगो० छसंघ० दोविहा० दोसर० अत्थि बंधगा य अबंधगा य। अथवा दोण्णं छण्णं दोण्णं दोण्णं पि अत्थि बंधगा य अबंधगा य। णिरय-मणुस-देवायूणं सिया सव्वे अबंधगा, सिया अबंधगा य बंधगे (गो) य, सिया अबंधगा य बंधगा य। तिरिक्खायु अत्थि बंधगा य अबंधगा य। चदुण्णं आयुगाणं अत्थि बंधगा य अबंधगा य। एवं ओघभंगो कायजोगि-ओरालियकायजोगि-भवसिद्धि० आहारगत्ति०। णवरि भव-सिद्धिय–सादं अत्थि बंधगा य अबंधगा य। असादं अत्थि बंधगा य अबंधगा य। दोण्णं

[भंगविचयानुगम]

§१८८. नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचयानुगमका ओघ और आदेशकी अपेक्षा दो प्रकारका निर्देश है।

§१८९. ओघसे—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्माण, आहारकद्विक, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, आताप, उद्योत, निर्माण, तीर्थंकर और ५ अन्तरायके अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं।

साताके अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं। असाता के अनेक बंधक और अबंधक हैं। दोनों प्रकृतियोंके अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं। ७ नोकषाय (भय जुगुप्साको छोड़कर), ४ गति, ५ जाति, २ शरीर, ६ संस्थान, २ अंगोपांग, ६ संहनन, ४ आनुपूर्वी, २ विहायोगति, त्रसादि १० युगल, २ गोत्र में वेदनीयके समान भंग है। २ अंगोपांग, ६ संहनन, २ विहायोगति, २ स्वरके नाना जीवोंकी अपेक्षा अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं। अथवा २, ६, २, २ के अनेक बंधक हैं अनेक अबंधक हैं। नरक, मनुष्य, देवायुके किसी अपेक्षा सब अबंधक हैं, स्यात् अनेक अबंधक, एक बंधक है। स्यात् अनेक अबंधक तथा अनेक बंधक हैं। तिर्यंचायुके अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं। चारों आयुके अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं। काययोगी, औदारिक काययोगी, भव्यसिद्धिक, आहारकमार्गणा पर्यंत इसी प्रकार ओघके समान भंग समझना चाहिए। विशेष, भव्यसिद्धिक में—साताके अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं।

वेदणीयाणं सिया सव्वे बंधगा य । सिया बंधगा य । अबंधगा य । सिया बंधगा अबंधगा य । सेसाणं सादं अत्थि बंधगा य अबंधगा य । असादं अत्थि बंधगा य अबंधगा य । दोण्णं वेदणीयाणं सव्वे बंधगा । अबंधगा णत्थि ।

§१९०. आदेसेण णेरइएसु–पंचणा० छदंसणा० बारसक० भयदुगुं० पंचिदि० ओरालिय० तेजाक० ओरालि० अंगो० वण्ण० ४ अगु० ४ तस० ४ णिमि० पंचंत० सव्वे बंधगा य । अबंधगा णत्थि । थीणागिद्धि० ३ मिच्छ० अणंताणुबं० ४ उज्जोवं तित्थयरं अत्थि बंधगा य अबंधगा य । सादस्स अत्थि बंधगा य अबंधगा य । असादस्स अत्थि बंधगा य अबंधगा य । दोण्णं वेदणीयाणं सव्वे बंधगा । अबंधगा णत्थि । एवं वेदणीयभंगो सत्तणोक० दोगदि-छसंठा० छसंघ० दोआणु० दोविहा० थिरादिछ-युग० दोगोदाणं । दो-आयुगाणं सिया सव्वे अबंधगा । सिया अबंधगा य बंधगो य । सिया अबंधगा य बंधगा य । एवं सव्व-णिरयाणं सणक्कुमारादि उवरिमदेवाणं ।

§१९१. तिरिक्खेसु णिरयभंगो । णवरि चदुआयु-दोअंगो० छसंघ० दोविहा० दोसर० ओघं । पंचिंदिय-तिरिक्ख० ३ [एवं] । णवरि चदुण्हं आउगाणं सिया

असाता के अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं । दोनो वेदनीयोंके कदाचित् सर्व बंधक हैं । कदाचित् अनेक बंधक हैं । स्यात् अनेक अबंधक हैं । स्यात् अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं । शेष में साताके अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं । असाताके अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं । दोनों वेदनीयोंके सब बंधक हैं । अबंधक नहीं हैं ।

§१९०. आदेशकी अपेक्षा–नरक गतिमें—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, १२ कषाय, भय, जुगुप्सा, पंचेन्द्रिय जाति, औदारिक-तैजस-कार्माण शरीर, औदारिक अगोपांग, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, त्रस ४, निर्माण और ५ अंतरायके सब बंधक हैं । अबंधक नहीं हैं । स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, ४ अनंतानुबंधी, उद्योत और तीर्थंकरके अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं । साताके अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं । असाताके अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं । दोनों वेदनीयोंके सब बंधक हैं । अबंधक नहीं हैं ।

[विशेष–नरकगतिमें ४ गुणस्थान होनेसे दोनों वेदनीयके अबंधक नहीं पाये जाते हैं ।]

७ नोकषाय, २ गति, ६ संस्थान, ६ संहनन २ आनुपूर्वी, २ विहायोगति, स्थिरादि ६ युगल २ गोत्रों में वेदनीयका भंग जानना चाहिए । २ आयु (मनुष्य-तिर्यंचायु) के स्यात् (कदाचित्) सब अबंधक हैं । कदाचित् अनेक अबंधक और एक जीवकी अपेक्षा बंधक है । स्यात् अनेक अबंधक और अनेक बंधक हैं । इसीतरह सम्पूर्ण नरकोंमें जानना चाहिए । सनत्कुमारादि ऊपरके देवोंमें भी इसी प्रकार समझना चाहिए ।

§१९१ तिर्यंचोंमें–नरकके भंग समान समझना चाहिए। विशेष ४ आयु, २ अंगोपांग, ६ संहनन, २ विहायोगति, २ स्वरका ओघके समान समझना चाहिए ।

पंचेन्द्रिय तिर्यंच, पंचेन्द्रिय पर्याप्तक तिर्यंच और योनिमत् तिर्यंचमें भी [इसी प्रकार समझना चाहिए ।] विशेषता यह है कि ४ आयुके स्यात् सब अबंधक हैं । स्यात् अनेक अबंधक हैं एक जीव

सव्वे अबंधगा। सिया अबंधगा य, बंधगो य। सिया अबंधगा य।

§१९२. पंचिंदिय-तिरिक्ख-अपज्जत्तेसु-पंचणा० णवदंस० मिच्छ० सोलसक० भयदु० ओरालियतेजाक० वण्ण० ४ अगु० उप० णिमि० पंचंत० सव्वे बंधगा, अबंधगा णत्थि। ओरालिय-अंगो० परघादुस्सा० आदाउज्जो० अत्थि बंधगा य, अबंधगा य। छसंघ० दोविहा० दोसर० ओघभंगो। सेसं णिरयभंगो।

§१९३. एवं सव्व-अपज्जत्ताणं, सव्व-एइंदिय-विगलिंदिय-पंचकायाणं च। णवरि एइंदिय-पंचकायाणं आयूण दूण (?) भाणिदव्वं।

§१९४. मणुस० ३ ओघं। णवरि सादं अत्थि बंधगा य अबंधगा य। असादं अत्थि बंधगा य अबंधगा य। दोण्णं वेदणीयाणं सिया सव्वे बंधगा। सिया बंधगा य, अबंधगो य। सिया बंधगो य अबंधगा य। चदुण्णं आयुगाणं सिया सव्वे अबंधगा। सिया अबंधगा य, बंधगो य। सिया अबंधगा य बंधगा य। एवं पंचिंदि० तस० २-तिण्णिमण० तिण्णिवचि० संजद-सुक्कलेस्सियाणं। णवरि योगलेस्सासु दोण्णं वेदणी-

बंधक है। स्यात् अनेक अबंधक है।

§१९२. पंचेन्द्रिय-तिर्यंच-लब्ध्यपर्याप्तकोंमें—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक-तैजस-कार्माणशरीर, वर्ण ४, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और ५ अंतरायके सब बंधक हैं। अबंधक नहीं है। औदारिक अंगोपांग, परघात, उच्छ्वास, आताप, उद्योतके अनेक बंधक हैं और अनेक अबंधक हैं। ६ संहनन, २ विहायोगति, २ स्वरका ओघ के समान भंग समझना चाहिए। शेषका नरकवत् भंग समझना चाहिए।

§१९३. इस तरह सम्पूर्ण लब्ध्यपर्याप्तक, सम्पूर्ण एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और पंचकायोंके भंग समझना चाहिए। विशेष, एकेन्द्रिय और पंचकायोंमें आयुमेंसे दो आयु कम होती हैं, अर्थात् इनमें मनुष्य और तिर्यंच आयुका ही बंध होता है।

§१९४. मनुष्यत्रिक अर्थात् सामान्यमनुष्य, पर्याप्तमनुष्य और मनुष्यनीमें-ओघके समान है। विशेष साताके अनेक बंधक हैं, अनेक अबंधक हैं। असाताके अनेक बंधक हैं, अनेक अबंधक हैं। दोनों वेदनीयोंके स्यात् सर्व बंधक हैं। स्यात् अनेक बंधक हैं और एक अबंधक हैं। स्यात् एक जीव बंधक और अनेक जीव अबंधक हैं। चारों आयुके स्यात् सर्व अबंधक है। स्यात् अनेक अबंधक हैं तथा एक जीव बंधक है। स्यात् अनेक अबंधक और अनेक बंधक हैं।

[विशेष[1]—शंका—भंगविचयमें नानाजीवोंकी प्रधानतासे कथन करनेपर एक जीवकी अपेक्षा भंग कैसे बन सकते हैं ?

समाधान—एक जीवके बिना नानाजीव नहीं बन सकते हैं। इससे भंगविचयमें नाना जीवोंकी प्रधानता रहनेपर भी एक जीवकी अपेक्षा भी भंग बन जाते हैं।]

इसी तरह पंचेन्द्रिय, पंचेन्द्रिय-पर्याप्तक, त्रस, त्रस-पर्याप्तक, ३ मनोयोग, ३ वचनयोग, संयत

(१) "णाणाजीवप्पणाए कधमेकभंगुप्पत्ती ? ण एगजीवेण विणा णाणाजीवाणुप्पत्तीदो।" —जयध० पृ० ३९१।

याणं सव्वे बंधगा । अबंधगा णत्थि ।

§१९५. मणुस-अपज्जत्ते–पंचणा० णवदंस० मिच्छ० सोलसक० भयदु० ओरालिय-तेजाक० वण्ण० ४ अगु० उप० णिमि० पंचंत० सिया बंधगो य, सिया बंधगा य । अबंधगा णत्थि । सादं सिया अबंधगो । सिया बंधगो । सिया अबंधगा । सिया बंधगा । सिया अबंधगो य, बंधगो य । सिया अबंधगो य बंधगा य । सिया अबंधगा य, बंधगो य । सिया अबंधगा य बंधगा य । असादं सिया बंधगो । सिया अबंधगो । सिया बंधगा । सिया अबंधगा । सिया बंधगो य अबंधगो य । सिया बंधगो य अबंधगा य । सिया बंधगा य, अबंधगो य । सिया बंधगो य अबंधगा य । दोण्णं वेदणीयाणं सिया बंधगो । सिया बंधगा य । अबंधगा णत्थि । सादभंगो इत्थि० पुरिस० हस्सरदि-दोआयु० मणुसगदि-चदुजादि-पंचसंठा० ओरालिय-अंगो० छसंघ० मणुसाणु० परघादुस्सा० आदाउज्जो० दोविहा० तस० ४ थिरादिछक्क-दुस्सर उच्चागोदाणि (णं)। असादभंगो णवुंसकवे० अरदिसोग-तिरिक्खगदि० एइंदिय० हुंड-संठाण–तिरिक्खाणुपु० थावरादि० ४ अथिरादिपंच-णीचागोदाणं । तिण्णिवेद-हस्सादि-दोयुग० दोगदि० पंचजादि-छसंठा० दोआणुपुव्वि-तसथावरादिणवयुगलाणं दोगोदाणं सिया बंधगो । सिया बंधगा । अबंधगा णत्थि । दोआयु-छस्संघ० दोविहा० दोसर०

और शुक्ल लेश्यावालों के भी जानना चाहिए। विशेषता यह है कि योग और लेश्यामें—दोनों वेदनीयके सर्व बंधक है, अबंधक नहीं है।

§१९५. मनुष्यलब्ध्यपर्याप्तकोंमें—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक, तैजस, कार्माणशरीर, ४ वर्ण, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, और ५ अन्तराय का स्यात् एक बंधक है स्यात् अनेक बंधक हैं। अबंधक नहीं हैं। साताका स्यात् एक अबंधक है। स्यात् एक जीव बंधक है। स्यात् अनेक अबंधक हैं। स्यात् अनेक बंधक हैं। स्यात् एक अबंधक, एक बंधक है। स्यात् एक अबंधक, अनेक बंधक हैं। स्यात् अनेक अबंधक, एक बंधक है। स्यात् अनेक अबंधक अनेक बंधक है। असाताके-स्यात् एक बंधक है। स्यात् एक अबंधक है। स्यात् अनेक बंधक हैं। स्यात् अनेक अबंधक है। स्यात् एक बंधक, तथा एक अबंधक है। स्यात् एक बंधक, अनेक अबंधक है। स्यात् अनेक बंधक, एक अबंधक है। स्यात् एक बंधक अनेक अबंधक हैं। दोनों वेदनीयों का स्यात् एक बंधक है। स्यात् अनेक बंधक हैं। अबंधक नहीं है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, दो आयु, मनुष्यगति, ४ जाति, ५ संस्थान, औदारिक अंगोपांग, ६ संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, आताप, उद्योत, २ विहायोगति, ४ त्रस, स्थिरादि-षट्क, दुस्वर, उच्चगोत्र का साता के समान भंग जानना चाहिए। नपुंसकवेद अरति, शोक, तिर्यंच-गति, एकेन्द्रिय, हुंडक संस्थान, तिर्यंचानुपूर्वी, ४ स्थावरादि, अस्थिरादि पंचक, नीच गोत्र का असाता के समान भंग है। ३ वेद, हास्यादि दो युगल, २ गति, ५ जाति, ६ संस्थान, २ आनुपूर्वी, त्रस-स्थावरादि नवयुगल और २ गोत्रके स्यात् एक बंधक है। स्यात् अनेक बंधक हैं। अबंधक नहीं है। २ आयु, ६ संहनन, २ विहायोगति और २ स्वरके प्रत्येक और साधारणसे साताके

सादभंगो कादव्वो पत्तेगेण साधारणेण वि । एवं मणुस-अप्पज्जत्तभंगो वेउव्वियमिस्स० आहारकाय० आहारमिस्स० सासण० सम्मामि० । णवरि अप्पणो धुविगाओ णादव्वाओ भवंति । वेउव्वियमिस्स मिच्छत्त असादभंगो । तित्थयरं सादभंगो । आहार० आहारमिस्स तित्थयरं सादभंगो । सासणे तिरिक्खगदि-संयुता असादभंगो । सेसाणं सादभंगो । सम्मामि० मणुसगदि-संयुता असादभंगो । सेसाणं सादभंगो ।

§१९६. देवेसु—भवणावासिय याव ईसाणत्ति णिरयभंगो । णवरि ओरालि० अंगो० आदा-उज्जोवं अत्थि बंधगा य अबंधगा य । छसंघड० दो विहाय० दोसर० ओघ-भंगो । दोमण० दोवचि० पंचणा० छदंस० चदुसंज० भयदु० तेजाक० वण्ण० ४ अगु० उप० णिमि० पंचंत० सिया सव्वे बंधगा । सिया बंधगा य अबंधगो । सिया बंधगा य, अबंधगा य । थीणगिद्धि० ३ मिच्छत्त० बारसक०आहारदु० परघादुस्सासआदाउज्जोव—तित्थयरं अत्थि बंधगा अबंधगा य । सादं अत्थि बंधगा य अबंधगा य । असादं अत्थि बंधगा य अबंधगा य । दोण्णं वेदणीयाणं सव्वे बंधगा । अबंधगा णत्थि । इत्थि० पुरिस० णवुंस० अत्थि बंधगा य अबंधगा य । तिण्णं वेदाणं सिया सव्वे बंधगा । सिया बंधगा य अबंधगो य । सिया बंधगा य अबंधगा य । एवं

समान भंग करना चाहिये ।

वैक्रियिकमिश्र, आहारककाययोग, आहारकमिश्रकाययोग, सासादनसम्यक्त्व, तथा सम्यक्त्व-मिथ्यात्वगुणस्थानमें लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्य की तरह भंग है । विशेष यहां अपनी अपनी मार्गणा में संभवनीय ध्रुव प्रकृतियोंको जानना चाहिये । वैक्रियिक मिश्रमें—मिथ्यात्वका असाताके समान भंग होता है । तीर्थंकरका साताके समान भंग होता है । आहारक, आहारकमिश्र में—तीर्थंकरका साताके समान भंग है । सासादनमें—तिर्यंचगति मिलाकर असाताके समान भंग है । शेषमें साताके समान भंग है । सम्यक्त्वमिथ्यात्वमें—मनुष्यगति मिलाकर असाता के समान भंग जानना चाहिए । शेषमें साताके समान भंग है ।

§१९६. देवोंमें—भवनवासियोंसे ईशान स्वर्ग पर्यन्त नरकगतिके समान भंग है । विशेष यह है कि औदारिक अंगोपांग, आतप, उद्योतके अनेक बंधक अनेक अबंधक हैं । छह संहनन, २ विहायोगति, २ स्वरके ओघके समान भंग हैं ।

दो मन—दो वचनयोग में—५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, भय, जुगुप्सा, तैजस, कार्माण, ४ वर्ण, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और ५ अन्तराय के स्यात् सब बंधक हैं । स्यात् अनेक बंधक, एक अबंधक है । स्यात् अनेक बंधक हैं, अनेक अबंधक हैं । स्त्यानगृद्धित्रिक मिथ्यात्व, १२ कषाय, आहारकद्विक, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, तथा तीर्थंकर प्रकृतिके अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं । साताके अनेक बंधक, अनेक अबंधक हैं । असाताके अनेक बंधक अनेक अबंधक हैं । दोनों वेदनीय के सर्व बंधक हैं, अबंधक नहीं हैं । स्त्रीवेद पुरुषवेद और नपुंसकवेदके अनेक बंधक, अनेक अबंधक हैं । तीनों वेदोंके स्यात् सर्व बंधक हैं । स्यात् अनेक बंधक हैं और एक अबंधक हैं । स्यात् अनेक बंधक हैं और अनेक

तिण्णि-वेदाणं भंगो णिरयगदि-तिरिक्खगदि-मणुसगदि-देवगदि-पंचजादि-दोसरीर-छसंठा० चदु-आणुपु० तस-थावरादि-णवयुगलं दोगोदाणं। सेसाणं अत्थि बंधगा य अबंधगा य। एवं आभिणि० सुद० ओधि० मणपज्जव० चक्खुदं० अचक्खुदं० ओधिदं० सण्णि त्ति।

§१९७. ओरालियमिस्स–पंचणा० णवदंसणा० मिच्छ० सोलसक० भयदु० तिण्णिसरीर-वण्ण० ४ अगु० उप० णिमि० पंचंत० सिया सव्वे बंधगा। सिया बंधगा य अबंधगो य। सिया बंधगा य अबंधगा य। सादं अत्थि बंधगा य अबंधगा य। असादं अत्थि बंधगा य अबंधगा य। दोण्णं वेदणीयाणं सव्वे बंधगा। अबंधगा णत्थि। इत्थि० पुरिस० णवुंस० अत्थि बंधगा य अबंधगा य। तिण्णि-वेदाणं सिया सव्वे बंधगा। सिया बंधगा य अबंधगो य। सिया बंधगा य अबंधगा य। एवं वेदाणं भंगो [हस्सादि] दोयुगल-तिण्णिगदि-पंचजादि ६ संठा०। दोआयु ओघं। देवगदि० ४ तित्थय० सिया सव्वे अबंधगा। सिया अबंधगा य बंधगो य। सिया अबंधगा य बंधगा य। छसंघ० दोविहा० दोसर० ओघभंगो। एवं कम्मइगे। णवरि आयुगं णत्थि। इत्थि० पुरिस० णवुंस० कोधादि० ४ सामाइ० छेदो० धुवपगदीओ मोत्तूण सेसाणं दोण्णं मणभंगो।

अबंधक हैं। नरकगति, तिर्यंचगति, मनुष्यगति, देवगति, ५ जाति, २ शरीर, ६ संस्थान, ४ आनुपूर्वी, त्रस-स्थावरादि ९ युगल, २ गोत्रों के तीनों वेदोंके समान भंग हैं। शेष प्रकृतियोंके अनेक बंधक, अनेक अबंधक हैं।

आभिनिबोधिकज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान, चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, और अवधिदर्शन, तथा संज्ञी मार्गणा तक इसी प्रकार जानना चाहिए।

§१९७. औदारिक मिश्रकाययोगमें—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, ३ शरीर, ४ वर्ण, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और ५ अन्तरायके स्यात् सब बंधक हैं। स्यात् अनेक बंधक और एक अबंधक हैं। स्यात् अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं। साताके अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं। असाताके अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं। दोनों वेदनीयके सब बंधक है। अबंधक नहीं है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुंसकवेदके अनेक बंधक और अनेक अबंधक है। तीनों वेदोंके स्यात् सब बंधक हैं। स्यात् अनेक बंधक और एक अबंधक है। स्यात् अनेक बंधक हैं और अनेक अबंधक हैं। हास्य–रति, अरति–शोक ये दो युगल, ३ गति, ५ जाति, ६ संस्थानमें वेदके समान भंग है। दो आयु (मनुष्य तिर्यंचायु) का ओघके समान भंग है। देवगतिचतुष्क और तीर्थंकरके स्यात् सर्व अबंधक हैं। स्यात् अनेक अबंधक तथा एक बंधक है। स्यात् अनेक अबंधक है और अनेक बंधक हैं। ६ संहनन, २ विहायोगति, २ स्वरमें ओघवत् भंग जानना चाहिए। इसी प्रकार कर्माणकाययोग में जानना चाहिए। इतना विशेष है कि यहां आयुका बंध नहीं है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुंसकवेद, क्रोधादि ४, सामायिक, छेदोपस्थापनासंयममें ध्रुव-प्रकृतियोंको छोड़कर शेष प्रकृतियोंका दो मनोयोगके समान भंग जानना चाहिए।

§१९८. अवगदवेदे–पंचणा० चदुदंस० चदुसंज० जसगित्ति उच्चागो० पंचंत० सिया सव्वे अबंधगा। सिया अबंधगा य बंधगो य। सिया अबंधगा य बंधगो य। (?) सादं अत्थि बंधगा य अबंधगा य। अकसा०–सादं अत्थि बंधगा अबंधगा य। एवं केवलणा० केवलदंस०।

§१९९. मदि-सुद० विभंग० असंज० किण्ण-णील-कावोत-अब्भव० मिच्छादि० असण्णित्ति तिरिक्खभंगो। णवरि किंचि विसेसो जाणिदव्वाओ। परिहार-संजदासंजदेसु अप्पप्पणो पगदीओ णिरयभंगो।

§२००. सुहुमसं० पंचणा० चदुदंस० साद० जस० उच्चागो० पंचंत० सिया बंधगो। सिया बंधगा य। अबंधगा णत्थि। यथाक्खादे–सादं सिया सव्वे बंधगा। सिया बंधगा अबंधगो य। सिया बंधगा य अबंधगा य। तेऊ० सोधम्मभंगो। पम्म० सणक्कुमारभंगो। णवरि किंचि विसेसो णादव्वो। सम्मादि० खइग० अप्पप्पणो पगदीओ ओघेण साधदेव्वाओ।

§२०१. वेदगस० परिहारभंगो। णवरि असंजद-संजदासंजद-पगदीओ णादव्वो।

§२०२. उवसमस्स–पंचणा० छदंसणा० बारसक० पुरिस० भयदु० पंचिदि०

---

§१९८. अपगतवेदमें—५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, ४ संज्वलन, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और ५ अन्तरायोंके स्यात् सर्व अबंधक हैं। स्यात् अनेक अबंधक और एकजीव बंधक है। स्यात् अनेक अबंधक हैं, और एकजीव बंधक हैं (?) साताके नाना जीव बंधक हैं और अनेक अबंधक हैं। अकषायियोंमें—साताके अनेक बंधक और अनेक अबंधक हैं। केवलज्ञान और केवलदर्शनमें—इसी प्रकार जानना चाहिए।

§१९९. मत्यज्ञान, श्रुताज्ञान, विभंगावधि, असंयत, कृष्ण, नील, कापोतलेश्या, अभव्यसिद्धिक मिथ्यादृष्टि तथा असंज्ञी जीवोंमें तिर्यंचोंके समान भंग जानना चाहिए। और इनकी जो कुछ विशेषता है वह भी जाननी चाहिए। परिहारविशुद्धिसंयम और संयतासंयतोंमें—अपनी अपनी प्रकृतियोंका नरकवत् भंग जानना चाहिए।

§२००. सूक्ष्मसांपरायमें—५ ज्ञानावरण, ४ दर्शनावरण, सातावेदनीय, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र, ५ अंतरायोंका स्यात् एकजीव बंधक है। स्यात् अनेकजीव बंधक हैं। अबंधक नहीं हैं। यथाख्यातमें—सातावेदनीयके स्यात् सर्व बंधक हैं। स्यात् अनेक बंधक तथा एक अबंधक हैं। स्यात् अनेक बंधक हैं और स्यात् अनेक अबंधक हैं। तेजोलेश्यामें—सौधर्म स्वर्गके समान भंग जानना चाहिए। पद्मलेश्यामें—सनत्कुमारवत् भंग जानना चाहिए। इनका किंचित् विशेष भी जान लेना चाहिये।

[विशेष–इस लेश्यामें एकेन्द्रिय, आताप, तथा स्थावरका बंध नहीं होता।]

सम्यक्दृष्टि, क्षायिकसम्यक्दृष्टिमें—अपनी अपनी प्रकृतियोंको ओघके समान जानना चाहिये।

§२०१. वेदकसम्यक्त्वमें—परिहारविशुद्धिके समान भंग जानना चाहिये। विशेष यह है कि यहाँ असंयत और सयतासंयतकी प्रकृतियोंको भी जानना चाहिये।

§२०२. उपशम सम्यक्त्व में–५ ज्ञानावरण, ६ दर्शनावरण, १२ कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा,

तेजाक० समचदु० वज्जरिस० वण्ण० ४ अगु० ४ पसत्थवि० तस० ४ सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-णिमिणं तित्थयरं उच्चागोद-पंचंतराइयाणं अट्ठभंगो। सादासादादीणं परियत्तीणं सव्वाणं पत्तेगेण साधारणेण वि अट्ठभंगो। णवरि वेदणीयाणं साधारणेण सिया बंधगो य। सिया बंधगा य। अबंधगा णत्थि।

§२०३. अणाहारगेसु-पंचणा० णवदंस० मिच्छ० सोलसक० भयदु० ओरालि० तेजाक० वण्ण० ४ अगु० ४ आदाउज्जो० णिमि० तित्थय० पंचंत० अत्थि बंधगा य अबंधगा य। सादं अत्थि बंधगा य अबंधगा। असादं अत्थि बंधगा य अबंधगा य। दोण्णं वेदणीयाणं अत्थि बंधगा य अबंधगा य। एवं सेसाणं पगदीणं एदेण बीजेण साधेदूण भाणिदव्वं।

एवं णाणाजीवेहि भंगविचयं समत्तं

पंचेन्द्रियजाति, तैजस, कार्माण, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रवृषभसंहनन, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, प्रशस्तविहायोगति, त्रस ४ सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र, और ५ अन्तरायों के आठ भंग जानना चाहिए। साता असातादिक संपूर्ण परिवर्तमान प्रकृतियों के अलग अलग और सम्मिलित रूप में [1]आठ भंग होते हैं। विशेष यह है कि वेदनीययुगलके सामान्यसे स्यात् एक बंधक है। स्यात् अनेक बंधक हैं। अबंधक नहीं हैं।

[विशेषार्थ-वेदनीयके अबंधक अयोग केवली गुणस्थानमें पाये जाते हैं और उपशम सम्यक्त्व ११ वें गुणस्थान पर्यंत पाया जाता है इस कारण उपशमसम्यक्त्वमें साता असाता युगलके अबंधकों का अभाव कहा है।]

§२०३. अनाहारकों में—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, १६ कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक, तैजस, कार्माण, वर्ण ४, अगुरुलघु ४, आतप, उद्योत, निर्माण, तीर्थंकर ५ अन्तरायों के अनेक बंधक हैं और अनेक अबंधक हैं।

[विशेष—सयोग केवली और अयोग केवली गुणस्थानोंमें भी अनाहारक जीव होते हैं उन गुणस्थानों की अपेक्षा ज्ञानावरणादिके अबंधक कहे गए हैं।]

सातावेदनीयके भी अनेक बंधक तथा अनेक अबंधक हैं। असातावेदनीयके भी अनेक बंधक है तथा अनेक अबंधक है। दोनों वेदनीयके भी अनेक बंधक तथा अनेक अबंधक हैं। इस बीजसे अर्थात् इस दृष्टिसे शेष प्रकृतियोंके भी भंग जानना चाहिये।

इस प्रकार नानाजीवों की अपेक्षा भंगविचय समाप्त हुआ।

---

(१) "णाणाजीवेहि भंगविचयाणुगमेण दुविहो णिद्देसो ओघेण, आदेसेण य। तत्थ ओघेण पेज्जं दोसो च णियमा अत्थि। सुगममेदं। एवं जाव अणाहारए त्ति वत्तव्वं। णवरि मणुसअपज्जत्तएसु णाणेगजीवं पेज्ज-दोसे अस्सिऊण अट्ठभंगा। तं जहा-सिया पेज्जं। सिया णोपेज्जं। सिया पेज्जाणि। सिया णोपेज्जाणि। सिया पेज्जं च णोपेज्जं च। सिया पेज्जं च णोपेज्जाणि च। सिया पेज्जाणि च णोपेज्जं च। सिया पेज्जाणि च णोपेज्जाणि च।"—जयध० पृ० ३९०—३९१।

यहाँ आठ भंग इस प्रकार होंगे—(१) एक बंधक (२) एक अबंधक (३) अनेक बंधक (४) अनेक अबंधक (५) एक बंधक, एक अबंधक (६) अनेक बंधक, अनेक अबंधक (७) एक बंधक, अनेक अबंधक (८) अनेक बंधक, एक अबंधक।

[भागाभागाणुगम परूवणा]

§२०४. भागाभागाणुगमो दुविहो णिद्देसो, ओघेण आदेसेण य।

§२०५. तत्थ ओघेण पंचणा० णवदंसणा० मिच्छत्त० सोलसक० भयदु० तेजाक० वण्ण० ४ अगु० उप० णिमि० पंचंतराइगाणं बंधगा सव्वजीवाणं केवडियो भागो ? अणंता भागा। अबंधगा सव्वजीवाणं केवडियो भागो ? अणंतभागो। सादबंधगा सव्वजीवाणं केवडियो भागो ? संखेज्जदिभागो। अबंधगा सव्वजीवाणं संखेज्जा भागा। असाद-बंधगा सव्वजीवाणं केवडियो भागो ? संखेज्जा भागा। अबंधगा सव्वजी० केवडियो भागो ? संखेज्जदिभागो। गोदाणं (दोण्णं) वेदणीयाणं बंधगा सव्वजीवाणं केवडिया भागा ? अणंता भागा। अबंधगा सव्वजीवाणं केवडियो भागो ? अणंतभागो। एवं सादभंगो इत्थि० पुरिस० हस्सरदि-चदुजादि-पंचसंठा०तस० ४ थिरादिपंचगं उच्चागोदं च। असादभंगो णवुंस० अरदिसोग-एइंदिय-हुंडसंठा० थावरादिचदु ४ (?) अथिरादिपंचगं णीचागोदाणं च। सत्त-णोक० सव्वजादि छसंठा० तसथावरादि-णवयुगलं दोगोदाणं एदेसिं साधारणेण बंधगा सव्वजीवाणं केवडिया भागा ? अणंता भागा। अबंधगा सव्वजी०

[भागाभागानुगम प्ररूपणा]

§२०४. भागाभागानुगमका ओघ और आदेशसे दो प्रकारका निर्देश करते हैं।

